सूर्योदय 6:20 सूर्यास्त 5:54

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 13 न्यू | 23 अधि |
| धर्मशाला | 17 न्यू | 26 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 82,500 |
| निफ्टी | 25,285 |

सोना 1,21,525 चांदी 1,64,500

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

आरएनआई नं. HPHIN/25/A0284 | कांगड़ा | शनिवार, 11 अक्तूबर 2025 | 26 आश्विन, विक्रमी संवत 2082 | वर्ष 2, अंक 284, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702



देशभर में प्रशंसनीय एवं ख्याति प्राप्त

अवस्थी यात्रा एवं टूर एंड ट्रैवल शुभ यात्रा

ओम् नमः शिवाय | ॐ गंगणपत्यै नमः | पितरों का आशीर्वाद

पालमपुर, जिला कांगड़ा (हिमाचल प्रदेश), दूरभाष: 78079-24093, 80911-30159, 94180-86503

जयपुर खाटू श्याम यात्रा 13-10-2025 (6 दिवसीय) कुरूक्षेत्र, जयपुर खाटू श्याम, सालासर

वृन्दावन मथुरा यात्रा 24-10-2025 (5 दिवसीय) वृन्दावन, मथुरा, गोकुल, रमणरेती, भरमंड घाट, गोवर्धन पर्वत, बरसाना, नंदगांव

पंचभीखम व्रत पुष्कर यात्रा 29.10.2025 (14 दिवसीय) कुरूक्षेत्र, जयपुर, वृन्दावन, हरिद्वार

तीन धाम 11 ज्योतिर्लिंग यात्रा (30 तथा 31 दिवसीय यात्रा) पहली यात्रा- दिनांक 6 दिसम्बर 2025 एवं दूसरी यात्रा 6 जनवरी 2026

जगन्नाथपुरी, गंगासागर यात्रा (16 दिवसीय) दिनांक 02-12-2025 वृन्दावन, मथुरा, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, गया, बोधगया, कलकत्ता, गंगासागर, जगन्नाथपुरी, अयोध्या, हरिद्वार व अन्य स्थान

कामाख्या देवी गया यात्रा 20-12-2025 (13 दिवसीय) वृन्दावन, मथुरा, प्रयागराज, काशी विश्वनाथ, सिलीगुड़ी, दार्जलिंग, गुवाहाटी, कामाख्या देवी, अयोध्या, हरिद्वार व अन्य स्थान

जल अभिषेक रामेश्वर धाम यात्रा 13-11-2025 (20 दिवसीय) हरिद्वार, उज्जैन, ओंकारेश्वर, मल्लिकार्जुन, रामेश्वर, कन्याकुमारी, हनुमान जन्मस्थान, शिरडी, शनि शिग्नापुर, घुश्मेश्वर, खाटू श्याम, सालासर स्लीपर कोच द्वारा 12 दिवसीय, (2x2 डीलक्स) द्वारा (20 दिवसीय)

तीन धाम यात्रा स्पेशल स्लीपर कोच बस 2x1 द्वारा 6 दिसंबर, 2025 एवं दूसरी यात्रा 6 जनवरी 2026 को पालमपुर से प्रस्थान करेगी | तीन धाम, नेपाल-काठमण्डु, गयाजी, गंगासागर, एवं 12-11 ज्योतिर्लिंग, शिरडी, शनि शिगना


## न्यूज शॉर्ट्स

### अभिषेक मित्तल ऊना के नए एसडीएम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला।** हिमाचल सरकार ने प्रशासनिक स्तर पर फेरबदल करते हुए भरमौर के एसडीएम अभिषेक मित्तल को ऊना का नया एसडीएम नियुक्त किया है। वहीं, ऊना के एसडीएम विश्व मोहन देव चौहान को उनके पद से हटाकर कार्मिक विभाग, हिमाचल प्रदेश सचिवालय शिमला में नई नियुक्ति के आदेशों की प्रतीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। सरकार ने यह आदेश शुक्रवार को जारी किए। सरकार ने अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी सह परियोजना अधिकारी आईटीडीपी भरमौर, कुलबीर सिंह राणा को मौजूदा जिम्मेदारियों के साथ एसडीएम भरमौर का अतिरिक्त कार्यभार भी सौंपा है। यह व्यवस्था तत्काल प्रभाव से अगले आदेशों तक लागू रहेगी। ऊना के एसडीएम रहे विश्व मोहन देव चौहान हाल ही में विवादों में घिरे रहे थे। उन पर दुष्कर्म के आरोप लगाए गए थे, हालांकि बाद में दोनों पक्षों के बीच हिमाचल प्रदेश उच्च न्यायालय में समझौता हो गया था। इसके बाद सरकार ने यह प्रशासनिक निर्णय लिया है।

### फिलीपींस में आया 7.6 तीव्रता का भूकंप

**एजेंसी, मनीला।** फिलीपींस के दक्षिणी मिंडानाओ द्वीप के पास समुद्र में शुक्रवार सुबह 7.6 तीव्रता का भूकंप आया है। इसके चलते सुनामी की चेतावनी जारी की गई थी। फिलहाल सुनामी का खतरा टल गया है। पेसिफिक सुनामी वॉर्निंग सेंटर ने जानकारी दी कि स्थिति अब सामान्य है। फिलीपींस की भूकंप विज्ञान एजेंसी ने कई और झटकों की चेतावनी दी। आधे घंटे तक 5.9 तीव्रता और 5.6 तीव्रता के कई झटके महसूस किए गए। एजेंसी ने विनाशकारी सुनामी आने की आशंका जताई थी। मध्य और दक्षिणी फिलीपींस के तटीय शहरों में रहने वाले लोगों को तत्काल ऊंची जगहों पर जाने को कहा गया। फिलहाल किसी तरह के बड़े नुकसान की जानकारी नहीं है। इससे पहले 30 सितंबर को फिलीपींस के सेबू प्रांत में 6.9 तीव्रता का भूकंप आया था। इसमें 69 लोगों की मौत हो थी, जबकि करीब 150 घायल हुए थे। (अनंत ज्ञान)

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कार्उटिंग गड़बड़झाले के दोनों आरोपियों को जमानत -पेज 2
- सचिवालय में देर से आए तो नौकरी खतरे में पेज 3
- लुप्त हिमाचली व्यंजनों की रेसिपी को किताबों में ढाला -पेज 4
- सुल्तानपुर में चोरों ने एक ही रात तीन जगह की सेंधमारी -पेज 7
- रासायनिक कीटनाशकों की जगह जैविक उपायों पर दिया बल -पेज 12


# पंचायतीराज चुनाव रद्द नहीं पोस्टपोन किए : सीएम सुक्खू

## कहा-प्रदेश सरकार पहले आपदा से निपटेगी, उसके बाद करवाएगी चुनाव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू ने शुक्रवार को कहा कि पंचायतीराज चुनाव रद्द नहीं, पोस्टपोन किए गए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार पंचायत चुनाव कराएगी, मगर पहले आपदा से निपटा जाएगा। उन्होंने कहा कि पंचायतीराज चुनाव के कारण आपदा से राहत एवं बचाव कार्य प्रभावित हो रहे हैं। यदि प्रशासन पंचायत चुनाव में लगा दिया तो आपदा प्रभावितों को राहत राशि देने कौन जाएगा। सीएम सुक्खू ने कहा कि इस बार 2023 से ज्यादा तबाही हुई है। अभी हम पंचायतों की सड़कें जोड़ने में सफल नहीं हुए। इनकी बहाली का काम चल रहा है। उनका पहला कर्तव्य प्रभावित परिवारों को बसाना है। जिनके घर टूट गए, पशु व जमीन बह गई, उन्हें राहत राशि देना प्राथमिकता है।



सचिवालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सुक्खू।

मुख्यमंत्री ने सचिवालय में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि प्रदेश के कई हिस्सों में अब भी सड़कें बहाल नहीं हुई हैं और कई पंचायतें संपर्क से कटी हैं। उन्होंने कहा कि इस बार 2023 से अधिक तबाही हुई है, इसलिए सरकार की पहली जिम्मेदारी प्रभावित परिवारों को राहत देना और उन्हें पुनर्वासित करना है। मुख्यमंत्री ने बताया कि डिजास्टर एक्ट पूरे प्रदेश में लागू है और सभी जिलों के उपायुक्तों से बातचीत के बाद चुनाव स्थगित करने का निर्णय लिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार चुनाव रद्द करने के पक्ष में नहीं है, बल्कि फिलहाल परिस्थितियों को देखते हुए इन्हें कुछ समय के लिए टाला गया है। उन्होंने कहा कि जैसे ही सड़कें दुरुस्त होंगी और जनजीवन सामान्य होगा, पंचायत चुनाव कराए जाएंगे। मुख्यमंत्री ने बताया कि चुनाव जनवरी 2026 से पहले कराए जा सकते हैं, क्योंकि संवैधानिक समय-सीमा के भीतर यह प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

### आपदा पर राजनीति गलत

**मुख्यमंत्री** ने विपक्ष पर भी तीखा हमला बोलते हुए कहा कि भारतीय जनता पार्टी हर मुद्दे को राजनीति से जोड़ देती है। उन्होंने कहा कि जब प्रदेश संकट में है, तब राजनीति नहीं, जिम्मेदारी दिखाने का समय है। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार जनता के साथ खड़ी है और हर प्रभावित व्यक्ति तक राहत पहुंचाने के लिए दिन-रात काम कर रही है।

### भाजपा पांच गुटों में बंटी

**सीएम** ने भारतीय जनता पार्टी की गुटबाजी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि बीजेपी पांच गुटों में बंटी हुई है। वह लंबे समय से यह बात कहते आ रहे हैं। अब इनकी तकरार सामने आ गई है। मंडी में जयराम ठाकुर का दर्द झलक चुका है। इससे पहले अनुराग ठाकुर के समर्थन में नारे लगे। उधर, रमेश धवाला बयानबाजी कर रहे हैं। हर्ष महाजन एंड कंपनी और राजीव बिंदल का अलग गुट है। उन्होंने कहा-गुटों में बंटी भाजपा असल मुद्दों पर सच्चाई का पता लगाए बगैर कुछ भी बयानबाजी कर देती है।

## करवा चौथ : सुहागिनों की आस्था का पर्व



प्रदेशभर में सुहागिनों ने करवा चौथ का व्रत पूरी श्रद्धा और आस्था के साथ रखा। अन्न-जल का त्याग कर उन्होंने अपने पति की लंबी उम्र की कामना की। पारंपरिक परिधानों, श्रृंगार और मेहंदी से सजी महिलाओं की सुंदरता देखते ही बन रही थी। शिमला के रिज मैदान पर महिलाओं ने चांद के दीदार के साथ व्रत खोला।

# वाकनाघाट में बनेगी अत्याधुनिक साइबर सिटी

## सीएम ने विभाग को दिए परियोजना का विस्तृत ब्लूप्रिंट तैयार करने के निर्देश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश को डिजिटल प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने के लिए सरकार सोलन जिला के वाकनाघाट में अत्याधुनिक साइबर सिटी स्थापित करने जा रही है। यह साइबर सिटी 650 बीघा भूमि पर विकसित की जाएगी, जिसमें डाटा स्टोरेज, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और अन्य सूचना प्रौद्योगिकी आधारित उद्योगों की स्थापना होगी।

**आईटी पार्कों का काम दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश**

मुख्यमंत्री ने डिजिटल प्रौद्योगिकी एवं गवर्नेंस विभाग की उच्च स्तरीय बैठक की अध्यक्षता करते हुए विभाग को परियोजना का विस्तृत ब्लूप्रिंट शीघ्र तैयार करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सूचना प्रौद्योगिकी राज्य के विकास की दिशा बदलने की क्षमता रखती है। उन्होंने वाकनाघाट में बन रहे उत्कृष्ट केंद्र की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और उसमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की प्रयोगशाला स्थापित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने जिला कांगड़ा के चैतड़ू और जिला शिमला के मैहली में बन रहे आईटी पार्कों का कार्य दिसंबर तक पूरा करने के निर्देश दिए।

### कफ सिरप से बच्चों की मौत का मामला

# तमिलनाडु में दवा जांच में हुई अनदेखी : कैग रिपोर्ट

**एजेंसी, नई दिल्ली**

तमिलनाडु में बने कफ सिरप से एमपी-राजस्थान में बच्चों की मौत का मामला चर्चा में आने के बाद भारत के महालेखा परीक्षक (कैग) की 10 दिसंबर, 2024 की तमिलनाडु के पब्लिक हेल्थ इंफ्रास्ट्रक्चर एंड मैनेजमेंट ऑफ हेल्थ सर्विस से जुड़ी एक रिपोर्ट में सामने आई है। इसमें बताया गया है कि राज्य में ड्रग इंस्पेक्शन (टेस्टिंग) में कमी देखी गई थी। साथ ही ड्रग्स (दवा) सैंपल कलेक्शन में भी कमी की गई थी। तमिलनाडु में एक लाख सैंपल के टेस्टिंग का टारगेट था, लेकिन सिर्फ 66,331 टेस्ट ही किए गए थे। बता दें कि एमपी के छिंदवाड़ा, बैतूल और पांढुर्णा में जहरीले कफ सिरप कोल्ड्रिफ के सेवन से अब तक 25 बच्चों की मौत हो चुकी है। सिरप बनाने वाली श्रीसन फार्मास्युटिकल का मालिक रंगनाथन 9 अक्तूबर को चेन्नई से गिरफ्तार किया गया। (अनंत ज्ञान)

**एक लाख सैंपल की टेस्टिंग का था टारगेट सिर्फ 66,331 ही किए**

### सुप्रीम कोर्ट का सीबीआई जांच करवाने से इनकार

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को कफ सिरप से बच्चों की मौत मामले में सीबीआई या ज्यूडिशियल जांच की मांग खारिज कर दी है। सीजेआई बीआर गवई की अध्यक्षता वाली बेंच ने ब्रीफ सुनवाई के बाद यह फैसला किया। विशाल तिवारी ने याचिका में मांग की थी कि यह लापरवाही की चरम सीमा है। इसलिए मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच और जवाबदेही सुनिश्चित की जाए। केंद्र की ओर से पेश सॉलीसिटर जनरल तुषार मेहता ने याचिका का विरोध किया।

# असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन अरेस्ट

## आय से अधिक संपत्ति, भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के गंभीर आरोप

**सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**शिमला।** हिमाचल स्वास्थ्य सुरक्षा एवं विनियमन विभाग के असिस्टेंट ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन को प्रवर्तन निदेशालय ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में गिरफ्तार कर लिया है। ईडी ने निशांत सरीन के हरियाणा, पंजाब और चंडीगढ़ में स्थित सात ठिकानों पर छापेमारी की, जिनमें आवासीय, वाणिज्यिक परिसरों और सरकारी दफ्तर शामिल थे। तलाशी के दौरान महंगी शराब, लग्जरी गाड़ियां, बैंक खाते और संपत्ति से जुड़े दस्तावेज जब्त किए गए। गिरफ्तारी के बाद सरीन को प्रवर्तन निदेशालय की विशेष अदालत में पेश किया गया।



सूत्रों के अनुसार, निशांत सरीन पर बद्दी में सहायक औषधि नियंत्रक के रूप में तैनाती के दौरान फार्मा कंपनियों से अनुचित लाभ लेने और पद का दुरुपयोग करने के गंभीर आरोप हैं। जांच में यह भी सामने आया कि उन्होंने लाइसेंस जारी करने और दवा कंपनियों को क्लीयरेंस देने में अनियमितताएं कीं। ईडी और विजिलेंस दोनों एजेंसियां निशांत सरीन की आय, लेन-देन और संपत्ति के दस्तावेजों की गहराई से पड़ताल कर रही हैं। माना जा रहा है कि आने वाले दिनों में और भी संपत्तियों के खुलासे हो सकते हैं और कई फार्मा कंपनियों पर शिकंजा कस सकता है। प्रवर्तन निदेशालय ने संकेत दिए हैं कि यह मामला केवल एक अधिकारी तक सीमित नहीं है, बल्कि यह एक बड़े नेटवर्क से जुड़ा भ्रष्टाचार तंत्र उजागर कर सकता है। एजेंसियों का कहना है कि आगे की जांच में कुछ फार्मा कंपनियों और उनके बिचौलियों के नाम भी सामने आ सकते हैं।

विजिलेंस ब्यूरो की जांच में खुलासा हुआ कि निशांत सरीन ने वर्ष 2002 से 2019 तक की अवधि में अपनी ज्ञात आय से लगभग 53 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित की। कुल संपत्ति का मूल्य दो करोड़ पचास लाख रुपए पाया गया, जिसमें से एक करोड़ छियासठ लाख रुपए आय से अधिक बताई गई।

### परिवार के नाम खरीदी लाखों रुपए की संपत्ति

**सरीन** की पत्नी के नाम पर हमीरपुर में प्लॉट और चंडीगढ़ के सेक्टर 38-डी में फ्लैट का कुल मूल्य 64,02,000 रुपए, क्रेटा कार 14,49,086, बैंक और पोस्ट ऑफिस में कुल 18,92,634 (बच्चों के खातों समेत) पाए गए हैं। इसके अलावा घरेलू सामान की कीमत 2,98,500 रुपए आंकी गई है। जांच में सामने आया है कि वर्ष 2019 के बाद भी निशांत सरीन ने ओमैक्स चंडीगढ़ समेत कई संपत्तियां खरीदी हैं। इसको लेकर आगामी जांच में गहनता से छानबीन की जाएगी।

# वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल

**एजेंसी, स्टॉकहोम**

वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया मचाडो को शांति का नोबेल पुरस्कार मिला है। वहीं, अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को मांगने पर भी यह प्राइज नहीं मिला। मारिया ने वेनेजुएला में लोकतांत्रिक अधिकारों को बढ़ावा देने और तानाशाही से लोकतंत्र की ओर शांतिपूर्ण बदलाव लाने के लिए 20 साल लगातार संघर्ष किया है। नोबेल समिति ने कहा कि आज जब दुनिया के कई हिस्सों में तानाशाही बढ़ रही है और लोकतंत्र कमजोर हो रहा है, ऐसे समय में मारिया मचाडो जैसे लोगों की हिम्मत उम्मीद जगाती है। समिति ने कहा कि लोकतंत्र ही स्थायी शांति की शर्त है। जब सत्ता हिंसा और डर के जरिए जनता को दबाने लगती है, तो ऐसे साहसी लोगों को सम्मान देना जरूरी हो जाता है। (अनंत ज्ञान)

**डोनाल्ड ट्रंप को मांगने पर भी नहीं मिला**

### शावेज का भाषण बंद कराकर हुई थीं मशहूर



**वेनेजुएला** की विपक्षी नेता मचाडो दुनिया में पहली बार तब सुर्खियों में आई, जब उन्होंने वेनेजुएला के तत्कालीन राष्ट्रपति का भाषण बंद करा दिया था। यह घटना 14 जनवरी, 2012 की है। शावेज संसद में 9 घंटे 45 मिनट का भाषण दे चुके थे। तभी मचाहो ने चिल्लाते हुए उन्हें 'चोर' कहा और लोगों की जब्त की गई संपत्ति को लौटाने को कहा। इसके जवाब में शावेज ने कहा कि वह बहस नहीं करेंगे, क्योंकि वह इसके काबिल नहीं। यह घटना देशभर में चर्चा का विषय बन गई और माचाडो को एक साहसी विपक्षी नेता के रूप में स्थापित किया।

# चुनाव आयोग के एसआईआर में हस्तक्षेप स्वीकार्य नहीं: शाह

**एजेंसी, नई दिल्ली।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान चुनाव आयोग के एसआईआर और घुसपैठ के मुद्दे पर अहम बयान दिए।



शाह ने कहा कि एसआईआर में हस्तक्षेप को स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने दूसरे देश से आने वाले लोगों की संख्या पर अंकुश लगाने को जरूरी बताते हुए कहा कि अगर बिना किसी पाबंदी के लोगों को आने दिया गया तो देश धर्मशाला बनकर रह जाएगा। शाह ने कहा, घुसपैठ को राजनीतिक नजरिए से नहीं देखा जाना चाहिए। घुसपैठियों को राजनीतिक संरक्षण नहीं देना चाहिए। शाह ने मतदाता सूची शुद्धिकरण के लिए निर्वाचन आयोग की प्रक्रिया- विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का जिक्र करते हुए कहा कि एसआईआर चुनाव आयोग की संवैधानिक जिम्मेदारी है। वहीं, निर्वाचन आयोग अब पूरे देश में एसआईआर करवाएगा। आयोग ने कहा है कि पश्चिम बंगाल समेत अन्य राज्यों में चरणबद्ध तरीके से एसआईआर की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। हालांकि, पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी समेत कुछ अन्य विपक्षी राजनेताओं ने भी निर्वाचन आयोग के इस फैसले का मुखरता से विरोध किया है। (अनंत ज्ञान)

**चुनाव आयोग अब पूरे देश में करवाएगा एसआईआर**

**अमीरी** फोर्ब्स इंडिया रिच लिस्ट-2025 जारी, अंबानी पहले और अडानी दूसरे स्थान पर

# सावित्री जिंदल देश की सबसे अमीर महिला

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फोर्ब्स इंडिया की रिच लिस्ट-2025 में हरियाणा की हिसार की विधायक और ओपी जिंदल समूह की प्रमुख सावित्री जिंदल भारत की सबसे अमीर महिला बन गई हैं। 39.6 बिलियन डॉलर की कुल संपत्ति के साथ, उन्होंने मुकेश अंबानी और गौतम अडानी के बाद भारत के सबसे धनी लोगों में तीसरा स्थान हासिल कर लिया है। अब दुनिया के सबसे अमीर लोगों में सावित्री जिंदल का 48वां स्थान है।

इससे पहले अप्रैल में फोर्ब्स बिलियनेयर ( मानक के अनुसार जिसकी कुल संपत्ति कम से कम 1 बिलियन अमेरिकी डॉलर यानी 8,300 करोड़ रुपए या उससे अधिक हो) लिस्ट-2025 की सूची जारी हुई थी। उस समय सावित्री जिंदल की कुल संपत्ति 35.5 बिलियन डॉलर थी। यानी 6 महीने में सावित्री जिंदल की संपत्ति 4.1 बिलियन डॉलर बढ़ गई है, जबकि भारत के 100 सबसे अमीर लोगों की नेटवर्थ 9% गिरकर 1 ट्रिलियन डॉलर यानी करीब 88 लाख करोड़ रुपए रह गई। पिछले साल उनकी नेटवर्थ 1.1 ट्रिलियन डॉलर यानी, करीब 97 लाख करोड़ रुपए थी। ऐसे में जिंदल समूह लगातार आगे बढ़ रहा है।

सावित्री जिंदल हिसार विधानसभा सीट से जीतकर विधायक बनी हैं। उनके बेटे उद्योगपति नवीन जिंदल कुरुक्षेत्र से भाजपा के सांसद हैं। जिंदल समूह की अध्यक्ष का साम्राज्य इस्पात, बिजली, सीमेंट और बुनियादी ढांचे के क्षेत्र में फैला हुआ है। कंपनी की स्थापना उनके दिवंगत पति ओम प्रकाश जिंदल ने की थी, जिनकी 2005 में एक हेलिकॉप्टर दुर्घटना में मृत्यु हो गई थी। उनकी मृत्यु के बाद व्यवसाय उनके चार बेटों में बंट गया। उनके बेटे सज्जन जिंदल मुंबई स्थित जेएसडब्ल्यू स्टील, जेएसडब्ल्यू सीमेंट और जेएसडब्ल्यू पेंट्स का नेतृत्व करते हैं। उन्होंने 2023 में जेएसडब्ल्यू इंफ्रास्ट्रक्चर को सार्वजनिक किया। (अनंत ज्ञान)

### 15 साल की उम्र में 6 बच्चों के पिता से की थी शादी



**सावित्री** जिंदल का जन्म असम के तिनसुकिया में 20 मार्च, 1950 को जन्म हुआ था। उनकी 15 साल की उम्र में ओपी जिंदल से शादी हो गई। ओपी जिंदल की यह दूसरी शादी थी। जिंदल को पहले पत्नी विद्या देवी से 6 बच्चे हैं। नवीन जिंदल सावित्री जिंदल के बेटे हैं और नवीन की 3 और बहने भी हैं। सावित्री देवी ने छोटी उम्र में 6 बच्चों के साथ-साथ पति और अपने 4 बच्चों को भी पाला। सावित्री जिंदल ने पति की मौत के बाद 2005 में हिसार से उपचुनाव लड़ा और जीतकर राजनीति में एंट्री की। लगातार दो चुनाव जीतकर हरियाणा कैबिनेट में मंत्री बनीं।

### मां के साथ-साथ पिता की भी निभाई भूमिका

**सावित्री** जिंदल ने एशिया वन मैगजीन को दिए इंटरव्यू में कहा था कि मैं आम भारतीय नारी की तरह की घर में रहकर परिवार की देखभाल कर रही थी। अचानक पति (ओपी जिंदल) की मौत के बाद मुझे बिजनेस संभालना पड़ा। अगर किसी के पिता का साया अचानक सिर से उठ जाए तो मां को पिता की भूमिका निभानी पड़ती है। जिंदल साहब अपने पीछे समाज और परिवार को प्रेम के सूत्र में बांधे रखने की विरासत छोड़ गए थे। उनमें सबको साथ लेकर चलने की अद्भुत क्षमता थी, इसलिए उनसे प्रेरणा लेकर मैंने एक कड़ी के रूप में अपनी भूमिका निभाई। बच्चों के साथ भी और हिसार-हरियाणा परिवार के साथ भी। मुझे अपने बच्चों पर बहुत गर्व है, जिन्होंने जिंदल साहब के दिखाए रास्ते पर चलते हुए न सिर्फ बिजनेस को सफलतापूर्वक संभाला है, बल्कि प्यार से साथ रहकर अपना बिजनेस और परिवार भी एक साथ चला रहे हैं।

# अफगानिस्तान में फिर अपना दूतावास शुरू करेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारत फिर से अफगानिस्तान में अपना दूतावास शुरू करेगा। विदेश मंत्री जयशंकर ने शुक्रवार को तालिबान सरकार के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्तकी के साथ द्विपक्षीय बैठक में इसका ऐलान किया। उन्होंने कहा कि भारत काबुल में अपने तकनीकी मिशन को दूतावास में बदलेगा। 2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद भारत ने दूतावास बंद कर दिया था, लेकिन एक साल बाद व्यापार, चिकित्सा सहायता और मानवीय सहायता की सुविधा के लिए एक छोटा मिशन खोला था। दिल्ली में हुई जयशंकर और मुत्तकी की बैठक में किसी भी देश के झंडे का इस्तेमाल नही किया गया। दरअसल भारत ने अफगानिस्तान में अब तक तालिबान सरकार को मान्यता नहीं दी है।

**2021 में तालिबान के सत्ता में आने के बाद से बंद था दूतावास**

गौर रहे कि मुत्तकी वीरवार को एक हफ्ते की यात्रा पर दिल्ली पहुंचे। अगस्त 2021 में अफगानिस्तान में तालिबान के सत्ता में आने के बाद काबुल से दिल्ली तक यह पहली मंत्री स्तर की यात्रा है। जयशंकर ने कहा कि भारत को अफगानिस्तान के विकास में गहरी रुचि है। उन्होंने आतंकवाद से निपटने निपटने के लिए किए जा रहे साझा कोशिशों की भी तारीफ की। उन्होंने मुत्तकी से कहा कि हम भारत की सुरक्षा के प्रति आपकी संवेदनशीलता की सराहना करते हैं, पहलगाम आतंकी हमले के दौरान आपने जो समर्थन दिया, वह काबिलेतारीफ था। (अनंत ज्ञान)

## न्यूज ब्रीफ

### सोनिया देवी की मदद के लिए आगे आई समिति

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** गलोड के लड़हा गांव की सोनिया देवी का कच्चा मकान अचानक गिर गया। अभी सात महीने पूर्व उसके पति प्यार चंद की लंबी बीमारी के बाद मृत्यु हो गई थी। सोनिया देवी ने मनरेगा में काम करते हुए पति की किडनी का लंबे समय तक इलाज करवाया, लेकिन उन्हें बचा नहीं पाई, अब अचानक मकान के गिर जाने से निर्धन विधवा बुरी तरह से टूट गई। इस महिला की दो बेटियां और एक बेटा है। एक बेटी ननिहाल में रहती है और बेटा आईटीआई पास है। सेवा भारती के माध्यम से सनातन सेवा समिति इस परिवार के सहयोग के लिए लड़हा गांव में सहायता के लिए पहुंची, तो सोनिया देवी ने अपना दुख प्रकट करते हुए कहा कि मदद करना तो दूर की बात है, कोई कुशल क्षेम पूछने भी नहीं आया। सनातन सेवा समिति ने प्रदेश सरकार और स्वयंसेवी संस्थाओं से आग्रह किया है कि वे ऐसे आपदा पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए आगे आएं।

### मट्टनसिद्ध, डुग्घा में कल बिजली बंद रहेगी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर के अंतर्गत 11केवी फीडर मट्टन हमीरपुर की आवश्यक मरम्मत व लाइनों के आस-पास पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते 12 अक्तूबर को मट्टनसिद्ध, पंजाली, डुग्घा खुर्द, साईं अस्पताल, शास्त्री कॉलोनी, पुराना एसडी स्कूल, दोसड़क, लाहलड़ी, बारल, डुगनेड़ी, कचरा संयंत्र, लाहड़, जसौर, प्रताप गली, अणु पंचायतघर, घनाल और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### जीविका शर्मा का चयन राज्यस्तरीय टीम में

**अनंत ज्ञान, बड़सर।** जिला स्तरीय गर्ल्स अंडर-14 टूर्नामेंट का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कांगू में संपन्न हुआ। इसमें बिझड़ी ब्लॉक की खिलाड़ी जीविका शर्मा का चयन राज्य स्तरीय टीम में हुआ है। जीविका राजकीय माध्यमिक विद्यालय शूदर की छात्रा है तथा उसने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्टेट की टीम में स्थान पाया है और अब 26 से 28 अक्तूबर तक सीनियर सेकेंडरी स्कूल जुब्बल शिमला में होने वाले राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में जीविका का भाग लेगी। छात्रा के स्कूल पहुंचने पर विद्यालय प्रभारी संदेश कुमार कमलदेव शर्मा मीरा देवी व अन्य स्टाफ ने छात्रा को बधाई दी एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया।

### फिर खुला रोपा कोट प्राथमिक स्कूल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** मुख्यमंत्री के गृह जिले में बंद किया गया रोपा कोट प्राथमिक विद्यालय अब फिर से खुल गया है। हाईकोर्ट के आदेश के बाद विद्यालय में आठ विद्यार्थी नामांकित हो चुके हैं, जिससे अभिभावकों व स्थानीय लोगों में खुशी की लहर है। प्रदेश सरकार ने पांच से कम नामांकन वाले स्कूलों को समीप विद्यालयों में विलय करने का निर्णय लिया था, जबकि रोपा कोट स्कूल में नर्सरी सहित कुल 11 विद्यार्थी थे, इसके बावजूद इसे करहा स्कूल में मिला दिया गया, जिससे छोटे बच्चों को रोज 4 से 5 किलोमीटर पैदल चलना पड़ता था। विद्यालय के पुनः खुलने की जानकारी स्कूल प्रबंधन समिति की अध्यक्ष रीता देवी ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय को दोबारा खुलवाने में राज्य शिक्षक पुरस्कार से सम्मानित जेबीटी शिक्षक मोहन लाल शर्मा का विशेष योगदान रहा है। शर्मा ने विभाग को लगातार पत्राचार भेजे, विद्यालय प्रबंधन समिति को आर्थिक सहयोग प्रदान किया और नामांकन अभियान में सक्रिय भूमिका निभाई। स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य रीता देवी व सदस्यों ने जिला शिक्षा विभाग से अपील की है कि शिक्षक मोहन लाल शर्मा को पुनः रोपा कोट विद्यालय में प्रतिनियुक्त किया जाए, ताकि विद्यालय का नामांकन और सुदृढ़ हो सके।

### छात्रों ने जिला रेसलिंग ट्रायल में जीते गोल्ड मेडल

**सुनील कुमार, अनं ज्ञान, हमीरपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कांगू में आयोजित जिला स्तरीय रेसलिंग ट्रायल प्रतियोगिता में राष्ट्रीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला जोल सप्पड़ के दो छात्रों ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए अपने-अपने भार वर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान सुनिश्चित किया। कक्षा 9वीं के छात्र नितिन चंदेल ने 44 किलोग्राम भार वर्ग में गोल्ड मेडल जीता, जबकि अनुज ठाकुर ने 41 किलोग्राम भार वर्ग में दमदार प्रदर्शन कर स्वर्ण पदक अपने नाम किया। इन दोनों खिलाड़ियों की फुर्ती, तकनीकी कौशल और आत्मविश्वास ने निर्णायकों को प्रभावित किया। राज्य स्तरीय रेसलिंग प्रतियोगिता आगामी 15 से 16 अक्टूबर तक राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कनेड, जिला मंडी में आयोजित होगी। इससे पूर्व 11 अक्तूबर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लंबलू में विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा, साइना क्लास प्लस वन की छात्रा ने जिला स्तरीय वॉलीबॉल प्रतियोगिता में सिल्वर मेडल जीता। ब्लॉक स्तरीय चेस ट्रायल में छठी कक्षा के अर्णव और आठवीं कक्षा की सेजल जिला स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुए। विद्यालय के प्रधानाचार्य रतन चंद जरियाल ने छात्रों, उनके अभिभावकों, मार्गदर्शक शिक्षकों और शारीरिक शिक्षा अध्यापकों अजय शर्मा व ललिता ठाकुर को इस उपलब्धि पर बधाई दी और कहा कि यह सफलता पूरे विद्यालय के लिए गर्व की बात है तथा अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणा स्रोत बनेगी।

### डिप्रेशन से बचाव के लिए विशेषज्ञ मदद जरूरी

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चबूतरा में मनाया गया। जन शिक्षा एवं सूचना अधिकारी बीरबल वर्मा ने बताया कि आज के युवा तेजी से डिप्रेशन, तनाव और चिंता की समस्या से जूझ रहे हैं, जिसका कारण है तेज जीवनशैली, सोशल मीडिया दबाव और करियर की अनिश्चितता। उन्होंने कहा कि लगातार मोबाइल और लैपटॉप स्क्रीन पर बने रहना दिमाग और आंखों को थका देता है। मानसिक स्वास्थ्य पर कलंक अब भी बना हुआ है, जिससे लोग मदद लेने से कतरा रहे हैं। डिप्रेशन से बचाव के लिए खुलकर बात करना, योग और मेडिटेशन करना जरूरी है। पर्याप्त नींद, संतुलित आहार और डिजिटल डिटॉक्स भी मददगार हैं। गंभीर लक्षण होने पर विशेषज्ञ से संपर्क करें। इस अवसर पर डॉ. अंकित कुमार और प्रधानाचार्य संजय धीमान ने भी विचार व्यक्त किए। लगभग 350 प्रतिभागियों और स्टाफ ने भाग लिया।

### विधायक ने भूमि पूजन कर सड़क कार्य का किया शुभारंभ

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** विधायक कै. रणजीत सिंह ने खनौली से बाककर खड्ड वाया टोरु हाथन सड़क का भूमि पूजन कर कार्य की शुरुआत की। गांव वासियों ने विधायक कै. रणजीत सिंह का गांव में पहुंचने पर स्वागत अभिनंदन किया। विधायक को गांव वासियों ने टोपी शाल पहनाकर स्वागत व धन्यवाद किया। विधायक ने कहा कि सडके बनाना मेरा उदेश्य गांव को सड़कों के साथ जोड़ना है, जिससे हर घर हर व्यक्ति को सड़क की सुविधा मिल सके। इस मौके पर लोक निर्माण विभाग के अधिकारी स्थानीय पंचायत प्रतिनिधि व गांव वासी उपस्थित रहे।

### अणु, एनआईटी में 13 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** बिजली उपमंडल-2 हमीरपुर में 13 अक्तूबर को लाइनों व उपकरणों की आवश्यक मरम्मत और पेड़ों की काट-छांट के कार्य के चलते एनआईटी, रेडियो कॉलोनी, डिग्री कालेज, अणु, सामुदायिक भवन, ककरू, सिंदूरी माता मंदिर, खासग्रां और आस-पास के क्षेत्रों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली बाधित रहेगी। सहायक अभियंता सौरभ राय ने बताया कि अगर 13 अक्टूबर को मौसम खराब रहा तो मरम्मत का कार्य 14 अक्तूबर को किया जाएगा।

### हमीरपुर में 13 पदों के लिए साक्षात्कार 14 को

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** प्राइवेट कंपनी मैसर्स विमांशु एलिवेटर एंड एस्क्लेटर हमीरपुर में अलग-अलग श्रेणियों के कुल 13 पदों को भरने के लिए 14 अक्तूबर को सुबह साढ़े दस बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इस कंपनी की सेल्स मार्केटिंग विंग में 3 पदों पर 30 से 35 वर्ष के पुरुष उम्मीदवारों की भर्ती की जाएगी। इनकी शैक्षणिक योग्यता एमबीए और कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 16000 रुपये मासिक वेतन मिलेगा। क्वालिटी ऑडिटर के एक पद के लिए पुरुष अभ्यर्थी इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा या डिग्री धारक अथवा मैकेनिकल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा धारक एवं 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। उसकी आयु 30 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवार को 18000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा। सर्विस सेक्शन में दो पदों के लिए 25 से 35 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार पात्र हैं। उनके पास इलेक्ट्रिशियन ट्रेड में आईटीआई डिप्लोमा तथा 3 वर्ष का अनुभव होना चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को 14000 रुपए मासिक वेतन मिलेगा।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाले स्वयंसेवियों को मिले मेडल

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पीएम श्री शहीद कैप्टन मृदुल शर्मा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक बाल पाठशाला हमीरपुर में सात दिवसीय एनएसएस शिविर का समापन प्रधानाचार्य मुश्ताक मोहम्मद ने किया। उन्होंने स्वयंसेवकों द्वारा किए गए उत्कृष्ट सामाजिक कार्यों की सराहना की। शिविर में 49 छात्रों ने भाग लिया, जिन्होंने अनुशासन व कर्तव्यनिष्ठा का परिचय दिया। छात्रो ने पाठशाला परिसर और अनु कला गांव में पेयजल स्रोत की सफाई भी की, जिसका ग्रामीणों ने धन्यवाद किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. सुशील कुमार ने बताया कि शिविर का उद्देश्य छात्रों में सामाजिक जिम्मेदारी का विकास करना है। उत्कृष्ट कार्य के लिए सभी स्वयंसेवियों को मेडल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में विभिन्न विषयों के प्रवक्ता भी उपस्थित थे।

# पेंशनर्स संघ सीएम से मिलकर करेगा लंबित मांगों का समाधान

## संघ के सदस्य अन्य संगठनों के प्रचार से भ्रमित न हों

**अनिल कुमार, हमीरपुर**

हिम आंचल पेंशनर्स संघ के प्रदेशाध्यक्ष केसी गौतम ऊना जिला इकाई की बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा के दौरान अपने संबोधन में स्पष्ट किया कि पेंशनरों की आवाज उठाने के लिए हिम आंचल पेंशनर्स संघ सबसे पुराना व संगठित संगठन है व अपनी रणनीति के अनुसार समय-2 पर पेंशनरों के ज्वलंत मुद्दों को पूरा करवाने में सफल रहा है और आगे भी आवश्यकतानुसार सक्रियता से पेंशनरों की आवाज उठाता रहेगा।

प्रदेशाध्यक्ष के अतिरिक्त प्रदेश मुख्य संरक्षक योग राज शर्मा, प्रदेश महासचिव ओम राज कंवर, प्रदेश वित्त सचिव शम्भु राम जसवाल सहित अन्य पदाधिकारियों ने भी बैठक को संबोधित करते हुए स्पष्ट किया कि कुछ अन्य संगठनों द्वारा अपने अस्तित्व को बचाने के लिए प्रस्तावित रैलियों के आयोजन के संबंध में उपस्थित सदस्यों को अवगत करवाया कि इन संगठनों की गतिविधियों पर प्रचार से न होने पर पदाधिकारी ज्वाइंट एक्शन कमेटियों का गठन करके अपने अस्तित्व को बरकरार रखने में लगे हैं। इस संबंध में उन्होंने बताया कि पेंशनरों को गुमराह करने के उद्देश्य से एक संगठन द्वारा हिम आंचल पेंशनर्स संघ के दो पदाधिकारियों का नाम बिना हमारी कन्सेन्ट के लिस्ट में शामिल भी किया गया था जिसकी हमने कड़ी भर्त्सना की थी। प्रदेश पदाधिकारियों ने बैठक में स्पष्ट किया कि प्रदेश इकाई का चुनाव संपन्न होने के बाद अभी-अभी प्रदेश कार्यकारिणी का गठन किया गया है। यह सत्य है कि पेंशन संशोधन के फलस्वरूप पेंशनरों को भरकम राशि का भुगतान सरकार के पास लंबित पड़ा है।

### संघ समस्याओं के प्रति सजग व सतर्क

**प्रदेशाध्यक्ष** ने बताया कि कार्यकारिणी द्वारा कार्य प्रारंभ करते ही सर्वप्रथम पेंशनरों की लंबित मांगों विशेषकर जनवरी, 2016 से जनवरी, 2022 के दौरान सेवानिवृत्त पेंशनरों की संशोधित ग्रैच्युटी, लीव-एनकैशमेंट, कम्यूटेशन आदि की बकाया राशि, विभिन्न विभागों में पेंशनरों के लंबित चिकित्सा बिलों का भुगतान व लंबित महंगाई भत्ता की किस्तें जारी करने बारे 6 अक्तूबर को मुख्यमंत्री को पत्र भेजा है, जिसकी प्रति मुख्य सचिव व वित्त सचिव, हिमाचल प्रदेश को भी भेजी दी गई है। उन्होंने स्पष्ट किया कि नई कार्यकारिणी शीघ्र ही मुख्यमंत्री से मिलने का भी प्रयास कर रही है। अतः प्रदेश इकाई का आह्वान है कि हिम आंचल पेंशनर्स संघ के सदस्य अन्य संगठनों के प्रचार से भ्रमित न हों, अगर किसी संघर्ष की जरूरत होगी तो प्रदेश इकाई इस संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार करेगी। संघ आपकी समस्याओं के प्रति सजग व सतर्क है।

# काउंटिंग गड़बड़झाले के दोनों आरोपियों को जमानत

**विक्रम ढटवालिया/एसके ठाकुर**

**दियोटसिद्ध/हमीरपुर।** बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध ट्रस्ट में काउंटिंग में गड़बड़ झाले के दोनों आरोपियों को ट्रस्ट प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया है।

उधर, एक दिन के पुलिसमैन के बाद गिरफ्तार किए गए इन दोनों आरोपियों गुरचैन सिंह लेखाकार और कनिष्ठ सहायक केशव दत्त को तत्काल प्रभाव से ट्रस्ट प्रशासन ने सस्पेंड कर दिया है। इसके अलावा उन्हें दियोटसिद्ध मंदिर की व्यवस्था से ट्रांसफर कर केशव दत्त को संस्कृत कॉलेज चकमोह में और गुरचैन सिंह को ट्रस्ट के स्कूल में शिफ्ट कर दिया है। उनकी सस्पेंशन के यहां आदेश शुक्रवार शाम को जारी किए गए हैं इससे पहले पुलिस ने दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया और उन्हें जमानत पर रिहा कर दिया है। इन दोनों आरोपियों पर गणना हाल में गड़बड़ी का आरोप लगा था सीसीटीवी कैमरे में उनकी कारगुजारी को पुलिस ने आरोपी के घेरे में लिया था इस बजट से मंदिर अधिकारी द्वारा दर्ज करवाई गई एफआईआर को आधार बनाकर पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया था। उनकी गिरफ्तारी बुधवार को हुई थी, उसके बाद बीते रोज इन दोनों को पुलिस ने न्यायालय में पेश करके एक दिन के पुलिस रिमांड पर लिया था। दर असल में गुरचैन सिंह ट्रस्ट में लेखाकार हैं और उनके साथ कनिष्ठ सहायक केशव दत्त गणना लिपिक हैं इन पर आरोप था कि चढ़ने के नोट के जो बंडल बनाए गए थे उनमें साफ तौर पर सीसीटीवी कैमरे में उनकी उपस्थिति देखी गई थी।

यही सबसे बड़ा सबूत बना। तब 500 के 100 की जगह 140 नोट पे गए थे। एसपी भगत सिंह ठाकुर का कहना है कि दोनों आरोपियों को जमानत दे दी गई है। क्योंकि इनसे पूछताछ पूरी हो गई है। अब पुलिस इस जांच को आगे बढ़ा रही है। उधर, इस बात की भी अब अलग से चर्चा होनी शुरू हो गई है कि ट्रस्ट ने जब इन दोनों को सस्पेंड किया है तो उनका हेड क्वार्टर चकमोह के शिक्षण संस्थान ही आखिर क्यों बनाए हैं। इस पर अलग से चर्चा हो रही है यह भी कहा जा रहा है कि इस तरह के आरोपों से घिरे हुए लोगों को एसडीएम ऑफिस बड़सर या कमिश्नर ऑफिस हमीरपुर शिफ्ट करना चाहिए, ताकि इन संस्थाओं के माहौल में किसी तरह का उलट फेर न हो सके।

### दोनों डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल के पास करेंगे रिपोर्ट

**बड़सर** के एसडीएम और ट्रस्ट के अध्यक्ष राजेंद्र गौतम का कहना था कि दोनों को सस्पेंड कर दिया गया है और तत्काल प्रभाव से इन्हें अपनी-अपनी जगह पहुंचने के आदेश जारी किए गए हैं। यह दोनों डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल के पास रिपोर्ट करेंगे।

- **ट्रांसफर को लेकर उठ रहे सवाल, कर्मचारियों को क्यों चकमोह में रखा गया?**
- **एक को संस्कृत कॉलेज चकमोह, दूसरे को स्कूल में दी तैनाती**

**अनंत ज्ञान फॉलोअप**

### खाद्यान्न में आत्मनिर्भरता बढ़ाएगी 24,000 करोड़ पीएम धन धान्य योजना : अनुराग ठाकुर

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

पूर्व केंद्रीय मंत्री व हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से सांसद अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी द्वारा कल शुरू किए जाने वाले प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के माध्यम से देश को खाद्यान्न (दलहन) के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने की बात कही है।

इसके साथ ही अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना के अंतर्गत देशभर के चयनित 100 जिलों में हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के बिलासपुर जिले के चयन को हिमाचल के लिए एक सुनहरा अवसर बताया है। अनुराग ठाकुर ने कहा भारत व कृषक हितैषी मोदी सरकार द्वारा अन्नदाता के आर्थिक सशक्तिकरण व उनकी खुशहाली को सुनिश्चित करने के लिए हर जरूरी कदम उठाए हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने किसानों के हितों में जितने कदम उठाए हैं उतना पिछले 70 सालों में कोई सरकार नहीं कर पाई। भारत की खाद्यान्न विशेषकर दालों में आत्मनिर्भरता बढ़ाने के लिए कल आदरणीय प्रधानमंत्री 24,000 करोड़ रुपए की पीएम धन धान्य स्कीम योजना की शुरुआत करेंगे। कृषक व भारत हित में विगत जुलाई माह में मोदी जी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक ने 6 वर्ष के लिए इस योजना को मंजूरी दी थी। इस योजना का मकसद 2030-31 तक दलहन की खेती का क्षेत्रफल 27.5 मिलियन हेक्टेयर से बढ़ाकर 31 मिलियन हेक्टेयर करना है। पीएम धन धान्य कृषि योजना के तहत किसानों की आय बढ़ाने से लेकर कृषि उत्पादन में बढ़ोतरी पर जोर दिया जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा कि भारत सरकार ने पीएम धन-धान्य योजना का सालाना बजट 24,000 करोड़ रुपए रखा गया है जिसके अंतर्गत अगले छह वर्षों में कुल मिलाकर लगभग 1.44 लाख करोड़ का निवेश होगा।



### धूमल परिवार ने करवा चौथ की शुभकामनाएं दीं

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व मुख्यमंत्री प्रो. प्रेम कुमार धूमल ने समीरपुर स्थित अपने निवास पर पारंपरिक उत्साह और भक्ति के साथ करवा चौथ का पावन पर्व मनाया। प्रो. धूमल ने परिवार के सदस्यों के साथ प्रेम, विश्वास और एकजुटता के इस पर्व की रस्मों में भाग लिया। इस अवसर पर धूमल परिवार ने हिमाचल प्रदेश के सभी विवाहित जोड़ों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं और उनकी सुख-समृद्धि और आजीवन साथ की कामना की। प्रो. धूमल ने कहा कि करवा चौथ केवल एक त्योहार नहीं है, बल्कि पति-पत्नी के बीच पवित्र बंधन का उत्सव है, जो भारत के गहरे पारिवारिक मूल्यों और परंपराओं को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार समाज के सांस्कृतिक ताने-बाने को मजबूत करता है और सभी को रिश्तों में प्रेम, विश्वास और आपसी सम्मान के महत्व की याद दिलाता है।

# एआईपीएनबीओएफ ने किया धरना-प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



पीएनबी मंडल कार्यालय के बाहर अधिकारी शांतिपूर्ण धरना-प्रदर्शन करते हुए।

अखिल भारतीय पंजाब नेशनल बैंक ऑफिसर्स फेडरेशन (एआईपीएनबीओएफ) ने बैंकिंग सप्ताह, कार्य-जीवन संतुलन और अन्य लंबित मांगों को लेकर 9 और 10 अक्तूबर को दो दिवसीय हड़ताल का आह्वान किया। इसी के तहत शुक्रवार को हमीरपुर में पीएनबी मंडल कार्यालय के बाहर लगभग 100 बैंक अधिकारियों ने गांधीजी के सिद्धांतों पर आधारित शांतिपूर्ण धरना प्रदर्शन किया।

धरना-प्रदर्शन का नेतृत्व एआईपीएनबीओएफ के राष्ट्रीय उपमहासचिव कामरेड प्रदीप कौंडल एवं राष्ट्रीय सह सचिव कामरेड संदीप कश्यप ने किया। इस दौरान संगठन के हिमाचल प्रदेश के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे। धरना सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक चला और इसमें बैंक अधिकारियों ने अपनी मांगों को लेकर जोरदार आवाज़ उठाई। धरना-प्रदर्शन के दौरान बैंक अधिकारियों ने पीएनबी के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी को हमीरपुर मंडल प्रमुख के माध्यम से ज्ञापन भी सौंपा। फेडरेशन की प्रमुख मांगों में 2015 से लंबित पांच दिवसीय बैंकिंग सप्ताह को लागू करना और बैंक कर्मचारियों के कार्य-जीवन संतुलन से जुड़ी समस्याओं का समाधान शामिल है।

राष्ट्रीय सह सचिव संदीप कश्यप ने बताया कि यह हड़ताल विरोध मात्र नहीं, बल्कि प्रबंधन और सरकार से उनके वादों को पूरा करने और देरी के मानवीय प्रभावों को ध्यान में रखने का आह्वान है। धर्मशाला मंडल सचिव प्रदीप धीमान ने कहा कि इस हड़ताल से बैंकिंग सेवाओं पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा और हमीरपुर में ग्राहक सेवाएं सामान्य रहीं। प्रदर्शन में शामिल प्रदीप कौंडल ने चेतावनी दी कि यदि मांगें नहीं मानी गईं, तो मार्च 2026 में लंबी हड़ताल या जंतर-मंतर पर धरना दिया जाएगा। उन्होंने इसे एक शांतिपूर्ण अनुस्मारक बताया, जिसका उद्देश्य बैंकिंग सेवाओं को बाधित करना नहीं है, बल्कि अपनी आवश्यक मांगों को प्रशासन तक पहुंचाना है।

# ऊना कॉलेज ने जीती वॉलीबाल चैंपियनशिप

## गौतम कॉलेज हमीरपुर में अंतर महाविद्यालय पुरुष वॉलीबाल चैंपियनशिप संपन्न

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



विजेता टीम को पुरस्कार प्रदान करते हुए मुख्यातिथि जगदीश गौतम।

गौतम कॉलेज हमीरपुर में आयोजित हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर महाविद्यालय पुरुष वॉलीबॉल चैंपियनशिप का शुक्रवार को भव्य समापन हुआ। तीन दिवसीय इस प्रतियोगिता में प्रदेश भर से आई टीमों ने भाग लिया और खेल प्रतिभा एवं अनुशासन का बेहतरीन परिचय दिया।

समापन समारोह के मुख्यातिथि कॉलेज के प्रबंध निदेशक जगदीश गौतम ने विजेता और उपविजेता टीमों को ट्रॉफी एवं पुरस्कार प्रदान किए और सभी खिलाड़ियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी। फाइनल मुकाबले में राजकीय महाविद्यालय ऊना ने शानदार प्रदर्शन करते हुए राजकीय महाविद्यालय संजौली को हराकर खिताब पर कब्जा जमाया, जबकि संजौली की टीम उपविजेता रही। वहीं, तीसरा स्थान आरवीएस राजकीय महाविद्यालय सीमा को प्राप्त हुआ। प्रतियोगिता के अंतिम दिन खेले गए सेमीफाइनल और फाइनल मुकाबले अत्यंत रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे, जिसमें खिलाड़ियों ने उच्च स्तर की खेल भावना का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में भाग लेने आए विभिन्न महाविद्यालयों के खेल अधिकारी एवं खिलाड़ियों ने आयोजन की भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि गौतम कॉलेज ने अनुशासित वातावरण, श्रेष्ठ प्रबंधन और सभी प्रतिभागियों के लिए सुविधाजनक व्यवस्थाएं प्रदान कीं, जिससे प्रतियोगिता सफलतापूर्वक आयोजित हो सकी। समापन अवसर पर कॉलेज के प्राचार्य, प्राध्यापक, छात्र-छात्राएं और विभिन्न संस्थानों के खेल अधिकारी उपस्थित रहे। मुख्यातिथि जगदीश गौतम ने कहा कि गौतम कॉलेज शिक्षा के साथ-साथ खेलों को भी समान महत्व देता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, टीम भावना और प्रतिस्पर्धा की भावना को प्रोत्साहित करते हैं। उन्होंने विजेता खिलाड़ियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करती हैं और प्रदेश के कॉलेजों के बीच सौहार्द व एकता का संदेश भी देती हैं।

### गोवा में हिमाचल की टीम ने किया शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नेशनल पर्पल लीग, गोवा में हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम ने शानदार प्रदर्शन किया। टीम के कप्तान अमित ठाकुर, जो जिला चंबा के गांव मकडोगा से हैं, ने अपनी बेहतरीन बल्लेबाजी और गेंदबाजी से सबका दिल जीत लिया। अमित ने 49 रन (7 चौके) बनाकर टीम को 20 ओवर में 151 रन तक पहुंचाया। उनकी कप्तानी में कोलवा चीताज ने बेनाउलिम ब्लाजर्स को 106 रन पर ऑलआउट कर 45 रन से जीत हासिल की। गेंदबाजी में भी अमित ने कमाल दिखाया और 4 ओवर में केवल 14 रन दिए। हिमाचल प्रदेश व्हीलचेयर क्रिकेट टीम के डायरेक्टर राजन कुमार ने बताया कि व्हीलचेयर क्रिकेट खिलाड़ियों के लिए खेल का अपना अनोखा संघर्ष और जज्बा होता है। अमित ठाकुर की यह उपलब्धि हिमाचल प्रदेश और उनके गांव मकडोगा के लिए गर्व का विषय है और उनकी संघर्ष भावना सभी के लिए प्रेरणा बनी है।

### युवाओं का हुनर व संकल्प : नशा मुक्ति को समर्पित हुआ एनएसयूआई का हुनर कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**



राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर में एनएसयूआई द्वारा आयोजित दो दिवसीय 'हुनर प्रतियोगिता' के दूसरे दिन युवाओं को नशे से दूर रहकर राष्ट्र निर्माण में भूमिका निभाने का सशक्त संदेश दिया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि वरिष्ठ कांग्रेस नेता एवं पूर्व जिला अध्यक्ष सुमन भारती शर्मा ने युवाओं से आह्वान किया कि वे अपनी ऊर्जा को सकारात्मक एवं रचनात्मक गतिविधियों में लगाएं।

सुमन भारती ने अपने संबोधन में कहा कि खेल और सांस्कृतिक गतिविधियां युवाओं की असीम ऊर्जा को सही दिशा प्रदान करती हैं। एक खिलाड़ी का जीवन अनुशासन, संयम और लक्ष्य केंद्रित होता है, जो नशे जैसी बुराइयों से उसे दूर रखता है और उसे एक जिम्मेदार नागरिक बनने की राह पर अग्रसर करता है। उन्होंने मुख्यमंत्री सुक्खू द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान की सराहना की और कहा कि हर युवा को इस जनहितकारी पहल में सहयोग देना चाहिए। उन्होंने एनएसयूआई द्वारा किए जा रहे प्रयासों को राष्ट्रहित में महत्वपूर्ण बताया। एनएसयूआई पदाधिकारियों ने बताया कि यह प्रतियोगिता हर वर्ष आयोजित की जाती है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराना और उनके प्रतिभा एवं कौशल को मंच प्रदान करना है। कार्यक्रम के समापन सत्र में पूर्व पार्षद राजेश चौधरी, अनिल चौधरी, शिक्षाविदों और छात्र नेताओं सहित कई गणमान्य नागरिकों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेकर नशा मुक्ति का संकल्प दोहराया।

**कार्य** भरेड़ी में चक्का जाम के बाद कंपनी ने शुरू की सड़क सुधार की कवायद

# बस्सी-तताहर मार्ग पर शुरू हुआ मरम्मत कार्य

**अनंत ज्ञान, भोरंज**



खराब गुणवत्ता को लेकर लोगों के आक्रोश के बाद अब निर्माण कंपनी हरकत में आ गई है।

बस्सी से तताहर तक सड़क निर्माण में देरी व खराब गुणवत्ता को लेकर लोगों के आक्रोश के बाद अब निर्माण कंपनी हरकत में आ गई है। भरेड़ी बाजार में 3 अक्तूबर को हुए चक्का जाम और तीन घंटे तक चले जन प्रदर्शन के बाद कंपनी ने अब सड़क सुधार कार्य की शुरुआत कर दी है। पिछले एक वर्ष से बस्सी से तताहर तक सड़क का निर्माण कार्य एफडीआर तकनीक से किया जा रहा है। हालांकि, अब तक बस्सी से नगरोटा गाजियां तक का हिस्सा ही पक्का हो पाया है, लेकिन वह भी जगह-जगह से उखड़ चुका है।

नगरोटा गाजियां से तताहर तक सड़क की स्थिति और भी दयनीय है। लगातार हुई भारी वर्षा के चलते सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिससे स्थानीय लोगों और वाहनों को आवागमन में भारी परेशानी झेलनी पड़ रही है। सड़क निर्माण में हो रही लगातार देरी के विरोध में स्थानीय लोगों ने 3 अक्तूबर को भरेड़ी बाजार में चक्का जाम कर जोरदार प्रदर्शन किया था। करीब तीन घंटे तक चली इस बंदी के दौरान लोगों ने कंपनी और विभाग के खिलाफ नारेबाजी करते हुए जल्द कार्य शुरू करने की मांग की थी। मौके पर पहुंचे लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने आश्वासन दिया था कि मौसम ठीक होते ही कार्य युद्धस्तर पर शुरू कर दिया जाएगा, अब जब बारिश थम गई है और मौसम अनुकूल हुआ है, तो कंपनी ने सड़क पर पड़े बड़े गड्ढों को सीमेंट और मुरम से भरने का कार्य शुरू कर दिया है। फिलहाल प्राथमिक तौर पर नालियों के निर्माण और सड़क समतलीकरण का काम जारी है।

लोक निर्माण विभाग के कनिष्ठ अभियंता प्रवीण कुमार ने बताया कि, फिलहाल सड़क के बड़े गड्ढों को भरने व नालियों के निर्माण का कार्य शुरू हो गया है, जैसे ही मौसम पूरी तरह साफ रहेगा, सड़क को पक्का करने का कार्य युद्धस्तर पर आरंभ कर दिया जाएगा। स्थानीय लोगों ने उम्मीद जताई है कि विभाग और निर्माण कंपनी अब देरी न करते हुए सड़क निर्माण कार्य को जल्द पूरा करेंगे, ताकि बस्सी से तताहर मार्ग पर सुचारू यातायात बहाल हो सके।

# सरला-चकमोह सड़क घंगोट के पास बना डेंजर स्पॉट, कभी भी हो सकता बड़ा हादसा

**एसके ठाकुर, अनंत ज्ञान**



**बड़सर।** विधानसभा क्षेत्र बड़सर के अंतर्गत पड़ने वाला सरला बडडू चकमोह बाया घंगोट सड़क मार्ग दिन-प्रतिदिन जानलेवा होता जा रहा है। इस सड़क का निर्माण कार्य प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत हुआ है।

बाबा की नगरी दियोटसिद्ध में जाने के लिए यह सड़क मार्ग सबसे शॉर्टकट पड़ता है, लेकिन इस सड़क मार्ग की कई जगह पर दशा और दिशा इतनी खराब है कि कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है। हालांकि, इस सड़क मार्ग पर राजनेताओं की गाड़ियां भी गुजराती हैं, लेकिन हो सकता है कि नेताओं ने काले चश्मे पहन रखे होते हैं, उन्हें तब पता नहीं चलता होगा कि सड़क भी खराब है। यह सड़क मार्ग घंगोट के पास एक तो संकीर्ण, दूसरी तरफ एक बड़ी पहाड़ी साथ में लगी है, अगर बरठीं की तरह हादसा हो जाता तो फिर इसका जिम्मेवार किसको माना जाएगा ? बड़सर की ओर से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए भी बाबा की नगरी में पहुंचने के लिए बहुत ही शॉर्टकट सड़क मार्ग है। स्थानीय लोगों सुभाष चद्र, संतोष कुमारी, प्रवीण कुमार, सुरजीत सिंह, संदीप कुमार, मुकेश कुमार, दौलत राम, राजकुमारी, संजय कुमार, कुलदीप चंद आदि का कहना है कि इस सड़क पर घंगोट के पास क्षतिग्रस्त सड़क को ठीक करने के लिए कई बार टेलीफोन के माध्यम से पीडब्ल्यूडी को सूचित भी किया गया है, परंतु आज दिन तक विभागीय अधिकारियों के कान में जूं तक नहीं रेंगती है कि इस सड़क को ठीक करवा कर सड़क हादसे होने से बचाया जा सके। लोगों ने तो यहां तक कहा दिया कि जब कोई भी हादसा पेश आता है, तो ऐसे में सरकार और विभाग के पास पैसों की व्यवस्था कैसे हो जाती है? सरकार को भी 2 दिन पहले जिला बिलासपुर के बरठीं के पास हुए सड़क हादसे में 15 के करीब लोगों की दुखद मौत हो गई है, जब ऐसे हादसे होते हैं, तो नेता लोग भी ढांढ़स बढ़ाने आ जाते हैं तथा जनता के बहुत हितैषी बनते हैं। इस संदर्भ में जब एक्शन पीडब्ल्यूडी रवि शंकर से फोन पर बात हुई, तो उनका कहना था मामला विभाग के ध्यानार्थ है। 1, 2 स्पॉट पर ढंगे लगने हैं। टेंडर प्रक्रिया पूरी हो गई है अगले सप्ताह तक ढंगे लगने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा। कुछ प्राइवेट लैंड भी है। उन्होंने कहा जिन स्थानों पर ढंगे लगने हैं, अगर लोग अड़चन पैदा नहीं करेंगे, तो कार्य युद्धस्तर पर किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएम सुक्खू ने राज्यपाल से की शिष्टाचार भेंट



राज्यपाल शुक्ल से भेंट करते मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शुक्रवार को राजभवन में राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल से शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर दोनों नेताओं के बीच प्रदेश से संबंधित विभिन्न विषयों पर सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई। मुख्यमंत्री और राज्यपाल ने प्रदेश के समग्र विकास एवं जनकल्याण से जुड़ी योजनाओं पर विचार-विमर्श किया।

### ऑनलाइन छात्रवृत्ति आवेदन की तिथि 15 तक बढ़ी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। शिक्षा विभाग के प्रवक्ता ने बताया कि शैक्षणिक वर्ष 2025-26 के लिए केंद्रीय क्षेत्र प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन की अंतिम तिथि बढ़ा दी गई है। अब छात्र 15 अक्तूबर तक आवेदन कर सकते हैं। आईएनओ स्तर पर जांच (एल-1) की अंतिम तिथि 31 अक्तूबर और डीएनओ व एसएनओ स्तर पर जांच (एल-2) की तिथि 15 नवंबर निर्धारित की गई है।

### रामपुर में 32 लोगों ने किया रक्तदान

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर। रक्तदान सेवा परिवार सोसायटी रामपुर ने शुक्रवार को अपना 57वां रक्तदान शिविर सफलतापूर्वक आयोजित किया, जिसमें कुल 32 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डीएसपी रामपुर नरेश शर्मा ने किया। इस अवसर पर युवाओं सहित विभिन्न वर्गों के लोगों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। शिविर के दौरान सोटो शिमला के माध्यम से 30 लोगों ने अंगदान की प्रतिज्ञा ली, जो समाज के प्रति एक उत्कृष्ट उदाहरण है। सोसायटी ने इसी दिन महात्मा गांधी चिकित्सा सेवा परिसर खनेरी में 365 रात्रि लंगर सेवा की भी शुरुआत की, जिसके तहत अस्पताल में मरीजों के तीमारदारों को प्रतिदिन रात का भोजन निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। सोसायटी अध्यक्ष नितेश भारती ने कहा कि समाज सेवा के इस अभियान का उद्देश्य केवल रक्तदान तक सीमित नहीं है, बल्कि स्वास्थ्य, पोषण और मानवीय संवेदनाओं को बढ़ावा देना है।

### बंगाला कॉलोनी में अवैध कब्जे हटाएगी नगर निगम

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला के संजौली क्षेत्र स्थित बंगाला कॉलोनी में नगर निगम और वन भूमि पर किए गए अवैध कब्जों को हटाने की जिम्मेदारी फिलहाल नगर निगम को दी है। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शिमला की रिपोर्ट और उपायुक्त शिमला के हलफनामे के अवलोकन के बाद पाया कि क्षेत्र में सार्वजनिक भूमि पर अवैध निर्माण और कब्जे किए गए हैं। कोर्ट ने कहा कि जनहित याचिका लंबित रहने से इन कब्जों को हटाने की कार्रवाई पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और अधिकारी कार्रवाई करने के लिए स्वतंत्र हैं। मामला बंगाला कॉलोनी में वन भूमि पर निर्माण, हरित क्षेत्रों में सीमेंटीकरण, पेड़ों को नुकसान और कचरा जलाने की शिकायतों पर आधारित है।

### हिमाचल पुलिस की जीरो टॉलरेंस नीति: तिवारी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। पुलिस महानिदेशक अशोक तिवारी ने कहा कि प्रदेश पुलिस ने नशे, भ्रष्टाचार और यातायात नियमों के उल्लंघन के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। तकनीक आधारित निगरानी, सख्त कानूनी कार्रवाई और जन-जागरूकता अभियानों के माध्यम से इन पर नियंत्रण किया जा रहा है। मुख्य सचिव संजय गुप्ता के पुलिस मुख्यालय और सतर्कता ब्यूरो के दौरे के दौरान डीजीपी ने विभाग की प्राथमिकताओं और चुनौतियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों, कठिन भौगोलिक परिस्थितियों, साइबर अपराध और नशा तस्करी से निपटना विभाग के सामने बड़ी चुनौती है। मुख्य सचिव ने पुलिस विभाग को हर संभव सहयोग देने का आश्वासन दिया।

### ब्रह्मो समाज मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश

अनंत ज्ञान ब्यूरो शिमला। हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने शिमला स्थित ब्रह्मो समाज मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों पर यथास्थिति बनाए रखने के आदेश जारी किए हैं। मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया और न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने हिमालयन ब्रह्मो समाज के अनुयायियों की अपील को खारिज करते हुए राज्य सरकार को निर्देश दिया कि मंदिर ट्रस्ट की संपत्तियों से जुड़ी कानून-व्यवस्था बनी रहे। अनुयायियों ने याचिका दायर कर अपने पूजा-अधिकारों की सुरक्षा और मंदिर के प्रबंधन को अपने नियंत्रण में देने की मांग की थी। एकल पीठ ने पहले ही उन्हें विवाद दीवानी अदालत में ले जाने की अनुमति दी थी, जिसे अब खंडपीठ ने भी बरकरार रखा है।

# सचिवालय में देर से आए तो नौकरी खतरे में

## सुक्खू सरकार ने 10 बजे हाजिरी की अनिवार्य, काम में अनुशासन जरूरी

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने शासन-प्रशासन की कार्यशैली में बड़ा बदलाव करते हुए सचिवालय में समयबद्ध उपस्थिति की नई व्यवस्था लागू कर दी है। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि अब सभी अधिकारी और कर्मचारी सुबह 10 बजे तक कार्यालय पहुंचें और समय पर उपस्थिति दर्ज करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकारी कामकाज में अनुशासन, जवाबदेही और कार्यकुशलता सुनिश्चित करना अब सरकार की प्राथमिकता है।



मुख्यमंत्री ने ये निर्देश सूचना प्रौद्योगिकी विभाग की समीक्षा बैठक के दौरान दिए। उन्होंने कहा कि सरकार के हर स्तर पर पारदर्शिता और उत्तरदायित्व लाना जरूरी है। इसीलिए मुख्यमंत्री की घोषणाओं की निगरानी के लिए अब नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे, जो योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से सरकार को सौंपेंगे।

> नोडल अधिकारी करेंगे घोषणाओं की समीक्षा, हर 15 दिन में बनेगी प्रगति रिपोर्ट

मुख्य सचिव और प्रधान आईटी सलाहकार को यह भी जिम्मेदारी दी गई है कि वे हर 15 दिन में एक रिपोर्ट तैयार करें और मुख्यमंत्री को सौंपें, ताकि घोषणाओं की स्थिति का आंकलन किया जा सके और जनता से किए गए वादों पर त्वरित अमल हो सके।

उसके बाद मुख्यमंत्री ने पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि विपक्ष के पास जनता के मुद्दे नहीं हैं, इसलिए वे कभी विमल नेगी का मामला उठाते हैं तो कभी टॉयलेट टैक्स का मुद्दा बनाते हैं। यहां तक कि मेरे विदेश दौरे को लेकर भी झूठ फैलाया जा रहा है। सीएम ने कहा कि भाजपा ने मेरे खिलाफ नारेबाजी करने के लिए अपने कार्यकर्ताओं को भेजा और मेरी छवि खराब करने की साजिश रची, इसके लिए तो बालूगंज में एक 'स्पेशल सेल' तक बनाया गया है, लेकिन हम इससे डरने वाले नहीं।

### वीरभद्र सिंह की प्रतिमा अनावरण की तैयारियां पूरी

मुख्यमंत्री सुक्खू ने बताया कि 13 अक्तूबर को ऐतिहासिक रिज मैदान पर पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम प्रदेश के लिए गौरव का क्षण होगा। इस मौके पर केंद्र सरकार के कौन-कौन से नेता शामिल होंगे, इसकी आधिकारिक जानकारी जल्द जारी की जाएगी।

# पूर्व सीएम वीरभद्र सिंह की प्रतिमा का अनावरण 13 को

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद प्रतिभा सिंह ने शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर 13 अक्तूबर को होने वाले पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की प्रतिमा के अनावरण समारोह में पार्टी नेताओं और आम जनता से अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

> प्रतिभा सिंह ने जनता से की समारोह में शामिल होने की अपील

उन्होंने कहा कि यह केवल एक अनावरण समारोह नहीं, बल्कि आधुनिक हिमाचल के निर्माता रहे वीरभद्र सिंह को सच्ची श्रद्धांजलि होगी। प्रतिभा सिंह ने कहा कि यह प्रतिमा उनके उत्कृष्ट योगदान और जनसेवा की भावना की प्रतीक बनकर हम सभी को प्रदेश के विकास पथ पर आगे बढ़ने की प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने पार्टी नेताओं, पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और वीरभद्र सिंह के समर्थकों से इस ऐतिहासिक अवसर को सफल बनाने की अपील की है।

# रामपुर की छह पंचायतें अब भी सड़क से कटी, लोगों में आक्रोश



पत्रकार वार्ता को संबोधित करते भाजपा नेता कौल सिंह नेगी।

आत्मा सिंह, अनंत ज्ञान

रामपुर बुशहर। रामपुर उपमंडल के दुर्गम क्षेत्र 15/20 की 6 पंचायतों में दो माह बाद भी सड़क यातायात सामान्य नहीं हो सका है। भाजपा नेता एवं पूर्व प्रत्याशी कौल सिंह नेगी ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में कहा कि क्षेत्र के लोग आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं।

उन्होंने बताया कि स्थानीय लोग लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता शक्ति सिंह से मिले और गांधी-गानवी सड़क को शीघ्र बहाल करने की मांग की। अधिकारी ने आश्वासन दिया, लेकिन जमीनी हालात जस के तस हैं। नेगी ने स्थानीय विधायक और सातवें वित्त आयोग अध्यक्ष नंदलाल के दौरे को निराशाजनक बताया। उन्होंने आरोप लगाया कि विधायक के आने पर सड़क खोलने के लिए चार मशीनें लगाई गईं, लेकिन उनके लौटते ही काम ठप हो गया।

उन्होंने कहा कि सड़क सुविधा न होने से राशन, गैस सिलेंडर और अन्य जरूरी वस्तुओं की आपूर्ति ठप हो गई है। कौल सिंह ने सुझाव दिया कि गानवी में स्थायी पुल निर्माण होना चाहिए, लेकिन तब तक के लिए कलवर्ट डालकर अस्थायी पुल बनाया जा सकता है। कूट, क्याओ, जगोरी और गानवी पंचायतों के लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र समाधान नहीं हुआ तो सड़कों पर आंदोलन किया जाएगा। उन्होंने सरकार और प्रशासन पर उदासीन रवैये का आरोप लगाते हुए कहा कि जनता अब सिर्फ आश्वासनों से नहीं मानेगी।

# शिक्षा मंत्री ने जारी किया 'थुंदल गाथा' एल्बम गीत

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने शुक्रवार को चिराग ज्योति मण्टा द्वारा रचित और स्वरबद्ध किए गए एल्बम गीत थुंदल गाथा का विमोचन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि यह गीत शिमला जिले के चौपाल विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले प्राचीन ग्राम थुंदल की लगभग सात सौ वर्ष पुरानी लोकगाथा पर आधारित है, जो क्षेत्र की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पारंपरिक सुंदरता को सजीव रूप में प्रस्तुत करती है। ठाकुर ने कहा कि इस प्रकार की रचनात्मक पहलें हमारी समृद्ध संस्कृति और गौरवशाली परंपराओं के संरक्षण में अहम भूमिका निभाती हैं।

शिक्षा मंत्री ने बताया कि उनके पूर्वजों का संबंध भी थुंदल गांव से रहा है और इस गीत में गांव से जुड़ी वीरता और पलायन की ऐतिहासिक गाथा को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। यह गीत थुंदल गांव के मुखिया बिदन की कथा पर आधारित है, जिन्होंने तत्कालीन राजा को लगान देने से इनकार किया था। विवाद बढ़ने पर गांव में आगजनी हुई और लोगों को पलायन कर जुब्बल, सिरमौर और अन्य क्षेत्रों में बसना पड़ा। यह रचना क्षेत्र की पारंपरिक लोक शैली में गाई गई है, जो स्थानीय जीवनशैली, रीति-रिवाजों और मौखिक इतिहास की गहराई को उजागर करती है।

उन्होंने कहा कि यह गीत हिमाचल की लोक परंपराओं की गौरवशाली धरोहर को नई पीढ़ी तक पहुंचाने का प्रेरक प्रयास है।

# राजस्व अधिकारियों की सुरक्षा को लेकर संघ सख्त

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला। अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा मेले के दौरान ड्यूटी पर तैनात तहसीलदार हरि सिंह यादव के साथ हुई हाथापाई के आरोपियों की गिरफ्तारी न होने पर हिमाचल प्रदेश राजस्व अधिकारी संघ ने नाराजगी जताई है।

> 13 और 14 अक्तूबर को रहेगी पेन डाउन स्ट्राइक

संघ के अध्यक्ष नारायण सिंह वर्मा ने बताया कि सरकार को दो दिन का अल्टीमेटम दिया गया है और अगर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रदेशभर के राजस्व अधिकारी 13 व 14 अक्तूबर को पेन डाउन स्ट्राइक करेंगे तथा 15 अक्तूबर से सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। उन्होंने कहा कि ड्यूटी के दौरान अधिकारी से दुर्व्यवहार होना दुर्भाग्यपूर्ण है और इससे अधिकारियों का मनोबल गिरा है। संघ ने सरकार से राजस्व अधिकारियों को ड्यूटी के दौरान सुरक्षा उपलब्ध कराने की मांग की है।

# स्थिति सामान्य होने पर होंगे पंचायत चुनाव: शिक्षा मंत्री

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा कि राज्य में पंचायत चुनाव स्थिति सामान्य होने पर कराए जाएंगे। उन्होंने विपक्ष द्वारा लगाए जा रहे आरोपों को राजनीति से प्रेरित और निराधार बताया। पंचायत चुनावों को स्थगित करने का निर्णय प्रशासनिक दृष्टि से लिया गया है, जो अधिकारियों की सिफारिशों और नागरिकों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए किया गया है। हाल ही में प्रदेश में आई प्राकृतिक आपदाओं से भारी जनहानि और नुकसान हुआ है, इसलिए लोगों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है।

शिक्षा मंत्री ने शिमला में पत्रकारों से अनौपचारिक बातचीत में कहा कि भाजपा ने 2022 में स्वयं निगम चुनावों को एक साल के लिए टाल दिया था और भाजपा शासित कई राज्यों में भी चुनाव स्थगित किए गए हैं। बावजूद इसके, हिमाचल में कांग्रेस सरकार की आलोचना करना भाजपा का दोहरा रवैया दर्शाता है। ठाकुर ने कहा कि कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक स्वार्थ नहीं बल्कि जनता की सुरक्षा को प्राथमिकता दी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्थिति सामान्य होने के बाद पंचायत चुनाव करवाए जाएंगे।

रोहित ठाकुर ने बताया कि वर्ष 2023 से अब तक हिमाचल प्रदेश ने भयंकर प्राकृतिक आपदाओं का सामना किया है, जिनमें लगभग 700 लोगों की जान गई और राज्य को 15,000 करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान हुआ। कांग्रेस सरकार ने राहत और पुनर्वास के लिए राज्य संसाधनों से 4,500 करोड़ रुपए का विशेष राहत पैकेज जारी किया और क्षतिग्रस्त मकानों के लिए मुआवजा राशि में उल्लेखनीय वृद्धि की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक सुधार किए हैं। कक्षा पहली से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है और अगले शैक्षणिक सत्र में 100 सरकारी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सीबीएसई से संबद्ध किए जाएंगे। प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में राजीव गांधी डे-बोर्डिंग स्कूल स्थापित किए जा रहे हैं जिनमें आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध होंगी। पिछले ढाई वर्षों में 7,000 से अधिक शिक्षकों की नियुक्ति की गई है और खाली पदों को भरा गया है।

# चुनाव टालने की पटकथा लिख रही कांग्रेस सरकार: रणधीर शर्मा

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

भाजपा के प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं विधायक रणधीर शर्मा ने प्रेस वार्ता में कहा कि राज्य में मौजूदा कांग्रेस सरकार लोकतांत्रिक मूल्यों का हनन कर रही है। उन्होंने कहा कि सरकार ने पहले शहरी निकाय चुनावों को स्थगित करने की कोशिश की और अब पंचायतीराज संस्थाओं के चुनाव टालने का प्रयास किया जा रहा है। भाजपा नेता के अनुसार, सरकार ने विभिन्न जिलों के उपायुक्तों से आपदा का हवाला देते हुए पत्र मंगवाए, जिनमें लिखा गया कि सड़कों की स्थिति ठीक नहीं है और इस कारण चुनाव कराना संभव नहीं है। इन पत्रों के आधार पर सरकार ने आपदा प्रबंधन प्रकोष्ठ के माध्यम से आदेश जारी किए, जिसके बाद पूरे प्रदेश में भ्रम की स्थिति बन गई।



शिमला में प्रेस वार्ता के दौरान पत्रकारों को संबोधित करते भाजपा विधायक एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी रणधीर शर्मा।

रणधीर शर्मा ने कहा कि आदेश जारी होने के बाद जब भाजपा ने इसका विरोध किया, तो सरकार ने पलटी मारते हुए दावा किया कि चुनाव समय पर होंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री और पंचायतीराज मंत्री के बयानों में विरोधाभास है, जिससे जनता भ्रमित हो रही है। भाजपा ने पूछा है कि यदि चुनाव समय पर कराने हैं, तो फिर आपदा प्रबंधन के आदेशों की क्या आवश्यकता थी? उनका कहना है कि सरकार बहाने बनाकर लोकतांत्रिक प्रक्रिया से भाग रही है।

भाजपा नेता ने कहा कि यह पहली बार नहीं है जब कांग्रेस सरकार ने चुनाव टालने का प्रयास किया है। इससे पहले भी सरकार ने नई शहरी निकाय इकाइयों के चुनाव छह महीने में करवाने के प्रावधान को बदलकर दो वर्ष कर दिया था। इसके लिए सरकार ने अध्यादेश लाकर कानून में संशोधन किया। शर्मा ने बताया कि राज्य निर्वाचन आयोग ने 24 मई 2025 को तीन शहरी निकायों के लिए वार्ड गठन की प्रक्रिया शुरू कर दी थी, परंतु सरकार के निर्देशों के बाद इसे रोक दिया गया। उन्होंने कहा कि यह स्पष्ट संकेत है कि सरकार जान-बूझकर चुनाव प्रक्रिया को बाधित कर लोकतंत्र की भावना को ठेस पहुंचा रही है।

# सुन्नी कॉलेज में मनाया नील्स बोहर दिवस

महेंद्र कुमार, अनंत ज्ञान

सुन्नी। अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय डिग्री कॉलेज सुन्नी में भौतिकी विभाग ने रसायन विज्ञान विभाग के सहयोग से नील्स बोहर दिवस मनाया। इस अवसर पर कॉलेज की प्राचार्य प्रो. अंजलि चौहान मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं, जबकि प्रो. दालिम ने विशिष्ट अतिथि के रूप में शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य महान भौतिक वैज्ञानिक नील्स बोहर के वैज्ञानिक योगदान को याद करना और विद्यार्थियों को उनके अनुसंधान कार्यों से प्रेरित करना था।

> भौतिकी और रसायन विभाग ने संयुक्त रूप से किया आयोजन

प्रो. अंजलि चौहान ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को वैज्ञानिक जिज्ञासा, नवाचार और आलोचनात्मक सोच विकसित करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि भौतिकी और रसायन विज्ञान जैसे विषयों का आपसी समन्वय विद्यार्थियों की वैचारिक समझ को गहरा करता है और वैज्ञानिक दृष्टिकोण को व्यापक बनाता है।

कार्यक्रम में प्रो. सुभाष चंद ने 'छात्रों में वैज्ञानिक सोच का विकास' विषय पर व्याख्यान दिया और शोध-उन्मुख शिक्षा अपनाने की प्रेरणा दी। इसके बाद भौतिकी विभागाध्यक्ष प्रो. चुन्नी लाल ने प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की, जिसमें बीएससी प्रथम वर्ष के छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। बीएससी द्वितीय वर्ष की छात्रा हिमानी ठाकुर ने नील्स बोहर के वैज्ञानिक योगदान पर तैयार पावर प्वॉइंट प्रस्तुति दी, जबकि विद्यार्थियों द्वारा बोहर के जीवन और उपलब्धियों पर तैयार लघु वृत्तचित्र को दर्शकों ने सराहना मिली। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों और संकाय सदस्यों ने भाग लिया।

# तकलेच में माइनर गेम्स में 850 विद्यार्थियों ने दिखाया दम



माइनर गेम्स के विजेताओं के साथ नंद लाल व शिक्षक।

अनंत ज्ञान, रामपुर बुशहर

अंडर 14 छात्र वर्ग की जिला स्तरीय माइनर गेम्स की खेलकूद प्रतियोगिता जो की शांति देवी मेमोरियल राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तकलेच रामपुर बुशहर के समापन में 21 खंडों के 850 विद्यार्थी ने भाग लिया। इसमें कबड्डी वालीबाल खो-खो बैडमिंटन जूडो तथा कुश्ती की प्रतियोगिता आयोजित की गई। समापन समारोह के अवसर पर नंद लाल अध्यक्ष सातवें वेतन आयोग ने विद्यार्थियों को ट्रॉफी दे कर सम्मानित किया। पाठशाला के कार्यवाहक प्रधानाचार्य नेक राम चौहान ने मुख्यातिथि को टोपी मफलर एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में त्रिलोक भलुनी जिला परिषद सदस्य नारायण वार्ड एवं अनिरुद्ध सिंह बिष्ट महासचिव जिला शिमला कांग्रेस कमेटी को टोपी मफलर एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

मुख्यातिथि ने स्कूल प्रबंधन को तीस हजार की धन राशि भेंट किया। मुख्यातिथि ने पाठशाला के ड्रेनेज सिस्टम के लिए डेढ़ लाख की राशि की घोषणा की।

## कवायद

### सरकार ने स्वच्छ ऊर्जा अपनाने के लिए बड़े लक्ष्य किए निर्धारित

# हिमाचल में ग्रीन बोनस की मांग, केंद्र से समर्थन की उम्मीद

सत्यदेव भारद्वाज, अनंत ज्ञान ब्यूरो

शिमला। हिमाचल में पर्यावरण संरक्षण के बदले ग्रीन बोनस को लेकर अब सरकार गंभीर रुख अपना चुकी है। हरित पहचान और पारिस्थितिकीय योगदान को देखते ग्रीन बोनस की मांग प्रमुखता से उठाए जाने की तैयारी है। इस मुद्दे पर सरकारी स्तर पर मंथन तेज हो गया है और सुक्खू सरकार ने केंद्र तथा 16वें वित्त आयोग के समक्ष इसे मजबूती से उठाने की तैयारी कर ली है। इसके साथ ही राज्य को हरित ऊर्जा राज्य बनाने की दिशा में ठोस कदम बढ़ाए जा रहे हैं, ताकि देवभूमि की पर्यावरणीय भूमिका को राष्ट्रीय स्तर पर और मजबूती मिल सके।

जानकारी के अनुसार सरकार ने वर्ष 2026 तक हिमाचल को हरित ऊर्जा राज्य घोषित करने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए राज्य की कुल ऊर्जा खपत का लगभग 90 प्रतिशत भाग नवीकरणीय स्रोतों से पूरा करने की योजना पर काम किया जा रहा है। फिलहाल हिमाचल की कुल ऊर्जा खपत लगभग 14 हजार मिलियन यूनिट है, जिसमें से 12 हजार 600 मिलियन यूनिट हरित ऊर्जा से प्राप्त करने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रयास हिमाचल को न केवल स्वच्छ ऊर्जा का अग्रणी प्रदेश बनाएगा, बल्कि औद्योगिक और कृषि क्षेत्र के लिए भी नई संभावनाएं खोलेगा।

पर्यावरणीय प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से हिमाचल पथ परिवहन निगम ने डीजल बसों को चरणबद्ध तरीके से ई-बसों से बदलने की प्रक्रिया आरंभ की है। निगम ने 412 करोड़ रुपये की लागत से 297 ई-बसों की खरीद के लिए निविदाएं जारी की हैं, साथ ही 124 करोड़ रुपये की लागत से बस अड्डों पर ई-चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2025-26 में 500 और ई-बसें खरीदी जाएंगी। यह कदम परिवहन क्षेत्र में स्वच्छ ऊर्जा के उपयोग को प्रोत्साहित करने के साथ-साथ वायु प्रदूषण को भी काफी हद तक कम करेगा।

### युवाओं के लिए ई-टैक्सी योजना बनी नई उम्मीद

राज्य सरकार की राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्टअप योजना युवाओं को हरित रोजगार से जोड़ने की दिशा में एक बड़ा कदम साबित हो रही है। इस योजना के तहत ई-टैक्सियों की खरीद पर 50 प्रतिशत सब्सिडी दी जा रही है। अब तक 50 ई-टैक्सियों को सरकारी विभागों में जोड़ा गया है, जबकि 59 युवाओं को लगभग 4 करोड़ 22 लाख रुपए की सब्सिडी वितरित की जा चुकी है। यह योजना न केवल युवाओं को आत्मनिर्भर बना रही है बल्कि सरकारी कार्यालयों में ई-वाहनों के उपयोग को भी बढ़ावा दे रही है।

### पर्यावरणीय संतुलन को केंद्र में रखकर बढ़ रही आगे: सीएम सुक्खू

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि हिमाचल की सरकार विकास की हर योजना में पर्यावरणीय संतुलन को केंद्र में रखकर आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि हिमाचल हरित बोनस का हकदार है क्योंकि इस राज्य ने अपनी प्राकृतिक संपदा की रक्षा करते हुए देश को स्वच्छ हवा, जल और पारिस्थितिक संतुलन प्रदान किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल हरित ऊर्जा राज्य बनना नहीं बल्कि देश के सामने यह उदाहरण प्रस्तुत करना है कि विकास और पर्यावरण संरक्षण साथ-साथ चल सकते हैं।

## विमल नेगी मौत मामला

# एएसआई पंकज शर्मा की पत्नी की याचिका पर टली सुनवाई

पुष्पेंद्र, अनंत ज्ञान, शिमला।

हिमाचल प्रदेश हाईकोर्ट ने चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले से जुड़े एएसआई पंकज शर्मा की पत्नी द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई 16 अक्तूबर तक स्थगित कर दी है। याचिकाकर्ता ने अपने पति को कथित अवैध कारावास से मुक्त कराने और निगरानी आदेश के तहत दी गई सुरक्षा वापस लेने की मांग की थी। यह याचिका पंकज शर्मा की गिरफ्तारी से पहले दायर की गई थी, जिसके बाद सीबीआई ने उसे गिरफ्तार कर लिया था।

फिलहाल पंकज शर्मा न्यायिक हिरासत में है और मुख्य न्यायाधीश गुरमीत सिंह संधावालिया तथा न्यायाधीश जिया लाल भारद्वाज की खंडपीठ ने इस मामले की सुनवाई आगे निर्धारित तिथि पर करेगी।

# सरकार की असमंजस भरी नीतियों से पंचायत चुनाव पर संकट: जयराम

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

प्रतिपक्ष के नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर ने कहा कि पंचायत चुनाव को लेकर सरकार, अधिकारियों और जिम्मेदार लोगों के परस्पर विरोधी बयान यह दिखाते हैं कि प्रदेश सरकार पूरी तरह भ्रमित है। उन्होंने कहा कि यदि सरकार चुनाव समय पर करवाना चाहती है, तो फिर उपायुक्तों से यह क्यों कहलवाया गया कि हालात सुधरने तक चुनाव संभव नहीं होंगे।



> उपायुक्तों की चिट्ठियों से उजागर हुआ सरकार का दोहरा रवैया

जयराम ने कहा कि सरकार ने चुनाव टालने की भूमिका बनाने के लिए बाकायदा उपायुक्तों से ऐसी चिट्ठियां लिखवाईं, लेकिन यह योजना भी मंदिरों से पैसा वसूलने और टॉयलेट टैक्स लगाने जैसे फैसलों की तरह लीक हो गई। अब सरकार लोगों को गुमराह करने और अपनी गलती पर पर्दा डालने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री, मंत्री, मुख्य सचिव और उपायुक्त सभी के अलग-अलग बयान सरकार की असमंजस भरी कार्यप्रणाली का प्रमाण हैं।

उन्होंने शिमला से जारी बयान में कहा कि उपायुक्तों की इन चिट्ठियों से यह साफ है कि आपदा के बाद से अब तक सरकार ने राहत कार्यों में कोई ठोस कदम नहीं उठाया। सड़कों की मरम्मत अधूरी है, पुनर्वास कार्य ठप हैं और प्रभावित लोग अब भी मदद के इंतजार में हैं। उन्होंने कहा कि सर्दियां सिर पर हैं, लोग बेघर हैं, और सरकार अब यह कह रही है कि चुनाव तभी होंगे जब हालात सुधरेंगे। यह बयान सरकार की नाकामी का प्रतीक है।

जयराम ठाकुर ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा दी गई राहत राशि को राज्य सरकार आपदा प्रभावितों के बजाय अपने राजनीतिक हितों में खर्च कर रही है। जयराम ठाकुर ने कहा कि अगर चुनाव समय पर करवाने हैं तो अब भी लगभग अढ़ाई महीने का समय बचा है, फिर डिजास्टर मैनेजमेंट एक्ट का हवाला देकर चुनाव टालने की तैयारी क्यों? उन्होंने कहा कि नगर निगम चुनावों की तरह ही अब पंचायत चुनावों को टालने की साजिश रची जा रही है।

## एनएसएस इकाई ने नौरा कॉलेज परिसर में क्यारियां की चकाचक




नौरा कॉलेज में स्वयंसेवक स्वच्छता अभियान के अंतर्गत सफाई करते हुए।

**राकेश डोगरा, अनंत ज्ञान**

**डरोह।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय नौरा में महाविद्यालय प्राचार्य राजेश कुमार की अध्यक्षता में एनएसएस इकाई द्वारा स्वच्छता ही सेवा अभियान के अंतर्गत एक दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवियों के द्वारा महाविद्यालय के प्रांगण की सफाई की गई और महाविद्यालय परिसर के साथ सडक़ के आसपास की झाडियों को भी काटा गया। महाविद्यालय परिसर में फूलों की क्यारियों को साफ किया गया तथा नई क्यारियों का निर्माण किया गया। यह कार्यक्रम एनएसएस समन्वयक प्रोफेसर मनोज कुमार के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। उन्होंने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता केवल एक दिन का कार्य नहीं बल्कि यह हमारे जीवन शैली का हिस्सा होना चाहिए। कार्यक्रम के सफल आयोजन में सभी स्वयंसेवकों ने बढ़-कर कर भाग लिया और महाविद्यालय के वातावरण को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने में योगदान दिया।

# पुल का रिपेयर कार्य पूर्ण न होने पर जम्मू के लिए रेलसेवा फिलहाल बाधित

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**इंदौरा।** हिमाचल प्रदेश के जालंधर-पठानकोट क्षेत्र में चक्की खड्ड पर बने दिल्ली-कटरा रेल पुल नंबर 232 की मरम्मत का काम पूरा न होने के कारण उत्तर रेलवे के जम्मू डिवीजन ने कुल छह ट्रेनों को रद्द, शॉर्ट टर्मिनेट और शॉर्ट ओरिजिनेट कर दिया है। यह स्थिति पहले 15 अक्तूबर 2025 तक लागू थी, लेकिन अब अगली सूचना तक इसी प्रकार जारी रहेगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे ट्रेन की स्थिति और समय के लिए रेल हेल्पलाइन नंबर 139 या वेबसाइट [www.enquiry.indianrail.gov.in](http://www.enquiry.indianrail.gov.in) पर जानकारी प्राप्त करें।

जम्मू डिवीजन के रेल अधिकारी ने बताया कि लगातार बारिश और बाढ़ के कारण दिल्ली-कटरा रेल पुल नंबर 232 की रिटेनिंग वाल बह गई है, जिससे भूमि कटाव तेजी से बढ़ रहा है। पुल की सुरक्षा संबंधी कार्य अभी तक पूरा नहीं हो सका है, जिससे यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रशासन ने उपरोक्त निर्णय लिया है। उम्मीद है कि इस माह के अंत तक पुल की सुरक्षा कार्य पूरा कर ट्रेनों का परिचालन पुन: सामान्य किया जाएगा।



### ये ट्रेनें रद्द और शॉर्ट टर्मिनेट

12549/12550 (दुर्ग - शहीद कैप्टन तुषार महाजन-दुर्ग) जालंधर कैंट पर शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट।

14803/14804 (भगत की कोठी - जम्मू तवी - भगत की कोठी) पठानकोट जंक्शन पर शॉर्ट टर्मिनेट/शॉर्ट ओरिजिनेट।

15655/15656 (कामाख्या - श्री माता वैष्णो देवी कटरा - कामाख्या) सहारनपुर में लघु समाप्ति/लघु शुरुआत।

19223/19224 (साबरमती - जम्मू तवी - साबरमती) फिरोजपुर कैंट पर लघु समाप्ति/लघु शुरुआत।

20433/20434 (सूबेदारगंज - श्री माता वैष्णो देवी कटरा - सूबेदारगंज) अंबाला कैंट पर लघु समाप्ति/अल्प आरंभ।

74906 एवं 74907 (शहीद कैप्टन तुषार महाजन - पठानकोट जं. और वापसी)।

## कंडवाल बैरियर पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई 6.41 ग्राम हेरोइन सहित दो युवक गिरफ्तार



पुलिस टीम के साथ कंडवाल बैरियर पर 6.4 1 ग्राम हेरोइन सहित पकड़े युवक।

**अशोक ठाकुर, अनंत ज्ञान**

**नशे के खिलाफ पुलिस का अभियान जारी, आरोपियों से की जा रही पूछताछ**

**इंदौरा।** नूरपुर पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कंडवाल बैरियर पर एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पठानकोट-मंडी मार्ग पर लगाए गए नाके के दौरान पुलिस ने एक मोटरसाइकिल (एचपी54बी 9919) को रोका और तलाशी के दौरान उसके डैशबोर्ड से 6.41 ग्राम हेरोइन बरामद की।

गिरफ्तार किए गए आरोपियों की पहचान अरविंद कुमार पुत्र सुरेश चंद और अक्षय कुमार पुत्र पवन कुमार, निवासी चलवाड़ा, तहसील जवाली, जिला कांगड़ा के रूप में हुई है। दोनों युवकों के खिलाफ मादक पदार्थ अधिनियम की धाराओं 21, 25 और 29 के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एएसपी धर्मचंद वर्मा ने पुष्टि करते हुए बताया कि आरोपियों से पूछताछ की जा रही है कि वे नशा कहां से लेकर आए थे। पुलिस का यह अभियान भविष्य में भी लगातार जारी रहेगा।

# शाहपुर की पंचायतों में 3 .27 करोड़ से साकार हो रहे विकास कार्य : पठानिया



शाहपुर के विधायक केवल सिंह पठानिया ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की।

**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

शाहपुर के विधायक एवं उपमुख्य सचेतक केवल सिंह पठानिया ने रैत में खंड विकास अधिकारी कार्यालय में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ विकास कार्यों की समीक्षा बैठक की। बैठक में वर्ष 2024-25 के दौरान हुए कार्यों की प्रगति पर चर्चा करते हुए विधायक पठानिया ने बताया कि मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू के आशीर्वाद और उनके प्रयासों से विधानसभा क्षेत्र की पंचायतों में अब तक 3 करोड़ 27 लाख 74 हजार 767 रुपये की राशि विभिन्न विकास कार्यों पर व्यय की गई है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि एक सप्ताह के भीतर यह रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए कि विधायक निधि की राशि किन पंचायतों में खर्च हुई है और किन में लंबित है। साथ ही उन्होंने भारी बारिश से हुए नुकसान का विस्तृत ब्यौरा तैयार करने के निर्देश भी दिए ताकि इसे सरकार के समक्ष रखा जा सके। उन्होंने इस अवसर पर निर्माणाधीन ब्लॉक ऑफिस भवन रैत का निरीक्षण भी किया। विधायक ने कहा कि शाहपुर क्षेत्र के सर्वांगीण विकास में किसी प्रकार की कमी नहीं आने दी जाएगी। पंचायत प्रतिनिधियों ने इस अवसर पर मुख्यमंत्री और विधायक का आभार व्यक्त किया।

## नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

**अनंत ज्ञान, नूरपुर।** राज्य एड्स नियंत्रण समिति एवं स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान में लोगों में एचआईवी विषय पर जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सुल्याली तथा नूरपुर बस स्टैंड में विशेष जनजागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध लोक कलामंच सकोह के कलाकारों ने प्रभावशाली नुक्कड़ नाटक व गीत संगीत प्रस्तुत कर दर्शकों को एचआईवी संक्रमण, उसके लक्षण, बचाव के उपाय तथा भ्रांतियों से दूर रहने के लिए प्रेरित किया। नाटक के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि एचआईवी से पीड़ित व्यक्ति के साथ भेदभाव न करें। कलाकारों ने संवादों और गीतों के माध्यम से बताया कि समय पर जांच करवाना और जागरूक रहना ही इस बीमारी से बचाव का सबसे प्रभावी उपाय है। इस अवसर पर सुल्याली पंचायत प्रधान सुनील कुमार, आशा वर्कर मधु बाला एवं नर्वदा, राजेश सहोत्रा, कलाकार मीना, रीना, मीरा, प्रमोद राणा, अजय सिंह, अमन, गौरव, चमन, राहुल, दीपक, अभिषेक, अंशू सहित स्थानीय लोग उपस्थित रहे।

## प्रदीप कुमार ने लीग को दान दी फोटोस्टेट मशीन



**अनंत ज्ञान, शाहपुर**

पूर्व सैनिक लीग शाहुपर युनिट की बैठक लीग के वायस चेयरमैन कर्नल एसएस राणा की अध्यक्षता में हुई, जिसमें लीग के सभी सदस्य मौजूद रहे। इस मौके पर सिपाही (गन ऑपरेटर रिटायर्ड) प्रदीप कुमार निवासी सिहोलपूरी ने शाहपुर लीग को फोट स्टेट मशीन दान की। उपाध्यक्ष ने प्रदीप कुमार को शॉल और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि ये लीग के लिए गर्व की बात है। इसके लिए लीग के सभी सदस्यों ने उनका धन्यवाद किया। इस मौके पर मेजर कुलदीप बलौरिया, सचिव रत्न सिंह, प्रेस सचिव सुरेंद्र पटियाल, कैप्टन जनमेज, भगवान सिंह, ओम प्रकाश, संसार सिंह, लोकेश नाग, विजय कुमार, सूबेदार मेजर प्रितम सिंह, कश्मीर सिंह, कर्म सिंह, कमलजीत सिंह, राजेंद्र गोस्वामी, विजय कुमार आदि पूर्व सैनिक मौजूद रहे।

## जयसिंहपुर ने जीती वॉलीबाल प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के ऐतिहासिक कुंज्जेस्वर महादेव मंदिर लंबागांव में स्वर्गीय सूबेदार मेजर मुंशी राम राणा मेमोरियल वॉलीबॉल प्रतियोगिता का हुआ आगाज। जिसमें बतौर मुख्य अतथि स्वर्गीय मुंशी राम की पत्नी कृष्णा देवी ने इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। आयोजक हिमांशु राणा ने कृष्णा देवी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 16 टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का पहला मुकाबला जयसिंहपुर व संघोल के बीच खेला गया, जिसमें जयसिंहपुर विजय हुआ, दूसरा मुकाबला तलवाड़ और आलमपुर के बीच जिसमें तलवाड़ विजय हुआ। प्रतियोगिता के दौरान परवीन राणा, ओम प्रकाश, वीर सिंह, राजेश मेहरा, रूप लाल, आनंद ठाकुर कुशल राणा, संजू, अजय शर्मा के साथ अन्य वरिष्ठ लोग भी मौजूद रहे।

## पुलिस ने तंबाकू मुक्त समाज की शपथ ली

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** कांगड़ा जिला के 13 पुलिस थानों और धर्मशाला के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधिकारियों द्वारा तंबाकू मुक्त समाज की शपथ ली गई। जिला मुख्यालय के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीर बहादुर ने पुलिस बल को शपथ दिलाई। शुक्रवार सुबह 11 बजे सभी पुलिस अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने तंबाकू उत्पादों के किसी भी दुरुपयोग से बचने की शपथ ली और इस अभियान को अपने परिवार, दोस्तों, रिश्तेदारों आदि के बीच एक नेक और स्वस्थ कार्य के रूप में फैलाने के लिए भी जागरूक किया। इस दौरान पुलिस जिला के कांगड़ा, मैक्लोडगंज, नगरोटा बगवां, शाहपुर तथा पालमपुर समेत 13 पुलिस थानों के पुलिस प्रभारियों ने पुलिस थानों के स्टाफ को शपथ दिलाकर तंबाकू मुक्त समाज बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का प्रण लिया। एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने बताया कि पुलिस जिला कांगड़ा के एसएसपी कार्यालय तथा 13 पुलिस थानों के अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने समाज को तंबाकू मुक्त बनाने की शपथ ली।

## छात्रों को ऑडिट, सुशासन और सिविल सेवाओं की तैयारी से जुड़ी जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ**

**ऑडिट की पारदर्शिता व जवाबदेही में भूमिका पर हुआ संवाद**

**प्राचार्य डॉ. कौंडल ने अकादमी और प्रशासन का जताया आभार**

पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय, बैजनाथ में राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी शिमला की डायरेक्टर मैडम पुष्पलता के निर्देशन में प्रशिक्षु अधिकारियों द्वारा ऑडिट आउटरिच कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों के साथ एक विशेष संवाद सत्र आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षु अधिकारियों ने विद्यार्थियों को लेखा परीक्षा की कार्यप्रणाली, शासन-प्रशासन में पारदर्शिता एवं जवाबदेही सुनिश्चित करने में ऑडिट की महत्ता तथा सुशासन में इसकी भूमिका के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि सार्वजनिक वित्तीय प्रबंधन में लेखा परीक्षा किस प्रकार से पारदर्शिता बढ़ाने और जन-जागरूकता सृजित करने में सहायक सिद्ध होती है। 19 प्रशिक्षु अधिकारियों ने महाविद्यालय के विद्यार्थियों को सिविल सेवाओं की तैयारी हेतु उपयोगी सुझाव भी दिए तथा इस क्षेत्र में करियर निर्माण की दिशा में प्रेरणा प्रदान की। इस अवसर पर राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी, शिमला से 19 प्रशिक्षु अधिकारी वैदेही गुप्ता, उग्येन त्शेरिंग, तंदिन वांगड़ी, इम्सुरेनला लॉन्गकुमेर, समर्थ शिंदे, मुनिंद्र कुमार, स्पर्श वर्मा, स्वेथा गड़े, रोमेल बिजलवान, निमिषा तंतु, हर्षल घोगरे, अखिल टी, एनी जॉर्ज, आकांश धुल, डॉ. स्नेहल वाघमारे, हाइकुरजम प्रसांजीत, रंजन कुमार, साक्षी दुबे तथा तानिया मिश्रा उपस्थित रहे। संवाद सत्र के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक प्रश्न पूछे और शासन व्यवस्था से जुड़ी व्यावहारिक जानकारियां प्राप्त कीं। यह सत्र अत्यंत उपयोगी एवं प्रेरणादायक रहा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रदीप कुमार कौंडल ने राष्ट्रीय लेखा परीक्षा एवं लेखा अकादमी, शिमला तथा उपमंडल अधिकारी (ना.) बैजनाथ का इस शैक्षणिक एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने हेतु हार्दिक धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय से डॉ. पवन कुमार, डॉ. केवल कृष्ण, डॉ. अमित कौड़ा, प्रो. सुरेंद्र कुमार एवं प्रो. यशपाल सहित अन्य संकाय सदस्य भी उपस्थित रहे।

## 14 को धर्मशाला में दहाड़ेगा पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला।** जिला मुख्यालय धर्मशाला में 14 अक्तूबर को पेंशनर्स ज्वाइंट फ्रंट दहाड़ेगा। रैली के माध्यम सरकार को अपनी मांगों बारे पेंशनर्स ज्ञापन भेजेंगे। इस दौरान उपायुक्त कांगड़ा के माध्यम से मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह को ज्ञापन भेजकर लंबित मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग उठाएंगे। इस संबंध में जिला कांगड़ा पैंशनर्ज संघ धर्मशाला खंड की अहम बैठक शुक्रवार को जोधामल सराय डिपो बाजार में आयोजित की गई। इसमें सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किया गया कि हिमाचल प्रदेश पैंशनर्ज संयुक्त संघर्ष समिति के तत्वावधान में मंगलवार 14 अक्तूबर को आक्रोश रैली निकाली जाएगी। धर्मशाला के अध्यक्ष एमएल गुप्ता व महासचिव ओंकार सिंह कौंडल ने बताया कि सरकार से लंबित मांगें 01-01-2016 से 2022 के मध्य सेवा निवृत कर्मचारियों व पेंशनर्ज के सभी देय भुगतान अदा करने, पेंशनर्ज के लंबित चिकित्सा बिलों को बहाल करने व मंहगाई भत्ते की लंबित किस्तों को जल्द जारी करने सहित अन्य मांगों को जोर-शोर से उठाया जाएगा।

# सड़क दुर्घटना में पिता की मौत, बेटा घायल

**अजय पाल, अनंत ज्ञान**

**ओवरटेक करते हुए निजी बस ने मारी बस को टक्कर**

**पालमपुर।** पालमपुर एग्रो पेट्रोल पंप के पास बस के टक्कर मारने से एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि बाइक चालक को मामूली चोटें आई है।

जानकारी के अनुसार फरे्ड के रहने वाले पिता-पुत्र पालमपुर से अपने घर वापिस घर जा रहे थे कि एग्रो पेट्रोल पंप के पास निजी बस ने ओवर टेक करते समय बाइक को टक्कर मार दी, जिससे बाइक चालक बेटा बाइक से सड़क से नीचे गिर गया, जबकि पिता की बस के टायर के नीचे आने से मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए पालमपुर अस्पताल भेज दिया तथा हादसे की छानबीन शुरू कर दी है। लोगों ने प्रशासन से क्षेत्र में बढ़ रही सडक़ दुर्घटनाओं की रोक के लिए सख्त कदम उठाने की मांग की है।

## परिजनों को सौंपा युवक का शव

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** पुलिस थाना मैक्लोडगंज के तहत वीरवार को टैंगल बोर्ड में कमरे में मिले नड्डी निवासी व्यक्ति के शव का पोस्टमार्टम करवाकर परिजनों को सौंप दिया गया है। बता दें कि बीते दिवस पुलिस द्वारा कमरे से अमित कुमार (41) पुत्र स्व. राम कृष्ण निवासी गांव नड्डी डाकघर डल-लेक का शव विस्तर पर से बरामद किया गया था। इस बारे में पुलिस थाना मैक्लोडगंज के एसएचओ दीपक कुमार ने बताया कि मामले को लेकर जांच जारी है।

## एआई के गुर सीखेगा शिक्षा बोर्ड का स्टाफ

### 13 अक्तूबर को होगा स्पेशल शिविर, ऑनलाइन भी होगा आयोजन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला की ओर से अब अपने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों व अन्य फील्ड स्टाफ को आर्टिफिशिल इंटिलेंजस की ट्रेनिंग प्रदान की जाएगी। इसके लिए 13 अक्तूबर को विशेष प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जोकि वर्चुअल रूप से भी चलाया जाएगा। प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के मुख्यालय में 13 अक्तूबर सोमवार को आर्टिफिशिल इंटिलेंजस टूल्स पर कार्यशाला आयोजित की जाएगी। जिसमें स्कूल शिक्षा बोर्ड धर्मशाला के समस्त अधिकारियों-कर्मचारियों सहित पुस्तक वितरण सूचना एवं मार्गदर्शन केंद्र, संपर्क कार्यालय, शिमला व पेपर गोदाम और अंब के अधिकारी-कर्मचारी वर्चुअल रूप से भाग लेंगे।

> एआई आज की जरूरत को देखते हुए समस्त बोर्ड अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करने के दिशा-निर्देश जारी किए हैं। इसमें एआई की दुनिया के तहत काम और आसान हो सकेगा।
> **-डॉ. राजेश शर्मा, चेयरमैन, हिमाचल प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड**

प्रशिक्षण कार्यक्रम फाउंडर एंड सीईओ, स्कील शेयर इंडिया द्वारा करवाया जाएगा। इसका मुख्य उद्देश्य आर्टिफिशिल इंटिलेंजस के प्रयोग और प्रस्तुति तकनीकों के उपयोग व्यवहारिक कौशल से उत्पादकता बढ़ाने व दस्तावेजों को सुव्यवस्थित करने के साथ प्रभावशाली संचार में दक्षता लाना है।

## ग्राम रोजगार सेवकों ने कांग्रेस नेता मनकोटिया को सौंपा मांगपत्र

**पिंकी, अनंत ज्ञान**



**डाडासीबा।** विकास खंड परागपुर व देहरा के ग्राम रोजगार सेवकों ने ग्राम रोजगार सेवकों की मांगों से संबंधित मांग पत्र लोक निर्माण विभाग प्रागपुर के विश्राम गृह में कांग्रेस नेता सुरिंदर सिंह मनकोटिया को सौंपा।

इस बाबत ग्राम रोजगार सेवक संघ के प्रधान सुशील कुमार, सतीश कुमार, वरिंदर कुमार संजीव कुमार ने बताया कि रोजगार सेवक पिछले 18 वर्षों मनरेगा योजना एवं अन्य विभाग कार्य जो भी सरकार द्वारा दिए जाते हैं वह बखूबी लग रहे हैं ग्राम रोजगार सेवकों को नियमित वेतन मनरेगा मद की प्रशासकय व्यय से दिया जा रहा है जब यह श्रेणी अन्य सरकारी कर्मचारियों की सरकारी सुविधाओं जैसे ओपीएस मेडिकल ग्रेजुएट आदि लाभों से वंचित है वह सरकार से मांग करते हैं कि ग्राम रोजगार सेवकों को उनके मातृ विभाग ग्रामीण विकास विभाग में समायोजित किया जाए ताकि सभी सरकारी सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सके सरकार से आग्रह है की दिवाली के शुभ अवसर पर सभी ग्राम रोजगार सेवकों को अपने मातृ विभाग में समायोजित करके दिवाली का तोहफा दिया जाए। इस बाबत कांग्रेस नेता सुरेंद्र सिंह मनकोटिया ने कहा रोजगार सेवकों द्वारा मांगों से संबंधित पत्र उन्हें सौंपा गया है वह शीघ्र ही इस विषय पर प्रदेश के मुख्यमंत्री से चर्चा करेंगे। इस मौके ग्राम रोजगार सेवक सुशील कुमार सतीश कुमार संजीव कुमार राजेश चौधरी सुभाष कुमार एवं देहरा प्रागपुर से रोजगार सेवक मौजूद रहे।

**प्राथमिकता** एचपीटीडीसी डीजीएम नंद लाल शर्मा ने हिमाचली फूड टूरिज्म को बढ़ावा देने की वकालत

# लुप्त हिमाचली व्यंजनों की रेसिपी को किताबों में ढाला

**राजेश कुमार, अनंत ज्ञान**

**प्रदेश के पुराने व्यंजनों को रिवाइव करने की शुरू की पहल**

**फूड टूरिज्म पर भी होना चाहिए कार्य, सरकार करे विचार**

**धर्मशाला।** भूले बिसरे और लुप्त हिमाचली व्यंजनों की रेसिपी को किताबों में ढालने का कार्य एचपीटीडीसी की ओर से किया गया है। पुराने व्यंजनों की जो रेसिपियां दादी या नानी, या फिर बोटियों के पास होती हैं, उन्हें जैसे-तैसे किताबों के जरिए सहेजने का कार्य एचपीटीडीसी के डीजीएम नंद लाल शर्मा ने किया है। यही नहीं उनके द्वारा प्रदेश के पुराने व्यंजनों, जिन्हें लोग भूल चुके हैं और आज के लोग शायद ही उनके नाम जानते होंगे, उन्हें नंद लाल शर्मा ने विभिन्न चार किताबों में सहेजा है।

गौरतलब है कि एचपीटीडीसी के नंद लाल शर्मा हिमाचल शेफ एसोसिएशन के अध्यक्ष होने के साथ निगम में डीजीएम के पद पर भी सेवाएं दे रहे हैं। यह नह उनके द्वारा देश के विभिन्न राज्या में शेफ के तौर पर मास्टर क्लासिस भी दी जाती हैं। अनंत ज्ञान से विशेष बातचीत में नंद लाल शर्मा ने बताया कि हिमाचल में फूड टूरिज्म में भी सरकार व निगम को कार्य करना चाहिए, ऐसा आग्रह किया जाएगा, जिससे लोग स्पेशल फूड टेस्ट करने हिमाचल आएं। हिमाचल में धाम धार्मिक व शादी समारोह में बनती है। निगम के हर होटल में हिमाचली थाली उपलब्ध है, जिसका पर्यटक स्वाद भी ले रहे हैं।

### निगम के होटलों में विशेष रूप से मिलते हैं ये व्यंजन

**बकौल** नंद लाल निगम के होटलों में सेपू बड़ी, छा मीट, कद्दू का खटटा, मदरा, चने का माहणी, चंबा का राजमा मदरा, मुर्ग अनारदाना, रैंठा व्यंजन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। निगम के बुफे मेन्यू में मेहमानों को चार से पांच व्यंजन स्वाद चखने के लिए सुझाए जाते हैं। इंडियन और नार्थ इंडियन व्यंजन भी परोसे जाते हैं।

### मेहमानों को हिमाचली व्यंजन परोसने की प्राथमिकता

**नंद** लाल का कहना है कि निगम के शिमला, मनाली, धर्मशाला अन्य होटलों में हिमाचली थाली की मांग बढ़ रही है। मेहमानों को हिमाचली व्यंजनों परोसने को प्राथमिकता दी जाती है। हिमाचली व्यंजनों को अभी तक कोई लिख नहीं पाया है। हिमाचली व्यंजनों की ज्यादा रेसीपी दादी-नानी के पास होती हैं या फिर बोटी जोकि हिमाचल में धाम बनाते हैं, उनके पास होती हैं।

### हिमाचली व्यंजनों पर लिखी 4 किताबें : नंद लाल



**डीजीएम** नंद लाल शर्मा बताते हैं कि मैंने हिमाचली व्यंजनों पर चार किताबें लिखी हैं, जिसमें हर रिजन पर एक किताब लिखी है, जिसमें भूले जा चुके व्यंजनों को रिवाइव करने का प्रयास किया गया है, जिन रेसिपी के कई लोगों ने नाम भी नहीं सुने होंगे, ऐसी रेसिपी को भी मैंने जैसे-तैसे लिखने का प्रयास किया है।

## किसान मोर्चा के सरबजीत उपाध्यक्ष, सत्येंद्र महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

**जिला कांगड़ा भाजपा ने घोषित की विभिन्न मोर्चों की कार्यकारिणी**

भाजपा संगठनात्मक जिला कांगड़ा के अध्यक्ष सचिन शर्मा ने भाजपा के विभिन्न मोर्चों की कार्यकारिणी की घोषणा की है। शुक्रवार को किसान मोर्चा, मंडल किसान मोर्चा, महिला मोर्चा व युवा मोर्चा की कार्यकारिणी की घोषणा की है। किसान मोर्चा के संगठनात्मक कांगड़ा के जिला पदाधिकारियों एवं कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पद पर सरबजीत धीमान, जोगिंदर कटोच, कुलदीप डडवाल, संजय कुमार, महामंत्री में सतिंदर गौतम व अर्पित शर्मा, सचिव मिलाप, कैप्टन सुरिंदर कुमार, मीना, निर्मल धीमान, किशोरी लाल, कोषाध्यक्ष अनिल वर्मा को बनाया गया है।

इसके अलावा 17 सदस्य बनाए गए है। वहीं किसान मोर्चा के विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्षों में धर्मशाला विधानसभा से शहरी के अध्यक्ष शिव चरण व ग्रामीण के अध्यक्ष की कमान विनोद कुमार को दी है। वहीं शाहपुर से वीर सिंह, धारकड़ी से गगन सिंह व लड़वाड़ा के रशपाल पठानिया को अध्यक्ष बनाया गया है। कांगड़ा से ब्रजेश्वरी से संजीव सैनी व जयंति से स्वरूप कजला, नगरोटा से कुलदीप शर्मा व बडोह से विजय भूषण को अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं महिला मोर्चा के जिला पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष शकित अत्री, वीना थापा, अरूणा, आशा कौशल, महामंत्री बबीता संधु, आशा वालिया, सचिव त्रिशला, सुमन बाला, चंदर कांता, पवना रूकवाल, सीमा देवी, कोषाध्यक्ष सुषमा कुमारी व 17 सदस्य बनाए गए है। वहीं महिला मोर्चा के विभिन्न मंडलों के मंडल अध्यक्षों में धर्मशाला शहरी से आशु बलोरिया, ग्रामीण से नीना देवी को अध्यक्ष बनाया गया है। शाहपुर से अनीता कुमारी, धारकंडी से सुषमा, लड़वाड़ा से मधु शर्मा को अध्यक्ष, कांगड़ा ब्रजेश्वरी से शिखा चौधरी, जयंती से कौशल्या देवी को अध्यक्ष बनाया है।

नगरोटा से रश्मा देवी व बडोह से मुध चौधरी को अध्यक्ष बनाया है। युवा मोर्चा में उपाध्यक्ष अमित, लवकेश, मोहित व आशुतोष, महामंत्री अरूण कौशल व अभिनव, सचिव निखिल, अंकित, आशिमा, जय, विशाल, कोषाध्यक्ष संचित व 17 सदस्य है। युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्षों में धर्मशाला शहरी के सुशील, ग्रामीण के बादल, शाहपुर से नीरज, धारकंडी से गगन, लड़वाड़ा से पंकज, कांगड़ा ब्रजेश्वरी के ऋषभ, जयंती से साहिल, नगरोटा से गौरव व बड़ोह से रूद्राक्ष को अध्यक्ष बनाया गया है।

# करवाचौथ पर्व पर सुहागिनों ने चांद का दीदार कर खोला व्रत



अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर। कांगड़ा जिले में शुक्रवार को करवाचौथ पर्व की धूम रही। सभी सुहागिनों ने पति की दीर्घायु के लिए सारा दिन बिना जल पिए निराहार व्रत रखा और रात्रि को चांद के उदय होने के बाद चांदनी से अपने पति को चांद के रूप में देखा और पति के हाथों से जल ग्रहण करके अपना व्रत खोला। करवाचौथ के दिन सविता मिश्रा अपने पति प्रवीण मिश्रा को चांद के रूप में देखी हुई।

# विधायक ने श्रीकृष्ण गोशाला का दौरा कर सुधार कार्यों के लिए दिए 2 लाख

## गोशालाओं को मिलेगी नई सुविधाएं, किशोरी लाल ने दिए शेड निर्माण व प्रकाश व्यवस्था के निर्देश

**जितेंद्र कौशल, अनंत ज्ञान**



विधायक किशोरी लाल श्रीकृष्ण गोशाला का दौरा कर व्यवस्थाओं का निरीक्षण करते हुए।

**बैजनाथ।** विधायक बैजनाथ किशोरी लाल ने श्रीकृष्ण गोशाला सुनपुर धार बग्गी का दौरा कर गोशाला की व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान गोशाला परिसर में नया शेड निर्माण के लिए चर्चा की गई तथा अधिकारियों को निर्देश दिए कि नया शेड ऐसे स्थान पर बनाया जाए जिससे चारे की ढुलाई एवं गायों की देखरेख में सुविधा हो सके। उन्होंने कहा कि गौशाला क्षेत्र के धार्मिक एवं सामाजिक दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण हैं, इसलिए इनकी व्यवस्थाओं में निरंतर सुधार सरकार की प्राथमिकता है। विधायक ने अपने जन्मदिन के अवसर पर गोशाला में किए जाने वाले विभिन्न सुधार कार्यों के लिए 2 लाख रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान करने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने गौशाला परिसर में नई लाइटें लगाने के निर्देश दिए ताकि रात्रि के समय भी समुचित प्रकाश व्यवस्था बनी रहे। उन्होंने निर्देश दिए कि बीमार गायों का तत्काल उपचार सुनिश्चित किया जाए तथा उनके स्वास्थ्य की नियमित निगरानी की जाए। विधायक ने कहा कि प्रदेश सरकार गौ-संवर्धन और संरक्षण के प्रति प्रतिबद्ध है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू द्वारा शुरू की गई विभिन्न योजनाओं से प्रदेश में गौशालाओं की दशा में निरंतर सुधार हो रहा है।

उन्होंने गोशाला प्रबंधन समिति को पारदर्शिता एवं समर्पण भाव से कार्य करने की भी अपील की। इस अवसर पर एसडीएम बैजनाथ संकल्प गौतम ने अवगत करवाया कि प्रशासन की ओर से गौशालाओं में आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि गौ सेवा हमारे समाज की महान परंपरा है और इस दिशा में शासन तथा प्रशासन दोनों मिलकर कार्य कर रहे हैं। इस अवसर पर तहसीलदार बैजनाथ रमन ठाकुर, शिव मंदिर न्यास के सदस्य मिलाप राणा, इंद्रजीत नंदा, संजीव व्यास, रमेश चड्ढा, मुकेश शर्मा, राजेंद्र सूद एवं चुनी लाल सहित अन्य कर्मचारी उपस्थित रहे।

# रणजी ट्रॉफी के लिए हिमाचली धुरंधर तय, अंकुश को कमान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**

बीसीसीआई रणजी ट्रॉफी के लिए एचपीसीए द्वारा 16 सदस्यीय पुरूष सीनियर टीम की घोषणा कर दी गई है। जिला ऊना के अंकुश बैंस की कप्तानी में यह टीम 15 अक्तूबर से पुडुचेरी में अपना पहला 4 दिवसीय मैच पुडुचेरी के खिलाफ खेलेगी। एचपीसीए के महासचिव अवनीश परमार ने बताया कि इस टीम में एकांत सेन, आकाश वशिष्ट, अर्पित गुलेरिया, इनेश महाजन, सिद्धार्थ पुरोहित को जगह मिली है। इसके अलावा वैभव अरोड़ा, रवि ठाकुर, आर्यमान सिंह, पुखराज मान, मयंक डागर, मुकुल नेगी, निखिल गांगटा, दिवेश शर्मा, विपिन शर्मा, अंकित कलसी व कप्तान के तौर पर अंकुश बैंस शामिल हैं। इसके अलावा नेट बॉलर के तौर पर ऋतिक कालिया, नवीन कंवर टीम के साथ शामिल रहेंगे। इसके साथ ही स्पॉट स्टॉफ के तौर पर हेड कोच के तौर पर वीआरवी सिंह, असिस्टेंट कोच के तौर पर शकुंश सैनी, फील्डिंग कोच असीम नारंग, फीजियो सौरभ ठाकुर, ट्रेनर जरनैल सिंह, वीडियो एनेलिस्ट

**पंद्रह अक्तूबर से पुडुचेरी में पहला मैच खेलेगी हिमाचली टीम**

अंकित अरोड़ा, मेसर ब्रजेश शर्मा, साइट आर्म के तौर पर पुनीत सैनी व भुवनेश और मैनेजर के तौर पर राजेश पुरी टीम के साथ जुड़े रहेंगे। परमार ने बताया कि चयनित टीम अपना पहला मैच 15 से 18 अक्तूबर तक पुडुचेरी में पुडुचेरी की टीम के खिलाफ, दूसरा मैच 25 से 28 अक्तूबर तक दिल्ली के अरूण जेटली स्टेडियम में दिल्ली की टीम के खिलाफ, तीसरा मैच 1 से 4 नवंबर तक हैदराबाद के साथ अमतर क्रिकेट स्टेडियम में और चौथा मैच 8 से 11 नवम्बर तक मुबई के खिलाफ बीकेसी बांद्रा में खेलेगी। इसके अलावा एचपीसीए की टीम अपना पांचवा मैच 16-19 नवंबर तक अमतर क्रिकेट स्टेडियम में छतीसगढ़ की टीम के खिलाफ, छठा मैच राजसामंद में 22 से 25 जनवरी तक राजस्थान के साथ खेलेगी। जबकि अपना अंतिम लीग मैच 29 जनवरी से 1 फरवरी तक अमतर क्रिकेट स्टेडियम में जम्मू-कश्मीर के साथ खेलेगी।

## न्यूज ब्रीफ

### अमन को एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया



**अनंत ज्ञान, जयसिंहपुर।** लोअर लंबागांव के अमन चौहान को राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित एक्सीलेंस अवार्ड ऑफ इंडिया 2025 से सम्मानित किया गया। पालमपुर सिटी जिला कांगड़ा में आयोजित एक भव्य समारोह में बॉलीवुड सेलिब्रिटी दिशांत गुलेरीया और पंजाबी गायक अबराम द्वारा दिया गया। अमन चौहान को यह विशेष सम्मान उनको उनके खेल के क्षेत्र में विशेष उपलब्धियों के कारण दिया गया। अमन चौहान ने हाल ही में 15-17 अगस्त को हुई एशियन पावरलिफ्टिंग चैंपियनशिप 2025 में भारत के नाम स्वर्ण पदक कर न केवल हिमाचल का बल्कि पूरे देश का नाम रोशन किया।

### रेहलू और दुर्गेला में आज पावर कट

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल शाहपुर ई. विक्रम शर्मा ने सूचित किया है कि विद्युत उपमंडल शाहपुर के अंतर्गत 11 केवी हरनेरा के उचित रखरखाव एवं मरम्मत के लिए 11 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इस दौरान हरनेरा, सद्दून, महार, बडज, डोहब में बिजली बंद रहेगी।इसके अलावा 11 केवी रिहलू के रखरखाव एवं मरम्मत लिए 11 अक्तूबर को रेहलू और दुर्गेला में बिजली बंद रहेगी। इसके अलावा 12 अक्तूबर को 11 केवी शाहपुर एवं रैत के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए शाहपुर, एसडीएम कोर्ट, न्यू कॉलोनी, झंगी में बिजली बंद रहेगी। इसके अतिरिक्त 11 केवी कोटला के रखरखाव एवं मरम्मत के लिए 13 अक्तूबर को द्रम्मण, आईटीआई, सीएचसी शाहपुर, हटली, छतरी में बिजली बंद रहेगी। विद्युत उपमंडल के अंतर्गत के उचित रख-रखाव एवं मरम्मत हेतु 13 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे से सायं कार्य समाप्त होने तक सल्ली, लाहड़ी, लग, बटुनी, कुठारना, निहारकी में बिजली बंद रहेगी जबकि 11 केवी बोह के रखरखाव और मरम्मत के लिए 14 अक्तूबर को बोह रुल्हेड, मोरछ, स्पाएधा, लाम, रिडमार में बिजली बंद रहेगी।

### मरम्मत के चलते 13 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नम्बर-1 धर्मशाला ने सूचित किया है कि विद्युत लाइनों के रखरखाव के लिए 13 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे या कार्य समाप्ति तक कोतवाली बाजार, आईपीएच कॉम्पलेक्स, एमसी कार्यालय, यात्रि निवास, जोनल अस्पताल, आयुर्वेदिक अस्पताल, न्यायिक परिसर, टेलीफोन एस्सचेंज, एसपी ऑफिस, डीसी ऑफिस, डिपो बाजार, सिविल लाईन्स, रामनगर, लोअर टीसीवी, महाजन क्लीनिक शामनगर, पुलिस लाईन्स, इक जोत कॉलोनी, चीलगाड़ी, हाउसिंग बोर्ड, शिक्षा बोर्ड, आकाशवाणी केंद्र, राजकीय कॉलेज, बी एड कॉलेज, आईआरबीएन सकोह, चेलियां, क्रिकेट स्टेडियम, सरस्वती नगर, सिविल लाईन्स, सिविल बाजार, फोरेन्सिक लैब, माईक्रोवेव, टेलिफोन एस्सचेंच नरघोटा, टी एस्टेट पेट्रोल पंप, गोरखा कॉलोनी, हाउसिंग कॉलोनी, सर्क्रिट हाउस, ऑफिसर कॉलोनी चीलगाड़ी, मैक्लोडगंज मेन चैक, दलाई लामा मंदिर, जोगीबाड़ा, हीरू, दुसलां, टिप्पा रोड, सुधेड़, संजय मार्ग और साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। मौसम खराब होने पर यह मरम्मत कार्य अगले दिन किया जा सकता है।

### मंदल, मसरेहड़ में 14 को बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल नम्बर-II, धर्मशाला रमेश चंद ने जानकारी दी है कि मंदल फीडर के तहत विद्युत लाइनों के रखरखाव हेतु दिनांक 14 अक्तूबर को प्रातः 9 बजे से सायं 5 बजे या कार्य समाप्ति तक मंदल, मसरेहड़, भडवाल, त्रैम्बलू, हरनेड, घियाणा खुर्द, ढगवार, खतेड़, अप्पर मनेड़, मट, अप्पर बगली, कोहाला तथा मटौर और साथ लगते क्षेत्रों में बिजली बंद रहेगी। यदि मौसम खराब होता है या अन्य किसी आकस्मिक स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जा सकता है।

## तन्मय, राजवीर और बन्नी ने अंडर-14 टूर्नामेंट में किया कमाल

# मूहल के युवा सितारे राज्य स्तर पर दिखाएंगे दम

**शिवम, अनंत ज्ञान**



**परागपुर।** राजकीय (बाल) वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, देहरा में आयोजित अंडर-14 जिला स्तरीय स्पोर्ट्स टूर्नामेंट में मूहल स्कूल के तीन युवा खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया और राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया।

तन्मय आर्या और राजवीर सिंह राणा ने बैडमिंटन में अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन से चयन सुनिश्चित किया, जबकि बन्नी कुमार ने कबड्डी में अपनी ताकत और रणनीति से निर्णायकों को प्रभावित किया। ये तीनों अब अपने खेल कौशल का प्रदर्शन राज्य स्तर पर करेंगे, और अन्य प्रतिभाशाली खिलाड़ियों के साथ मुकाबला करेंगे। इस मौके पर प्रधानाचार्य गोविन्द सिंह ने कहा कि यह सफलता केवल छात्रों की कड़ी मेहनत का परिणाम नहीं, बल्कि शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का भी प्रमाण है। उन्होंने बच्चों को बधाई देते हुए कहा कि हमें गर्व है कि हमारे छात्र राज्य स्तर पर विद्यालय का प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय प्रबंधन कमेटी और स्टाफ ने भी छात्रों की इस उपलब्धि को सराहा और उन्हें राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए शुभकामनाएं दीं। इस उपलब्धि ने मूहल स्कूल के खेल विभाग और जिले के युवा खिलाड़ियों के बीच उत्साह और प्रेरणा का माहौल पैदा कर दिया है।

इस सफलता ने साबित कर दिया कि मेहनत, समर्पण और टीम भावना से कोई भी युवा सितारा राज्य स्तर पर चमक सकता है। यह उपलब्धि न केवल मूहल स्कूल के लिए, बल्कि पूरे क्षेत्र के खेल परिदृश्य के लिए गौरव का क्षण है।

## नंगल चौक के रुद्र परितोष का प्रदेशस्तरीय वॉलीबाल टूनामेंट में चयन

**पिंकी, अनंत ज्ञान, डाडासीबा।** जिला कांगड़ा के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बाल देहरा में आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिताओं में डाडासीबा ब्लॉक के लेक व्यू मॉडल स्कूल नंगल चौक के विद्यार्थी रुद्र परितोष बदन पुत्र अजय तोष ने शानदार प्रदर्शन करते हुए वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रदेश स्तरीय मुकाबलों के लिए चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। जिला स्तरीय खेलों का आयोजन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला (बाल) देहरा में किया गया, जिसमें जिले के विभिन्न स्कूलों से सैकड़ों खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस दौरान प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपनी जगह पक्की की। प्रदेश स्तरीय खेल आयोजन 30 अक्तूबर से 1 नवंबर तक वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला, जिला चंबा में आयोजित होगा। स्कूल के एमडी गुरदास राम ने रुद्र परितोष को इस उपलब्धि पर हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह न केवल नंगल चौक स्कूल बल्कि पूरे डाडासीबा ब्लॉक के लिए गर्व का क्षण है।

# धर्मशाला में जिलास्तरीय अंडर-11 एवं अंडर-13 बैडमिंटन स्पर्धा का शुभारंभ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो। धर्मशाला**



धर्मशाला में बैडमिंटन प्रतियोगिता के दौरान 88 खिलाड़ियों ने लिया हिस्सा।

जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ की ओर से शुक्रवार को धर्मशाला इंडोर स्टेडियम में एक दिवसीय अंडर-11 एवं अंडर-13 आयु वर्ग की एकल एवं युगल मुकाबलों की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

इस मौके पर मुख्यातिथि के रूप में पहुंचे अस्सिटेंट कंजरवेटर एसीएफ फारेस्ट विभाग दौलत राम ने इस प्रतियोगिता का शुभारंभ किया और खिलाड़ियों का मनोबल भी बढ़ाया। जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ के महासचिव विलास हंस ने बताया कि कि इस प्रतियोगिता में एकल एवं युगल मुकाबले आयोजित किए गए। इस प्रतियोगिता में लगभग 88 खिलाडियों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता में एकल मुकाबले में पहले चार स्थान पर रहने वाले खिलाड़ी तथा युगल मुकाबले में विजेता एवं उपविजेता राज्य स्तरीय प्रतियोगिता जो की शिमला में 12 अक्तूबर से 14 अक्तूबर तक आयोजित की जा रही है उसमें जिला कांगड़ा बैडमिंटन संघ का नेतृत्व करेंगे। विलास संस ने बताया कि पहले दिन के मुकाबले में अंडर 13 लड़कों के एकल मुकाबले में पीयूष ने समर को हराकर, अरुण ने अयान को हराकर, वंश पंडित ने अहान बल्गारिया को हराकर, प्रियांशु ने दिव्यांश को हराकर, रूद्र ने विनायक राणा को हराकर, अय्याश ने आरव राणा को हराकर, अर्णव कौशल ने शिवांश जोशी को हराकर, रमन कुमार ने अंशुमन को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

लड़कों के अंडर 11 एकल मुकाबले में अभिमन्यु ने दिव्यांश इंदौरिया को हराकर, रियाज़ जैसवाल ने शिवम को हराकर, त्रसित ने रियान शर्मा को हराकर, आदर्श ने अंश को हराकर, अहान बलगारिया ने आर्यवीर को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। लड़कियों के अंडर-13 एकल मुकाबले में हरना स्वामी ने भाविका को हराकर, निधि ने प्रांजल को हराकर, निरोसा रावत ने अरना स्वामी को हराकर, आराध्या ने आनंदिता को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया। लड़कियों के अंडर-11 एकल मुकाबले में यशस्विनी ने आर्य को हराकर, हज़ल भाटिया ने त्विशा को हराकर अगले राउंड में प्रवेश किया।

# पुलिस ने भांग के पौधों को किया नष्ट



पुलिस और ग्रामीणों के संयुक्त प्रयास से ग्राम पंचायत डाडासीबा के बतवाड़ गांव में नष्ट किए जा रहे भांग के पौधे।

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

पुलिस थाना डाडासीबा के क्षेत्राधिकार में ग्राम पंचायत डाडासीबा के गांव बतवाड़ में चल रहे नशा उन्मूलन अभियान के तहत पुलिस टीम, पंचायत प्रतिनिधियों और स्थानीय लोगों की संयुक्त कार्रवाई में लगभग 4000 से 5000 प्राकृतिक रूप से उगे भांग (गांजा) के पौधे नष्ट किए गए।

इस अभियान का नेतृत्व डीएसपी डाडा सीबा राजकुमार ने किया। उनके मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने ग्राम पंचायत प्रतिनिधियों और ग्रामीणों की सहभागिता से अभियान को अंजाम दिया। मौके पर लगभग 25 से 30 लोगों की उपस्थिति रही जिन्होंने स्वेच्छा से इस मुहिम में भाग लिया। अभियान के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ग्रामीणों को नशे के दुष्प्रभावों और सामाजिक बुराइयों के बारे में विस्तार से जानकारी दी तथा लोगों को नशामुक्त समाज के निर्माण के लिए आगे आने का आह्वान किया। डीएसपी राजकुमार ने कहा कि पुलिस का उद्देश्य केवल कार्रवाई करना नहीं, बल्कि समाज को जागरूक कर नशे की जड़ों को समाप्त करना है।

# नूरपुर में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के 2, सहायिका के भरे जाएंगे 20 पद

**अनंत ज्ञान, नूरपुर**

बाल विकास परियोजना अधिकारी नूरपुर के अधीन आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के 2 तथा आंगनबाड़ी सहायिकाओं के 20 रिक्त पद भरे जाएंगे। इस संबंध में जानकारी देते हुए कार्यकारी बाल विकास परियोजना अधिकारी सुनीत कुमार ने बताया कि इन पदों के लिए आवेदन पत्र 14 अक्टूबर, 2025 तक आमंत्रित किए गए हैं तथा साक्षात्कार 16 अक्तूबर, 2025 को प्रातः 11 बजे कार्यालय नूरपुर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत छतरोली के आंगनबाडी केन्द्र छतरोली ।।। तथा पंचायत चरुड़ी के आंगनबाड़ी केन्द्र चरुड़ी में आंगनबाड़ी कार्यकर्त्ताओं के 2 रिक्त पद भरे जाएंगे।

इसके साथ ही पंचायत नागनी के आंगनबाड़ी केन्द्र रिना, पंचायत धनेटी गारला के केन्द्र धनेटी वरसवाला, पंचायत पंजाहड़ा के पंजाहड़ा वरसवाला, पंचायत अनोह के दरियाड, पंचायत कमनाला के मुंगतियाल, पंचायत ग्योरा के ममूर, पंचायत छतरोली के छतरोली ।।।, पंचायत खेल के सम्मा, पंचायत बरूही के केंद्र बरूही व वासा हरड,पंचायत मिजग्रां के मिजग्रां ।, पंचायत गहींलगोड के गेही, पंचायत खन्नी झिकली के खन्नी झिकली ।।।, नगर परिषद नूरपुर के नूरपुर व नूरपुर V, पंचायत वासा वजीरा के केन्द्र थल्ली, पंचायत ममूह गुरचाल के ठेहड ॥, पंचायत सुल्याली के सुल्याली । व पंचायत लोहरपुरा के आंगनबाड़ी केंद्र बलारा ॥, कोपड़ पंचायत के आंगनबाड़ी केंद्र मेहटी में सहायिकाओं के 20 रिक्त पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए आवेदन पत्र बाल विकास परियोजना अधिकारी नूरपुर के कार्यालय में जमा करवाए जा सकते हैं। उम्मीदवार की आयु 18 से 35 वर्ष के बीच होनी चाहिए। कार्यकर्ता और सहायिका दोनों पदों के लिए न्यूनतम शैक्षिक योग्यता जमा दो उत्तीर्ण होना आवश्यक है। वार्षिक पारिवारिक आय 50 हजार से अधिक नहीं होनी चाहिए। साथ ही, उम्मीदवार उसी क्षेत्र की स्थायी निवासी महिला हो और संबंधित आंगनबाड़ी केंद्र के सर्वे क्षेत्र में निवास करती हो। अधिक जानकारी के लिए इच्छुक अभ्यर्थी बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय नूरपुर में किसी भी कार्य दिवस पर संपर्क कर सकते हैं।

# भाजपा ने कांग्रेस के वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान पर उठाए गंभीर सवाल

**अनंत ज्ञान, परागपुर।** भाजपा प्रागपुर मंडल अध्यक्ष विनोद शर्मा ने कांग्रेस द्वारा चलाए जा रहे 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान को घिसा-पिटा और चला हुआ फुस्स अभियान करार दिया। उन्होंने कहा कि कांग्रेस लोकतंत्र और संवैधानिक संस्थाओं के विरोधी कार्यों के कारण अब अप्रासंगिक होती जा रही है। विनोद शर्मा ने कहा कि कांग्रेस हाइकमान को भी यह संदेश मिल जाना चाहिए कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान का प्रभाव केवल दिसंबर 2027 के विधानसभा चुनावों में ही दिखेगा, जब हिमाचल की जनता कांग्रेस को सत्ता से दूर कर देगी। तब तक कांग्रेस को इंतजार करना होगा। उन्होंने कांग्रेस पर संविधान और लोकतंत्र की मर्यादा का हनन करने का आरोप भी लगाया। उन्होंने 1975 के आपातकाल और 1992 में हिमाचल सरकार के बर्खास्त होने का जिक्र करते हुए कहा कि कांग्रेस ने हमेशा लोकतंत्र की आत्मा का गला घोंटा। विनोद शर्मा ने कांग्रेस द्वारा इवीएम हैकिंग और अब वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान के आधारहीन आरोपों पर भी तीखी टिप्पणी की। उन्होंने कहा कि जनता अब कांग्रेस की इस चालबाजी को पहचान गई है और ऐसे झूठों से भ्रमित नहीं होगी।

# त्योहारों में डाडासीबा-तलवाड़ा रूट पर बस सेवा विफल, बढ़ी परेशानी

**अनंत ज्ञान, डाडासीबा**

**प्रशासन से बस सेवा नियमित करने की उठाई मांग**

त्योहारों का सीजन जहां लोगों के लिए खुशियों का समय होता है, वहीं डाडासीबा-तलवाड़ा रूट पर हिमाचल पथ परिवहन निगम पठानकोट की बस सेवा की विफलता ने यात्रियों के लिए परेशानी का कारण बना। शुक्रवार सुबह निर्धारित समय पर बस नहीं पहुंची, जिससे स्कूली बच्चे, कॉलेज विद्यार्थी और उद्योगों में काम करने वाले कर्मचारी अपने गंतव्य तक नहीं पहुंच पाए। इस रूट की पहली बस सुबह 6:30 बजे डाडा सीबा से स्यूलखड्डु, मेहड़ा और घाटी होते हुए तलवाड़ा जाती है। यह बस न केवल छात्रों के लिए, बल्कि संसारपुर टैरस में काम करने वाले कर्मचारियों और स्थानीय लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह सुबह की पहली और शाम की आखिरी बस है। बस न आने की वजह से कई बच्चे स्कूल और कॉलेज में देर से पहुंचे और कामगार अपने कार्यस्थलों पर समय पर नहीं पहुंच सके।

स्थानीय लोगों ने कहा कि त्योहारों के समय, जब बसों की सबसे ज्यादा आवश्यकता होती है, तब रूट से बस गायब रहना आम जनता के लिए अतिरिक्त मुश्किल पैदा करता है। उन्होंने सरकार और प्रशासन से आग्रह किया कि इस रूट पर बस सेवा नियमित और समय पर सुनिश्चित की जाए, ताकि छात्रों और कामगारों को परेशानियों का सामना न करना पड़े। विशेषज्ञों का मानना है कि त्योहारों के दौरान परिवहन सेवाओं की सुचारू व्यवस्था न होने से केवल यात्रियों की परेशानी नहीं बढ़ती, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था और स्कूलों की नियमित दिनचर्या भी प्रभावित होती है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि बस सेवा नियमित नहीं हुई, तो उन्हें मजबूरन प्रशासन के समक्ष आवाज उठानी पड़ेगी।

इस बारे जब पठानकोट डिपो के आरएम विजय कुमार से संपर्क किया गया, तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। वहीं डिपो इंचार्ज प्रहलाद ने बताया कि बस में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसे दुरुस्त कर आज से बस को रूट पर भेजा जा रहा है।

**अनदेखी** डोगरा ने पालमपुर के भट्टू समूला में पैदल रास्ते की खराब स्थिति पर जताई चिंता

# जान को जोखिम में डालकर चल रहे हैं लोग

**अनंत ज्ञान, पालमपुर**



हिमाचल लोकहित जनकल्याण संस्था के महामंत्री तुलसी राम डोगरा ने पालमपुर के भट्ठू समूला क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग-154 (मंडी-पठानकोट) के किनारे स्थित पैदल रास्ते की खराब स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। डोगरा ने कहा कि रेलवे फाटक से नाल्टी पुल तक का यह पैदल मार्ग भारी बारिश के कारण पूरी तरह ध्वस्त हो चुका है, जिससे स्थानीय निवासियों के लिए इस मार्ग से चलना बेहद जोखिम भरा हो गया है।

डोगरा ने बताया कि इस मार्ग के अलावा कोई वैकल्पिक पैदल रास्ता नहीं है, जिससे रोजाना सैकड़ों लोग इस खतरनाक रास्ते से गुजरते हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग होने के कारण यहां भारी ट्रैफिक होता है और रास्ते के किनारे खाईनुमा गड्ढे भी मौजूद हैं, जो लोगों के लिए एक तरफ कुंआ, दूसरी ओर खाई जैसी स्थिति पैदा कर देते हैं। भारी प्राकृतिक आपदाओं ने इस मार्ग को और अधिक खराब कर दिया है, लेकिन अभी तक संबंधित विभाग ने इस समस्या के समाधान के लिए कोई कार्रवाई नहीं की है।

**सड़क के किनारे लगी छोटी दुकानें भी इस खतरनाक स्थिति से हो रही प्रभावित**

डोगरा ने यह भी कहा कि सड़क के किनारे लगी छोटी दुकानें भी इस खतरनाक स्थिति से प्रभावित हो रही हैं क्योंकि ग्राहकों का पहुंचना जोखिम भरा हो गया है। इसके अलावा, बरसात के पानी की निकासी के लिए नालियों की उचित व्यवस्था न होने के कारण सड़क का इर्द-गिर्द का क्षेत्र और अधिक भयावह हो गया है, जिससे दुर्घटनाओं का खतरा बढ़ गया है।

### विभाग की उदासीनता पर भी उठाए सवाल

**हिमाचल** लोकहित जनकल्याण संस्था ने 22 सितंबर 2025 को इस गंभीर समस्या को पालमपुर स्थित संबंधित विभाग के कार्यालय को स्पीड पोस्ट के माध्यम से अवगत कराया था, लेकिन अभी तक विभाग की ओर से कोई फील्ड कर्मचारी या अधिकारी निरीक्षण करने नहीं आए हैं। डोगरा ने विभाग से तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हुए मिट्टी भराव और नालियों की उचित व्यवस्था करने की मांग की है, ताकि लोगों का जीवन सुरक्षित हो सके और भविष्य में बरसात के पानी से राष्ट्रीय राजमार्ग-154 के रास्ते को होने वाले नुकसान से बचाया जा सके।

# मेहंदी प्रतियोगिता में वीनस सदन की छात्राओं ने जीता प्रथम स्थान



होली फेथ स्कूल पठियार में करवाचौथ पर मेहंदी प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**अनंत ज्ञान, पठियार**

होली फेथ सीनियर सेकेंडरी स्कूल पठियार में करवाचौथ के उपलक्ष्य पर मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अपनी रचनात्मकता और कलात्मक प्रतिभा का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्कूल के चारों सदनों से छात्राओं ने भाग लिया। वीनस सदन से अवनी डोगरा और वंशिका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि मार्च सदन की अंशिका और खुशी ने दूसरा स्थान प्राप्त किया।

स्कूल प्रबंधक दीपक सूद और प्रधानाचार्य शशि सूद ने विजेता छात्राओं को पुरस्कार और प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। प्रधानाचार्या ने कहा कि कला और संस्कृति हमारे समाज की आत्मा हैं और छात्राओं की रचनात्मकता ऐसे आयोजनों को और भी विशेष बना देती है।

## न्यूज ब्रीफ

### तकनीकी शिक्षा मंत्री धर्माणी आज औहर में



अनंत ज्ञान, बिलासपुर। नगर एवं ग्राम नियोजन, आवास, तकनीकी शिक्षा, व्यावसायिक एवं औद्योगिक प्रशिक्षण मंत्री राजेश धर्माणी 11 अक्तूबर को प्रातः 10:30 बजे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला औहर में जिला स्तरीय अंडर-14 छात्रा खेलकूद प्रतियोगिता का बतौर मुख्यातिथि शुभारंभ करेंगे। इसके उपरांत प्रातः 11:50 बजे किसान भवन बिलासपुर में प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के शुभारंभ कार्यक्रम में भी शिरकत करेंगे। यह जानकारी आज यहां एक सरकारी प्रवक्ता ने दी।

### हादसों को न्योता दे रहे सड़क पर पड़े गड्ढे

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। वेटनरी हॉस्पिटल और धौलरा मंदिर लिंक रोड के साथ लगती सड़क पर बने गहरे गड्ढे राहगीरों और वाहन चालकों के लिए खतरा बने हुए हैं। यह सड़क सीधे नेशनल हाईवे से जुड़ी है, जहां दिनभर हजारों लोग गुजरते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पाइप की लीकेज के कारण हमेशा पानी भरा रहता है, जिससे गड्ढों की गहराई लगातार बढ़ रही है। बारिश में यह गड्ढे और भी पानी से भर जाते हैं जिससे दो पहिया वाहन के लिए खतरा बना है। लोगों का कहना है कि यहां पहले एक ड्रेन थी, जो बरसाती नाले से आने वाली मिट्टी और मलबे से भर गई है। अब पानी का निकास रुक गया है और पानी ओवरफ्लो रहा है। खासकर दोपहिया चालकों के लिए यह स्थान बेहद खतरनाक बन चुका है, जहां कभी भी कोई बड़ी अनहोनी हो सकती है।स्थानीय निवासियों ने संबंधित विभाग से शीघ्र कार्रवाई की मांग की है। लोगों का कहना है कि विभाग को किसी गंभीर हादसे का इंतजार नहीं करना चाहिए, बल्कि तत्काल मरम्मत कार्य कर सड़क को सुरक्षित बनाना चाहिए, ताकि आमजन को राहत मिल सके।

### निरीक्षण दल ने घुमारवीं कॉलेज में जांचीं सुविधाएं

अनंत ज्ञान घुमारवीं। स्वामी विवेकानंद राजकीय महाविद्यालय घुमारवीं में प्रदेश विश्वविद्यालय की ओर से गठित दस सदस्यीय निरीक्षण दल ने महाविद्यालय का दौरा किया। टीम ने महाविद्यालय में उपलब्ध मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया, जिसमें कंप्यूटर लैब, लाइब्रेरी और क्लासरूम शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान वरिष्ठ अधिकारी प्रो. विजय कुमार ने शिक्षकों के साथ बैठक में कहा कि शिक्षक के नाते हमारा दायित्व है कि हम शिक्षा के स्तर को और ऊंचा करें। उन्होंने भारतीय ज्ञान परंपरा, वेदों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर चर्चा करते हुए इस नीति को विकसित भारत में लागू करने के महत्त्व को रेखांकित किया। उनका कहना था कि इसके लिए शिक्षकों के योगदान के साथ-साथ स्थानीय लोगों और प्रशासन का सहयोग भी आवश्यक है। टीम में प्रो. विजय कुमार, प्रो. हिमांशु परमार, डॉ. संदीप चौहान, प्रो. खेमचंद, प्रो. जवाहर ठाकुर, डॉ. विनीत कमल, डॉ. राजेश कुमार, डॉ. विकास सिंह, डॉ. विकुल कुमार, डॉ. बलबीर सिंह, डॉ. संजय कुमार और डॉ. राजेश कुमार शामिल थे।

### स्वयंसेवियों ने विद्यालय परिसर में की सफाई

अनंत ज्ञान, दधोल। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दधोल में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस (राष्ट्रीय सेवा योजना) शिविर के पांचवें दिन स्वयंसेवियों ने उत्साहपूर्वक विद्यालय परिसर में सफेदी तथा स्वच्छता कार्य किया। विद्यार्थियों ने कक्षाओं की सफाई, दीवारों की सफेदी और पूरे परिसर को स्वच्छ एवं आकर्षक बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। शिविर के पांचवें दिन विशेष अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य कामराज सेठी ने शिरकत की। उन्होंने स्वयंसेवियों को आपदा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। सेठी ने प्राकृतिक आपदाओं जैसे भूकंप, बाढ़, भूस्खलन आदि की स्थिति में किस प्रकार से सतर्कता और संयम बरतना चाहिए, इस पर विस्तृत जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने स्वयंसेवियों को नैतिक कर्तव्यों का भी बोध करवाया और समझाया कि एक जागरूक नागरिक और एनएसएस स्वयंसेवी का समाज के प्रति क्या दायित्व होता है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे सेवा, समर्पण और अनुशासन की भावना से समाज के निर्माण में योगदान दें।

### नयना देवी स्कूल में एनएसएस शिविर संपन्न

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी। श्री शक्ति वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला श्री नयना देवी जी में राष्ट्रीय सेवा शिविर के अंतिम चरण में मंदिर न्यास अध्यक्ष एवं एस डी एम धर्मपाल चैधरी ने मुख्य अतिथि के तौर पर शिरकत की। विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा मुख्य अतिथि को सात दिवसीय शिविर की रिपोर्ट विस्तृत रूप से पढ़ कर सुनाई गई। सर्व प्रथम छात्र छात्राओं द्वारा सरस्वती वंदना गाकर कार्यक्रम शुरू किया गया। छात्रों ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। अंत में मुख्य अतिथि अपने भाषण में बच्चों का विशेष रूप से मार्गदर्शन किया। और अपने विचार सांझा किए। इसके अलावा उन्होंने सभी छात्रों को मेडल देकर सम्मानित किया। इस कार्यक्रम में सभी अध्यापक उपस्थित रहे।

### तालियाना में एनएसएस के विशेष शिविर का समापन

अनंत ज्ञान, कुठेड़ा। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय तालियाना में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर का समापन कार्यकारी प्रधानाचार्य श्री अरविंद शर्मा ने किया। कार्यक्रम अधिकारी पवन ठाकुर ने बताया कि इस शिविर में कुल 38 स्वयंसेवकों ने भाग लिया। शिविर के दौरान छात्रों को सामुदायिक सेवा, स्वच्छता, साक्षरता, पर्यावरण संरक्षण और अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का अवसर मिला। अधिकारियों ने बताया कि ऐसे शिविर छात्रों के व्यक्तित्व विकास में सहायक होते हैं और उन्हें भविष्य में जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देते हैं। यह सफलता विद्यालय प्रशासन, प्राचार्य और एनएसएस कार्यक्रम अधिकारियों की समर्पित कोशिशों का परिणाम है।

### नम्होल में पशु मंडी और किसान मेले की धूम

अनंत ज्ञान, नम्होल। नम्होल में पारंपरिक पशु मंडी एवं किसान मेले का शुभारंभ बीडीएस के प्रधान नीलम चंदेल ने खूंटी गाड़कर किया। शुभारंभ से पहले ठाकुरद्वारा मंदिर में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। इसके उपरांत नम्होल चौक से शोभायात्रा सब्जी मंडी बाजार होते हुए मेला ग्राउंड तक पहुंची, जहां बैलों की पूजा के साथ खूंटा गाड़ने की परंपरा निभाई गई। मेला कमेटी ने मुख्य अतिथि नीलम चंदेल को शॉल, टोपी और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उनके साथ पहुंचे अन्य अतिथियों को भी सम्मानित किया गया। मेले का शुभारंभ सरस्वती विद्या मंदिर व राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नम्होल के विद्यार्थियों द्वारा सरस्वती वंदना से हुआ। बच्चों की रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। महिला मंडलों की प्रस्तुतियों ने भी माहौल को जीवंत बना दिया। मेले में किसानों, पशुपालकों और ग्रामीणों की भारी भीड़ उमड़ी। विभिन्न नस्लों के सैकड़ों पशु-देसी बैल, गाय, भैंस और बछड़े-मुख्य आकर्षण रहे। किसानों ने आपसी बातचीत के दौरान कृषि व पशुपालन से जुड़ी नई तकनीकों की जानकारी साझा की। कृषि एवं पशुपालन विभाग के स्टॉलों में आधुनिक तकनीक, रोग नियंत्रण और पशु चारे की जानकारी दी गई। बीडीएस प्रधान नीलम चंदेल ने कहा कि इससे किसानों और पशुपालकों को प्रोत्साहन मिलता है तथा परंपराएं जीवित रहती हैं।

### आदर्श शिक्षा कॉलेज अमरपुर में मेंहदी कार्यक्रम आयोजित

अनंत ज्ञान घुमारवीं। आदर्श शिक्षा महाविद्यालय अमरपुर में मेंहदी कार्यक्रम का आयोजन किया गया। करवाचौथ के उपलक्ष्य पर विवाहित स्त्रियां पति के स्वास्थ्य एवं अपने सौभाग्य हेतु निराहार रहकर चंद्रदेव की प्रतीक्षा करती है और उदय उपरांत चंद्रमा को अर्घ्य अर्पित कर भोजन करती है जोकि भारतीय संस्कृति है। संस्था के प्रबंध निदेशक राकेश शर्मा के निर्देशन में इस कार्यक्रम का संचालन किया गया। इस कार्यक्रम में तृतीय सेमेस्टर के प्रशिक्षुओं ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया व अपने कौशल का प्रदर्शन किया। प्रशिक्षुओं ने अरेबियन, राजस्थानी, इंडियन, वेस्टन व कपल डिजाइन आदि मेंहदी के डिजाइन प्रस्तुत किये जोकि आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम के अंत में कॉलेज के चेयरमैन डीएन शर्मा ने छात्रों के उत्कृष्ट प्रदर्शन की सराहना की तथा सभी महिलाओं को करवाचौथ की बधाई दी।

### एनटीपीसी कोलडैम ने लगाया उद्यमी जागरूकता कैंप

अनंत ज्ञान, बरमाना। एनटीपीसी कोलडैम द्वारा परियोजना प्रभावित परिवारों के पंजीकृत वेंडर्स के लिए 10 अक्तूबर को एक सूक्ष्म एवं लघु उद्यमी (एमएसएमई) जागरूकता एवं पंजीकरण शिविर का आयोजन किया गया। इस पहल का उद्देश्य स्थानीय स्तर पर उद्यमिता को प्रोत्साहन देना, स्वरोजगार के अवसर बढ़ाना तथा परियोजना प्रभावित परिवारों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए आवश्यक संसाधनों और जानकारी से सशक्त करना था। शिविर में एनएसआईसी की सिंह भाटिया ने प्रतिभागियों को उद्यम पोर्टल की महत्ता, पंजीकरण की प्रक्रिया, तथा सरकार द्वारा सूक्ष्म एवं लघु उद्यमियों को उपलब्ध कराए जाने वाले विभिन्न लाभों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उद्यम पोर्टल पर पंजीकरण करने से वेंडर्स को सरकारी खरीद नीतियों, वित्तीय सहायता योजनाओं, प्रशिक्षण अवसरों और विपणन सहयोग जैसी सुविधाओं का लाभ प्राप्त हो सकता है।

### शाहतलाई में नारद मोह लीला से रामलीला शुरू

अनंत ज्ञान, शाहतलाई। तपोस्थली मंदिर के प्रांगण में लक्ष्मी विष्णु भगवान के विधिवत पूजन से श्री बाल रामलीला कमेटी तलाई के 36वें रामलीला मंचन का कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। प्रथम मंचन दौरान नारद मोह लीला के प्रथम दृश्य में नारद की भक्ति से इंद्र अपना सिंहासन छीनने से घबराते हुए उर्वशी मेनका व कामदेव को नारद की तपस्या भंग करते दर्शाया। अगले दृश्य में नारद ने कामदेव की जीत को लेकर पिता ब्रह्मा, शंकर के मना के बावजूद विष्णु भगवान से व्याख्यान दर्शाया। हरि विष्णु ने नारद के मन में उपजा अभिमान तोड़ते हुए विश्वमोहनी स्वयंवर दौरान वानर रूप से हसाई दृश्य लीला मनमोहक रही। गुस्से से क्रोधित नारद ने विष्णु को मनुष्य देह धारण, पत्नी वियोग दौरान वानर सेना की सहायता से श्रापित दृश्य अति मनमोहक रहा।

# राज्यस्तरीय 'सुरक्षित निर्माण' मॉडल स्पर्धा में बिलासपुर जिला थर्ड

## आपदा जागरूकता अभियान 'समर्थ-2025' के तहत आयोजित हुई प्रतियोगिता में किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण हिमाचल प्रदेश द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल, वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तथा कॉलेज स्तर पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जिला बिलासपुर ने हाई स्कूल एवं कॉलेज स्तर की श्रेणियों में प्रदेश स्तर पर तीसरा स्थान प्राप्त किया है। हाई स्कूल वर्ग में राजकीय उच्च विद्यालय ज्योरा बिलासपुर तथा कॉलेज वर्ग में राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर को यह सम्मान प्राप्त हुआ है।

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं उपायुक्त बिलासपुर राहुल कुमार ने 'समर्थ-2025' के तहत आयोजित सुरक्षित निर्माण मॉडल प्रतियोगिता में जिला को हाई स्कूल तथा कॉलेज स्तर पर तीसरा स्थान मिलने पर प्रतिभागी संस्थानों एवं विद्यार्थियों को हार्दिक शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर तीनों वर्गों हाई व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल तथा कॉलेज स्तर में पहले तीन स्थान हासिल करने वाले संस्थानों को आगामी 14 अक्तूबर को शिमला में आयोजित होने वाले राज्य स्तरीय समारोह में सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के माध्यम से आयोजित इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में सुरक्षित निर्माण तकनीकों, आपदा प्रबंधन, संरचनात्मक सुरक्षा तथा नवाचार के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। युवा पीढ़ी में आपदा प्रबंधन एवं सुरक्षित निर्माण की समझ जागरूक समाज के निर्माण का भी आधार है। यह प्रतियोगिता 'समर्थ-2025' आपदा जागरूकता अभियान के अंतर्गत आयोजित की गई है, जिसका संचालन 31 अक्तूबर तक प्रदेश के साथ-साथ जिला बिलासपुर में भी विविध कार्यक्रमों के माध्यम से किया जा रहा है। प्रतिभागियों का मूल्यांकन संरचनात्मक सुरक्षा एवं स्थायित्व, डिजाइन नवाचार, तकनीकी सटीकता, स्थानीय संदर्भों की प्रासंगिकता, पर्यावरण समन्वय, अवधारणा की स्पष्टता तथा प्रस्तुति सहित विभिन्न मापदंडों के आधार पर किया गया है।

### यह है 'समर्थ-2025' अभियान का उद्देश्य

जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के अध्यक्ष राहुल कुमार ने कहा कि 'समर्थ-2025' अभियान का उद्देश्य संवेदनशील समुदायों की क्षमता का सुदृढ़ीकरण, युवा पीढ़ी को आपदाओं के प्रति प्रभावी प्रतिक्रिया हेतु तैयार करना, तकनीक एवं नवाचार आधारित शमन उपायों को बढ़ावा देना तथा सुरक्षित निर्माण प्रथाओं को प्रोत्साहित करना है। उन्होंने लोगों से भी आह्वान किया है कि वह 'समर्थ-2025' जन जागरूकता अभियान में सक्रिय रूप से सहभागी बनकर सुरक्षित प्रदेश निर्माण में अपना बहुमूल्य योगदान दें।

# फेरीवालों ने तोड़ी बिलासपुर के स्थानीय व्यापारियों की कमर

## बिना पहचान पत्र और अन्य दस्तावेजों के गली-मोहल्ले में बेच रहे सामान

अरुण डोगरा रीतू, अनंत ज्ञान ब्यूरो



साइकिल पर प्लास्टिक का घरेलू सामान बेचता एक फेरीवाला।

बिलासपुर। इस त्योहारी सीजन में बिलासपुर शहर में फेरीवालों की भारी आमद से स्थानीय व्यापारी और छोटे दुकानदार पशोपेश की स्थिति में हैं। हैरानी की बात है कि अचानक आने वाले इस प्रकार के दुकानदार हर प्रकार कर सामान गली-गली, मोहल्ले'-मोहल्ले में जाकर बेच रहे हैं। ऐसे में बिलासपुर में स्थायी रूप से काम कर रहे दुकानदारों को कोई पूछ नहीं रहा है। पहले से मंदी की मार झेल रहे स्थानीय दुकानदार और व्यापारी परेशान है। यह लोग कौन है, कहां से आते हैं, कहां गायब हो जाते हैं और क्या इनके पास सामान आदि बिक्री करने के जरूरी दस्तावेज है, गुणवता आदि का प्रश्न बहुत दूर है। इन दिनों शहर के हर गली चैराहे पर यह लोग अपना सामान बेचते हुए देखे जा सकते हैं। हैरानी की बात है कि सजावट व अन्य गिफ्ट आईटम तक तो ठीक था अब यह लोग ड्राई फ्रूटस भी सड़क के किनारे बेचने लगे हैं। जिससे स्थानीय दुकानदारों का काम प्रभावित हो रहा है।

गौर रहे कि बिलासपुर में फोरलेन बनने से अधिकांश व्यापार खत्म हो चुका है। रही सही कसर ऑन लाइन शॉपिंग ने पूरी कर दी है। व्यापारियों की माने तो केवल अब बिलासपुर में त्योहार ही ऐसे मौके होते हैं जहां पर सामान के बिक्री की आस बंधी होती है। लेकिन अब यह आस भी धूमिल हो चली है। स्थानीय व्यापारियों में शामिल अभय, ज्योति प्रकाश, कश्मीर, राजेश, संदीप आदि ने बताया कि बिलासपुर के हालात सामान्य नहीं रहे हैं। बिलासपुर में व्यापार पूरी तरह से चैपट हो गया है। हालात इस कदर बिगड़ चुके हैं कि ग्राहक दुकान तक पहुंच नहीं पा रहा है। ऑनलाइन शॉपिंग का प्रचलन भी दुकानदारी प्रभावित होने का एक कारण है। उन्होंने कहा कि वे विनिमय तंत्र के हर नियम कायदे का अनुसरण करते हैं। दुकानों के लाइसेंस, वजट का सत्यापन आदि की औपचारिकताओं को पूर्ण करते हैं। यहां तक जब चालान आदि होते हैं, तो उन्हें भी भुगतते हैं। हर नियम कानून की सीमा में रहकर व्यापार करने वालों की स्थिति अब दयनीय हो चुकी है। दुकानदारों का मानना है कि ऐसे लोगों पर अंकुश लगना चाहिए, जो बिना दस्तावेजों से अचानक शहरों में आ धमकते हैं और व्यापार को प्रभावित करते हैं। यही नहीं बाहर से अचानक त्योहारी सीजन में आने वाले इन लोगों के पास अपने कोई वैध पहचान पत्र और अन्य दस्तावेज तक नहीं होते, जिससे समाज की शांति को खतरा है। इस बारे में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों का कहना है कि वह उपायुक्त से इस बारे में बात करेंगे कि जिला की शांति न भंग न हो, इसके लिए इन लोगों के दस्तावेज सही तरीके से जांचे जाएं।

# संविधान के तहत काम करने से ही लोकतंत्र का सम्मान: रामलाल

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य समन्वय समिति के सदस्य रामलाल ठाकुर ने भाजपा प्रदेशाध्यक्ष राजीव बिंदल के 'लोकतंत्र' संबंधी बयान पर तीखा पलटवार किया है। उन्होंने कहा कि केवल लोकतंत्र-लोकतंत्र चिल्लाने से लोकतंत्र नहीं बनता, बल्कि संविधान के अनुसार काम करने से ही लोकतंत्र की वास्तविक गरिमा और सम्मान बना रहता है।

रामलाल ठाकुर ने सवाल उठाया कि क्या सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश को राष्ट्रीय चुनाव आयोग की नियुक्ति प्रक्रिया से हटाकर अपने पसंदीदा मंत्री को नियुक्त करना लोकतंत्र है? उन्होंने इसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया का उल्लंघन करार दिया। साथ ही उन्होंने 'बुलडोजर' जैसी कार्रवाइयों पर भी आपत्ति जताई, जहां कानून की अवहेलना कर कुछ लोगों की बस्तियां तुरंत ध्वस्त कर दी जाती हैं। ठाकुर ने कहा कि भाजपा नेताओं का यह भ्रम है कि बार-बार लोकतंत्र का जिक्र करने से लोग मान लेंगे कि लोकतंत्र कायम है।

उन्होंने यह भी कहा कि यदि भाजपा की आलोचना होती है, तो इसे पार्टी विरोधी नहीं, बल्कि भारत विरोधी बता दिया जाता है, जो वास्तव में लोकतांत्रिक मूल्यों के बिलकुल विपरीत है।

### झंड़ूता के दो मार्ग रात को अस्थायी रूप से बंद

अनंत ज्ञान, घुमारवीं। उपमंडल अधिकारी झंड़ूता द्वारा लोक निर्माण विभाग झंड़ूता डिवीजन के अनुरोध पर सड़क सुरक्षा को देखते हुए दो प्रमुख मार्गों को रात्रि समय के लिए अस्थायी रूप से बंद करने का निर्णय लिया गया है। घुमारवीं-बरठीं-शाहतलाई मार्ग (सुनैणी पेट्रोल पंप के पास - बरड़ तथा झंड़ूता से भरोलीकलां मार्ग ( मांडवां के पास) को अस्थायी रूप से बंद किया जाए। इन सड़कों की स्थिति अत्यंत असुरक्षित होने के कारण, 10 अक्तूबर से आगामी 15 दिनों तक प्रतिदिन शाम 6 बजे से सुबह 7 बजे तक इन मार्गों पर यातायात पूरी तरह बंद रहेगा।

# बस हादसे पर पूर्व सीएम की टिप्पणी जायज नहीं: सांख्यान

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से पूर्व कांग्रेस प्रवक्ता संदीप सांख्यान ने नेता प्रतिपक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री जय राम ठाकुर को भल्लू बस हादसे पर दिए गए बयान पर आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा महज एक ऐसा राजनीतिक दल है जो स्थिति को देखे बिना केवल अपनी राजनीतिक रोटियां सेकने पर उतारू रहता है।



भल्लू में निजी बस हादसे पर शोक व्यक्त करने पहुंचे पूर्व सीएम को वहां पर ऐसी बातें शोभा नहीं देती।

हिमाचल प्रदेश में टिकाऊ सरकार है, जिसके उप मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री और नगर निकाय मंत्री राजेश धर्माणी मौके पर मौजूद रहे, ने पल-पल प्रभावितों और पीड़ितों का साथ दिया, जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहा लेकिन ऐसे नाजुक वक्त में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारा हादसे को लेकर टीका टिप्पणी को किसी भी प्रकार से जायज नहीं ठहराया जा सकता है। संदीप सांख्यान ने कहा कि प्रदेश सरकार इस मामले को उच्च स्तरीय जांच के आदेश दे चुकी है। बस हादसे के पीड़ित परिवारों को किसी प्रकार की दुविधा न हो, का खास ध्यान रखा जा रहा है, लेकिन अपनी आदत से मजबूर भाजपा नेता न मौका देखते हैं और न ही नजाकत।

### प्रशासनिक लापरवाही के कारण हुआ हादसा: देवांश

बिलासपुर। सामाजिक कार्यकर्ता देवांश चंदेल ने पत्रकार वार्ता में बरठीं बस हादसे को प्रशासनिक लापरवाही का नतीजा बताया। उन्होंने कहा कि यह हादसा उस बेपरवाही की देन है, जो संबंधित विभागों और अधिकारियों की कार्यशैली में साफ झलकती है। देवांश चंदेल ने कहा कि जिस स्थान पर यह दुर्घटना हुई, वह इलाका पहले से ही भूस्खलन संभावित क्षेत्र के रूप में जाना जाता था। स्थानीय लोगों ने कई बार विभाग को आगाह किया था, लेकिन न तो वहां कोई स्थायी सुरक्षा उपाय किए गए और न ही पहाड़ी को काटने या मजबूत करने का काम हुआ। चेतावनियों को नजरअंदाज करने की कीमत 16 निर्दोष जिंदगियों ने चुकाई।

### बरठीं बस हादसे पर जताया गहरा शोक

अनंत ज्ञान, बिलासपुर। हिमाचल प्रदेश पेंशनर्स संयुक्त संघर्ष समिति जिला बिलासपुर के संयोजक चेत राम वर्मा सहित अन्य पदाधिकारियों ने बरठीं बस दुर्घटना पर शोक व्यक्त किया है। सभी मृतकों की दुखदायी मृत्यु पर गहरी संवेदना प्रकट की हैं। पदाधिकारी कुबेर सिंह, सुशील पुंडीर, रविंदर नाथ भट्टा, श्याम लाल पंवर, जय कृष्ण शर्मा, राम प्रकाश वर्मा, देवेश्वर गौतम, रुमा चंदेल, कृष्णा शर्मा, सन्देश शर्मा, कमलेश चंदेल, लक्ष्मण ठाकुर, अनिल चड्डा, कर्म सिंह चंदेल, हरी दास, हेमिंदर सिंह, डॉ. सदा राम शर्मा, अमर नाथ धीमान, भगत राम शर्मा, प्रेम लाल आदि ने घटना पर शोक व्यक्त किया है।

# घुमारवीं में 10 मिठाइयों के भरे सैंपल

अनंत ज्ञान, घुमारवीं



त्योहारी सीजन के मद्देनजर खाद्य सुरक्षा विभाग, बिलासपुर द्वारा उपमंडल घुमारवीं क्षेत्र में विभिन्न मिठाई दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान विभाग द्वारा कुल 10 मिठाइयों के सैंपल जांच के लिए एकत्रित किए गए। इन सैंपलों में गुलाबजामुन, काजू कतली, पतिसा, रसगुल्ला, गुजिया, पेठा, दूध, पनीर, जलेबी तथा बेसन बर्फी शामिल हैं। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी केएस ठाकुर के नेतृत्व में की गई। खाद्य सुरक्षा विभाग के सहायक आयुक्त महेश कश्यप ने जानकारी देते हुए बताया कि यह अभियान त्योहारी सीजन में मिलावटखोरी पर रोक लगाने तथा लोगों को शुद्ध और सुरक्षित खाद्य सामग्री उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से चलाया जा रहा है, लिए गए सभी सैंपलों को प्रयोगशाला में जांच हेतु भेजा गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी सैंपल में मिलावट पाई जाती है, तो संबंधित दुकानदारों के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के अंतर्गत कड़ी कार्रवाई की जाएगी। महेश कश्यप ने बताया कि आने वाले दिनों में कुठेड़ा, झंड़ूता और बरठीं में भी दूध, दही, पनीर, घी और मिठाइयों के सैंपल लिए जाएंगे।

### वंदना बनीं लाडली फाउंडेशन अपर श्री नयना देवी ब्लॉक की अध्यक्ष

अनंत ज्ञान बिलासपुर। लाडली फाउंडेशन की राज्य अध्यक्ष शालू अख्तर ने जिला बिलासपुर की जिला अध्यक्ष अनीता शर्मा और कार्यकारी अध्यक्ष रेखा बिष्ट की सहमति से वंदना चंदेल को लाडली फाउंडेशन अपर श्री नयना देवी (जुखाला) ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में नियुक्त किया। जुखाला गांव सयार की निवासी वंदना चंदेल कई वर्षों से सामाजिक कार्यों में सक्रिय रही हैं। उन्होंने प्रमुख सामाजिक संस्थाओं जैसे रेनबो स्टार क्लब, सर्वधर्म समभाव राष्ट्रीय मंच और लाडली फाउंडेशन के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों को जड़ से उखाड़ने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।



### बिजली के कटों से नयना देवी के लोग परेशान

अनंत ज्ञान, श्री नयना देवी

श्री नयना देवी तथा इसके आसपास के क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से बिजली के लंबे-लंबे कट के कारण लोगों को भारी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। गत दिवस भी लगभग सारा दिन ही विद्युत आपूर्ति बाधित रही तथा शाम को 7 के पश्चात जब पूर्ण रूप से अंधेरा हो चुका था उसके पश्चात ही बिजली के दर्शन हुए वहीं करवा चौथ के दिन भी बिजली गुल होने के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। बिजली कट लगने के कारण यहां पर पानी की स्कीम भी प्रभावित होती हैं, जिस कारण कोट से पानी लिफ्ट नहीं हो पाता तथा जल शक्ति विभाग को भी बहाना मिल जाता है कि लाइट कट के कारण पानी लिफ्ट नहीं हुआ। उधर, संबंधित विभाग के कनिष्ठ अभियंता राकेश कुमार का कहना है कि लाइनों को काम चला हुआ है, जिस कारण दो-दो घंटे लाइटों का कट लगाया जा रहा है उन्होंने आगे कहा कि वह चाहे तो सारा दिन भी लाइट बंद कर सकते हैं, परंतु हम फिर भी दो-दो घंटे का कट लग रहे हैं नयना देवी में सब स्टेशन का कार्य चल हुआ है जिस कारण यहां दिक्कत पैदा हो रही है।

**खेलकूद** राजीव गांधी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में हुई प्रतियोगिता

# स्मार्ट हैकाथॉन में बंदला कॉलेज सेकेंड रनरअप

अनंत ज्ञान, बिलासपुर



स्मार्ट हैकाथॉन में सेकेंड रनरअप रही बंदला कॉलेज की टीम के सदस्य।

राज्य स्तरीय स्मार्ट हैकाथॉन-2025 (द्वितीय संस्करण) में गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज बंदला की टीम ने अपनी उत्कृष्ट प्रतिभा और नवाचार के दम पर द्वितीय उपविजेता का खिताब अपने नाम किया। यह प्रतियोगिता बीते रोज राजीव गांधी गवर्नमेंट इंजीनियरिंग कॉलेज नगरोटा बगवां में आयोजित की गई थी।

कॉलेज की टीम में अर्श शर्मा, आदित्य शर्मा, हार्दिक और पुल्किता शर्मा शामिल थे। टीम का मार्गदर्शन निशांत सिंह चंदेल, सहायक प्राध्यापक (सिविल इंजीनियरिंग विभाग) द्वारा किया गया। टीम ने प्रतियोगिता में चव्सस्टेनेबल क्रॉप रेजिड्यू (पराली, हस्क) मैनेजमेंट विषय पर अपना अभिनव विचार प्रस्तुत किया, जिसका मुख्य उद्देश्य पराली जलाने की समस्या का स्थायी समाधान प्रदान करना और कृषि अपशिष्ट का पर्यावरण अनुकूल उपयोग सुनिश्चित करना था।

प्रतियोगिता में प्रदेशभर के विभिन्न इंजीनियरिंग कॉलेजों की टीमों ने भाग लिया, जिनमें गवर्नमेंट हाइड्रो इंजीनियरिंग कॉलेज, बंदला की टीम ने अपने अनूठे विचार, तकनीकी दक्षता और प्रस्तुति कौशल के माध्यम से निर्णायकों का ध्यान आकर्षित किया। कॉलेज प्रशासन ने टीम के इस शानदार प्रदर्शन पर गर्व व्यक्त करते हुए छात्रों और मार्गदर्शक शिक्षक को हार्दिक बधाई दी तथा भविष्य में भी इसी प्रकार कॉलेज का नाम रोशन करने की शुभकामनाएं दीं।

### उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर बेटियों का किया सम्मान

अनंत ज्ञान बिलासपुर। राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला कन्या में जिलास्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर स्कूल का गौरव बढ़ाने वाली खिलाड़ियों के सम्मान में प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह जानकारी देते हुए डीपीई विकास पुंडीर ने बताया कि इस बार भी स्कूल की खिलाड़ियों ने अपना रिकॉर्ड कायम रखते हुए विजयी अभियान जारी रखा है। उन्होंने बताया कि खिलाड़ियों ने हॉकी, कुश्ती, बास्किटबॉल व टेबल टेनिस में प्रथम स्थान हासिल किया है। उन्होंने कहा कि बच्चों की कड़ी मेहनत के चलते अधिकांश खिलाड़ियों का चयन राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। प्रिंसिपल प्रिया पोसवाल ने शारीरिक शिक्षक विकास पुंडीर और संजीव कुमार तथा बच्चों को बधाई दी है।

# सड़क बंद होने से 15 पंचायतों के ग्रामीणों की बढ़ीं मुश्किलें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर

शिकरोहा-मलोखर-बाड़नु-धुणी पंजैल-जुखाला मार्ग पर पिछले एक महीने से सड़क बंद होने और बस सेवा न चलने के कारण लगभग 15 पंचायतों के लोग गंभीर परेशानियों का सामना कर रहे हैं। खासकर स्कूली बच्चे, बुजुर्ग और बीमार नागरिक इस समस्या से सबसे ज्यादा प्रभावित हैं।

अलीखड्ड पानी बचाओ अभियान के संयोजक एडवोकेट रजनीश शर्मा ने बताया कि मलोखर से जुखाला सड़क, जो धुणी पंजैल के बाईली गांव के पास बड़ी वाहनों और बसों के लिए प्रमुख मार्ग है, पिछले एक महीने से पूरी तरह बंद है। इसके चलते छात्रों को स्कूल और कॉलेज जाने में मुश्किल हो रही है, जबकि छोटे बच्चे, बुजुर्ग और बीमार लोग स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंचने में परेशान हैं। उन्होंने कहा कि परिवहन निगम के गैर-जिम्मेदार अधिकारियों ने क्षेत्र की पांच बसों को बंद कर दिया है, जबकि वैकल्पिक मार्ग उपलब्ध था। इसके कारण स्थानीय लोगों को अधिक किराया देकर दूरदराज के रूट से आना-जाना पड़ रहा है।

रजनीश शर्मा ने जिला प्रशासन और पीडब्ल्यूडी के उच्च अधिकारियों को चेताया कि अगर अगले 48 घंटों में सड़क और बस सेवा की समस्याओं का समाधान नहीं किया गया तो क्षेत्र के लोग शांतिपूर्ण आंदोलन के लिए मजबूर होंगे। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी निष्क्रिय और लापरवाह अधिकारियों पर होगी। उन्होंने कहा कि छोटे बच्चे, विद्यार्थी और बुजुर्ग अब और परेशान नहीं हो सकते। प्रशासन और संबंधित विभागों की यह लापरवाही सीधे आम जनता की जिंदगी पर असर डाल रही है।

# कठियाहूं में प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के दिए टिप्स

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

उपमंडल बल्ह की ग्राम पंचायत कठियाहूं में आत्मा परियोजना मण्डी के तत्वावधान में एक दिवसीय किसान गोष्ठी का सफल आयोजन किया गया। इस गोष्ठी में लगभग 200 किसानों ने भाग लिया और प्राकृतिक खेती अपनाने में अपनी रुचि दिखाई।

कार्यक्रम में उप-परियोजना निदेशक डॉ. हितेंद्र ठाकुर एवं डॉ. संजय कुमार ठाकुर ने किसानों को प्राकृतिक खेती के सिद्धांतों, जैविक घोलों की तैयारी, फसल विविधीकरण तथा मिट्टी के स्वास्थ्य सुधार पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को राजीव गांधी प्राकृतिक खेती स्टार्टअप योजना के माध्यम से प्राकृतिक खेती की तकनीकों, लाभों और सफल प्रयोगों से अवगत कराना है। प्राकृतिक खेती से न केवल मिट्टी की उर्वरता बनी रहती है, बल्कि फसलों की गुणवत्ता और किसानों की आय दोनों में निरंतर वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों से आह्वान किया कि वे देसी हिमाचली बीजों और प्राकृतिक पद्धतियों को अपनाकर प्रदेश को 'प्राकृतिक खेती की ओर हिमाचल' अभियान में अग्रणी बनाएं।

इस अवसर पर खंड तकनीकी प्रबंधक बल्ह आरती सिंह एवं सहायक तकनीकी प्रबंधक पूनम कुमारी ने किसानों को प्रेरित करते हुए कहा कि हिमाचल की असली ताकत हमारे देसी बीजों और प्राकृतिक पद्धतियों में निहित है। जब किसान अपने बीजों और मिट्टी से जुड़ते हैं, तभी खेती आत्मनिर्भर बनती है। उन्होंने ग्राम पंचायत समिति कठियाहूं तथा दौलत राम का इस आयोजन में सहयोग के लिए धन्यवाद किया। गोष्ठी के अंत में किसानों ने अपने अनुभव साझा किए और प्राकृतिक खेती की दिशा में सक्रिय रूप से आगे बढ़ने का संकल्प लिया।

# सुल्तानपुर में चोरों ने एक ही रात तीन जगह की सेंधमारी

## पीएनबी के एटीएम से कैश नहीं निकाल पाए चोर, जांच शुरू

**राहुल सहगल, अनंत ज्ञान ब्यूरो**

**सुल्तानपुर (चंबा)।** सुल्तानपुर में बीती रात चोरों ने एटीएम और अन्य प्रतिष्ठानों को निशाना बनाने की कोशिश की। पंजाब नेशनल बैंक (पीएनबी) सुल्तानपुर शाखा के समीप स्थित एटीएम में अज्ञात व्यक्ति ने चोरी की नियत से तोड़फोड़ की। वहीं, घटना स्थल से कुछ दूरी पर स्थित एचपीजी बैंक (ग्रामीण बैंक) और फ्लिपकार्ट कार्यालय में भी तोड़फोड़ के प्रयास किए।



जानकारी के अनुसार, सतीश कुमार, शाखा प्रबंधक पीएनबी सुल्तानपुर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि 9 अक्तूबर की रात शाखा बंद कर वह अपने कमरे में चले गए थे। अगली सुबह 10 अक्तूबर को एटीएम के प्रभारी कर्मचारी ने पीएनबी के चपरासी को फोन कर बताया कि एटीएम मशीन में तोड़फोड़ हुई है।

शाखा प्रबंधक ने बताया कि सुबह करीब 8:30 बजे जब वह मौके पर पहुंचे, तो एटीएम मशीन क्षतिग्रस्त अवस्था में मिली, हालांकि मशीन सुरक्षित थी और उसमें से नकदी चोरी नहीं हुई थी।

इस बीच, पुलिस ने जांच के दौरान पाया कि ग्रामीण बैंक सुल्तानपुर में भी शटर के ताले तोड़ने और लोन दस्तावेजों वाली अलमारी का लॉक तोड़ने का प्रयास किया गया था। साथ ही फ्लिपकार्ट कार्यालय सुल्तानपुर में भी तोड़फोड़ की गई थी।

पुलिस चौकी सुल्तानपुर के अधिकारी ने बताया कि प्राप्त शिकायत और मौके की जांच के आधार पर अज्ञात व्यक्ति के विरुद्ध चोरी करने की नियत से तोड़फोड़ करने का मामला दर्ज किया गया है। यह मामला एफआईआर के तहत थाना सदर चंबा में दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी गई है।

पुलिस ने आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगालने और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ की प्रक्रिया शुरू कर दी है। फिलहाल चोरी की कोई घटना नहीं हुई है, लेकिन पुलिस का मानना है कि चोरों ने इलाके में लगातार संस्थानों को निशाना बनाने की योजना बनाई थी।

# भाजयुमो चंबा की नई कार्यकारिणी घोषित

**अनंत ज्ञान, चंबा।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजयुमो) जिला चंबा की नई कार्यकारिणी की घोषणा जिला अध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने की। यह घोषणा भाजपा के शीर्ष नेतृत्व, सभी मोर्चों के गठन हेतु प्रभारी सांसद कांगड़ा-चंबा डॉ. राजीव भारद्वाज, सह प्रभारी रमेश राणा, भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष सन्नी शुक्ला, भाजपा जिला अध्यक्ष एवं विधायकगणों के साथ विस्तृत विचार-विमर्श के उपरांत की गई।

**जिलाध्यक्ष मिलाप ठाकुर ने संगठन विस्तार की दिशा में बढ़ाया अहम कदम**

इस मौके पर मिलाप ठाकुर ने सभी नव-नियुक्त पदाधिकारियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि युवा मोर्चा का हर कार्यकर्ता संगठन को सशक्त बनाने के लिए हर बूथ और हर गांव तक पहुंचेगा। उन्होंने कहा कि संगठनात्मक विस्तार के इस अभियान से युवा शक्ति भाजपा की विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। भाजयुमो की यह नई कार्यकारिणी आगामी चुनावों और संगठनात्मक गतिविधियों में नई ऊर्जा और जोश के साथ कार्य करेगी।

# चांजू नाला के पास पिकअप नाले में गिरी, दो लोग घायल



**हसन शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** चंबा-तीसा मार्ग पर चांजू नाला के समीप पिकअप के दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में वाहन चालक देस राज निवासी गांव मंझेगा व कल्पना गांव झज्जा तहसील चुराह घायल हो गए।

हादसा वीरवार शाम करीब साढ़े चार बजे हुआ। चंबा से तीसा की तरफ जा रही पिकअप जैसे ही चांजू नाला के समीप पहुंची, वहां पर खराब मार्ग पर फिसलन होने से पिकअप अनियंत्रित होकर पलट गई और सड़क से करीब 50 मीटर नीचे नाले में जा पहुंची।

घटना के बाद टैक्सी यूनियन नकरोड़ के सदस्य व आस-पड़ोस के लोग मौके पर पहुंचे, उन्होंने अपने स्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया। पुलिस को भी सूचित किया। सूचना मिलने के बाद पुलिस भी घटनास्थल पर पहुंची। इससे घायलों को निकाल कर टैक्सी यूनियन के सदस्यों ने अपनी गाड़ी में दोनों घायलों को सिविल अस्पताल तीसा पहुंचाया। तीसा अस्पताल में प्राथमिक उपचार के दोनों घायलों को मेडिकल कालेज चंबा रेफर कर सड़क पर फिसलन होने के कारण हुआ हादसा, चंबा से तीसा की तरफ जा रही पिकअप, चुराह के रहने वाले हैं। हादसे की पुष्टि थाना प्रभारी तीसा अशोक कुमार ने की है।

# बरोट स्कूल के युवाओं ने थामा समाजसेवा का परचम

**अनंत ज्ञान, बरोट**

हिमाचल प्रदेश के मंडी जिला की राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बरोट में सात दिवसीय एनएसएस विशेष शिविर संपन्न हुआ। शिविर के समापन अवसर पर एसएमसी प्रधान बंदना ठाकुर ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। उन्होंने दीप प्रज्वलन कर शिविर का विधिवत समापन किया।



प्रधानाचार्य ने मुख्यातिथि को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। विशेष शिविर 4 अक्तूबर से 10 अक्तूबर तक चला, जिसमें 45 स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं हिस्सा लिया।

इस दौरान प्रधानाचार्य राजकुमार ठाकुर ने अपने भाषण में कहा कि एनएसएस शिविर का मुख्य उद्देश्य समाज को जागरूक करना है। उन्होंने कहा कि स्वयंसेवी छात्र-छात्राएं 7 दिनों में आयोजित की जाने वाली गतिविधियों के दौरान शैक्षणिक सत्र के साथ-साथ सोशल एक्टिविटी में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिसके तहत लोगों को नशा मुक्त समाज, कन्या भ्रूण हत्या रोकने और बेटी है अनमोल कार्यक्रम के तहत जागरूक किया। इसके अलावा स्वयंसेवियों ने पर्यावरण सरंक्षण को लेकर भी बरोट बाजार और धरगण गांव में साफ-सफाई की तथा वहां के लोगों को पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। उन्होंने स्वयंसेवकों को निष्ठा और अनुशासन के साथ सात दिवसीय विशेष शिविर में दिनचर्या निपटाने का भी आह्वान किया। कार्यक्रम अधिकारी सुनील कटोच (प्रवक्ता गणित) और उपासना शर्मा (प्रवक्ता अंग्रेजी) ने मुख्य अतिथि को सम्मानित करने उपरांत सात दिवसीय शिविर की विस्तृत रूप रेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम अधिकारी उपासना शर्मा ने भी अपने विचार रखे। इस दौरान स्कूली छात्र-छात्राओं द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गए। इस मौके पर स्कूल का समस्त स्टाफ मौजूद रहा।

# सरोल में ट्रक ड्राइवर से चिट्टा बरामद, गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, चंबा**

नशे के खिलाफ चल रहे अभियान में सदर थाना चंबा पुलिस ने गुरुवार शाम एक बड़ी कामयाबी हासिल की है। पुलिस टीम ने मेडिकल कालेज सरोल के पास नाकाबंदी के दौरान एक ट्रक से 2.60 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) बरामद किया। आरोपी ट्रक चालक को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया गया।

जानकारी के अनुसार, पुलिस को शाम 6:45 बजे एक संदिग्ध ट्रक के क्षेत्र में घूमने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम ने सरोल के समीप नाकाबंदी की और ट्रक नंबर 07एएस9097 को जांच के लिए रोका। जब पुलिस ने ट्रक चालक से पूछताछ की, तो वह संतोषजनक उत्तर नहीं दे सका। शक होने पर पुलिस ने वाहन की तलाशी तो ट्रक के डैशबोर्ड में छिपाई गई एक पॉलीथिन थैली बरामद की जिसमें 2.60 ग्राम चिट्टा (हेरोइन) की पुष्टि हुई। आरोपी की पहचान अजय कुमार (42 वर्ष), निवासी डलहौजी के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सदर चंबा ने बताया कि पुलिस नशे के खिलाफ लगातार अभियान चला रही है और किसी भी कीमत पर नशे का कारोबार पनपने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि नशे का जाल बुनने वालों के खिलाफ बिना किसी दबाव के सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

# भाजपा कार्यकर्ताओं की ताकत से जीतेंगे 2027 का चुनाव : नैय्यर

**अनंत ज्ञान, चंबा**



शुक्रवार को सदर चंबा के पूर्व विधायक पवन नैय्यर ने भाजपा मंडल साहो के अंतर्गत सभी मोर्चों के नवनिर्वाचित अध्यक्षों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक की। बैठक में संगठन के आगामी विस्तार, कार्यकारिणियों के गठन और विधानसभा चुनाव 2027 को दृष्टिगत रखते हुए संगठन को और सशक्त बनाने पर विस्तृत चर्चा की गई।

इस अवसर पर पवन नैय्यर ने कहा कि भाजपा का बल उसके समर्पित कार्यकर्ताओं में निहित है। उन्होंने कहा कि पार्टी के हर मोर्चे का अध्यक्ष संगठन की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए सभी मोर्चों को बूथ स्तर तक अपने नेटवर्क को सक्रिय करना चाहिए। उन्होंने आने वाले विधानसभा चुनावों को देखते हुए संगठनात्मक एकता, जनसंपर्क बढ़ाने और नए मतदाताओं तक पार्टी की विचारधारा पहुंचाने पर विशेष बल दिया।

पूर्व विधायक नैय्यर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश और प्रदेश ने विकास की नई ऊंचाइयां छुई हैं और आने वाले चुनावों में यह जनसमर्थन संगठनात्मक मजबूती के माध्यम से और प्रबल होगा। उन्होंने सभी नवनिर्वाचित अध्यक्षों को बधाई देते हुए कहा कि कार्यकर्ता ही भाजपा की आत्मा हैं और उनका समर्पण ही संगठन की सबसे बड़ी पूंजी है। बैठक में मंडल साहो के पदाधिकारी, विभिन्न मोर्चों के नवनिर्वाचित अध्यक्ष और वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत पांगी में जौ की खरीद शुरू

**अनंत ज्ञान, पांगी**



कृषि विभाग आत्मा परियोजना खंड पांगी के अंतर्गत किसानों द्वारा प्राकृतिक खेती से उत्पादित जौ की खरीद प्राकृतिक खेती खुशहाल किसान योजना के तहत 6000 रुपये प्रति क्विंटल की दर से की जा रही है।

पाली बीटीएम आत्मा परियोजना पांगी ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को इस योजना के अंतर्गत पांगी मुख्यालय किलाड़ और कुफा पंचायतों के किसानों से कुल 7 क्विंटल प्राकृतिक खेती से उत्पादित जौ की फसल की खरीद की गई। आगामी दिनों में पांगी की अन्य पंचायतों में भी किसानों से 60 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से फसल की खरीद की जाएगी।

**किसानों से 6000 रुपए प्रति क्विंटल खरीदी जा रही जौ**

उन्होंने बताया कि राज्य सरकार की इस महत्वाकांक्षी योजना से किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने का प्रोत्साहन मिल रहा है। किसानों को अब अपनी फसल के उचित दाम और बेहतर बाजार उपलब्ध हो रहे हैं, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति में सुधार हो रहा है।

# 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान ने कॉलेज कैंपस में पकड़ी रफ्तार

**अनंत ज्ञान, जोगिंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर के नेतृत्व में एनएसयूआई जोगिंदरनगर इकाई द्वारा शुक्रवार को 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान के तहत राजीव गांधी स्मारक राजकीय महाविद्यालय जोगिंदरनगर में छात्रों से अभियान के पोस्ट भरवाए गए। इस अवसर पर कॉलेज परिसर में भारी उत्साह और जोश देखने को मिला। जीवन ठाकुर के मार्गदर्शन में एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने कॉलेज के विभिन्न विभागों में जाकर छात्रों को अभियान के उद्देश्य से अवगत करवाया। यह अभियान पूरे जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र में चरणबद्ध तरीके से चलाया जा रहा है, जिसका मुख्य उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति जागरूकता लाना और भ्रष्टाचार के खिलाफ एकजुटता पैदा करना है।

अभियान के दौरान एनएसयूआई जोगिंदरनगर टीम के सदस्य पूर्व अध्यक्ष अर्पित वर्मा, वर्तमान अध्यक्ष गौरव ठाकुर, उपाध्यक्ष रघुवंशी एवं शिवानी, सचिव अमन और महासचिव स्नेहा ने सक्रिय भागीदारी निभाई। टीम ने छात्रों को यह संदेश दिया कि लोकतंत्र की मजबूती में युवाओं की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण है, और जब-जब लोकतंत्र पर प्रहार होगा, तब-तब युवा वर्ग अपनी आवाज बुलंद करेगा एनएसयूआई के इस अभियान को कॉलेज छात्रों से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली। कई विद्यार्थियों ने इसे युवाओं के अधिकारों और पारदर्शी शासन व्यवस्था की मांग के प्रतीक के रूप में देखा।

**जीवन ठाकुर के नेतृत्व में एनएसयूआई जोगिंदरनगर का जनजागरण अभियान जारी**

जीवन ने कहा कि इस अभियान का मकसद केवल राजनीतिक विरोध नहीं, बल्कि युवाओं को अपने अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति सजग करना है। उन्होंने बताया कि आने वाले दिनों में यह अभियान कॉलेजों के साथ-साथ जोगिंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के गांवों और कस्बों तक पहुंचाया जाएगा ताकि हर स्तर पर लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त किया जा सके। एनएसयूआई का यह प्रयास युवाओं में नई ऊर्जा और जागरूकता का प्रतीक बन रहा है, जो भविष्य में राजनीति में स्वच्छता और जनहित की दिशा में एक मजबूत कदम साबित हो सकता है।

# भूस्खलन प्रभावित डढवाल के लोगों ने उपायुक्त से की मुलाकात

**अनंत ज्ञान, चंबा**



भूस्खलन और लगातार वर्षा से प्रभावित भजोत्रा के डढवाल गांव के लोग प्रशासन से राहत की गुहार लगाने के लिए उपायुक्त चम्बा, मुकेश रेपसवाल से शुक्रवार को मिले। ग्रामीणों ने बताया कि हाल की प्राकृतिक आपदा में उनके घर और कृषि भूमि गंभीर रूप से क्षतिग्रस्त हो गई है और वर्तमान में उनके पास सुरक्षित रहने की कोई व्यवस्था नहीं है।

डढवाल सहित प्रभावित परिवारों ने उपायुक्त को बताया कि उनके परिवारों के लिए सुरक्षित स्थल पर भूमि उपलब्ध कराना अत्यंत आवश्यक है, ताकि वे अपने बच्चों और घरवालों के साथ सुरक्षित रूप से रह सकें। उन्होंने ग्रामसभा द्वारा प्रस्तावित भूमि का हवाला देते हुए प्रशासन से शीघ्र कदम उठाने की मांग की।

**सुरक्षित आवास और भूमि की मांग की**

उपायुक्त मुकेश रेपसवाल ने प्रभावित लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि सरकार शीघ्र राहत और सुरक्षित आवास की व्यवस्था करने के लिए पहल करेगी। गांववासियों ने प्रशासन से त्वरित कार्रवाई की उम्मीद जताई और कहा कि इससे उनके जीवन में स्थिरता और सुरक्षा सुनिश्चित होगी।

# 'वोट चोर, गद्दी छोड़' अभियान आधा पूरा : विदित चौधरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- 15 अक्तूबर तक पूरा करने का लक्ष्य
- जिलों से रिपोर्ट लेकर भेजे जाएंगे दस्तावेज
- पीसीसी गठन और पंचायत चुनावों पर फैसला जल्द

अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव और प्रदेश मामलों के सह प्रभारी विदित चौधरी ने कहा कि भाजपा के खिलाफ चल रहा वोट चोर, गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान अब तक आधा पूरा हो चुका है। उन्होंने बताया कि इस अभियान को 15 अक्तूबर तक पूरी तरह पूरा कर लिया जाएगा। चौधरी ने बताया कि उन्होंने शिमला, मंडी, कुल्लू और सोलन जिलों का दौरा कर इस अभियान की प्रगति की समीक्षा की है। उन्होंने कहा कि यह अभियान लोकतंत्र की रक्षा और जनमत की चोरी के खिलाफ लोगों को जागरूक करने के लिए चलाया जा रहा है।

अभियान के प्रदेश सह संयोजक और ठियोग के विधायक कुलदीप सिंह राठौर ने बताया कि वह इस अभियान की हर जिले में निगरानी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि सभी जिलों से अभियान की रिपोर्ट ली जा रही है और 15 अक्तूबर के बाद हस्ताक्षर दस्तावेज कांग्रेस के केंद्रीय नेतृत्व को भेजे जाएंगे।

राठौर ने कहा कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी का गठन जल्द किया जाएगा। उन्होंने बताया कि पंचायत चुनाव फिलहाल प्रशासनिक कारणों से टाले गए हैं और जल्द ही नई तिथियां घोषित की जाएंगी। राठौर ने कहा कि भाजपा इस मुद्दे पर शोर मचाना बेकार है, क्योंकि उसे इन चुनावों में कोई फायदा नहीं मिलने वाला है।

**जागरूकता** | विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 पर हुआ कार्यक्रम

# नशा मुक्ति पर जागरूक हुआ चंबा मेडिकल कॉलेज

**अनंत ज्ञान, चंबा**

पंडित जवाहर लाल नेहरू राजकीय मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल, चंबा के सभागार में शुक्रवार को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0 के उपलक्ष्य में एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।





मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल चंबा के सभागार में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता प्रशिक्षु डॉक्टरों को संबोधित करते हुए।

कार्यक्रम में कॉलेज के प्राचार्य डॉ. पंकज गुप्ता मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। इस अवसर पर उन्होंने प्रशिक्षु डॉक्टरों को संबोधित करते हुए कहा कि विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस हर वर्ष 10 अक्तूबर को मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य मानसिक स्वास्थ्य से जुड़ी समस्याओं पर जन-जागरूकता बढ़ाना और लोगों को मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए प्रेरित करना है।

डॉ. गुप्ता ने बताया कि वर्ष 2025 के विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस की थीम है, स्वास्थ्य, सुविधाओं, मानसिक स्वास्थ्य आपातकाल एवं किसी त्रासदी के समय।5 उन्होंने कहा कि यह दिवस न केवल मानसिक स्वास्थ्य के महत्व को रेखांकित करता है, बल्कि समाज में इस विषय पर खुलकर चर्चा करने का भी अवसर प्रदान करता है। डब्ल्यूएचओ के अनुसार, विश्व में हर चार में से एक व्यक्ति अपने जीवन में किसी न किसी समय मानसिक स्वास्थ्य समस्या का सामना करता है, जबकि भारत में लगभग 6 से 7 करोड़ लोग सामान्य मानसिक विकारों से पीड़ित हैं। इस अवसर पर डॉ. नीरज शर्मा, विभागाध्यक्ष (मनोरोग विभाग) ने प्रशिक्षु डॉक्टरों को मानसिक स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे मरीजों के उपचार और आधुनिक परामर्श (काउंसलिंग) तकनीकों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस तरह के मरीजों को सही दिशा और सहयोग देने से उनके जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाया जा सकता है। कार्यक्रम के अंत में एमबीबीएस बैच 2023 के प्रशिक्षुओं को डॉ. नीरज शर्मा ने नशा मुक्ति की शपथ दिलवाई गई।

# मौलाना तौकीर की गिरफ्तारी संविधान पर हमला : ताजुद्दीन

**हसन शेख, अनंत ज्ञान**

**चुराह।** उत्तर प्रदेश में योगी सरकार के साये में बढ़ते हुए गुंडाई राज पर जमीयत-उलमा जिला चम्बा के अध्यक्ष मौलाना ताजुद्दीन मजाहिरी ने तीखी आलोचना करते हुए कहा कि मौलाना तौकीर रजा की गिरफ्तारी केवल एक व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं बल्कि भारत के संविधान, लोकतंत्र और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर खुला हमला है।

**जमीयत-उलमा चंबा अध्यक्ष ने योगी सरकार पर बोला हमला, कहा- धार्मिक अभिव्यक्ति को अपराध बना रही सरकार**

मौलाना ताजुद्दीन मजाहिरी ने कहा कि यह दुख की बात है कि आज देश में सिर्फ आई लव मोहम्मद कहने पर किसी नागरिक को जेल भेज दिया जाता है। यह किस तरह का न्याय है? क्या यह वही भारत नहीं है जिसके संविधान ने हर नागरिक, चाहे वह हिंदू हो, सिख हो, ईसाई हो या मुसलमान सभी को अपने धर्म पर चलने और अपने विश्वास का प्रदर्शन करने की पूरी स्वतंत्रता दी है?

उन्होंने कहा कि योगी सरकार का यह व्यवहार भारत के संविधान की आत्मा के खिलाफ है। धर्म के नाम पर बदला और नफरत की राजनीति देश को तबाही की ओर ले जा रही है। भारत का संविधान हमें समानता, स्वतंत्रता और भाईचारे का संदेश देता है, मगर आज इन्हीं सिद्धांतों का अपमान किया जा रहा है।

मौलाना ताजुद्दीन ने सरकार से मांग की है कि मौलाना तौकीर रज़ा को तुरंत रिहा किया जाए और उनके खिलाफ की गई कार्रवाई की न्यायिक जांच करवाई जाए, ताकि जनता का कानून और न्याय पर विश्वास बहाल हो सके।

यदि आप चाहते हैं कि आपका व्यवसाय सफल हो, तो पर्याप्त महिला नेताओं की नियुक्ति करना महत्वपूर्ण है। -जैक मा

## संपादकीय

# चिट्टा बना घरों का दुश्मन

हिमाचल में चिट्टे जाल बहुत गहराई तक फैल चुका है। यह नशा अब महज अपराध और स्वास्थ्य की समस्या नहीं रह गया, बल्कि सामाजिक विघटन का कारण बनता जा रहा है। बीते कुछ वर्षों में इस घातक नशे ने न जाने कितने परिवार उजाड़ दिए, कितनी माताओं की गोद सूनी कर दी तथा कितनी पत्नियों के सुहाग लूट लिए। यह नशा अब घरों की दीवारों को भी चाटने लगा है। शिमला जिले के रामपुर क्षेत्र में घटी एक ताजा घटना ने पूरे प्रदेश को झकझोर कर रख दिया है। चिट्टे के नशे का आदी एक युवक अपनी लत पूरी करने के लिए पहले पत्नी से मारपीट करता रहा, फिर उसके गहने बेच डाले और अंततः उसे घर से निकाल दिया। यह कहानी सिर्फ एक घर की नहीं, बल्कि सैकड़ों घरों की हकीकत बन चुकी है। वह महिला पहले तो लोकलाज के डर से चुप रही, लेकिन जब अत्याचार असहनीय हो गया तो उसने न्यायालय का दरवाजा खटखटाया। सौभाग्य से अदालत ने उसे राहत दी और पति से तलाक की मंजूरी प्रदान की।

यह मामला केवल एक कानूनी निर्णय नहीं, बल्कि समाज को आईना दिखाने वाली मिसाल है। सोचिए, जहां एक पत्नी अपने पति के नशे की लत का बोझ ढो रही हो, वहां उस घर की शांति और सम्मान कितने समय तक टिक सकता है? ऐसे असंख्य परिवार आज इस नशे की वजह से टूट रहे हैं। नशेड़ी पति न केवल अपने जीवन को बर्बाद कर रहे हैं, बल्कि अपने बच्चों का भविष्य भी अंधकार में धकेल रहे हैं। यह जहर धीरे-धीरे गांवों तक पहुंच गया है। चिट्टा आज न केवल शहरी क्षेत्रों में बल्कि छोटे-छोटे कस्बों और पंचायतों तक अपनी पैठ बना चुका है।

दुखद यह है कि अब पुलिस विभाग के कुछ कर्मचारी और अधिकारी भी इस धंधे में शामिल पाए गए हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू की सरकार ने 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाई है और नशे के खिलाफ कड़े कदम उठाने शुरू किए हैं। असल लड़ाई समाज और परिवारों के स्तर पर लड़ी जानी है। जब तक घरों में संवाद नहीं होगा, जब तक माता-पिता अपने बच्चों के व्यवहार पर नजर नहीं रखेंगे, तब तक नशा उन्मूलन के प्रयास अधूरे रहेंगे। नशे से लड़ने के लिए सिर्फ कानून नहीं, बल्कि सामाजिक समझ और सामूहिक जिम्मेदारी की भी जरूरत है। हिमाचल में नशे का फैलाव इतना गहरा हो चुका है कि इसे खत्म करना आसान नहीं, लेकिन नामुमकिन भी नहीं। हर नशेड़ी को अपराधी नहीं, बल्कि रोगी की तरह देखकर उसका पुनर्वास जरूरी है। नशा मुक्ति केंद्रों को आधुनिक सुविधाओं से लैस किया जाना चाहिए। जो लोग इस दलदल में फंस चुके हैं, उन्हें समाज से अलग करने की बजाय सहारा देने की जरूरत है। इसके साथ-साथ पुलिस प्रशासन को भी सख्ती दिखानी होगी।

नशे के सौदागरों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। नशा माफिया की जड़ें कितनी भी ऊंची पहुंच तक क्यों न हों, सरकार को उन्हें बेनकाब करना होगा। जब तक यह व्यवस्था के अंदर से खत्म नहीं होगी, तब तक समाज के बाहर इसका असर मिटाना असंभव है। हर नागरिक को भी यह समझना होगा कि नशा किसी एक व्यक्ति की समस्या नहीं, बल्कि पूरे समाज की त्रासदी है। अगर किसी घर का बेटा, भाई या पति इस दलदल में गिरता है, तो उसकी जिम्मेदारी केवल परिवार की नहीं, बल्कि पूरे समुदाय की होती है। पड़ोस, समाज और पंचायत स्तर पर नशा विरोधी माहौल बनाना बेहद जरूरी है।

रामपुर की घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि हमारा समाज आखिर किस ओर जा रहा है? क्या हम अपने ही हाथों अपनी नई पीढ़ी का भविष्य नष्ट कर रहे हैं? समय की मांग है कि हिमाचल में नशे के खिलाफ एक संयुक्त जनांदोलन खड़ा किया जाए, जिसमें सरकार, समाज, मीडिया और शिक्षा संस्थान सभी शामिल हों। नशा भले ही व्यक्ति को क्षणिक सुकून देता हो, लेकिन उसकी कीमत एक पूरी जिंदगी से चुकानी पड़ती है।

यह जहर न केवल शरीर को मारता है, बल्कि इंसान की आत्मा को भी खोखला कर देता है। अब वक्त है कि हिमाचल की जनता नशे के खिलाफ एकजुट होकर खड़ी हो। चिट्टा हिमाचल के लिए नासूर बन चुका है। अगर आज भी इसे रोकने के ठोस प्रयास नहीं किए गए, तो कल यह सामाजिक विनाश का कारण बन जाएगा, लेकिन उम्मीद अभी बाकी है, क्योंकि जब समाज जागेगा, तो कोई नशा उसकी हिम्मत को नहीं निगल पाएगा। हिमाचल की पवित्र वादियों को फिर से नशामुक्त बनाने का संकल्प अब हर नागरिक का होना चाहिए। यही इस पीढ़ी की सबसे बड़ी जिम्मेदारी और भविष्य की सबसे बड़ी गारंटी होगी। ■

### आज के दिन की प्रमुख हस्ती

## स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और राजनेता

जय प्रकाश नारायण, जिन्हें लोकनायक के नाम से जाना जाता है, भारत के एक प्रख्यात स्वतंत्रता सेनानी, समाजसेवी और राजनेता थे। उनका जन्म 11 अक्तूबर 1902 को बिहार के सारण जिले (अब सिताब दियारा) में हुआ था। वे बचपन से ही अत्यंत मेधावी थे। उन्होंने उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका का रुख किया, जहां उन्होंने समाजशास्त्र, राजनीति विज्ञान और अर्थशास्त्र का अध्ययन किया। भारत लौटने के बाद, वे महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर स्वतंत्रता संग्राम में शामिल हो गए। 1934 में उन्होंने कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी की स्थापना की, जो कांग्रेस के भीतर एक समाजवादी समूह था। उन्होंने कई आंदोलनों में भाग लिया और ब्रिटिश शासन के खिलाफ कई बार जेल भी गए। भारत की आजादी के बाद वे राजनीति से कुछ समय दूर रहे, लेकिन जब उन्हें लगा कि देश की राजनीति भ्रष्टाचार और तानाशाही की ओर बढ़ रही है, तो उन्होंने पुनः सक्रिय भूमिका निभाई। 1970 के दशक में उन्होंने भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और सरकारी दमन के खिलाफ 'संपूर्ण क्रांति' आंदोलन शुरू किया। 1974 में बिहार आंदोलन और बाद में 1975 में इंदिरा गांधी की आपातकाल घोषणा के विरोध में उनका आंदोलन लोकतंत्र की रक्षा का प्रतीक बन गया और इसके फलस्वरूप 1977 में पहली बार केंद्र में गैर-कांग्रेसी सरकार बनी। जय प्रकाश नारायण ने सत्ता का त्याग कर जनसेवा को प्राथमिकता दी। 8 अक्तूबर 1979 को पटना में उनका निधन हुआ। ■


जय प्रकाश नारायण
जन्म :11 अक्तूबर, 1902


कविता

## हे चांद! जरा जल्दी आना

अनिल शर्मा नील

हे चांद! तू आज जरा जल्दी आना
चांद की चांद के लिए फरयाद सुन जाना।
सजी है धजी है, किया है सोलह श्रृंगार
मनोकामना उसकी तू पूरी कर जाना।
पीया नहीं उसने एक भी बूंद पानी
खाया नहीं सुबह से अन्न का एक भी दाना।
सात फेरों का सात जन्मों का बंधन
अटल इरादा है उसका, वादा है निभाना।
लंबी उम्र हो मेरे प्राणप्रिय की
प्रार्थना अपनी से उसे अटल सुहाग है पाना।
सजाई है उसने थाली, मांगी है खुशहाली
हंसते-हंसते दोनों को जीवन है बीताना।
हे चांद! तू आज जरा जल्दी आना
देख तुझे अर्घ्य दे आज उसे पत्नी धर्म है निभाना।

अनंत ज्ञान

# बेटियां सिर्फ भविष्य की आशा नहीं, वर्तमान की नेतृत्वकर्ता


रजनीश रांगड़ा
प्रधानाचार्य
सीनियर सेकेंडरी स्कूल
टौणी देवी, जिला हमीरपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस हर वर्ष 11 अक्तूबर को मनाया जाता है, ताकि समाज में बेटियों के अधिकारों, सम्मान और अवसरों के प्रति जागरूकता बढ़े। यह दिन हमें यह सोचने का अवसर देता है कि क्या हम वास्तव में अपनी बेटियों को वह स्थान, सम्मान और सुरक्षा दे पाए हैं, जिसकी वे अधिकारी हैं। वर्ष 2025 का थीम 'वह लड़की जो मैं हूं, वही बदलाव जिसकी मैं अगुवाई करती हूं' सिर्फ एक नारा नहीं, बल्कि हर उस बेटी की आवाज है, जो वर्षों से समाज की चुप्पियों और असमानताओं में दब गई थी।

भारत एक ऐसा देश है जहा नारी को देवी का रूप माना जाता है, फिर भी कई बार उसी नारी को कमजोर, बोझ या पराया समझ लिया जाता है। 'यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते रमन्ते तत्र देवता' कहने वाले समाज में आज भी बेटी के जन्म पर सन्नाटा छा जाता है। कितनी माताएं हैं जिनके कानों में आज भी वह ताना गूंजता है- 'फिर लड़की हुई है?' और न जाने कितनी बेटियां हैं जिन्होंने अपने सपनों को बीच रास्ते में इसलिए छोड़ दिया, क्योंकि किसी ने कहा-'लड़की होकर इतने बड़े सपने?'

यही सोच हमारी सबसे बड़ी कमजोरी है। हमें यह समझना होगा कि बेटी कोई जिम्मेदारी या बोझ नहीं, बल्कि देश के भविष्य की सबसे बड़ी संभावना है। जब कोई बेटी जन्म लेती है, तो वह अपने साथ एक नई ऊर्जा, उजाला और अनगिनत सपने लेकर आती है। वह अपने परिवार की दिशा, समाज की सोच और देश की तकदीर बदल सकती है, लेकिन यह तभी संभव है जब हम उसे शिक्षा, सुरक्षा, समानता और आत्मविश्वास से सशक्त करें। एक शिक्षित बेटी न केवल खुद का जीवन संवारती है, बल्कि अपने परिवार और समाज का भी मार्ग प्रशस्त करती है। वह अपने बच्चों को शिक्षित करती है, समाज को सशक्त बनाती है और राष्ट्र को ऊंचाइयों तक ले जाती है। इसीलिए कहा गया है-'एक महिला को शिक्षित करने का अर्थ है पूरे समाज को शिक्षित करना।' फिर भी भारत के कई हिस्सों में लड़कियों की शिक्षा आज भी अधूरी रह जाती है-कभी गरीबी, कभी परंपरा, तो कभी असुरक्षा के कारण। कितनी बार कोई लड़की पढ़ाई छोड़कर घर का काम करने लगती है, और कितनी बार उसका सपना बाल विवाह की तैयारियों में खो जाता है। क्या यही वो भारत है जो नारी को शक्ति कहता है? वर्ष 2025 का विषय हमें याद दिलाता है कि लड़कियां सिर्फ सहन करने वाली नहीं हैं, वे बदलाव की नेतृत्वकर्ता भी हैं। चाहे वह महामारी का दौर हो, सामाजिक अन्याय हो या पर्यावरण संकट-लड़कियां हर मोर्चे पर खड़ी हैं। हमारे देश की बेटियों ने बार-बार साबित किया है कि जब उन्हें अवसर मिलता है, तो वे इतिहास रच देती हैं। कल्पना चावला ने अंतरिक्ष में भारत का नाम रोशन किया, मैरी कॉम और पीवी सिंधु ने खेलों में देश को गौरवान्वित किया, निर्मला सीतारमण देश की आर्थिक नीतियों की दिशा तय कर रही हैं और अवनी चतुर्वेदी जैसी महिला पायलटों ने साबित किया कि कोई सपना असंभव नहीं होता।



ये नाम सिर्फ उपलब्धियां नहीं, बल्कि उन लाखों बेटियों की प्रेरणा हैं जो अब खुद से पूछ रही हैं-'क्या मैं कुछ बन पाऊंगी?' और जवाब है-हां, बिलकुल बन पाओगी, क्योंकि तुम ही वो बदलाव हो जिसकी ये दुनिया प्रतीक्षा कर रही है लेकिन यह बदलाव अकेले बेटियों के दम पर नहीं आएगा, बल्कि इसके लिए पूरे समाज को बदलना होगा। जब परिवार बेटी को बेटे के समान अवसर देगा, जब बेटों को सिखाया जाएगा कि सम्मान और समानता सबसे बड़ा संस्कार है और जब समाज यह समझेगा कि बेटी कोई पराया धन नहीं, बल्कि देश की पूंजी है तभी सच्चा विकास होगा।

हमें 'बेटी बचाओ' से आगे बढ़कर 'बेटी सशक्त बनाओ' की दिशा में कार्य करना होगा। केवल जीवन देना पर्याप्त नहीं, उसे उड़ान देने की जिम्मेदारी भी हमारी है। हर माता-पिता को यह संकल्प लेना चाहिए कि उनकी बेटी अपने सपनों की उड़ान बिना डर और भेदभाव के भर सकेगी। शिक्षकों को यह जिम्मेदारी लेनी चाहिए कि वे बालिकाओं में आत्मविश्वास और आत्मसम्मान पैदा करें। समाज के हर व्यक्ति को यह प्रण लेना चाहिए कि वह किसी भी अन्याय या असमानता पर चुप नहीं बैठेगा।

हमारे संविधान ने महिलाओं को समान अधिकार दिए हैं, लेकिन समान अवसर देना समाज का कर्तव्य है। जब किसी बेटी को स्कूल भेजा जाता है, तो केवल एक लड़की नहीं, बल्कि पूरा समाज शिक्षित होता है। जब कोई बालिका आत्मनिर्भर बनती है, तो वह अपने साथ औरों के लिए भी प्रेरणा बन जाती है। अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस केवल एक दिन नहीं, बल्कि एक आह्वान है-हर उस सोच को बदलने का, जिसने बेटियों को सीमाओं में बांध दिया है।

यह दिन हमें याद दिलाता है कि जब बेटियां मुस्कुराती हैं, तो समाज खिल उठता है; जब वे आगे बढ़ती हैं, तो देश प्रगति करता है। और जब वे नेतृत्व करती हैं, तो इतिहास रचा जाता है। आइए, हम संकल्प लें कि अब कोई बेटी अपने सपनों को अधूरा नहीं छोड़ेगी, अब उसकी पढ़ाई, उसकी उड़ान किसी मजबूरी में नहीं रुकेगी। अब हर बेटी को यह अहसास होगा कि यह देश उसका भी उतना ही है जितना किसी और का। जब किसी पिता की आंखें गर्व से भरेंगी और कोई मां यह कहेगी-'मेरी बेटी ने मेरा सिर ऊंचा कर दियो', तब हम समझेंगे कि हमने सही मायनों में प्रगति की है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# देवभूमि हिमाचल में जाति की दरारें और समाज का करारा मौन


हितेंद्र शर्मा
कुमारसैन, शिमला
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

हिमाचल के शिमला जिले के रोहड़ू क्षेत्र में घटी एक दर्दनाक घटना ने पूरे प्रदेश के अंत:करण को झकझोर दिया है। एक मासूम बालक, जिसे समाज ने छुआछूत की बेड़ियों में बांध दिया, अपने भीतर के अपमान और पीड़ा को सह न सका और इस संसार से विदा हो गया।

उसकी मृत्यु केवल एक सामाजिक दुर्घटना नहीं, बल्कि हमारे युग के विवेक की मृत्यु जैसी प्रतीत होती है। यह प्रश्न बनकर हिमालय की निस्तब्धता को भी चीर देता है, क्या हम सचमुच 'देवभूमि' कहलाने योग्य हैं जब मनुष्यत्व स्वयं जाति की दीवारों में कैद है? भारत की संस्कृति का सार मानव में ईश्वर की अनुभूति है। वेदों ने कहा 'एकोऽहम् बहुस्याम्' अर्थात् मैं एक होकर अनेक हुआ; समस्त जीवन उसी एक चेतना का विस्तार है। उपनिषदों ने आत्मा और परमात्मा की एकता को परम सत्य माना और गीता में श्रीकृष्ण कहते हैं 'विद्या विनय सम्पन्ने ब्राह्मणे गवि हस्तिनि, शुनि चैव श्वपाके च पण्डिता: समदर्शिन:।' जिस भूमि पर यह विचार जन्मा, वहां किसी भी मनुष्य को 'अछूत' कहना स्वयं धर्म का अपमान है। किंतु विडंबना यह है कि ये विचार अब केवल ग्रंथों में बचे हैं, हमारे आचरण और व्यवहार में धर्म का सार नहीं, केवल उसका आवरण रह गया है।

हिमाचल के अनेक गांवों में आज भी जातिगत परंपराओं के अवशेष बने हुए हैं। मंदिरों में प्रवेश की रोक, घरों में अलग बर्तन और सामाजिक मेल-जोल में अदृश्य सीमाएं। यह सब उस मानसिक गुलामी के चिन्ह हैं जो सदियों से हमारे भीतर संस्कारों की आड़ में पलती रही है। आधुनिक शिक्षा और संविधान इन दीवारों को मिटाने का दावा करते हैं पर मनुष्य का मन अब भी अतीत की बेड़ियों से मुक्त नहीं हुआ। शिक्षा ने बुद्धि को तो उजाला दिया, पर मन का अंधकार अब भी जस का तस है। उस बालक की मृत्यु ने इस अंतराल को उजागर कर दिया, जहां हमारी आधुनिकता का आवरण उतर जाता है और भीतर से वही पुराना, असंवेदनशील चेहरा झांकने लगता है।राजनीति ने इस त्रासदी को भी अपने स्वार्थ के तराजू पर तौलना शुरू कर दिया। कोई इसे 'सवर्ण बनाम दलित' का संघर्ष कह रहा है, तो कोई 'प्रदेश की शांति भंग करने की साजिश' बता रहा है। अवसरवादी नेताओं और तथाकथित विचारकों ने वही किया जो वे हर संकट में करते हैं विभाजन की आग में लोकप्रियता की रोटियां सेंकना। जहां संवेदना की आवश्यकता थी, वहां बयानबाजी हुई।



जहां आत्ममंथन होना चाहिए था, वहां प्रचार हुआ। इस पूरे प्रकरण में न्याय सबसे अधिक मौन रहा, जो न सत्ता की मेजों पर दिखा, न समाज की अंतरात्मा में। अब समय है कि हम अपने भीतर झांकें। जाति का प्रश्न केवल सामाजिक संरचना का नहीं, बल्कि नैतिक चेतना का है। भारतीय परंपरा में मनुष्य की पहचान कर्म से होती थी, जन्म से नहीं। ऋषि वाल्मीकि और वेदव्यास ने अपने ज्ञान से समाज को दिशा दी, किसी ने उनका जन्म नहीं केवल उनका योगदान देखा। कबीर ने कहा, 'जाति न पूछो साधु की, पूछ लीजिए ज्ञान।' पर आज के युग में हमने ज्ञान की जगह गर्व को और धर्म की जगह दंभ को प्रतिष्ठित कर लिया है। यही कारण है कि शिक्षा बढ़ी पर संवेदना घटती गई।

हिमाचल जैसे शांत, सरल और साक्षर प्रदेश में यह घटना हमें बताती है कि केवल विद्यालयों में पढ़ाई जाने वाली शिक्षा पर्याप्त नहीं। हमें आत्मा की शिक्षा चाहिए, वह जो विवेक को जगाए, जो दूसरों में अपना प्रतिबिंब देखना सिखाए। कानून भय दे सकता है, पर परिवर्तन नहीं ला सकता। परिवर्तन करुणा और समझ से आता है। यदि पंचायतें, शिक्षक, पुजारी और स्थानीय समाज मिलकर संवाद की संस्कृति विकसित करें, तो विभाजन की रेखाएं मिट सकती हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# जयप्रकाश नारायण : लोकतंत्र के संरक्षक और संपूर्ण क्रांति के सूत्रधार


हरिराम धीमान
स्वतंत्र लेखक, नालागढ़
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

वर्ष 1977 भारत के राजनीतिक इतिहास में एक महत्वपूर्ण मोड़ था। लगभग तीन दशकों तक चले कांग्रेस के एकछत्र शासन का अंत हुआ और मोरारजी देसाई के नेतृत्व में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनी।

इसे 'दूसरी आजादी' कहा गया, जिसके पीछे लोकनायक जयप्रकाश नारायण की संपूर्ण क्रांति का आह्वान था। पांच दलों ने मिलकर जनता पार्टी का गठन किया, जिसने 1977 के आम चुनाव में अभूतपूर्व सफलता हासिल की। इंदिरा गांधी रायबरेली और संजय गांधी अमेठी से हार गए, पर जयप्रकाश नारायण ने सत्ता में कोई पद ग्रहण नहीं किया। जयप्रकाश नारायण का जन्म 11 अक्तूबर 1902 को बिहार के सिताबदियारा गांव में हुआ। बचपन से ही उनमें देशभक्ति और जनसेवा की गहरी भावना थी। उन्होंने बिहार विद्यापीठ से शिक्षा प्राप्त की और 1922 में उच्च शिक्षा के लिए अमेरिका गए। वहां उन्होंने कैलिफोर्निया और विस्कॉन्सिन विश्वविद्यालयों में समाजशास्त्र का अध्ययन किया। आर्थिक कठिनाइयों के बावजूद खेतों और कारखानों में काम किया। अमेरिका में समाजवाद के विचार उनके मन में गहरे समा गए। माताजी की तबीयत खराब होने पर वे 1929 में भारत लौट आए और स्वतंत्रता संग्राम में सक्रिय हो गए। उनका संपर्क महात्मा गांधी और जवाहरलाल नेहरू से हुआ।

1932 में जब गांधी जेल में थे, तब जयप्रकाश ने आंदोलन का नेतृत्व संभाला, लेकिन वे भी जेल गए। जेल में उन्होंने समाजवादी विचारकों से मिलकर कांग्रेस सोशलिस्ट पार्टी बनाई। वे गांधी की अहिंसा नीति से पूरी तरह सहमत नहीं थे और मानते थे कि स्वतंत्रता के लिए कभी हथियारों का प्रयोग भी जरूरी होता है। नेपाल जाकर उन्होंने 'आजाद दस्ते' का गठन किया और उन्हें प्रशिक्षित किया। द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान गांधी ने अंग्रेजों का समर्थन किया, लेकिन जयप्रकाश ने इसका विरोध किया।




उन्होंने कर संग्रह रोकने का अभियान चलाया, मजदूरों को हड़ताल पर बुलाया और गिरफ्तार होकर नौ महीने की सजा काटी।

जेल से बाहर आने पर उन्होंने गांधी और सुभाष चंद्र बोस के बीच सुलह की कोशिश की, पर कांग्रेस की नीतियों से उनका मोहभंग हो गया। 1948 में उन्होंने कांग्रेस छोड़कर समाजवादी दल बनाया। धीरे-धीरे वे राजनीति से दूर होकर विनोबा भावे के सर्वोदय आंदोलन से जुड़े और लोकसेवा को अपना उद्देश्य बनाया। 1957 में उन्होंने राजनीति से संन्यास ले लिया, लेकिन 1960 के दशक के अंत में भ्रष्टाचार, बेरोजगारी और तानाशाही के बढ़ते खतरे ने उन्हें पुन: सक्रिय किया। 1974 में बिहार में छात्रों के आंदोलन का नेतृत्व किया और सरकार से इस्तीफे की मांग की। 12 जून 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने इंदिरा गांधी के चुनाव को अमान्य किया, जिससे आंदोलन तेज हुआ। 15 जून 1975 को पटना के गांधी मैदान में जयप्रकाश नारायण ने संपूर्ण क्रांति का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह राजनीतिक, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, बौद्धिक, शैक्षिक और आध्यात्मिक सभी क्षेत्रों में परिवर्तन की मांग है। उनका आंदोलन बिहार से पूरे देश में फैल गया और वे इस क्रांति के प्रतीक बन गए। इंदिरा गांधी ने 25 जून 1975 को आपातकाल लगा दिया, जिसमें संविधानिक अधिकार निलंबित हो गए, प्रेस पर सेंसरशिप लगी और 600 से अधिक विपक्षी नेताओं को गिरफ्तार किया गया। जयप्रकाश नारायण भी जेल में बंद हो गए। जेल में उनका स्वास्थ्य बिगड़ गया, लेकिन उनका संकल्प अडिग रहा।

आपातकाल समाप्त हुआ, तो उन्होंने जनता से कांग्रेस को सत्ता से हटाने का आह्वान किया। 1977 के चुनाव में जनता पार्टी ने ऐतिहासिक जीत हासिल की। हालांकि, जनता पार्टी सरकार ज्यादा दिनों तक नहीं चली, पर इससे यह साबित हो गया कि कांग्रेस के बिना भी लोकतंत्र संभव है। जनता पार्टी के अंदर मतभेदों से वे दुखी रहे। 8 अक्टूबर 1979 को जयप्रकाश नारायण का निधन हो गया। 1998 में उन्हें मरणोपरांत भारत रत्न से सम्मानित किया गया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# स्वस्थ जीवन का मूल मंत्र : स्वच्छता, योग और संतुलित आहार


प्रवीण कुमार
सरेल, जिला बिलासपुर
अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र

स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मन और आत्मा का निवास होता है। विज्ञान की परिभाषा में, वही व्यक्ति स्वस्थ होता है जो शारीरिक, मानसिक, सामाजिक और भावनात्मक रूप से स्वस्थ हो। एक व्यक्ति को स्वस्थ रहने के लिए सर्वप्रथम व्यक्तिगत और सामुदायिक स्वच्छता की ओर ध्यान देना चाहिए, ताकि वह स्वयं को रोगाणुओं के संक्रमण से सुरक्षित रख सके ,परंतु यहां यह बात भी ध्यान देने योग्य है कि अगर हम अपने आस-पड़ोस को स्वच्छ नहीं रखते तो हमारे रोगग्रस्त होने की संभावना रहेगी।

इसके अलावा उसे अपनी दैनिक क्रियाओं को एक व्यवस्थित, सुनियोजित और नियमबद्ध तरीके से करने की आवश्यकता है। एक व्यक्ति को उचित समय पर सोना और उचित समय पर जागना चाहिए। हरेक व्यक्ति को 6 से 8 घंटे की नींद लेनी चाहिए एवं ब्रह्म मुहूर्त के दिव्य समय में जागना चाहिए, क्योंकि यह समय सकारात्मकता और ऊर्जा से परिपूर्ण होता है। भोजन ग्रहण करने और व्यायाम करने का भी उचित समय होना चाहिए। भोजन ग्रहण करने का भी निश्चित समय होना चाहिए एवं भोजन हमें अच्छी तरह चबाकर खाना चाहिए।

भोजन करते समय हमें न बात करनी चाहिए और नाही मोबाइल या टीवी देखना चाहिए। भोजन करते समय बात करने से भोजन का अच्छी तरह पाचन नहीं होता और कब्ज और मोटापा जैसी स्वास्थ्य संबंधी समास्याएं हमें हो सकती हैं। हमें व्यायाम भी उचित समय पर और उचित अवधि के लिए करना चाहिए, अधिक समयावधि के लिए किया गया व्यायाम शरीर के लिए बहुत हानिप्रद रहता है, क्योंकि यह शरीर को मजबूत बनाने के बजाय दुर्बल और अक्षम बना देता है। अत: हमें शारीरिक क्षमता से अधिक व्यायाम से बचना चाहिए। हमें समाज, अपने रिश्तेदारों और मित्रों के साथ भी एक संतुलित और स्नेहिल भाव से संपर्क में रहना चाहिए।



इससे हमारा सामाजिक एवं भावनात्मक विकास होता है। इसके साथ-साथ हमें एकांत में भी समय व्यतीत कर आत्मावलोकन, आत्मनिरीक्षण,आत्मचिंतन करना चाहिए और ईश्वर के नाम का आश्रय भी अवश्य लेना चाहिए। इन क्रियाओं द्वारा मानव का आत्मिक विकास होता है, साथ में अपनी ऊर्जा को सदैव वार्तालाप में व्यर्थ होने से बचाना चाहिए। हमें अच्छे स्वास्थ्य के लिए योग, प्राणायाम और ध्यान के लिए भी समय निकालना चाहिए, इन क्रियाओं से हम शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक रूप से मजबूत होते हैं। हमें संगीत एवं नृत्य को अपने जीवन में अवश्य स्थान देना चाहिए जिससे हम निश्चित रूप से एक तनावमुक्त जीवन जी सकते हैं।

इसके अतिरिक्त हमें सांस लेने के लिए स्वच्छ वायु, पीने के लिए शुद्ध जल और आवास हेतु शांत स्थान की आवश्यकता होती है। भोजन में हमें संतुलित आहार जिसमें दूध, दही, अनाज, दालें, मौसमी फल एवं सब्जियां, अंकुरित अन्न आदि का हमें नियमित रूप से प्रयोग करना चाहिए। इस प्रकार अगर हम उचित खानपान एवं उचित दिनचर्या का पालन करते हैं। अपने जीवन में योग, प्राणायाम, ध्यान, खेल, संगीत, नृत्य एवं व्यायाम आदि से युक्त एक नियमबद्ध जीवन जीते हैं तो हम निश्चित ही स्वस्थ जीवन जी सकते हैं और अपने जीवन को सफल, सार्थक व उल्लासित बना सकते हैं। एक स्वस्थ व्यक्ति ही समाज के विकास व उन्नति में योगदान दे सकता है। अत: हमें स्वयं को सदैव स्वस्थ रखने का प्रयास करना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

अनंत ज्ञान
प्रकाशक, मुद्रक एवं मुख्य संपादक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी।
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN/25/A0284
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

# मेडिकल यूनिवर्सिटी की खातिर जाऊंगा कोर्ट : इंद्र सिंह गांधी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल यूनिवर्सिटी के स्थानांतरण को लेकर मामला फिर से गरमा गया है। हिमाचल प्रदेश स्वास्थ्य विभाग सचिव द्वारा लाल बहादुर शास्त्री मेडिकल यूनिवर्सिटी के रजिस्ट्रार को पत्र द्वारा मेडिकल यूनिवर्सिटी को नेरचौक से सरकाघाट शिफ्ट करने के बार-बार पत्र आ रहे हैं, जिसको लेकर बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी ने विरोध जताया है।



प्रेसवार्ता करते हुए बल्ह के विधायक इंद्र सिंह गांधी।

विधायक इंद्र सिंह गांधी का कहना है कि मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए, जमीन देख ली गई है, इसके दस्तावेज भी सरकार को भेज दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा उसका निरीक्षण करने के पश्चात सारे कागजात तैयार कर दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि यह मेडिकल यूनिवर्सिटी के लिए उपयुक्त स्थान है, सड़क सुविधा मौजूद है, मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास ही जमीन है, लेकिन उसके बावजूद भी मुख्यमंत्री मंडी के लोगों के साथ एक खुन्नस के तहत यह कार्य कर रहे हैं। इंदर सिंह गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री की नजर मेडिकल यूनिवर्सिटी के पास पड़े 60 करोड़ के करीब पैसे पर है। विधायक ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री उस पैसे को जैसे तैसे खर्च करना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि हमने बार-बार मुख्यमंत्री से गुजारिश की है कि इस तरह के कार्य न करें अगर वह फिर भी नहीं मानते हैं तो वह कोर्ट का दरवाजा खटखटाएंगे। उन्होंने कहा कि बल्ह में ऐसा व्यवस्था परिवर्तन नहीं चलेगा। इस अवसर पर नेरचौक मंडल के अध्यक्ष कुलदीप ठाकुर, उपाध्यक्ष केदारनाथ, महासचिव मनीष सैनी, प्रदेश व्यापार प्रकोष्ठ के संयोजक गोविंद ठाकुर मौजूद रहे।

# 100 दिन बाद भी बंद है पंडोह–सराची सड़क, ग्रामीणों की मुश्किलें बरकरार

## कंधों पर गाड़ियां उठा रहे लोग, सड़क न बनने से 3000 की आबादी मुख्यधारा से कटी

**बालक राम, अनंत ज्ञान**

**पंडोह।** बरसाती त्रासदी में आए जख्म है कि ठीक होने का नाम ही नहीं ले रहे। सराज विधानसभा के सबसे ज्यादा प्रभावित थुनाग क्षेत्र में सड़कों पर वाहनों की आवाजाही शुरू हो चुकी है, मगर इसी विधानसभा के दुर्गम कलहणी क्षेत्र की पंडोह-सराची सड़क 100 दिनों के बाद भी बहाल नहीं हो सकी है। हालांकि वाया होगी जो बहुत ज्यादा दूरी वाला लिंक है वहां से लाइट व्हीकल्स तक जरूर चल रहे हैं, मगर जो सबसे छोटा और सुगम सड़क मार्ग है वह अभी भी बंद है। जिससे स्थानीय लोगों की रोजमर्रा की जिंदगी बहुत ही कठीन बनी हुई है।



पंडोह-सराची मार्ग पर फंसी गाड़ियों को कंधों पर उठाकर निकालते ग्रामीण।

सबसे ज्यादा प्रभावित लोग कुकलाह पंचायत के हो रहे हैं। क्योंकि कुकलाह तक सड़क तो छोड़ो पैदल रास्ता भी लोक निर्माण विभाग नहीं बना सका है। जिससे लगभग 3000 आबादी मुख्यधारा से कट चुकी है। जबकि बाखली तक वाहनों की आवाजाही निरंतर हो रही है।

बाखली से कुकलाह मात्र 2.5 किलोमीटर है। यदि लोक निर्माण विभाग इस सड़क मार्ग को बहाल करना चाहे तो मात्र 30-40 घंटों में बहाल हो सकता है। मगर विभाग भी राजनीतिक लोगों की गिरफ्त में हैं।

कुकलाह निवासी परम देव,लाल सिंह राम दास,भूप सिंह, किसन चंद ने बताया कि सड़क लोक निर्माण विभाग की है और विभाग चंद लोगों के कहने पर सड़क मार्ग से स्लीप नहीं हटा रहा है। जबकि सड़क के आगे-पीछे की जमीन किसी व्यक्ति विशेष की नहीं अपितु वन विभाग की है। इन्हें कहा कि हमारे जनप्रतिनिधि यहां तक कि नेता प्रतिपक्ष ठाकुर जयराम ने भी हमारी सुध नहीं ली है। इनके कहने भर से हमारी सड़क बहाल हो सकती है। हालात इतने खराब हो गए है कि हमें अपने फंसी गाड़ियों को जुगाड़ के साथ कंधे पर उठा कर निकाला पड़ रहा है। अब तक हम फंसी हुई 18 गाड़ियों में से मात्र दो ही निकाल सके हैं। इससे आप हमारी दयनीय स्थिति का अन्दाज लगा सकते हैं। इन्होंने स्थानीय विधायक एवं नेता प्रतिपक्ष ठाकुर जयराम से पंडोह-सराची सड़क मार्ग को कुकलाह तक अतिशीघ्र सुचारू करने की मांग की है।

# सुंदरनगर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 6.5 ग्राम हेरोइन सहित युवक किया गिरफ्तार

**उमेश भारद्वाज, अनंत ज्ञान**

**सुंदरनगर।** पुलिस थाना सुंदरनगर टीम ने शुक्रवार को सुंदरनगर के पुराना बाजार के रहने वाले 29 वर्षीय युवक से 6.5 ग्राम हेरोइन बरामद की है। आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस थाना सुंदरनगर की टीम एएसआई दौलत राम के नेतृत्व में कांस्टेबल कुलदीप कुमार और सतीश कुमार झील के साथ गश्त के दौरान मौजूद थी। इसी दौरान पुलिस ने एक युवक को पैदल हाथ में बैग लेकर आते हुए देखा। जैसे ही युवक ने पुलिस टीम को देखा तो वह घबरा गया और पीछे मुड़ कर भागने की कोशिश करने लगा गया। इस पर पुलिस ने शक के आधार पर उसके बैग की तलाशी ली तो उसके बैग में से 6.5 ग्राम हेरोइन बरामद की गई।



हेरोइन के साथ पकड़ा आरोपी पुलिस टीम के साथ।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी की शिनाख्त ईशान कश्यप (29) पुत्र मोहन लाल शर्मा निवासी घर क्रमांक 123-ए/10 हंडिटी डाकघर पुराना बाजार तहसील सुंदरनगर जिला मंडी के तौर पर हुई है। पुष्टि करते हुए डीएसपी सुंदरनगर भारत भूषण ने बताया कि पुलिस ने आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में एफआईआर दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी से गहन पूछताछ अमल में लाई जा रही है। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ पुलिस का जारी अभियान लगातार जारी है।

# न्यूज ब्रीफ

## पुलिस ने 97 ग्राम चरस के साथ पकड़ा युवक

**रितेश, अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के ढलवांन श्मशान घाट मोड़ पर गुप्त सूचना के आधार पर बलद्वाडा पुलिस ने नाकाबंदी करवाई के दौरान कलखर से जाहू की तरफ आ रहे मोटरसाइकिल सवार लखबीर उर्फ लक्की पुत्र धर्म सिंह निवासी मैरा डाकखाना उखली तहसील बड़सर ज़िला हमीरपुर मोटरसाइकिल एचपी 78 -0811बजाज पल्सर रंग लाल,काला 150 सीसी पर स्वार हो कर कलखर की तरफ से जाहू की तरफ जा रहे युवक को पुलिस ने शाम 7-10 बजे दर दबोचा और उसके पास से 97ग्राम चरस बरामद कर के आरोपी के खिलाफ थाना हटली बलद्वाडा में केस दर्ज किया गया है,और शर्तों पर पाबंद कर के रिहा किया गया है। मुकद्दमे की तफ्तीश इंक्वारी आफिसर नरेंद्र शर्मा थाना हटली बलद्वाडा कर रहे हैं। यह जानकारी सरकाघाट पुलिस थाना के डी एस पी संजीव कुमार गौतम ने दी है।

## बस्सी उपकेंद्र के सभी क्षेत्रों में कल बंद रहेगी बिजली

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** सर्वसाधारण को सूचित किया गया है कि 12 अक्तूबर को प्रातः 10 बजे से कार्य समाप्ति तक 33 केवी बस्सी स्विचयार्ड की मरम्मत का कार्य किया जाएगा। इस कारण उक्त अवधि के दौरान विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। विभाग ने बताया कि कार्य के दौरान बस्सी उपकेंद्र से जुड़े सभी क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति प्रभावित होगी। इसलिए विद्युत उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे 12 अक्तूबर को इस कार्य में विभाग को सहयोग प्रदान करें।

## अब सरकाघाट में सुनेंगे पूर्व सैनिकों की समस्याएं

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** एक्स सर्विसमैन लीग सरकाघाट के प्रयासों से अब ज़िला सैनिक बोर्ड के कल्याण अधिकारी हर महीने 15 या 30 तारीख को सरकाघाट में भूतपूर्व सैनिकों और वीरानियों की समस्याएं सुनेंगे। कल्याण अधिकारी के आने की पूर्व सूचना एक्स सर्विसमैन लीग द्वारा व्हाट्सएप पर दी जाएगी। भूतपूर्व सैनिकों की समस्याएं संबंधित हेडक्वार्टर को भेजी जाएंगी। इस पहल के लिए ज़िला सैनिक बोर्ड के उप निदेशक और राज्य निदेशक का विशेष धन्यवाद किया गया है। इस मांग को भूतपूर्व सैनिकों, सामाजिक कार्यकर्ता रमेश चंद भारद्वाज और सेवानिवृत अधीक्षक रणजीत सिंह ने हस्ताक्षर अभियान और ज्ञापन के माध्यम से उठाया था। साथ ही, इस मुद्दे को मीडिया द्वारा उठाने पर भूतपूर्व सैनिकों ने भी आभार जताया है।

## शिमला में भव्य कार्यक्रम 13 को: अनिल शर्मा

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** आधुनिक हिमाचल के निर्माता और पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय राजा वीरभद्र सिंह की भव्य प्रतिमा का राजकीय अनावरण 13 अक्तूबर को सुबह 10 बजे शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान में किया जाएगा। राजा वीरभद्र सिंह फाउंडेशन के सदस्य एवं जिला कांग्रेस मंडी के उपाध्यक्ष अनिल शर्मा ने बताया कि इस स्वर्णिम अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम की शोभा बढ़ाने के लिए भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्रमुख नेता सोनिया गांधी, राष्ट्रीय महासचिव एवं सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा, हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू, राज्य प्रभारी रजनी पाटिल, कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह, उप-मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सहित कई अन्य गणमान्य व्यक्तिगण उपस्थित रहेंगे।

## प्रशिक्षुओं ने निकाली जागरूकता रैली

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश राज्य एड्स नियंत्रण समिति के निर्देशानुसार आईटीआई पपलोग में एचआईवी/एड्स, यौन रोग, हेपेटाइटिस बी व सी, तथा क्षय रोग (टीबी) जैसी गंभीर बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु एक विशेष शिविर आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आईटीआई पपलोग की प्रधानाचार्य लता देवी ने की। मुख्य वक्ता नागरिक चिकित्सालय सरकाघाट के आईसीटीसी परामर्शदाता सोनू कुमार और ग्रामीण विकास कार्य समिति के कार्यक्रम प्रबंधक मुंशी राम ने बीमारियों के लक्षण, बचाव व इलाज की महत्वपूर्ण जानकारी दी। करीब 150 प्रशिक्षुओं ने भाग लिया, जिसके बाद आईटीआई से सरकाघाट बस स्टैंड तक जागरूकता रैली निकाली गई। रैली में पोस्टर और स्लोगन के माध्यम से लोगों को एचआईवी/एड्स संक्रमण से बचाव और उपचार के बारे में जागरूक किया गया।

## बास्केटबाल टीम का स्कूल पहुंचने पर स्वागत

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सरकाघाट की जिला स्तरीय अंडर-19 बास्केटबाल टूर्नामेंट में विजेता टीमों का स्कूल पहुंचने पर जोरदार स्वागत और सम्मान किया गया। प्राचार्य अनिता आजाद ने खिलाड़ियों को पढ़ाई के साथ खेलों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा कि खेल बौद्धिक विकास में सहायक होते हैं। लड़कियों की टीम ने कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुंदरनगर में, जबकि लड़कों की टीम ने वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, करसोग में टूर्नामेंट में प्रथम स्थान हासिल कर स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। प्राचार्य ने खिलाड़ियों, अभिभावकों और डीपीई सहित स्कूल स्टाफ को बधाई दी और इन उपलब्धियों को बच्चों के कठिन परिश्रम का परिणाम बताया।

## किसान यूनियन ने फसल बीजों पर मांगा उपदान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी।** हिमाचल किसान यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सीताराम वर्मा और अन्य पदाधिकारियों ने प्रदेश सरकार से आग्रह किया है कि रवि फसलों जैसे गेहूं, सब्जियों, पशु चारा बरसीम, मकई, घास, लोशन, जई और सरसों पर उपदान जारी किया जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू, कृषि मंत्री प्रो. चंद्र कुमार, कृषि सचिव सीपाल रासु तथा कृषि निदेशक डॉ. रविंद्र जसरोटिया को पंजीकृत डाक द्वारा ज्ञापन भेजकर इस मांग को औपचारिक रूप दिया है। प्रदेशाध्यक्ष ने कहा कि उपदान न मिलने से किसानों में निराशा व्याप्त है और किसान महंगे बीज खरीदने को मजबूर हो जाएंगे। इसके अलावा किसान यूनियन ने कृषि विक्रय केंद्रों में मल्टी वर्कर तैनात करने और रिक्त पड़े कृषि विस्तार अधिकारी के पदों को जल्द भरने की भी मांग की है। विशेषज्ञों ने कहा कि बिना विस्तार अधिकारियों के बीज विक्रय और वैकल्पिक व्यवस्था दोनों ही कठिन हैं।

## आईटीआई में स्पॉट राउंड प्रवेश तिथि बढ़ाई

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर।** औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) जोगिंद्रनगर की प्रधानाचार्या ई0 नवीन कुमारी ने बताया कि भारत सरकार के कौशल विकास मंत्रालय एवं तकनीकी शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार, एससीवीटी/एनसीवीटी व्यवसायों में रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए स्पॉट राउंड की तिथि 13 अक्तूबर से बढ़ाकर 17 अक्तूबर 2025 कर दी गई है। इच्छुक अभ्यर्थी इस अवधि में उपलब्ध रिक्त सीटों पर दाखिला ले सकते हैं। संस्थान में कॉस्मेटोलॉजी में 7, ड्रेस मेकिंग में 21, सिलाई प्रौद्योगिकी में 1, एस.ओ.टी. एम्ब्रॉयडरी में 40 और फिटर में 1 सीट रिक्त है। प्रवेश प्रक्रिया में भाग लेने से पहले अभ्यर्थियों के लिए तकनीकी शिक्षा बोर्ड की वेबसाइट पर ऑनलाइन पंजीकरण अनिवार्य है। हेल्प डेस्क भी सहायता के लिए स्थापित किया गया है। आवेदन प्रातः 9:30 से दोपहर 12:30 बजे तक लिए जाएंगे और मेरिट सूची संस्थान के सूचना पट्ट पर लगाई जाएगी।

# पूर्व सीपीएस के वोट चोरी के आरोप पर कांग्रेस और भाजपा आमने–सामने

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

विधानसभा क्षेत्र सुंदरनगर में पूर्व सीपीएस के वोट चोरी के भाजपा पर लगाए गंभीर आरोपों को लेकर राजनिति चरम सीमा पर पहुंच गई है। इन आरोपों पर अब भाजपा मंडल सुंदरनगर ने पूर्व सीपीएस को चुनावी प्रक्रिया के प्रति सजग रहने की नसीहत दी है। मंडलाध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि कांग्रेस नेता द्वारा चुनाव खत्म होने के बाद इस प्रकार के आरोप लगाना तथ्यहीन है। वहीं अब पंचायती राज और नगर निकाय चुनावों की घोषणा होने पर चुनावी प्रक्रिया की चुनाव आयोग द्वारा घोषणा की गई है। इसमें भी वोट बनाने और वोट काटने के लिए समय सीमा दी गई है। इस प्रक्रिया को लेकर राजनीतिक दलों को सजग रहने की जरूरत है। लेकिन इसके बाद राजनितिक फायदे के लिए आरोप लगाना लोकतांत्रिक व्यवस्था के लिए सही नहीं है। बता दें कि इस मामले में पूर्व सीपीएस सोहन लाल ठाकुर ने स्थानीय भाजपा विधायक राकेश जंवाल पर 4 से लेकर 5 हजार वोटों की चोरी के गंभीर आरोप लगाए थे। इन आरोपों को लेकर मंडल भाजपा ने पलटवार किया है।





- सुंदरनगर भाजपा मंडलाध्यक्ष जितेंद्र बोले- कांग्रेस नेता कर रहे तथ्यहीन व भ्रामक बयानबाजी

वहीं हिमाचल प्रदेश में पंचायती राज चुनाव टाले जाने के सरकारी निर्णय पर जितेंद्र शर्मा ने कहा कि प्रदेश में पंचायती राज और नगर निकायों का विधानसभा तथा लोकसभा की तरह एक महत्व है। इन चुनावों को टालने का सरकार का निर्णय सही नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में चुनावी प्रक्रिया शुरू हो गई है। लेकिन प्रदेश सरकार द्वारा ऐन वक्त पर चुनाव टालने का आदेश जारी कर चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित किया जा रहा है। किसी भी गांव में विकास करवाने की नींव पंचायत होती है। प्रदेश में समय पर पंचायतों के गठन के लिए सरकार को समय पर चुनाव कराने चाहिए थे। लेकिन प्रदेश सरकार का यह निर्णय दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में समय पर चुनाव करवाने से आपदा प्रभावित पंचायतों को राहत कार्यों में भी लाभ मिलेगा। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि चुनाव आयोग से मंडल भाजपा प्रदेश में समय पर पंचायती राज और नगर निकाय चुनाव कराए जाने की मांग करती है।

# छीने सम्मान को पाने के लिए संघर्षरत क्षत्रिय संघ

**भीम बसेड़ू राजपूत, अनंत ज्ञान**

**महादेव।** सुंदरनगर क्षेत्र में छीने गए क्षत्रियत्व की पुन: प्राप्ति के लिए एक बिरादरी सुच्चे कोलि जिन्हें भीतर के कोलि, बसेड़ू राजपूत भी कहा जाता है, वर्षों से संघर्षरत हैं। इन लोगों के समस्त संस्कार विद्वान ब्राह्मण-पुरोहितों द्वारा ही सम्पन्न होते हैं। जन्म, पुंषवन, जनेऊ, विवाह, मरण आदि सभी संस्कारों, संस्कृति और सभ्यता इतिहास से इनके प्राचीन क्षत्रिय होने का प्रमाण स्पष्ट देखा जा सकता है। इस सम्मानित समुदाय के कुल –गोत्र अन्य सम्मानित क्षत्रियों की तरह ही हैं।आज के युग में क्षत्रिय को राजपूत का पर्याय माना जाता है।

जाने माने लेखक एवं क्षत्रिय संघ सुंदरनगर के संस्थापक सदस्य कृष्ण चंद्र महादेविया बताते हैं कि कोलि कोई जाति नहीं बल्कि वंश है जिसकी दुरुस्ती माल कागजात में की जानी अति आवश्यक है। चूंकि आजादी से पूर्व भी सुकेत रियासत में राजा दुष्टनिकुंदन सेन के कार्यकाल तक सुच्चे कोलियों का स्टेटस बहुत उन्नत रहा। यहां तक कि जलैहरू यानि राजा की रसोई में जल भरने का कार्य सुच्चे कोलियों से ही लिया जाता रहा। जिसे इन्होंने अपना अपमान समझा और जल भरने का कार्य बन्द कर दिया। उन्होंने आगे बताया कि राजा भीमसेन सुकेत रियासत ने भी इनके वीर और परिश्रमी स्वभाव के चलते पानी भरने से मुक्त ही रखा था। यही कार्य अंतिम राजा लक्ष्मण सेन ने भी किया। बल्कि राजा लक्ष्मण सेन ने दशहरे के दिन अक्तूबर 1946 का सुकेत रियासत की राजधानी बणेड में इन्हें राजपूत बिरादरी में शामिल करने का आग्रह किया। किन्तु राजा के पास कुछ कर्मचारियों और प्रजा के प्रमुख लोगों ने यह कहकर मना कर दिया कि कुनैत और खश उनकी बराबरी के नहीं। अतएव वे उन्हें अपने साथ मिलाना नहीं चाहते एवं स्वतंत्र अपनी जाति अस्मिता बनाए रखना चाहते हैं। महादेविया ने बताया कि सुकेत के शेर वीर रत्न सिंह स्वतंत्रता सेनानी ने सुच्चे कोलियों की वीरता परिश्रम और मित्रता की भूरि भूरि प्रशंसा करते हुए कहा था कि सन् 1924 में सुकेत रियासत में विद्रोह का डंका बजाने वाले वे तेरह सुच्चे कोलि ही थे, वह 14वें व्यक्ति थे। तत्कालीन राजस्व मंत्री का घर जलाने वाले यही लोग थे। इससे पूर्व 1860-62 व बाद में भी ये लोग राजा सुकेत को सुधार चुके थे। यह सिलसिला खत्म नहीं हुआ और सन 1942 से अप्रैल 1948 तक सुच्चे कोलि व प्रजामंडल के साथ कंधे से कंधा मिलाकर आजादी के लिए लड़ते रहे। वीरता में अग्रणी यह वीर समुदाय सन 1960 के बंदोबस्त तक सम्मानित रहे। किन्तु उसके बाद राजस्व रिकार्ड में गड़बड़ कर दी गई।

यही नहीं भारत में आजादी तक सुच्चे कोलियों की 50के लगभग रियासतें थी। ऋग्वेद, यजुर्वेद, बाल्मिकी रामायण, महाभारत, वृहद संहिता, पंचतंत्र, बौद्ध ग्रंथ, श्रीलंका की अमर कृति महावंश में भी कोलि राजपूतों का क्षत्रिय इतिहास भरा पड़ा है। बिरादरी के हक में हुए पुराने फैसलों को लेकर खासतौर पर न्यायालयों का हवाला देते हुए कृष्ण चंद्र महादेविया बताते हैं कि 22 दिसंबर 1922 जिला कोर्ट होशियारपुर, 22 अप्रैल 1941 लाहौर हाइकोर्ट ने स्वर्ण माना है इसी प्रकार 26 अप्रैल 1968 को जिला कोर्ट मंडी ने कोलियों को राजपूत ही अपने निर्णय में माना है और तो और बसेड़ू राजपूत समुदाय से इनका बिलासपुर, जोगिंद्रनगर में रोटी बेटी का संबंध है। जाति आधारित आरक्षण के पुरजोर विरोधी क्षत्रिय संघ सुंदरनगर सामाजिक समरसता का पक्षधर है। छीने गए क्षत्रियत्व की प्राप्ति के लिए क्षत्रिय संघ सुंदरनगर सदैव तत्पर है।

# शहीदी दिवस पर सुंदरनगर में बिजली बोर्ड के कर्मचारियों ने अर्पित किए श्रद्धासुमन





- एचपीएसईबी इंप्लाइज यूनियन ने पुरानी पेंशन बहाली की मांग उठाई
- चीफ इंजीनियर विमल नेगी मौत मामले की निष्पक्ष जांच की मांग

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

हिमाचल प्रदेश स्टेट इलेक्ट्रिसिटी बोर्ड इंप्लाइज यूनियन ने शहीदी दिवस के अवसर पर सुंदरनगर रेस्ट हाउस चौक पर शहीद कर्मचारियों को श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर मंडी, बिलासपुर, हमीरपुर सहित अन्य जिलों से कर्मचारी और पदाधिकारी मौजूद रहे। यूनियन के अध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने बताया कि 15 अक्तूबर को शिमला में राज्यस्तरीय सम्मेलन होगा, जिसमें मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू मुख्यातिथि रहेंगे।

उन्होंने कहा कि बिजली बोर्ड कर्मचारियों के लिए भी पुरानी पेंशन योजना लागू होनी चाहिए, क्योंकि अभी तक यह सुविधा उन्हें नहीं मिली है। शहीदी दिवस 46 वर्ष पहले 1980 में हुई पुलिस फायरिंग की स्मृति में मनाया जाता है, जिसमें कई कर्मचारियों ने जीवन गंवाया था। विमल नेगी मौत मामले पर कामेश्वर शर्मा ने कहा कि जांच सीबीआई कर रही है और परिवार को न्याय मिलेगा। उन्होंने निष्पक्ष जांच और मौत के कारणों के खुलासे की आवश्यकता पर जोर दिया।

# सरकाघाट में स्टाफ नर्स के 8 पदों पर आवेदन आमंत्रित

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट।** उपमंडल सरकाघाट के रोजगार कार्यालय में निदेशक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग, शिमला द्वारा वार्ड ऑफ एक्स सर्विसमेन श्रेणी के अंतर्गत स्टाफ नर्स के आठ (8) पदों को वैकेंसी के अनुसार भरा जाएगा। पदों के लिए उम्मीदवार के पास मान्यता प्राप्त संस्थान या विश्वविद्यालय से जीएनएस अथवा बीएससी नर्सिंग की योग्यता होनी आवश्यक है। पदों में सामान्य श्रेणी के लिए 4, अनुसूचित जाति के लिए 2, अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए 1 और अनुसूचित जनजाति के लिए 1 पद आरक्षित हैं। सामान्य वर्ग के लिए वैकेंसी दिसंबर 2014, अनुसूचित जाति और पिछड़ा वर्ग के लिए दिसंबर 2015 तथा अनुसूचित जनजाति के लिए दिसंबर 2019 का वैकेंसी होना जरूरी है। सभी उम्मीदवारों को अपने दस्तावेज 15 अक्टूबर से पहले कार्यालय में जमा करवाने होंगे। सरकाघाट रोजगार अधिकारी सुमित शर्मा ने खंडाधिकारी धर्मपुर व सरकाघाट से पंचायत प्रधान सचिवों को युवाओं को जागरूक करने का आग्रह किया है।

# इंटर कॉलेज खेल प्रतियोगिता : एसपीयू पुरुष टीम फर्स्ट और महिला टीम सेकेंड



एसपीयू मंडी की पुरुष व महिला टीमों को सम्मानित करते हुए।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

एसपीयू मंडी इंटर कॉलेज टेबल टेनिस प्रतियोगिता (पुरुष एवं महिला वर्ग) का सफल आयोजन हाल ही में राजकीय महाविद्यालय सराज, लंबाथाच, मंडी में किया गया।

प्रतियोगिता में एसपीयू मंडी से संबद्ध विभिन्न महाविद्यालयों की टीमों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और उत्कृष्ट खेल कौशल का प्रदर्शन किया। सहायक निदेशक खेल एवं युवा मामले एवं खेल संयोजक एसपीयू डॉ. हितेश ठाकुर ने बताया कि इस प्रतियोगिता में एसपीयू मंडी की पुरुष टीम ने प्रथम स्थान तथा महिला टीम ने द्वितीय स्थान प्राप्त कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। इसके अतिरिक्त, एसपीयू मंडी ने इंटर-कॉलेज शतरंज प्रतियोगिता में, जो कि राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सुंदरनगर में आयोजित हुई, चौथा स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में, कुश्ती प्रतियोगिता में कनिका और दिया ने रजत पदक तथा तरुण ठाकुर ने कांस्य पदक जीतकर विश्वविद्यालय को गौरवान्वित किया। कुलपति प्रो. ललित अवस्थी ने सभी टीम सदस्यों एवं प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन और उपलब्धियों के लिए हार्दिक बधाई दी। उन्होंने छात्रों के समर्पण, अनुशासन और खेल भावना की सराहना करते हुए कहा कि उनके इस प्रयास ने एसपीयू मंडी को गौरवान्वित किया है।

# नोबेल कॉलेज ऑफ एजुकेशन पंडोह में रक्तदान शिविर 16 को

**बालक राम, अनंत ज्ञान, पंडोह।** मंडी जनपद की पंडोह नोबल डीएड कॉलेज में 16 अक्तूबर को एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जानकारी देते हुए कॉलेज की प्रधानाचार्य प्रीत किरण ने बताया कि जिला रेड क्रॉस सोसाइटी के माध्यम से उनके कॉलेज में 16 अक्टूबर को एक विशेष रक्तदान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने विशेषकर युवाओं से आह्वान किया है कि वे रक्तदान करें तथा करने के लिए अन्य लोगों को प्रेरित करें। जिससे यह शिविर सफ़ल हो सके।

उन्होंने कहा कि रक्तदान आपात स्थिति में किसी की भी जान बचाने में सहायक होता है। इसलिए ज्यादा से ज्यादा रक्तदान करें, लोगों की जान बचाएं। उन्होंने समाजसेवियों और पंचायती राज संस्थाओं से जुड़े जनप्रतिनिधियों से भी इस शिविर में अपनी उपस्थिति और सहयोग दर्ज करने का आह्वान किया है।

**जिम्मेदारी** भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष ने किया कार्यकारिणी विस्तार

# अंकुश घोष मंडी व कर्म सिंह पधर से बने महामंत्री

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, भाजपा प्रदेश अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष मनीष चौहान, भाजपा जिला मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा व सभी 13 मंडलों के मंडल अध्यक्षों से विचार विमर्श करने के उपरांत भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी अध्यक्ष खेम चंद संध्याना ने अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों व सभी मंडलों के मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति की।

भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी में खेम चंद संध्याना ने जिला पदाधिकारिओं की नियुक्ति करते हुए प्रताप चौहान, जंजैहली, कृष्ण सिंह, कोटली, हंस राज भारद्वाज, नेरचौक व गोबिंद राम, स्नोर को उपाध्यक्ष व अंकुश घोष मंडी व कर्म सिंह पधर को महामंत्री व भूद्दू राम, चौतड़ा को कोषाध्यक्ष व अमर सिंह बालीचौकी, रमेश चंद बल्ह, धनेश्वर सिंह थुनाग, चमन लाल दरंग व अर्जुन सिंह जोगिन्द्रनगर को सचिव व बालक राम कोटली को कार्यालय सचिव व प्रताप सिंह, जोगिंद्रनगर को मीडिया प्रभारी व सुरेश भारद्वाज पधर को प्रवक्ता व टोडर मल थुनाग को सोशल मीडिया सयोंजक व सतीश कुमार, लडभड़ोल मंडल को जिला आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है ।

इसके अतिरिक्त विधानसभा क्षेत्र सिराज के मंडल थुनाग से देवी सिंह, बालीचौकी से दौलत राम व जैबंती देवी व जंजैहली से सीता राम चौहान व बल्ह-रिवाल्सर से गोवर्धन सिंह व हुकम चंद व नेरचौक से प्रेम चंद व कोटली से नारायण सिंह व दरंग से जालम सिंह व परमा नन्द व स्नोर से कांसी राम व जोगिन्द्रनगर से रवि सिंह व मान सिंह व लड-भड़ोल से जगदीश चंद व संदीप कुमार व चौंतड़ा मंडल से संजय कुमार को भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा जिला मंडी का जिला कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। खेम चंद संध्याना ने अनुसूचित जाति मोर्चा में मंडल अध्यक्षों की नियुक्ति करते हुए प्रीतम सिंह को जंजैहली मंडल, तेज सिंह को थुनाग, मोलक राम को बालीचौकी, जीवन चौहान को नेरचौक, राज कुमार को बल्ह-रिवाल्सर, राजेन्द्र कुमार को कोटली, रमेश कुमार को दरंग, प्रेम दास को स्नोर, देश राज को पधर, कपिल देव को जोगिन्द्रनगर, देश राज को चौंतड़ा व सुभाष चंद को लड-भड़ोल मंडल का मंडल अध्यक्ष नियुक्त किया गया है।

अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला अध्यक्ष खेम चंद संध्याना ने सभी नवनियुक्त जिला पदाधिकारियों, जिला कार्यसमिति सदस्यों व सभी मंडलों के मण्डल अध्यक्षों को उनकी नियुक्ति पर बधाई देते हुए कहा की यह सभी नियुक्तियां तत्काल प्रभाव से लागू होंगी। भाजपा जिला मंडी अध्यक्ष निहाल चंद शर्मा ने सभी नए दायित्ववान कार्यकर्ताओं को बधाई दी है।

# धर्मपुर में जीएसटी दरों में कटौती की जानकारी दी

**अनंत ज्ञान, धर्मपुर।** धर्मपुर बाजार में शुक्रवार को व्यापार मंडल की कार्यकारिणी की ओर से एक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें स्थानीय व्यापारियों को केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में कम की गई जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) की दरों की विस्तृत जानकारी दी गई। बैठक में व्यापार मंडल सदस्य मुनीष ठाकुर ने कहा कि जीएसटी दरों में यह कटौती छोटे और मध्यम व्यापारियों के लिए बड़ी राहत लेकर आई है। उन्होंने बताया कि कई दैनिक उपयोग की वस्तुओं, जैसे पैकेज्ड खाद्य सामग्री, घरेलू उपकरण, परिधान और सेवा क्षेत्र से जुड़ी गतिविधियों पर कर दरों में कमी की गई है। महामंत्री सुरेंद्र ने बताया कि सरकार के इस निर्णय से बाजार में व्यापारिक गतिविधियां बढ़ेंगी और उपभोक्ताओं को भी सीधे तौर पर लाभ मिलेगा। उन्होंने कहा कि जीएसटी दरों में कमी से वस्तुओं की कीमतों में गिरावट आएगी, जिससे बिक्री में वृद्धि की संभावना है।

# दिघो के राहुल बने असिस्टेंट प्रोफेसर

**अनंत ज्ञान, सरकाघाट**

मन में अगर सच्ची लग्न और अपने उद्देश्य के प्रति सच्ची निष्ठा हो तो फिर मुकाम कोई भी हो उसे हासिल किया जा सकता है नित्य प्रति ऐसे कई उदाहरण आते है। एक ऐसा ही उदाहरण पेश किया है उपमंडल सरकाघाट की ग्राम पंचायत चोलथरा के गांव दिघो से पवन ठाकुर एवं अनीता के सुपुत्र राहुल ठाकुर ने। बचपन से ही मन में कॉलेज कैडर में प्रोफेसर बनने के सपने को हकीकत में बदलने के लिए राहुल ने कड़ी मेहनत की है। राहुल ने अभी हाल ही में हरियाणा पब्लिक सर्विस कमीशन द्वारा आयोजित कमीशन में बेहतर रैंक हासिल किया है और वो हरियाणा कॉलेज कैडर में जूलॉजी के असिसेंट प्रोफेसर चयनित हुए है। राहुल ने इस इम्तिहान में आल इंडिया में 24वां रैंक व हिमाचल से प्रथम रैंक हासिल किया है।



उल्लेखनीय है कि राहुल ने यूजीसी नेट में भी 99.44 परसेंटाइल हासिल कर देशभर में 108वा रैंक हासिल किया था। राहुल की +2 मेडिकल तक की शिक्षा राजकीय उच्च माध्यमिक पाठशाला टिहरा से, बीएससी केमिस्ट्री मेजर में सुभाष चन्द्र बोस राजकीय सनातकोत्तर महाविद्यालय हमीरपुर से तथा एमएससी जूलॉजी गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से छात्रवृति के अंतर्गत पूर्ण हुई है। वर्तमान में राहुल गुरु नानक देव यूनिवर्सिटी अमृतसर से पीएचडी की पढ़ाई कर रहा है। इसी दौरान उनका चयन हो गया है । उनकी इस उपलब्धि पर उनकी माता अनीता का कहना है कि राहुल आरंभ से ही एक अनुशासित एवं मेधावी छात्र रहा है उसने अपने सपने को पूरा करने के लिए कड़ी मेहनत की है आज उसके सपने को पूर्ण होने पर उन्हें खुशी के साथ गर्व भी महसूस हो रहा है । राहुल ने बताया है कि मेहनत करने से अपने उद्देश्य को शत प्रतिशत हासिल किया जा सकता है। राहुल के पिता पवन ठाकुर हिमचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग में बेलदार है तथा माता अनीता साधारण गृहणी है। इस उपलब्धि पर पंचायत प्रतिनिधियों, पूर्व पंचायत प्रतिनिधियों, गांववासियों सहित कई लोगों ने बधाई दी है।

# तंबाकू मुक्त युवा अभियान को बनाएं जन आंदोलन : डीसी

अनंत ज्ञान, ऊना

उपायुक्त जतिन लाल ने जिले के सभी विभागाध्यक्षों को 'तंबाकू मुक्त युवा अभियान 3.0' की सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। उन्होंने कहा कि भारत में तंबाकू सेवन अब भी असमय मृत्यु और बीमारियों का एक बड़ा कारण बना हुआ है। हर साल करीब 13.5 लाख लोगों की जिंदगी तंबाकू जनित रोगों की भेंट चढ़ जाती है। सबसे गंभीर पहलू यह है कि इसकी शुरुआत अक्सर बहुत कम उम्र में ही हो जाती है, जिससे युवाओं को जागरूक करने और रोकथाम के प्रयास और भी जरूरी हो जाते हैं।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा 9 अक्तूबर से शुरू किया गया यह राष्ट्रव्यापी अभियान 8 दिसंबर तक चलेगा। इसी के अंतर्गत ऊना जिले इस अवधि के दौरान व्यापक जनजागरण कार्यक्रमों के साथ-साथ प्रवर्तन गतिविधियों को भी सशक्त रूप से अमल में लाया जाएगा। उपायुक्त ने शिक्षा, स्वास्थ्य, पुलिस, खाद्य एवं औषधि नियंत्रण, ग्रामीण विकास, पंचायती राज, नगर निकाय, जनसंपर्क विभाग, एनजीओ और युवा संगठनों से इस मुहिम में सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सीओटीपीए-2003 और पीईसीए-2019 के प्रावधानों के तहत प्रवर्तन को और मजबूत करने और स्कूलों व कॉलेजों में तंबाकू मुक्त संस्थान के दिशानिर्देशों को कड़ाई से पालन कराया जाएगा। उन्होंने जिले में तंबाकू मुक्त ग्राम कि दिशा में कारगर प्रयासों पर जोर दिया। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में किसी बार एवं रेस्तरां में युवाओं को हुक्का परोसने की कोई भी घटना मिलती तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाए, ताकि प्रभावी रोकथाम सुनिश्चित हो सके। साथ ही हिमाचल प्रदेश तंबाकू उत्पाद नियंत्रण अधिनियम, 2016 को जिले में प्रभावी रूप से लागू करने को कहा है। डीसी ने सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि जिले में हिमाचल प्रदेश खुली सिगरेट एवं बीड़ी की बिक्री निषेध तथा सिगरेट एवं अन्य तंबाकू उत्पादों के खुदरा व्यवसाय का विनियमन अधिनियम, 2016 को अक्षरशः लागू किया जाए, ताकि जिले में तंबाकू उत्पादों की बिक्री एवं वितरण को प्रभावी रूप से नियंत्रित किया जा सके।

# हरोली के सिंगा में खुलेगा पटवारखाना : उपमुख्यमंत्री

## मुकेश अग्निहोत्री ने कहा, प्रदेश सरकार पारंपरिक कुश्ती और खेल संस्कृति को बढ़ावा देने को संकल्पबद्ध

अनंत ज्ञान, ऊना

उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने हरोली उपमंडल के सिंगा गांव में पटवार खाना खोलने की घोषणा की है। उन्होंने यह घोषणा सिंगा में आयोजित दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए की।

दंगल में प्रदेश व बाहरी राज्यों के नामी पहलवानों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री ने दंगल समिति को अपनी ओर से 51 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। कार्यक्रम में चिंतपूर्णी के विधायक सुदर्शन बबलू, कुटलैहड़ के विधायक विवेक शर्मा, कांग्रेस जिला अध्यक्ष रणजीत राणा तथा अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित रहे। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि सिंगा के खेल मैदान के विकास कार्य पर 1 करोड़ रुपए व्यय किए जाएंगे। इसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि अगले वर्ष होने वाले दंगल आयोजन तक मैदान तैयार कर लिया जाएगा। साथ ही, उन्होंने सिंगा गांव में रेन शेल्टर के निर्माण की घोषणा की, जिस पर लगभग 20 लाख रुपए खर्च किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त उन्होंने क्षेत्र के लिए नई पेयजल योजना तथा रामलीला मैदान में डंगा निर्माण की मांगों को भी स्वीकृति दी। युवाओं की सुविधा के लिए उन्होंने सिंगा में ओपन एयर जिम स्थापित करने की घोषणा भी की।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार पारंपरिक खेलों और कुश्ती की समृद्ध विरासत को सहेजने के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से न केवल पारंपरिक खेलों को नया जीवन मिलता है, बल्कि युवा पीढ़ी में अनुशासन, जोश और समर्पण की भावना भी मजबूत होती है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण हरोली क्षेत्र में खेल मैदानों और ओपन एयर जिम के विकास पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है, ताकि युवाओं को प्रशिक्षण और स्वस्थ गतिविधियों के लिए प्रोत्साहित किया जा सके। दंगल समिति के अध्यक्ष जगदीश राणा, ग्राम पंचायत सिंगा के प्रधान गुरदेव सिंह, दंगल समिति के उपप्रधान सूबेदार जगजीत सिंह एवं सदस्यों ने उपमुख्यमंत्री सहित सभी अतिथियों का स्वागत किया और आयोजन में पधारने के लिए आभार व्यक्त किया।



उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री सिंगा में आयोजित दंगल कुश्ती प्रतियोगिता में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए।

## उपमुख्यमंत्री आज देंगे सौगातें, बस सेवा को दिखाएंगे हरी झंडी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना।** उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री शनिवार 11 अक्तूबर को हरोली विधानसभा क्षेत्र के तहत लगभग 81 करोड़ रुपए की लागत की पेयजल व सिंचाई योजनाओं के शिलान्यास और लोकार्पण करेंगे। यह जानकारी देते हुए सरकारी प्रवक्ता ने बताया कि लोकार्पित होने वाली चार पेयजल योजनाओं से क्षेत्र के लगभग 10 हजार लोगों को बेहतर पेयजल सुविधा का सीधा लाभ मिलेगा, जबकि सिंचाई योजना से 1904 हेक्टेयर भूमि सिंचित होगी। उप मुख्यमंत्री सुबह 10 बजे पोलिया बीत में 2.36 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना, 10.30 बजे लालुवाल में 1.78 करोड़ की उठाऊ पेयजल योजना, 11 बजे नंगल कलां में 1.02 करोड़ रुपए की उठाऊ सिंचाई योजना और 11.30 बजे बढ़ेड़ा में 1.07 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना का उद्घाटन करेंगे। उसके उपरांत, अग्निहोत्री दोपहर 12 बजे पालकवाह में करीब 75 करोड़ रुपए की उठाऊ पेयजल योजना बीत एरिया फेस-दो की आधारशिला रखेंगे तथा पालकवाह में राधा स्वामी सत्संग भवन के समीप मैदान में जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके अलावा, उपमुख्यमंत्री व परिवहन मंत्री मुकेश अग्निहोत्री सायं 4:50 बजे हरोली बस स्टैंड से नई बस सेवा हरोली-ऊना-शिमला को हरी झंडी दिखाएंगे। यह बस सेवा हरोली-ऊना-नंगल-किरतपुर (फोरलेन)-भराड़ी-बिलासपुर-एम्स-भराड़ीघाट-दाड़लाघाट-शालाघाट मार्ग से शिमला तक पहुंचेगी। हरोली से बस शाम 5 बजे, ऊना से शाम 5:20 बजे प्रस्थान करेगी, जबकि वापसी में शिमला से सुबह 4:50 बजे हरोली के लिए रवाना होगी। यह नई बस सेवा हरोली और ऊना के लोगों के लिए मील का पत्थर साबित होगी। इसके अलावा, यह सेवा जिला ऊना और इसके सीमावर्ती राज्य पंजाब के निवासियों के साथ-साथ बिलासपुर और शिमला में काम करने वाले कर्मचारी, उद्यमी और व्यवसायियों के लिए भी बेहद उपयोगी साबित होगी। विशेष बात यह है कि इस बस सेवा के माध्यम से शालाघाट से अर्की तक एक नया छोटा वैकल्पिक मार्ग भी उपलब्ध होगा। इस सेवा के चलते हरोली से शिमला की यात्रा अब लगभग 5-6 घंटे में पूरी की जा सकेगी।

# ट्रेन से टकराकर 55 वर्षीय व्यक्ति की मौत

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** उपमंडल अंब के तहत पंचायत दियाड़ा वार्ड नंबर 7 के निवासी शिव चरणदास उर्फ शौंकी की बुधवार शाम करीब 7 बजे ट्रेन की चपेट में आने से दर्दनाक मौत हो गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वीरवार दोपहर पोस्टमार्टम के उपरांत शव परिजनों को सौंपा गया, जैसे ही शौंकी का पार्थिव शरीर घर पहुंचा, परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया और पूरा गांव मातम में डूब गया। दोपहर बाद गांव में विधि-विधान से अंतिम संस्कार किया गया, जिसमें शौंकी के बेटे ने मुखाग्नि दी। इस अवसर पर पंचायत दियाडा के उपप्रधान अशोक कुमार उर्फ काका, श्यामसुंदर, संदेश कुमार सहित सभी पंचायत सदस्य और आसपास के क्षेत्रों से भारी संख्या में लोग अंतिम संस्कार में पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि शिव चरणदास (शौंकी) बेहद मिलनसार, मधुरभाषी और हंसमुख व्यक्ति थे। गांव में हर कोई उन्हें शौंकी नाम से ही पुकारता था। शौंकी का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। उनके पीछे पत्नी, बेटा और बेटी हैं। बेटा दिहाड़ी मजदूरी कर परिवार का पालन-पोषण करता है, जबकि बेटी सिलाई का काम सीख रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की है।

## न्यूज ब्रीफ

### पालकवाह में पेट्रोल पंप पर नकाबपोशों ने की लूट

**अनंत ज्ञान, हरोली।** हरोली क्षेत्र के पालकवाह में गत रात्रि एक पेट्रोल पंप पर दो अज्ञात नकाबपोश ने लूट की वारदात को अंजाम दिया है, जो कि सीसीटीवी में कैद हो गई है। बाईक पर आए दो नकाबपोश ने इस घटना को अंजाम दिया व कैश पर हाथ साफ किया, जबकि पंप पर मौजूद लड़के सोए रहे और चोर इस घटना को अंजाम दे गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार पालकवाह में पंप के अलावा एक अन्य दुकान व ललड़ी में भी एक दुकान पर चोरी कर क्षेत्र में सनसनी फैला दी है।

### दियाडा स्कूल की छात्राओं ने जीती ओवरऑल ट्रॉफी

**अनंत ज्ञान, बढ़ूही।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बसदेहड़ा में संपन्न हुए जिला स्तरीय अंडर-19 गर्ल्स टूर्नामेंट में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दियाडा की छात्राओं ने बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए स्कूल और क्षेत्र का नाम रोशन किया। दियाडा स्कूल की छात्राओं ने मुक्केबाजी (बॉक्सिंग) प्रतियोगिता में चार स्वर्ण और तीन रजत पदक तथा कुश्ती में तीन कांस्य पदक जीतकर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। शानदार प्रदर्शन के कारण दियाडा स्कूल की टीम ने जिला स्तरीय ओवरऑल ट्रॉफी पर भी कब्जा जमाया। प्रतियोगिता में दिलप्रीत, जसप्रीत, गुनगुन और कशिश कर्मण्य ने स्वर्ण पदक हासिल किए, जबकि सतवीर, आकृति और सुप्रीत ने रजत पदक प्राप्त किए। वहीं, अमित और प्रांशुल ने कुश्ती में शानदार प्रदर्शन करते हुए कांस्य पदक अपने नाम किए। इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य सुशील कुमार ठाकुर ने विजेता छात्राओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि छात्राओं ने मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है, जो पूरे विद्यालय परिवार के लिए गौरव की बात है।

### कुश्ती प्रतियोगिता में साहिल ने जीता रजत

**विवेक शर्मा, अनंत ज्ञान, अंब।** हिमाचल प्रदेश अंतर महाविद्यालय कुश्ती (पुरुष वर्ग) प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय महाविद्यालय दौलतपुर चौंक में 3 से 4 अक्तू बर को हुआ। शारीरिक शिक्षा के प्रोफेसर डॉ. पवन कुमार पटियाल ने बताया कि इस प्रतियोगिता में महाराणा प्रताप राजकीय महाविद्यालय अंब के छात्र साहिल कुमार बीकॉम प्रथम वर्ष ने 96 भार वर्ग में रजत पदक प्राप्त कर महाविद्यालय का नाम रौशन किया। उसकी इस उपलब्धि से महाविद्यालय में खुशी का माहौल है । महाविद्यालय में उसके लिए सम्मान समारोह का आयोजन किया। प्राचार्य प्रो. दर्शन कुमार और समस्त स्टाफ ने साहिल को फूल माला पहनाकर बधाई दी और सम्मानित किया और उनके उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं प्रेषित दी । इस अवसर पर डॉ. कौशल कुमार पांडे, डॉ. नितिन शर्मा, प्रो. अजय कुमार , डॉ अनय कुमार आदि मौजूद रहे।

### बसोली व सासन के ग्रामीण किए जागरूक

**अनंत ज्ञान, ऊना।** प्रदेश सरकार द्वारा अनुसूचित जाति वर्ग के कल्याणार्थ संचालित किए जा रहे विशेष जन जागरूकता प्रचार प्रसार अभियान का दूसरा चरण शुक्रवार को संपन्न हुआ। दूसरे चरण के अंतिम दिन विकास खंड ऊना के तहत बसोली और सासन में जागरूकता कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। इस दौरान पूर्वी कलामंच जलग्रां टब्बा के कलाकारों स्थानीय वासियों को गीत-संगीत और नुक्कड़ नाटकों के माध्यम से सरकारी नीतियों, कार्यक्रमों और जन कल्याणकारी योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक किया। साथ ही उन्होंने लोगों को नशे से होने वाले दुष्प्रभावों से भी अवगत करवाया। सूचना एवं जन संपर्क विभाग से संबद्ध नाटयों दल के कलाकारों ने जागरूकता कार्यक्रमों बताया कि अनुसूचित जाति के व्यक्तियों पर जाति भेदभाव के कारण अत्याचार होने पर अत्याचार निवारण अधिनियम 1989 की धारा 3 के अंतर्गत पुलिस में दर्ज मामले के तहत कम से 25 हजार रुपए और अधिकतम 8,25,000 रुपए पुनर्वास राहत राशि का प्रावधान है। हत्या के मामले में मृतक की विधवा को 5 हजार रुपए बेसिक पर वर्तमान मंहगाई भत्ता प्रतिशतता की गणना करके प्रतिमाह राशि पेंशन के रूप में भी दी जाती है।

# विवेक शर्मा ने प्रभावितों को दी राशन किटें

अनंत ज्ञान, बंगाणा



कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा ने एक बार फिर जनसेवा और मानवीय संवेदनशीलता की मिसाल पेश की है। शुक्रवार को उन्होंने क्षेत्र की पंचायत बल्ह और छपरोह का दौरा कर आपदा प्रभावित परिवारों को राहत सामग्री और राशन किटें वितरित कीं।

इस दौरान उन्होंने गांव-गांव जाकर नुकसानग्रस्त मकानों, गिरे हुए डंगों और लहासों का जायजा लिया। विधायक ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रभावित परिवारों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और राहत कार्यों में कोई देरी न की जाए। विवेक शर्मा ने कहा कि आपदा के इस कठिन समय में सरकार और जनप्रतिनिधि जनता के साथ मजबूती से खड़े हैं। मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कुटलैहड़ क्षेत्र में आपदा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास और पुनर्निर्माण के लिए 32 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृत की है। यह राशि विशेष रूप से उन मकानों के लिए है, जो हालिया बारिश और भूस्खलन से क्षतिग्रस्त हुए हैं। बल्ह पंचायत में विधायक ने दर्जनों परिवारों को राशन किटें प्रदान कीं और सुनिश्चित किया कि किसी को खाने या आश्रय की समस्या न हो। उन्होंने विशेष रूप से बुजुर्ग महिला लीला देवी को व्हीलचेयर भेंट कर मानवता की नई मिसाल कायम की। ग्रामीणों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनका जनसेवा के प्रति समर्पण उन्हें सच्चा लोकसेवक साबित करता है। विवेक शर्मा ने बताया कि कुटलैहड़ क्षेत्र के कई हिस्सों में लिंक रोड, पक्के रास्ते और सड़कों की मरम्मत का कार्य तेजी से शुरू हो गया है। बरसात के कारण बंद हुए संपर्क मार्ग खोलने के लिए पीडब्ल्यूडी और पंचायत विभाग के अधिकारियों को प्राथमिकता के साथ काम करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित भूमि का चयन भी किया जा चुका है, जहां शीघ्र पक्के मकान बनाए जाएंगे। इस मौके पर प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद थे। विधायक ने कहा, हमारा उद्देश्य है कि कुटलैहड़ में कोई ऐसा परिवार न रहे जो आपदा के कारण परेशान हो। मुख्यमंत्री के सहयोग से 32 करोड़ रुपये की राशि से क्षेत्र को आपदा मुक्त बनाना हमारा लक्ष्य है। राहत वितरण के साथ-साथ शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और जल सुविधाओं के विकास के लिए नई योजनाएं भी बनाई जा रही हैं।

# स्पेलिंग की गलती पर शिक्षक निलंबित लेकिन गंभीर आरोपों पर अधिकारी लापता!

अनंत ज्ञान, गोंदपुर बनेहड़ा

## आरोपी ऊना के एसडीएम को पद से हटाया

कुछ हफ्ते पहले सोशल मीडिया पर वायरल हुए एक बैंक चेक की तसवीर, जिसमें एक टीचर द्वारा भरी गई राशि की स्पेलिंग गलत थी। वहीं, हिमाचल प्रदेश सरकार के शिक्षा विभाग द्वारा उस टीचर को इस कथ्य से निलंबित किया गया कि उस टीचर के गलत स्पेलिंग के कारण हिमाचल प्रदेश की छवि पूरे प्रदेश और देश में खराब हुई है, लेकिन जब बात एक प्रशासनिक अधिकारी की आई, तब सरकार को प्रदेश की यह छवि क्यों याद नहीं आई।

बता दें कि जब प्रदेश के एक प्रशासनिक अधिकारी पर रेप इन प्रॉमिस ऑफ मेरिज के आरोप लगे, तब वह अधिकारी जिले से ऐसे बत्ती गुल हुए कि जिला प्रशासन के उस आरोपी को ढूढ़ने में सांसे फूल गईं। आरोपी जहां प्रदेश की उच्च न्यायालय में जमानत के लिए गुहार लगाने के लिए पहुंचा, तब जमानत तो नहीं मिली और अधिकारी गायब रहा। वहीं, कुछ ही दिनों में अधिकारी की पीड़िता से समझौते की खबर सामने आई और कोर्ट में भी यह बात सिद्ध हुई, लेकिन प्रश्न उठता है कि क्या इन सभी गतिविधियों ने देवभूमि के नाम से सुप्रसिद्ध हिमाचल प्रदेश का नाम पूरे भारत में खराब नहीं किया, जब आरोपी पीड़िता से समझौते की बात कर सकता है, तब जिला प्रशासन आरोपी को पकड़ क्यों नहीं पाया। प्रशन उठता है क्या कानून सबसे लिए एक समान है? सोचने का विषय है कि उस बैंक चेक को लिखने वाले कि गलती क्या उस दुष्कर्म वाले आरोपी की गलती से भी बढ़ी है। शुक्रवार शाम को मिली जानकारी के अनुसार आरोपी अधिकारी को उसके पद से हटा दिया गया है। परंतु गंभीरता का विषय है कि सरकार और प्रशासन को इस निर्णय तक पहुंचने में इतनी देरी क्यों हुई। जिला ऊना में यह मामला प्रबुद्ध वर्ग, बुजुर्गों और महिलाओं के बीच तीखी मिर्च के समान गरमाया हुआ है।

नाम न बताने की शर्त पर लोगों का कहना है कि सरकारें महिल सशक्तिकरण के नारे तो बढ़े-बढ़े लगाती हैं, लेकिन धरातल पर कुछ और ही दृश्य दिखता है। हिमाचल की संस्कृति पर ऐसे अधिकारियों की ऐसी गतिविधियां बोझ के समान हैं। आमजनमानस से जब इस बारे में बात की गई, तब लोगों का मानना था कि सरकार को ऐसे अधिकारियों पर रोक लगानी चाहिए और महिलाओं की सुरक्षा के लिए उचित नीतियां अमल में लानी चाहिए।

# एनएसएस शिविर में गूंजा समाजसेवा का स्वर, युवाओं ने दिखाया उत्साह व समर्पण

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

**लठियानी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रायपुर मैदान में आयोजित सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) विशेष शिविर के अंतर्गत विद्यार्थियों में चेतना, सेवा भाव और अनुशासन का अद्भुत संगम देखने को मिला।

शिविर के दौरान प्रातःकाल स्वयंसेवियों ने प्रभात फेरी निकालते हुए भजन-कीर्तन किया और गांववासियों को सामाजिक जागरूकता का संदेश दिया। स्थानीय लोगों ने इस प्रयास की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय न केवल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दे रहा है, बल्कि विद्यार्थियों को समाज के प्रति जिम्मेदार नागरिक भी बना रहा है। इसके पश्चात स्वयंसेवियों ने योगाभ्यास कर तन-मन को जागृत किया और फिर विद्यालय प्रांगण में विविध प्रकार की रंगोलियां बनाकर वातावरण को सुंदर और सकारात्मक ऊर्जा से भर दिया। इन कलाकृतियों को देखकर उपस्थित जनसमुदाय मंत्रमुग्ध हो गया। स्वयंसेवी कविता ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा, कि राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से हमें समाज के प्रति अपने कर्तव्यों का बोध होता है।

यह मंच हमें नेतृत्व, सहयोग और सेवा जैसे गुणों से समृद्ध करता है। हम यहां केवल शारीरिक श्रम ही नहीं, बल्कि आत्मिक शुद्धि और सामाजिक चेतना भी प्राप्त करते हैं। शिविर में स्वयंसेवी संजीव कुमार ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि शोभा मैडम ने हमें सामाजिक गतिविधियों की महत्ता के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने यह समझाया कि एक जागरूक नागरिक बनने के लिए केवल पुस्तकीय ज्ञान पर्याप्त नहीं, बल्कि समाज के विविध पक्षों को समझना और उनके प्रति जिम्मेदारी निभाना भी आवश्यक है।

# छात्रों ने पेश किए नवाचार से भरपूर मॉडल

अनंत ज्ञान, गगरेट

प्रदेश में तकनीकी शिक्षा के क्षेत्र को सुदृढ़ व व्यावहारिक बनाने के उद्देश्य से राजकीय बहुतकनीकी संस्थानों में अध्ययनरत छात्रों की प्रतिभा को निखारने के लिए राज्य स्तरीय कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

यह प्रतियोगिता वीरवार को डॉ. बीआर अंबेडकर राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, अंबोटा में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता में इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन तथा आर्किटेक्चर शाखा के प्रतिभागियों ने भाग लिया। छात्रों ने अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट मॉडल प्रस्तुत कर इंजीनियरिंग की संभावनाओं और नवाचार का बेहतरीन प्रदर्शन किया। आर्किटेक्चर शाखा में प्रथम पुरस्कार राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, सुंदरनगर को प्राप्त हुआ, जबकि इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन शाखा में राजकीय बहुतकनीकी संस्थान, प्रगतिनगर ने प्रथम स्थान हासिल किया। संस्थान के प्राचार्य प्रदीप कुमार ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए प्रारंभिक दौर की चयन प्रक्रियाएं संबंधित संस्थानों में 18 सितंबर को आयोजित की गई थीं। इन संस्थान स्तरीय प्रतियोगिताओं में प्रथम व द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर मिला। यह प्रतियोगिता तकनीकी शिक्षा विभाग द्वारा राज्य स्तर पर पहली बार आयोजित की गई है, जिसमें विभिन्न शाखाओं की स्पर्धाएं प्रदेश के अलग-अलग बहुतकनीकी संस्थानों में आयोजित की गईं। आर्किटेक्चर शाखा की प्रतियोगिता का मूल्यांकन जूरी सदस्य आर्किटेक्चर विभाग के विभागाध्यक्ष अरुण राणा, रेहण संस्थान के विभागाध्यक्ष राजीव भारद्वाज तथा सुंदरनगर से हंस राज द्वारा किया गया।




अंबोटा में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागी ज्यूरी मेंबर के साथ।

# स्वास्तिक अरोग्या नर्सिंग होम रोपड़ में भरे जाएंगे 22 पद

**अनंत ज्ञान, ऊना।** स्वास्तिक अरोग्या नर्सिंग होम नंगली, रोपड़ में स्टाफ नर्स के 20 और ओटी(टैक्निशियन) के 2 पद भरे जाएंगे। इन पदों के लिए साक्षात्कार 15 अक्तूबर को सुबह 10.30 बजे जिला रोजगार कार्यालय ऊना में आयोजित किया जा रहा है। जिला रोजगार अधिकारी ऊना अक्षय शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए शैक्षणिक योग्यता एएनएम, जीएनएम, बीएससी नर्सिंग, डिप्लोमा ओटीटी और बीएससी ओटीटी होना अनिवार्य है। अभ्यर्थी की आयु 21 से 40 वर्ष निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि योग्य व इच्छुक अभ्यर्थी योग्यता प्रमाण पत्र, जन्मतिथि प्रमाण पत्र, रोजगार कार्यालय पंजीकरण कार्ड, आधार कार्ड, दो पासपोर्ट आकार की फोटो, बायोडाटा की कॉपी व मूल प्रमाण पत्रों सहित साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए 82890-30599 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही, साक्षात्कार में आने जाने का यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

**आयोजन** रायपुर मैदान में राष्ट्रीय सेवा योजना का शिविर के अंतर्गत करवा चौथ पर्व पर आयोजित मेहंदी कार्यक्रम बना आकर्षण का केंद्र

# छात्राओं की रचनात्मकता और समर्पण ने जीता ग्रामीणों का दिल

विनोद शर्मा, अनंत ज्ञान

**लठियानी।** राजकीय विशिष्ट माध्यमिक पाठशाला, रायपुर मैदान में चल रहे राष्ट्रीय सेवा योजना के विशेष शिविर के दौरान करवा चौथ व्रत के उपलक्ष्य में आयोजित मेहंदी कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान ला दी। इस अवसर पर स्वयंसेवी छात्राओं ने अपनी रचनात्मकता, समर्पण और संवेदनशीलता का परिचय देते हुए ग्रामीण महिलाओं के हाथों पर पारंपरिक एवं आधुनिक डिजाइनों से सुंदर मेहंदी लगाई। हर महिला के हाथों पर रची मेहंदी जैसे संस्कृति, सौंदर्य और परंपरा का जीवंत संगम बन गई। यह दृश्य अत्यंत मनोहारी था, जिसमें छात्राओं की मेहनत, लगन और कला के प्रति प्रेम स्पष्ट रूप से झलक रहा था। उन्होंने न केवल एक परंपरा को जीवंत किया, बल्कि उसमें अपनी सृजनात्मकता का भी अद्भुत समावेश किया। करवा चौथ भारतीय संस्कृति में पति-पत्नी के पवित्र संबंध को मजबूत करने वाला विशेष पर्व है। इस दिन विवाहित महिलाएं दिनभर उपवास रखकर अपने पति की लंबी उम्र, स्वास्थ्य और समृद्धि की कामना करती हैं। शाम को चंद्र दर्शन और पूजन के पश्चात व्रत संपन्न होता है। यह त्योहार प्रेम, समर्पण और विश्वास का प्रतीक माना जाता है।




करवा चौथ व्रत के उपलक्ष्य में आयोजित मेहंदी कार्यक्रम ने ग्रामीण महिलाओं के चेहरे पर मुस्कान ला दी।

## ग्रामीण महिलाओं की प्रतिक्रियाएं

**इस** कार्यक्रम से अभिभूत गांव की महिलाओं ने छात्राओं की कला की दिल खोलकर सराहना की। सारिका देवी ने कहा, रजनी ने जिस तरह मेरे हाथों पर मेहंदी लगाई, वह अद्भुत था। उसकी कलाकारी और सलीका देख कर दिल से दुआ निकल पड़ी। अनीता देवी ने कहा, कोमल द्वारा रचाई गई मेहंदी इतनी सुंदर थी कि यह विश्वास ही नहीं हुआ कि इसे किसी छात्रा ने बनाया है। डिज़ाइन की बारीकी और कलात्मकता लाजवाब थी। वीना देवी ने भावुक होकर कहा, रितिका की उंगलियों से मानो जादू झर रहा था। उसकी कला में आत्मीयता और पारंपरिक सौंदर्य का अद्भुत संगम था।

## एक संस्कृति और सेवा भाव से परिपूर्ण आयोजन

**यह** कार्यक्रम केवल एक मेहंदी उत्सव नहीं, बल्कि संस्कृति और सेवा का सजीव संगम था। छात्राओं ने पारंपरिक, आधुनिक एवं वैवाहिक डिजाइनों से महिलाओं के हाथों को सजाया। पूरे वातावरण में उत्साह, सौंदर्य और संस्कृति की खुशबू घुल गई थी। कुछ समय के लिए ऐसा लगा मानो मेहंदी की एक अनौपचारिक प्रतियोगिता हो रही हो एक से बढ़कर एक डिजाइन, भावनाओं से भरी बातचीत और मुस्कुराते चेहरे इस आयोजन को अविस्मरणीय बना रहे थे। राष्ट्रीय सेवा योजना की छात्राओं ने यह साबित किया कि सेवा केवल कार्यों से नहीं, बल्कि भावनाओं, समर्पण और रचनात्मकता से भी होती है। यह आयोजन जहां ग्रामीण महिलाओं के लिए सौंदर्य और उल्लास का उत्सव बना, वहीं छात्राओं के लिए समाज से जुड़ने, सीखने और समझने का सुनहरा अवसर। कार्यक्रम अधिकारी पवन कुमार ने छात्राओं की प्रशंसा करते हुए कहा, स्वयंसेवी छात्राओं ने शिविर के दौरान मनमोहक मेहंदी लगाकर गांव की महिलाओं को खुश कर दिया। हमारे विद्यार्थियों में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता है तो उन्हें सही मंच और अवसर देने की।

# ऊना में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री व उपयोग की अनुमति

अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना



जिलाधीश जतिन लाल ने दीपावली और अन्य त्योहारों के मद्देनजर पटाखों की बिक्री और उपयोग को लेकर विशेष आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार, ऊना जिले में केवल ग्रीन पटाखों की बिक्री, भंडारण और उपयोग की अनुमति होगी। यह निर्देश राष्ट्रीय हरित अधिकरण और सुप्रीम कोर्ट के आदेशों का पालन करते हुए जारी किए गए हैं।

पटाखों की बिक्री करने वाले सभी विक्रेताओं को संबंधित एसडीएम से अस्थायी लाइसेंस लेना अनिवार्य है, जो ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन भी प्राप्त किया जा सकता है। बिना लाइसेंस के पटाखों की बिक्री पर कड़ा प्रतिबंध रहेगा। उपायुक्त ने कहा कि प्रत्येक एसडीएम अपने-अपने क्षेत्र में ग्रीन पटाखों की बिक्री के लिए स्थानों का निर्धारण करेंगे, जबकि संबंधित पुलिस अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि केवल ग्रीन पटाखों की ही बिक्री हो। उपायुक्त के आदेशानुसार, दीपावली और अन्य त्योहारों पर पटाखों का उपयोग रात 8 बजे से 10 बजे तक सीमित रहेगा, जबकि क्रिसमस और नववर्ष की पूर्व संध्या पर पटाखों का उपयोग रात 11.55 बजे से 12.30 बजे तक किया जा सकेगा। पुलिस को निर्देशित किया गया है कि इन समय-सीमाओं के बाहर पटाखों का उपयोग न हो और प्रतिबंधित पटाखों की बिक्री न की जाए। किसी भी उल्लंघन की स्थिति में संबंधित थाना प्रभारी उत्तरदायी होंगे। उपायुक्त ने ग्रीन पटाखों की सुरक्षा और भंडारण के लिए भी विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं। निर्देशों में कहा गया है कि ग्रीन पटाखों को गैर-ज्वलनशील सामग्री से बने शेड में रखा जाए।

शेडों के बीच कम से कम 3 मीटर की दूरी होनी चाहिए और वे एक-दूसरे के सामने न हों। शेड के 50 मीटर के दायरे में पटाखों का प्रदर्शन वर्जित रहेगा। शेड में तेल या गैस लैंप का उपयोग नहीं किया जाएगा, और विद्युत स्विच दीवारों से सटे होने चाहिए। एक क्लस्टर में पचास से अधिक दुकानें नहीं होनी चाहिए। दुकानों को कम से कम 6 मीटर चौड़ी, साफ और मोटर योग्य सड़क पर स्थित होना चाहिए, जिसमें आग बुझाने के लिए आसान पहुंच बनाई जा सके। आगजनी की किसी भी घटना से निपटने के लिए दुकान/स्टॉल में पर्याप्त पानी तथा फायर एक्सटिंग्यूशर व रेत से भरी बाल्टियां का होना जरूरी है। बिक्री क्षेत्र का चयन करने से पहले स्थानीय फायर अधिकारी से परामर्श लेना आवश्यक है। ग्रीन पटाखों को दुकान की खिड़की में नहीं रखा जा सकता, और इन्हें चिंगारी-रोधी कंटेनर में या उनकी मूल सील पैकेजिंग में सुरक्षित रखना चाहिए। उपायुक्त ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को एसडीएम से लाइसेंस प्राप्त किए बिना ग्रीन पटाखों का स्टॉक और बिक्री करने की अनुमति नहीं होगी। अस्थायी लाइसेंस ईज ऑफ डूइंग बिजनेस के तहत ई-डिस्ट्रिक्ट पोर्टल से भी प्राप्त किए जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त, उपायुक्त ने सभी उप-मंडल अधिकारियों और पुलिस अधिकारियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। यह कदम त्योहारों के दौरान जन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है।

# सुहागिनों ने चांद का दीदार कर खोला व्रत

कमलेश वर्मा, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**कुल्लू।** पति की लंबी आयु की कामना के लिए रखा जाने वाला अखंड सौभाग्य का व्रत करवाचौथ शुक्रवार को कुल्लू जिले में धूमधाम से मनाया। करवा चौथ का व्रत रख और चांद का दीदार कर सुहागिनों ने पति की लंबी उम्र की कामना की। रात को चांद का दीदार करने पर ही सुहागिनों ने पूरे उत्साह और श्रद्धा से अघ्र्य देकर अपना व्रत पूर्ण किया।

शुक्रवार को करवाचौथ का व्रत होने के कारण जिले के सभी बाजारों में भी खूब रौनक रही। कई मुहल्लों में तो सुहागिनों ने एकत्र होकर करवाचौथ की पूजा कर यह त्योहार मनाया। सुहागिनों ने करवे को अच्छी तरह से सजा कर अपने सुहाग की रक्षा करने के लिए मनोकामना की। करवे का पूजन करने के अवसर पर त्योहार मनाए जाने की कथा भी सुनाई गई। महिलाओं ने करवे की पूजा करने के बाद एक दूसरी को मेंहदी लगाई। सुहागिन महिला तनु, भावना, सुमिता, प्रेरणा, इंदु नवनीत भारद्वाज,, दीपा, कमला, श्रेष्ठा शर्मा, रमा, सपना ठाकुर, सोनू सिंह, उमा ठाकुर ने बताया कि करवा चौथ की कथा सुने बिना व्रत अधूरा ही रहता है। उन्होंने आज के पवित्र दिन अपने सुहाग की रक्षा के लिए भगवान से वरदान मांगा। व्रत खोलने के बाद सुहागिनों ने अपने बुजुर्गो को दिया और उनसे आशीर्वाद लिया। वहीं, सुहागिनों की तर्ज पर जिला में कई अविवाहित कन्याओं ने भी करवा चौथ का व्रत रखा। इनमें वह कन्याएं भी शामिल थीं जिनका निकट भविष्य में विवाह होने वाला है। इस संबंध में शहर की रहने वाली स्नेहा, सुप्रिया, मोनिका, अंजली, युवक राजीव, अक्षित ने बताया कि वह बचपन से व्रत की महत्ता सुनते आए हैं, व्रत बहुत ही फलदायक व महत्वपूर्ण हैं इस व्रत को करने से सभी अविवाहित लड़कियों की मनोकामना पूरी होती हैं। व्रत को रखने के पीछे उनकी मूल भावना यही रही कि उन्हें जीवन में एक ऐसा लड़का मिले कि जो उनके जीवन में कदम से कदम मिला कर चल सके। अविवाहित युवक व युवतियों द्वारा रखे गए करवाचौथ व्रत और सुहागिनों द्वारा रखे गए करवाचौथ व्रत एक बड़ा अंतर केवल इतना है कि सुहागिनों ने जहां चांद को देखकर उसे अर्घ देकर अपना व्रत खोला वहीं, अविवाहित युवक युवतियों ने गणपतिजी की आराधना करते हुए तारों को देखकर अपना व्रत पूरा किया। व्रत रखने वाले अविवाहित युवक युवतियों ने बताया कि जो भी लड़की व्रत को श्रद्धा व विश्वास के साथ रखती हैं मां सती उनकी मनोकामना अवश्य पूर्ण करती हैं।



पति की दीर्घायु के लिए रखे करवाचौथ व्रत के लिए सजी अखाड़ा बाजार की महिलाएं।

### लाहौल-स्पीति में महिलाएं नहीं करती करवाचौथ का व्रत

**लाहौल**-स्पीति की महिलाएं करवाचौथ का व्रत नहीं रखती हैं। हालांकि, अभी कुछ सालों से युवा पीढ़ी व्रत रखने लगी है, लेकिन बुजुर्गो के अनुसार जनजातीय जिले में करवाचौथ का व्रत या अन्य त्योहार कम ही मनाए जाते हैं। लाहौल-स्पीति की कमला, टशी डोलमा, अंगमो बोध, सोनम ने बताया कि उनकी शादी को 15-20 साल हो गए हैं, लेकिन उन्होंने कभी भी करवाचौथ का व्रत नहीं रखा है। उनके अनुसार जो लोग लाहौल में रहते हैं, वह इस व्रत को नहीं रखते, लेकिन कुल्लू या अन्य जिलों और राज्यों में रह रहे कुछ लाहौली लोग अब इस व्रत को रखती हैं और पूरे विधि-विधान के अनुसार चांद का दीदार कर व्रत को खोलती हैं।

### ग्रामीण महिलाओं पर भी चढ़ा करवाचौथ का खुमार

**पति** की दीर्घायु के लिए जहां करवाचौथ पर शहर की सुहागिनों ने व्रत रखे हैं। वहीं, ग्रामीण महिलाओं ने भी अब सुहाग की लंबी उम्र के लिए व्रत रखने शुरू कर दिए हैं। आधुनिकता के दौर में अब ग्रामीण महिलाओं को भी करवाचौथ का खुमार चढ़ गया है। करवाचौथ के दिन हर सुहागिनों की जिंदगी का अहम दिन होता है और पति की दीर्घायु के लिए उपवास रखती है। सोलह श्रृंगार करके और व्रत के कठिन नियमों को बड़ी सहजता और सादगी से निभाती हैं। ऐसी स्थिति में भी ग्रामीण महिलाएं भी नई युवा पीढ़ी को देखते हुए करवाचौथ के व्रत में दिलचस्पी दिखाने लगी है। जिला की हलाण पंचायत की सीमा, ज्योति, रीना, व सैंज घाटी के रैला गांव की कमला देवी, पुष्पा ठाकुर, अत्या, विद्या व प्रभा ने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाएं खेत खलियान के कार्य में व्यस्त रहती हैं और अपने लिए समय नहीं निकाल पाती लेकिन इस व्रत के बहाने से चाहे थोड़ी ही देर सही लेकिन अब अपने गांव व घरों की युवा सुहागिनों और अन्य महिलाओं के साथ करवाचौथ की विधिवत पूजा-अर्चना और हंसी मजाक करके अपनी थकान भी मिटा लेती हैं।

# कुल्लू, मनाली में पर्यटन ने पकड़ी रफ्तार

## सप्ताहांत के चलते आज बाहरी राज्यों से पहुंची 50 से अधिक लग्जरी बसें

अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग

ताजा हिमपात के बाद कुल्लू मनाली सहित लाहुल के पहाड़ बर्फ से लद गए हैं। शुक्रवार को घाटी में धूप खिलते ही पहाड़ चांदी सा चमक उठे। ताजा हिमपात के चलते सप्ताहांत में पर्यटकों की चहलकदमी बढ़ी है।

पर्यटन की रीढ़ कही जाने वाली लग्जरी बसों में भी बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार सुबह बाहरी राज्य से 50 से अधिक बसे मनाली पहुंची है। हालांकि अभी छोटे पर्यटक वाहनों की आमद कम है। गत दिनों बारिश से हुई तबाही के बाद बाहरी राज्यों के पर्यटक अपने वाहन लाने के बजाए लग्जरी बसों को प्राथमिकता दे रहे है। हालांकि मनाली में हालात सामान्य हो गए हैं जिससे अब छोटे वाहनों की आमद भी बढ़ने की उम्मीद है। शुक्रवार को 160 से अधिक छोटे वाहन शाम चार बजे तक पहुंच गए हैं जबकि आंकड़ा दो सौ के पार रहने की उम्मीद है। होटल कारोबारी विम्पी बक्शी, विनीत मेंहदीरता, संजय वर्मा, किशन राणा व रवि मिन्हास ने बताया कि फिलहाल पर्यटन कारोबार ढीला है। होटलों में आक्यूपेंसी भी 25 से 30 प्रतिशत ही चल रही है। उन्होंने बताया कि सप्ताहांत में दो तीन अवकाश होने के चलते आमद बढ़ने की उम्मीद है। होटल एसोसिएशन के निवर्तमान उपाध्यक्ष रोशन ठाकुर ने बताया कि पहाड़ों में अच्छी बर्फबारी हुई है। हालांकि अभी पर्यटकों की आमद कम है लेकिन आने वाले दिनों में पर्यटन कारोबार के गति पकड़ने की उम्मीद है। ताजा हिमपात के बाद पर्यटन स्थलों में पर्यटकों का मेला लग गया है। रोहतांग दर्रा अभी पर्यटकों के लिए बंद है। दर्रा बंद होने के चलते शुक्रवार को अटल टनल, सिस्सु व कोकसर पर्यटकों के स्नो प्वाइंट बन गए। पर्यटकों ने दिन भर खिली धूप के बीच बर्फ की खेलों का आनंद लिया। कोकसर व सिस्सु के पर्यटन कारोबारी दोरजे, पालजोर व रतन ने बताया कि शुक्रवार को अटल टनल, सिस्सु व कोकसर में पर्यटकों की खूब चहलकदमी देखने को मिली। डीएपी मनाली केडी शर्मा ने बताया कि रोहतांग दर्रा हिमपात के चलते फिलहाल बंद है। उन्होंने बताया कि जल्द ही दर्रा पर्यटकों के लिए बहाल हो जाएगा।



शुक्रवार को घाटी में धूप खिलते ही पहाड़ चांदी सा चमक उठे।

## 2013 से 2015 के निर्णयों व याचिकाओं से संबंधित दस्तावेज होंगे नष्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** जिला उपभोक्ता आयोग मंडी, कुल्लू, लाहौल-स्पीति व बिलासपुर के अध्यक्ष ने कहा कि आयोग के कार्यालय द्वारा वर्ष 2013, 2014 एवं 2015 की अवधि अर्थात 1 जनवरी 2013 से 31 दिसंबर 2015 तक के निर्णीत शिकायतों, निष्पादन याचिकाओं तथा अन्य विविध आवेदन से संबंधित अभिलेखों को नष्ट किए जाने की प्रक्रिया आरंभ की जा रही है।

यदि किसी व्यक्ति को उपरोक्त अवधि के आदेशों या मूल अभिलेखों की प्रतिलिपि की आवश्यकता हो, तो वे इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 30 दिनों के भीतर आवेदन प्रस्तुत कर आवश्यक शुल्क जमा कर उक्त अभिलेखों की प्रतिलिपि प्राप्त कर सकते हैं।

# जच्छणी बैली ब्रिज नहीं बनता, तो आज तक शेष दुनिया से कटे होने थे मणिकर्ण घाटी के लोग: किशन ठाकुर

अनंत ज्ञान भुंतर

मणिकर्ण होटलियर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशन ठाकुर ने कहा है कि मणिकर्ण घाटी को जोड़ने वाले दोनों जच्छणी बैली ब्रिज का निर्माण न होता तो आज तक घाटी के लोग शेष दुनिया से कटे रहते।

उन्होंने बताया कि इन पुलों के जल्द बनने से घाटी के पर्यटन और व्यापार को काफी लाभ हुआ है, साथ ही किसान और बागवान भी अपने सेब व अन्य उत्पाद बाजार तक पहुंचा पाए हैं। किशन ने कुछ भाजपा नेताओं पर आरोप लगाया, जिनका घाटी से कोई संबंध नहीं है, वे सोशल मीडिया और मीडिया में यह गलत बयान दे रहे हैं कि जच्छणी में बने वैली ब्रिज बिना टेंडर के लगाए गए हैं। उन्होंने कहा, अगर टेंडर प्रक्रिया अपनाई जाती तो आज तक जच्छणी के वैली ब्रिज नहीं बन पाते। अगर ये पुल न बनते तो बागवानों के सारे सेब और अन्य उत्पाद बगीचों में सड़ जाते, साथ ही पर्यटन और व्यापार भी पूरी तरह ठप हो जाता। उन्होंने आगे कहा कि पुलों का निर्माण विधायक सुंदर ठाकुर ने अपने लाडा कोष से करवाया है, जिसमें लगभग ढाई करोड़ रुपए खर्च हुए हैं। किशन ठाकुर ने बताया कि अगर सड़क बहाल नहीं होती तो दशहरे के समय घाटी के लोग बाहर नहीं आ पाते। उन्होंने भाजपा के कुछ लोगों पर साजिश रचने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनका मकसद घाटी के पर्यटन और बागवानों को नुकसान पहुंचाना है।

मणिकर्ण घाटी की सड़कें काफी क्षतिग्रस्त हो चुकी हैं और विधायक सुंदर ठाकुर ने इन क्षतिग्रस्त जगहों का सर्वे और पैमाइश करवा कर शीघ्र मरम्मत के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि भुंतर में वैली ब्रिज लगना भी जरूरी था, क्योंकि अगर वह पुल नहीं लगता तो जच्छणी के पुल भी नहीं लग पाते। अंत में उन्होंने कहा कि विधायक सुंदर ठाकुर ने मणिकर्ण घाटी के हित में भुंतर समेत तीन महत्वपूर्ण ब्रिज लगवाए हैं।



## कुल्लू में अधिकांश सड़कें यातायात के लिए बहाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू।** उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश ने बताया कि जिला कुल्लू में अधिकांश सड़क मार्ग यातायात के लिए बहाल कर दिए गए हैं तथा स्थिति सामान्य हो रही है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन और पुलिस द्वारा लगातार सड़कों की स्थिति पर निगरानी रखी जा रही है, ताकि लोगों को यातायात सुविधा में किसी प्रकार की कठिनाई न हो।

उन्होंने बताया कि ओट से बंजार तक सड़क मार्ग यातायात के लिए खुला है और बंजार तथा गुशैनी तक बसों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय उच्च मार्ग 305 पर भूस्खलन वाले पॉइंट्स पर क्रेट इत्यादि लगाने का कार्य जारी है। उन्होंने बताया इसके अतिरिक्त भी इस क्षेत्र के शरची और बायपास सड़क मार्ग को खोलने का कार्य भी युद्धस्तर पर जारी है। इसके अलावा सभी सड़कों को छोटे वाहनो के लिये खोल दिया गया है। उन्होंने बताया कि भुंतर से मणिकरण सड़क मार्ग पर भी बसों की आवाजाही सुचारू रूप से जारी है। डीसी ने कहा कि कुल्लू से मनाली तक का यातायात लेफ्ट बैंक मार्ग (नगर होकर) संचालित किया जा रहा है, जबकि मनाली से कुल्लू आने वाले वाहनों के लिए राइट बैंक मार्ग पर आवागमन सुचारू है।

# हार के डर से पंचायत चुनावों से भागी कांग्रेस : अखिलेश कपूर

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकार ने पंचायत चुनाव टालकर यह साबित कर दिया है कि वह हार के डर से लोकतंत्र से भाग रही है, क्योंकि कांग्रेस को भलीभांति पता है कि अगर चुनाव समय पर होते तो उसकी करारी हार निश्चित थी इसलिए अब सरकार खराब सड़कों का बहाना बनाकर जनता के बीच जाने से कतराने लगी है।

भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता अखिलेश कपूर ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री और उनकी सरकार जनता की अदालत में जवाब देने से डर रही है क्योंकि जनता अब झूठे वादों और असफल गारंटियों का हिसाब मांग रही है। अखिलेश कपूर ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की झूठी दस गारंटियां आज उसके गले की फांस बन चुकी हैं। आज न तो प्रदेश की 28 लाख महिलाओं को 1500 प्रति माह मिले हैं और न युवाओं को 5 लाख पक्की नौकरी मिली। इसके अलावा न किसानों-बागवानों को राहत मिली और न ही कर्मचारियों को उनकी समस्या का कोई स्थायी समाधान मिला। उन्होंने कहा कि हर वर्ग में कांग्रेस के प्रति असंतोष और आक्रोश गहराता जा रहा है। कांग्रेस सरकार युवा, महिला, कर्मचारी और किसान विरोधी है और झूठे वादे कर प्रदेश में किसी भी वर्ग का साथ नहीं दिया है। अखिलेश कपूर ने कहा कि जनता अब इस सरकार के असली चेहरे को पहचान चुकी है। इसलिए कांग्रेस चुनाव से भागकर जनता की आवाज दबाने की कोशिश कर रही है। प्रदेश प्रवक्ता ने कहा कि भाजपा पहले ही आगाह कर चुकी थी कि आपदा से जनता त्रस्त है, लेकिन उस समय सरकार ने सब कुछ ठीक बताकर जनता को भ्रमित किया, लेकिन अब जब जवाब देने और जनता का सामना करने का समय आया है। तो वही सरकार बहानेबाजी पर उतर आई है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को अब अपने प्रत्याशी तक नहीं मिल रहे इसलिए वह प्रशासनिक हथकंडों से लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रही है। अखिलेश कपूर ने कहा कि पंचायत चुनाव टालना केवल एक प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि यह लोकतंत्र की जड़ों पर सीधा प्रहार है।

# रफ्तार के जादूगरों ने दिखाया खूब दमखम

एम बोकटापा, अनंत ज्ञान

**मनाली।** पर्यटन नगरी मनाली में आयोजित रैली ऑफ हिमालय के पहले दिन रफ्तार के जादूगरों ने खूब दमखम दिखाया।

पहले दिन रैली का आयोजन कोठी से मढ़ी तक किया गया। जिसमें 140 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें तीन महिलाएं भी शामिल हैं। कोठी से मढ़ी के मध्य आयोजित की गई पहले दिन के कार कैटेगिरी में शशांक जमवाल, अर्णव प्रताप सिँह, आर्यक राणा क्रमशः पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। इसी तरह बाइक कैटेगरी में धीर्तिमान सिंह, हैप्पी वर्मा और नितीश भारद्वाज पहले दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। प्रतिभागी धीर्तमान सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता मे कड़ी सपर्दा देखने को मिल रही है। सभी प्रतिभागी काफ़ी अनुभवी हैं और एक दूसरे को कडी टक्कर दे रहे हैं। उन्होने कहा कि पिछले दिनों हुई बारिश और बर्फबारी के कारण सड़कों की हालत खराब है जिस कारण सभी प्रतिभागियों को बहुत ही सावधानी बर्तते हुए और समय का ध्यान रखते हुए रैली के प्रथम चरण को पूरा करने का प्रयास कर रहे हैं।वंही रैली ऑफ़ हिमालया के आयोजक सुरेश राणा ने बताया कि सभी प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक प्रथम चरण को पूरा कर लिया है और रैली का दूसरा चरण मनाली के प्रीणी से हामटा तक का रहेगा जो प्रतिभागियों के लिए और अत्यधिक चुनौती पूर्ण रहेगा। उन्होंने कहा कि मनाली में आयोजित की जा रही इस रैली में देश के अलग-अलग होने सहित विदेश से भी प्रतिभागी भाग लेने के लिए पहुंचे हुए हैं। सुरेश राणा ने कहा कि यह इस रैली का पांचवा संस्करण है और इसका उद्देश्य मनाली में पर्यटन को बढ़ावा देना, लोगों को सड़क सुरक्षा और ट्रैफिक नियमों के बारे में जागरूक करना है।





रैली ऑफ हिमालय के पहले दिन रैली में रवाना होते वाहन

# मतदाता सूची का ड्राफ्ट जारी, नाम जोड़ने/हटाने के लिए 17 तक मौका

अनंत ज्ञान, पतलीकूहल

- दावे व आक्षेप दर्ज होने के 10 दिनों के भीतर उनका निपटारा किया जाएगा

खंड विकास अधिकारी, मुकेश कुमार ने कहा कि राज्य निर्वाचन आयोग हिमाचल प्रदेश और जिला प्रशासन, कुल्लू के निर्देशों के अनुसार, विकास खंड नग्गर की सभी ग्राम पंचायतों की मतदाता सूचियों का प्रारूप प्रकाशित कर दिया गया है।

जनता से अपील की गई है कि वे सूचियों की जांच करके इसे त्रुटिरहित बनाने में सहयोग करें। ड्राफ्ट मतदाता सूची पंचायत घर और विकास खण्ड कार्यालय, नग्गर में निरीक्षण के लिए उपलब्ध है। राज्य आयोग द्वारा जारी मतदाता सूची के अद्यतनीकरण (अपडेशन) का विस्तृत कार्यक्रम इस प्रकार है प्रारूप प्रकाशन– मतदाता सूचियां 6 अक्तूबर को प्रकाशित कर दी गई हैं। दावे/आपत्तियां दर्ज करने की अंतिम तिथि 8 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक पुनरीक्षण प्राधिकारी के समक्ष दावे और आपत्तियां दायर की जा सकती हैं। दावे और आक्षेप दर्ज होने के 10 दिनों के भीतर उनका निपटारा किया जाएगा। सभी प्रक्रियाओं (अपील सहित) के बाद मतदाता सूचियों का अंतिम प्रकाशन 13 नवंबर 2025 या इससे पूर्व होगा। वे सभी व्यक्ति मतदाता सूची में नाम दर्ज कराने के पात्र होंगे जिन्होंने 1 अक्तूबर को 18 वर्ष की आयु पूरी कर ली है। दावा/आक्षेप या विशिष्टियों (जैसे सुधार) से संबंधित फॉर्म ग्राम पंचायत कार्यालय में उपलब्ध हैं और इन्हें राज्य निर्वाचन आयोग की वेबसाइट से भी डाउनलोड किया जा सकता है। खंड विकास अधिकारी मुकेश कुमार ने समस्त जनता से अनुरोध किया है कि वे पंचायत घर में उपलब्ध मतदाता सूची की जांच अवश्य करें और सही मतदाता सूची तैयार करने में अपना सहयोग दें।

# 15 अक्तूबर को कुल्लू में सजेगा रोजगार मेला

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव के अवसर पर जिला प्रशासन की ओर से विशाल रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है।

मेले के सफल आयोजन के लिए उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आज एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों व संस्थानों के अधिकारी उपस्थित रहे। उपायुक्त ने बताया कि रोजगार मेला 15 अक्तूबर को रथ मैदान, कुल्लू में आयोजित किया जाएगा। इस अवसर पर देश और प्रदेश की नामी कंपनियों के भाग लेने की संभावना है और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगी। उन्होंने बताया कि इस रोजगार मेले में विभिन्न कंपनियों में एक हजार से अधिक रिक्तियां उपलब्ध हैं, जिनमें स्किल्ड, सेमी-स्किल्ड और अनस्किल्ड श्रेणियों के पद शामिल हैं। मेले में भाग लेने वाली कंपनियां मुख्य रूप से पर्यटन, ऑटोमोबाइल, फार्मासिस्ट, सिक्योरिटी, आतिथ्य एवं औद्योगिक क्षेत्रों से होंगी। उपायुक्त ने कहा कि यह मेला युवाओं को अपनी योग्यता और कौशल के अनुसार रोजगार प्राप्त करने का उत्कृष्ट अवसर प्रदान करेगा। उन्होंने यह भी बताया कि रोजगार अवसरों के साथ-साथ युवाओं को मार्गदर्शन एवं परामर्श (काउंसलिंग) भी प्रदान की जाएगी, ताकि वे रोजगार की दिशा में सही निर्णय ले सकें। उपायुक्त ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि मेले की सभी व्यवस्थाएं समय पर पूर्ण की जाएं, ताकि प्रतिभागियों और कंपनियों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। बैठक में एडीसी अश्वनी कुमार, डीटीडीओ रोहित शर्मा, प्रधानाचार्य पॉलीटेक्निक पुनीत सूद सहित अधिकारी उपस्थित रहे। अधिक जानकारी के लिए जिला रोजगार कार्यालय कुल्लू के दूरभाष नंबर 01902-222522 या deo-kul-hp@nic.in पर संपर्क कर सकते हैं।



रोजगार मेले के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों से चर्चा करती हुई डीसी कुल्लू।

# कलाकारों ने लोगों को बताया आपदा के समय क्या सावधानियां बरतनी चाहिए



नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक करते हुए कलाकार।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहयोग से पूरे प्रदेश में ऐसे जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर रहा है, ताकि प्रदेश के हर कोने तक आपदा सुरक्षा का संदेश पहुंचाया जा सके।

इसी कड़ी में जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण कुल्लू व सूचना एवं जन संपर्क विभाग के सौजन्य से आपदा जोखिम न्यूनीकरण, समर्थ 2025 पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से शुक्रवार को ढालपुर खेल मैदान में लगे डोम बाजार के पास आपदा प्रबंधन से संबंधित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें मन्नत कला मंच के कलाकारों ने लोगों को बताया कि आपदा के समय क्या-क्या सावधानियां बरतनी चाहिए, भूकंप, भूस्खलन,बाढ़ व आग लगने पर किन किन बातों का विशेष ध्यान रखना चाहिए। नुककड़ नाटक के जरिये लोगों को बताया कि हमारी हिमालयन श्रृंखला अति संवेदनशील जोन 4 व 5 के अंतर्गत आती है,इसलिए हमें हमेशा सतर्क रहना चाहिए, हमें आपदाओं से संबंधित ज्यादा से ज्यादा जानकारियां इकट्ठी करनी चाहिए और इन जानकारियों को अपने परिवार, बच्चों, बुजुर्गों के साथ भी साझा करना चाहिए, ताकि आपदा के समय सभी की जानों को बचाया जा सके। इन कार्यक्रमों के दौरान अजय कुमार, मोहर सिंह पुजारी, पूर्व उपप्रधान न्योल पंचायत दीपक कुमार, हुमा देवी महिला मंडल धारा की प्रधान, बाशिंग पंचायत के पूर्व पंच कालूराम व मेले में आये सैकड़ों लोगों ने जानकारीयां हासिल की।

**उद्घाटन** विधायक ने कीह में 10 लाख से बना आंगनबाड़ी केंद्र जनता को किया समर्पित

# नौनिहालों के सर्वांगीण विकास के लिए सरकार प्रतिबद्ध

अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा

विधायक जिला लाहौल-स्पीति अनुराधा राणा ने शुक्रवार को काजा उपमंडल के तहत किब्बर पंचायत के कीह गांव में राजकीय प्राथमिक पाठशाला कीह के परिसर में 10 लाख रुपए की लागत से नवनिर्मित आंगनबाड़ी केंद्र कीह का विधिवत उद्घाटन करने के उपरांत जनता को समर्पित किया।

भवन का उद्घाटन करने के उपरांत विधायक अनुराधा राणा ने कहा कि नौनिहाल देश का भविष्य है और प्रदेश सरकार नौनिहालों को उनकी बुनियाद से ही बेहतरीन शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध करवाने के लिए प्रयासरत है, जिसके तहत स्पीति के अन्य गांवों में भी चरणबद्ध रूप से आंगनबाड़ी केंद्र भवन निर्मित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों के नए भवनों में बच्चों के लिए आधुनिक शिक्षा पद्धतियों संबंधी सामान आदि व खिलौने उपलब्ध करवाए जा रहे हैं तथा बच्चों को आकर्षित करने के लिए सुंदर चित्रकारी भी करवाई जा रही है। अनुराधा राणा ने लाहौल-स्पीति व अन्य जनजातीय क्षेत्रों सहित राज्य में करवाए जा रहे विकास कार्यों व प्रदेश सरकार की ओर से चलाई जा रही जन कल्याणकारी योजनाओं का भी उल्लेख किया। वहीं लोगों से प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की।



विधायक अनुराधा राणा अधिकारियों से चर्चा करती हुईं।

### सड़क पक्का करने का दिया आश्वासन

**इसके** उपरांत विधायक चीचम गांव पहुंचे और गांव के लोगों की समस्याएं सुनीं और ग्रामवासियों ने उनके समक्ष गांव की सड़क को पक्का करने की मांग की, जिस पर विधायक अनुराधा राणा ने उनकी इस मांग को पूरा करने का आश्वासन दिया। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को इस सड़क को पक्का करने के लिए प्राक्कलन तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि इस सड़क को पक्का करने के लिए शीघ्र बजट उपलब्ध करवाया जा सके। इसके उपरांत अनुराधा राणा ने कीह, चीचम किब्बर व कीह मॉनेस्ट्री में जन समस्याओं का भी निवारण किया। उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र के लोगों की और भी जो मांगे होंगी उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा।

### ये रहे मौजूद

**इस** मौके पर यूथ अध्यक्ष जिला लाहौल स्पीति व टीएसी सदस्य केसंग रापचिक, ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष दोरजे छेरिंग, प्रधान ग्राम पंचायत किब्बर छेरिंग डोलमा, प्रधान काजा सोनम डोल्मा, वरिष्ठ कांग्रेस नेता बाबू कारपा, स्पीति यूथ अध्यक्ष लोबसांग कपूर, पूर्व महासचिव लोबजग, मीडिया प्रभारी से छेवांग नमज्ञाल, खंड विकास अधिकारी अंशुल, उपमंडलीय आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी सुरेश, सहायक अभियंता जल शक्ति विभाग तंजिन दोरजे, अधिशाषी अभियंता लोक निर्माण विभाग सुरेश नेगी, कृषि अधिकारी अनिल बौद्ध, विभिन्न विभागों के अधिकारी तथा पंचायती राज संस्थाओं के प्रतिनिधि, कांग्रेस कार्यकर्ताओं सहित स्थानीय लोग मौजूद रहे।

# देवता श्री अनंत बालू नाग ने 88 हजार रुपए आपदा राहत को दिए



देवता अनंत बालू नाग के किरदार व अन्य डीसी कुल्लू को धनराशि सौंपते हुए।

अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू

जिला कुल्लू में आपदा प्रभावित परिवारों की मदद के लिए जहां समय-समय पर कई समाजसेवी संस्थाओं व लोगों द्वारा सहयोग किया गया है।

वहीं, अब जिला के देवी-देवताओं ने भी आपदा प्रभावित परिवारों की मदद को हाथ बढ़ाया है। शुक्रवार को देवता श्री अनंत बालू नाग देवता तांदी कोठी शिकारी, बंजार के कारदार ख्याली राम मेहता, बलबीर सिंह एवं हरियानों ने अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा उत्सव का नजराना आपदा प्रभावितों की सहायता के लिए उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश को भेंट किया। देवता अनंत बालू नाग के कारदार ख्याली राम मेहता और बलबीर सिंह ने उपायुक्त कुल्लू तोरुल एस रवीश को अंतरराष्ट्रीय कुल्लू दशहरा में प्राप्त नजराना राशि 88 हजार रुपए आपदा पीड़ित परिवारों की सहायता के लिए समर्पित की, ताकि संकट की घड़ी में प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके। डीसी कुल्लू ने देवता अनंत बालू नाग समिति के इस मानवीय योगदान की सराहना की और प्रशासन की ओर से देव समाज के प्रति आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में देव समाज का सहयोग अत्यंत प्रेरणादायक है और इससे राहत कार्यों को गति मिलेगी।

# बघाट अर्बन सहकारी बैंक ने प्रतिबंध से राहत को आरबीआई को लिखा पत्र

आर मोहन चौहान, अनंत ज्ञान ब्यूरो

**सोलन।** भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) की तरफ से नियमों के उल्लंघनों के चलते बघाट अर्बन को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड पर लगे प्रतिबंध के बाद ग्राहकों में हड़कंप मचा है।

बैंक के करीब 80 हजार ग्राहकों को राहत दिलाने के लिए प्रबंधन ने प्रयास शुरू दिए हैं। इस कड़ी में बैंक ने भारतीय रिजर्व बैंक को पत्र लिखकर रुपए की निकासी की लिमिट 10 हजार से बढ़ाने का आग्रह किया है, ताकि बैंक से जुड़े ग्राहकों को बच्चों की फीस, घर के खर्चे और कारोबार करने में आसानी हो सके। बैंक पर लगे प्रतिबंधों से खाताधारक और शेयर होल्डर को चिंता सताने लगी है कि उनके पैसों का क्या होगा। हालांकि बैंक प्रबंधन का दावा है कि खाता धारकों का पूरी तरह सुरक्षित है। सिर्फ एनपीए की रिकवरी के लिए 6 महीने का समय दिया गया है। बैंक प्रबंधन की ओर से लिखे गए पत्र में आरबीआई से कहा गया है कि बैंक के परफॉर्मिंग एसेट का लेनदेन पहले की तरह चलने दिया जाए क्योंकि इनका एनपीए से कोई लेना देना नहीं है। लेनदेन न होने से यह लोग भी डिफाल्टर हो सकते हैं और उनके बिजनेस पर भी असर पड़ेगा। एफडीआर, मिनी डिपॉजिटर्स और आरडी के कस्टमर पर भी यह प्रतिबंध नहीं लगाए जाने चाहिए। पत्र में सबसे बड़ी बात यह कही गई है कि बैंक के कस्टमर को अति जरूरत के समय में लेनदेन करने की इजाजत मिलनी चाहिए। यानी परिवार में मौत, शादी या मेडिकल एमरजैंसी के समय इस प्रतिबंध से छूट मिलनी चाहिए।



फाइल फोटो।

### 184 करोड़ रुपए हुई रिकवरी

पिछले तीन वर्षों से बैंक ने रिकवरी पर जोर दिया है, जिसमें से 184 करोड़ रुपए ही वसूल हुए हैं। बताया जा रहा है कि मार्च 2022 में बैंक का एनपीए 322 करोड़ रुपए, जिसमें से अब138 करोड़ रुपए शेष बचा है। आरबीआई ने बैंक पर प्रतिबंध इसलिए लगाया है ताकि वह अपना पूरा फोकस सिर्फ रिकवरी पर लगाए। आरबीआई ने निर्देश दिए हैं कि उपभोक्ता बैंक से 6 माह की कैंपिंग के दौरान सिर्फ 10 हजार तक की निकासी ही कर सकते हैं। साथ ही डिपॉजिट पर भी रोक लगाई गई है।

### डिफाल्टरों पर कसेगा शिकंजा

**बघाट** अर्बन सहकारी बैंक सोलन के 499 ऋण डिफाल्टरों ने बैंक की वित्तीय स्थिति को हिला कर रख दिया है। आरबीआई ने मार्च 2021 में बैंक पर लोन देने की रोक लगा दी थी अब 10 हजार रुपए से अधिक राशि की निकासी पर रोक लगा दी है। आर. बी.आई. नॉन परफॉर्मिंग ऐसेट (एनपीए) की रिकवरी को लेकर संतुष्ट नहीं है। अभी भी बैंक का 138 करोड़ रुपए एनपीए है। निकासी पर 6 महीने की रोक के बाद बैंक के 80 हजार खाताधारकों की चिंताएं बढ़ गई हैं। हैरानी की बात है कि बैंक की एपीए हुए 138 करोड़ रुपए में से 72 करोड़ रुपए 50 डिफाल्टर के पास ही फंसे हुए हैं जबकि 449 डिफाल्टर के पास 66 करोड़ रुपए फंसे हैं। सबसे बड़ी बात यह है कि 499 में से 15 डिफाल्टर ऐसे हैं जिनके पास बैंक के करीब 50 करोड़ रुपए फंसे हुए हैं। बैंक के लिए इन सभी 499 डिफॉल्टर से 6 महीने के अंदर 138 करोड़ रुपए की रिकवरी करना आसान नहीं है।

## सीएम सुक्खू के दौरे की तैयारियों पर की चर्चा

**प्रेम कुमार, अनंत ज्ञान, कंडाघाट।** सोलन विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस पार्टी के कार्यकर्ताओं की बैठक नई धर्मशाला कंडाघाट में पूर्व पार्टी जिलाध्यक्ष शिव कुमार एवं प्रदेश कांग्रेस के पूर्व सचिव रमेश ठाकुर की संयुक्त अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस अवसर पर समाजसेवी कर्नल संजय शांडिल मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहे। बैठक में 13 अक्तूबर को शिमला में पूर्व मुख्यमंत्री वीरभद्र सिंह की मूर्ति अनावरण कार्यक्रम तथा 28 अक्तूबर को मुख्यमंत्री सुक्खू के कंडाघाट उपमंडल दौरे की तैयारियों पर चर्चा की गई। सोलन विधानसभा क्षेत्र से इस कार्यक्रम में 20 बसें और 100 छोटी गाड़ियों से कार्यकर्ताओं को ले जाने का फैसला किया गया। कार्यकर्ताओं की समस्याओं और विकास कार्यों पर भी विचार-विमर्श हुआ। मुख्यातिथि कर्नल संजय शांडिल ने कांग्रेस के स्वतंत्रता संग्राम और विकास में योगदान को याद करते हुए एकजुटता का आह्वान किया। बैठक में गुटबाजी भी सामने आई, जिसमें कंडाघाट के कई वरिष्ठ नेता और सोलन विधानसभा कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष संजीव ठाकुर सहित उनकी टीम के कई पदाधिकारी और सदस्य नदारद रहे।

# सोलन शहर में पटाखों की बिक्री पर प्रतिबंध ढोडो मैदान सहित 5 स्थानों पर ही लगेंगे स्टॉल

अनंत ज्ञान, सोलन

दीपावली पर्व के दृष्टिगत जन सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण को प्राथमिकता देते हुए जिला दंडाधिकारी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर निगम सोलन क्षेत्र में पटाखों की बिक्री, भंडारण और प्रदर्शनी पर प्रतिबंध लगाने के आदेश जारी किए हैं। यह आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के तहत प्रभाव में लाए गए हैं और 22 अक्तूबर तक प्रभावी रहेंगे।

जारी आदेशों के अनुसार लोअर बाजार, चौक बाजार, अपर बाजार, लक्कड़ बाजार, गंज बाजार, माल रोड और पुराना बस अड्डा सहित नगर निगम क्षेत्र की भीड़भाड़ वाली जगहों पर पटाखों की बिक्री और भंडारण पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। इसके अतिरिक्त, दोहरी दीवार ओवरब्रिज पर भी स्टॉल लगाने की अनुमति नहीं होगी। केवल इन 5 स्थानों पर होगी पटाखों की खुदरा बिक्री ढोडो मैदान, बाईपास सोलन पर सब्जी मंडी के सामने खुला स्थान, एलआईसी कार्यालय की ओर बड़ोग बाईपास के आरंभिक बिंदु के पास, चंबाघाट में वर्षा शालिका के समीप, ब्रूरी में मोहन मीकिन फैक्टरी के सामने, इन स्थानों पर पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर नगर निगम सोलन द्वारा स्टॉल आवंटित किए जाएंगे, जो कि उपमंडलाधिकारी सोलन के परामर्श से होंगे। पटाखों की बिक्री केवल उन्हीं विक्रेताओं को अनुमत होगी, जिनके पास सक्षम प्राधिकरण से स्थायी या अस्थायी लाइसेंस होगा। अन्य महत्वपूर्ण निर्देश रॉकेट व उड़ने वाले पटाखों पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। साइलेंस जोन, सरकारी कार्यालय, गैस संयंत्र, पेट्रोल पंप, विरासत भवनों के आसपास पटाखों का प्रयोग वर्जित होगा। केवल पर्यावरण हितैषी (ग्रीन) पटाखों के उपयोग की अनुमति होगी। पटाखे चलाने का समय दीपावली के दिन रात 8 से 10 बजे तक निर्धारित किया गया है। सर्वोच्च न्यायालय, राष्ट्रीय हरित प्राधिकरण तथा हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का पालन अनिवार्य होगा। नियमों के उल्लंघन पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रशासन ने सभी एसडीएम को अपने-अपने क्षेत्रों में पटाखों के स्टॉल के लिए स्थान अधिसूचित करने और निगरानी सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए हैं।

### पटाखों व आतिशबाजी के भंडारण व बिक्री के लिए एसडीएम जारी करेंगे लाइसेंस : डीसी

**अनंत ज्ञान, नाहन।** उपायुक्त सिरमौर प्रियंका वर्मा ने यह आदेश जारी करते हुए बताया कि दिवाली के त्योहार पर सिरमौर जिला में पटाखों व आतिशबाजी का भंडारण, प्रदर्शन या बिक्री केवल यह उन स्थानों पर ही की जाएगी, जो कि नगर परिषद, नगर पंचायत अथवा ग्राम पंचायतों द्वारा संबंधित एसडीएम की पूर्व स्वीकृति से चिन्हित और उपलब्ध कराए गए हो। आदेशों में बताया गया कि पटाखों व आतिशबाजी के भंडारण व बिक्री के लिए संबंधित एसडीएम से लाइसेंस प्राप्त करना आवश्यक होगा। अस्थायी लाइसेंसधारी पटाखों की बिक्री चयनित क्षेत्र के अलावा किसी अन्य स्थान पर नहीं करेगा। साइलेंस जोन- अस्पताल, शैक्षणिक संस्थान, न्यायालय और धार्मिक स्थलों के आसपास 100 मीटर तक के क्षेत्र में पूर्ण रूप से तथा अन्य क्षेत्र में रात्रि 10 बजे से प्रातः 6 बजे तक पटाखों व आतिशबाजी का प्रयोग निषेध रहेगा। आदेशों में बताया गया कि जिला के सभी एसडीएम, सभी कार्यकारी मजिस्ट्रेट जिनमें डीएसपी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएचओ, थाना प्रभारी, पुलिस चौकियों के पुलिस निरीक्षक आदि शामिल है, वह इन आदेशों की अनुपालना तथा छापेमारी करने के लिए अधिकृत होंगे।

# सोलन में वैद्य ने उपचार के नाम पर किया दुराचार, आरोपी गिरफ्तार

अनंत ज्ञान, सोलन

सोलन में उपचार के नाम पर दुराचार करने के आरोप में पुलिस ने नामी वैद्य को गिरफ्तार किया है।

आरोपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष के बड़े भाई है। ऐसे में इसकी चर्चा राजनीतिक गलियारों में भी है। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के मुताबिक महिला पुलिस थाना में 25 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई कि वह काफी समय से बीमारी से ग्रस्त है, जिसका उपचार इन्होंने वैज्ञानिक चिकित्सा के माध्यम से भी करवाया, लेकिन इन्हें कोई भी रिलीफ न मिला। इस पर यह उक्त बीमारी का वैदिक उपचार करवाने के लिए 7 अक्तूबर को सोलन में पुराना बस अड्डा के समीप वैद्य के पास आई थी, जहां पर एक व्यक्ति बैठा हुआ था, जिसने इनसे पूछा कि कहां से आए हो पता पूछने के बाद उसने इन्हें जांच के लिए बिठा दिया। उसके बाद उक्त व्यक्ति ने इनका हाथ पकड़कर नसें दबाने लगा। उसके उपरांत यह इनसे यौन समस्याओं के बारे में पूछने लगा इन्होंने उसे अपनी बीमारी के बारे पूरी बात बतलाई और इन्हें आश्वासन दिया कि वह इन्हें सौ फीसदी ठीक कर देंगे। जांच करते समय उसने इनसे कहा कि इसे प्राइवेट पार्ट से भी चेक करना है, जिसके लिए लड़की ने मना किया, लेकिन आरोपी ने चेक करने के बहाने उसके साथ गलत काम किया। पीड़िता ने उसे धक्का दिया और बाहर आई। इस पर महिला थाना सोलन में उपरोक्त अभियोग पंजीकृत किया गया था। पीड़िता का बयान कोर्ट में भी करवाया गया है इस अभियोग के अन्वेषण के दौरान घटनास्थल का निरीक्षण एसएफएसएल जुन्गा की टीम से भी करवाया गया और एसएफएसएल की टीम की सहायता से घटनास्थल से साक्ष्य इकट्ठा करके कब्जा पुलिस में लिए गए। पीड़िता के बयान के आधार पर महिला थाना की पुलिस टीम द्वारा मामले में संलिप्त आरोपी राम कुमार बिंदल को गिरफ्तार किया।

# 'जीएसटी एक कर, एक बाजार' भारत की साहसिक यात्रा की शुरुआत थी: संजय

अनंत ज्ञान, बद्दी/सोलन

दून विधानसभा क्षेत्र के बरोटीवाला में आयोजित जीएसटी उत्सव कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश सह प्रभारी संजय टंडन ने बतौर मुख्य अतिथि भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जीएसटी लागू होना भारत के आर्थिक इतिहास में एक क्रांतिकारी कदम था, जिसने न केवल कर प्रणाली को सरल बनाया बल्कि भ्रष्टाचार पर भी अंकुश लगाया।

संजय टंडन ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत ने 2017 में कर व्यवस्था को पारदर्शी और एकीकृत बनाकर एक एक राष्ट्र, एक कर, एक बाजार की परिकल्पना को साकार किया। इससे पहले कांग्रेस सरकार के दौरान टैक्स भ्रष्टाचार का बड़ा माध्यम बना हुआ था, लेकिन आज जीएसटी व्यवस्था ने करदाताओं का विश्वास जीता है और देश की राजकोषीय संरचना को मजबूती दी है।


दून विधानसभा क्षेत्र पहुंचे भाजपा के प्रदेश सहप्रभारी संजय टंडन।

उन्होंने बताया कि वर्ष 2017-18 में जहां कर संग्रह 7.19 लाख करोड़ रुपए था, वहीं वर्ष 2024-25 में यह बढ़कर 22.08 लाख करोड़ रुपए हो गया है। इसी तरह, करदाताओं की संख्या भी 65 लाख से बढ़कर 1.5 करोड़ हो गई है। इससे लाखों छोटे उद्योग औपचारिक अर्थव्यवस्था का हिस्सा बन पाए हैं। जीएसटी के नए युग की जानकारी देते हुए उन्होंने बताया कि 22 सितंबर 2025 से इसे दो मुख्य स्लैब—5 प्रतिशत और 18 प्रतिशत में सुव्यवस्थित किया गया है, जबकि 40 प्रतिशत स्लैब केवल लक्जरी और डिमेरिट वस्तुओं के लिए है। इससे दैनिक उपभोग की वस्तुएं, दवाएं, शिक्षा सामग्री, किसानों के उपकरण, स्कूटर और कारें सस्ती हुई हैं। अब 2,500 रुपए तक के रेडीमेड कपड़ों पर केवल 5 प्रतिशत जीएसटी लगाया जाएगा।

कार्यक्रम में भाजपा के अनेक पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। उपस्थित प्रमुख नेताओं में जिला अध्यक्ष रत्न सिंह पाल, पूर्व विधायक परमजीत सिंह, पूर्व विधायक विनोद चंदेल, बलबीर ठाकुर, गुरमैल चौधरी, मान सिंह मेहता, ममता भारद्वाज, सीमा राय, नारायणदास, रामरतन चौधरी, और अन्य कार्यकर्ता शामिल रहे।

## कांग्रेस सरकार की लापरवाही से सोलन अंधेरे में डूबा: अरुष

**अनंत ज्ञान, सोलन।** भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (आईटी विभाग) अरुष गुप्ता ने सोलन में लगातार बिगड़ती बिजली व्यवस्था को लेकर कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है, सोलन शहर की स्थिति दिन-ब-दिन बदतर होती जा रही है। अरुष गुप्ता ने कहा कि सोलन में आए दिन बिजली के लंबे और अनियमित कट लग रहे हैं, जिससे आम जनता, व्यापारी वर्ग, छात्र और उद्योग जगत सब परेशान हैं। कभी दो-दो घंटे, तो कभी आधे दिन तक बिजली गुल रहती है और वह भी बिना किसी पूर्व सूचना के। यह दर्शाता है कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार और स्थानीय विधायक जनता की बुनियादी समस्याओं के प्रति कितनी असंवेदनशील हो चुके हैं। पंद्रह वर्षों से सोलन में कांग्रेस का विधायक होने के बावजूद बिजली, सड़क और पानी जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति दयनीय बनी हुई है।

# पांवटा साहिब में नियमों को तोड़कर भारी-भरकम ट्रॉलों की आवाजाही

अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब



पांवटा साहिब के देवी नगर क्षेत्र में नियम तोड़कर अनेक बार भारी-भरकम ट्रॉलों का तय समय-सीमा से पहले प्रवेश करना दुर्घटना का निमंत्रण है।

इससे कहीं न कहीं आम आदमी और छात्रों को स्कूलों आदि को जाने में समस्या का सामना करना पड़ रहा है, तो वहीं दूसरी ओर स्थानीय जनता को सड़क दुर्घटनाओं का डर सताता है। स्थानीय लोगों ने कहा कि क्षेत्र में तय समय-सीमा से पहले ट्रॉलों/ट्रकों के आवागमन पर पुलिस प्रशासन सख्ती करें, ताकि भविष्य में कोई अनहोनी और दुर्घटना का शिकार न हो। समाजसेवी राजेंद्र तिवारी, पंकज भटनागर, मनींद्र सिंह मनी, धनवीर कपूर, सुरेंद्र ठाकुर, सुरेश तोमर, हेमंत शर्मा, हेमराज राणा, दलीप ठाकुर आदि ने कहा कि प्रशासन से निवेदन और सुझाव है कि इस गंभीर समस्या पर सकारात्मक कदम उठाए जाएं, तो वहीं जनहित में निवेदन किया कि स्थानीय प्रशासन भविष्य में भारी-भरकम ट्रॉलों के लिए अलग से सड़क व्यवस्था की जाए, ताकि शहर के बीचो-बीच बन रही आम आदमी के लिए आवागमन की समस्या का हमेशा के लिए समाधान हो सके। साथ ही हर राहगीर बिना किसी भय और चिंता के पैदल या फिर वाहनों में सफर कर पाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### डॉ. धनीराम शांडिल कल सोलन के प्रवास पर

**अनंत ज्ञान, सोलन।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मन्त्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 12 अक्तूबर को सोलन विधानसभा क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 12 अक्तूबर को प्रातः 11.30 बजे सोलन विधानसभा क्षेत्र के मतीवल में क्यार, सैंज से राजकीय प्राथमिक पाठशाला टटूल तक एंबुलेंस मार्ग का लोकार्पण करेंगे। स्वास्थ्य मंत्री तदोपरांत ग्राम पंचायत सन्होल के कोटा खुर्द गांव तथा इसी ग्राम पंचायत के वार्ड नंबर-5 मतीवल में सामुदायिक हॉल का लोकार्पण भी करेंगे। डॉ. शांडिल इसके उपरांत ग्राम पंचायत संहोल के मतीवल में मेला ब्रिजेश्वर महाराज में मुख्यातिथि होंगे।

### केवी लाइनों के रखरखाव के चलते बिजली रहेगी बंद

**अनंत ज्ञान, दाड़लाघाट।** बिजली उपमंडल दाड़लाघाट की ओर से 13 अक्तूबर से 17 अक्तूबर तक 11 केवी लाइनों पर रखरखाव कार्य के चलते विभिन्न क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक अभियंता ई. विमल अत्रि ने बताया कि 13 अक्तूबर (सोमवार) को 11 केवी दाड़लाघाट, चंडी, ग्याना फीडर के अंतर्गत आने वाले रौडी, खाता, सुल्ली, बटेड, अंबुजा चौक, कंसवाला, जाबलू, खाली, चलाई, पनियार, कनोह, सेरा, समाना, फगवाना, कोटलू, बागा, नौणी और धोबटन क्षेत्र में सुबह 9 बजे से शाम 5 बजे तक बिजली आपूर्ति बंद रहेगी। अत्रि ने बताया कि 14 अक्तूबर (मंगलवार) को 11 केवी भराड़ीघाट फीडर के तहत भराड़ीघाट, कालर भुरजनी, अली, कालर जेरी, बैमू, खरौन, कुंड, लहलाना, नलाग, पासल गणाना, थाच, गटेड, डौन, छनरड़ी, कंडरयाली, डीनान और आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। 15 अक्तूबर (बुधवार) को 11 केवी धुंदन फीडर से जुड़े डमलाना, बडोग, पथेड़, क्यारी सोखर, कोठी, रछाकड़ा, मनलोग बडोग, हनुमान बडोग, रनोह, सासन, रनोह, खालसा, गंढेवता, धुंदन व एलडब्ल्यूएसएस योजना क्षेत्र में सुबह 9 से शाम 5 बजे तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। 16 अक्तूबर (गुरुवार) को 11 केवी नवगांव, कंधर, फीडर के अंतर्गत हवानी कोल, भलग, बैरल, बागा, समत्याड़ी, सकोर, करोग, पड्यार, मटरेच, गेरी, नन्यस, बोही, तोर्टी, देवीधार, न्यू क्यारी, द्रोबाड, सहनाली और आसपास के क्षेत्र में बिजली बंद रहेगी। सहायक अभियंता ई.विमल अत्रि ने बताया कि 17 अक्तूबर (शुक्रवार) को 11 केवी दाड़लाघाट, चंडी, ग्याना फीडर के तहत आने वाले ग्याना, मांगू, पकोटी, कश्यालू, बंबीरा, मलवान, चमारू, सोरिया, पाली, मलोगर, बागू का नाल, शील बडोग, संघोई, बरसनु, बरयाल, त्यामला, मंडप, बंजान, कटली, कटल, चंडी, कशलोग, पजीना, चखरू, खली, रठोह, परयाब, बानली, चांडा, नेवड़ी, बडोग, बंबेली, बनालग, धार रुडल व आसपास के क्षेत्र प्रभावित रहेंगे। अत्रि ने कहा कि यह शटडाउन 11 केवी लाइनों को छू रही पेड़ों की शाखाओं की छंटाई व रखरखाव कार्य के लिए किया जा रहा है। मौसम खराब होने या किसी अन्य परिस्थिति में तिथि व समय में परिवर्तन किया जा सकता है।

### जूडो में सोलन व हमीरपुर कॉलेज बने चैंपियन

**अनंत ज्ञान, सोलन।** दो दिवसीय हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय अंतर-महाविद्यालय जूडो प्रतियोगिता का आयोजन सोलन कॉलेज में संपन्न हुआ। पुरुष वर्ग में राजकीय महाविद्यालय सोलन ने चैंपियनशिप जीती, जबकि महिला वर्ग में राजकीय महाविद्यालय हमीरपुर ने ओवरऑल चैंपियन का खिताब प्राप्त किया। पुरुष वर्ग में सोलन प्रथम, हमीरपुर द्वितीय और इंदौरा तृतीय स्थान पर रहे। महिला वर्ग में हमीरपुर ने पहला, बिलासपुर दूसरा और सोलन तीसरा स्थान हासिल किया। समापन समारोह में संयुक्त निदेशक उच्च शिक्षा, डॉ. सुनीता सिंह मुख्य अतिथि थीं। उन्होंने विद्यार्थियों को खेलों में भागीदारी बढ़ाने और खेलों के माध्यम से अनुशासन, आत्मविश्वास व नेतृत्व क्षमता विकसित करने पर जोर दिया। प्राचार्या डॉ. मनीषा कोहली ने खिलाड़ियों को मेहनत और समर्पण से राज्य-राष्ट्रीय स्तर पर महाविद्यालय का नाम रोशन करने हेतु प्रेरित किया। प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. रवि राम ने मुकाबलों को रोमांचक बताया और विश्वविद्यालय पर्यवेक्षकों का धन्यवाद किया। पुरुष वर्ग के विभिन्न भार वर्गों में अभिषेक, अरिंजय, चिराग शर्मा, अभिषेक (इंदौरा), वंश ठाकुर, अक्षित चौहान और चमनलाल ने स्वर्ण पदक जीते। महिला वर्ग में दक्ष गुप्ता, मेघना, काजल, अर्पिता शर्मा, गुंजन ठाकुर, दिवाली और निर्जल ने क्रमशः स्वर्ण पदक प्राप्त किए। प्रतियोगिता में प्रतिभागी कॉलेजों के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन दिखाया।

# कांग्रेस सरकार पंचायत व निकाय चुनावों से भाग रही: शैलेंद्र गुप्ता

अनंत ज्ञान, सोलन

भारतीय जनता पार्टी सोलन शहरी मंडल ने कांग्रेस सरकार पर आरोप लगाया है कि वह पंचायत और स्थानीय निकाय चुनावों से भाग रही है। भाजपा नेताओं ने कहा कि सरकार हार के डर से चुनाव प्रक्रिया को टालने की साजिश रच रही है और डीसी सहित प्रशासनिक विभागों को मोहरा बनाया जा रहा है।



भाजपा मंडल अध्यक्ष शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि सरकार द्वारा पंचायती राज विभाग के माध्यम से जिलाधिकारियों को पत्र लिखवाकर आपदा और व्यस्तता का बहाना बनाना लोकतांत्रिक प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ है। पहले आरक्षण-रोस्टर तैयार कर चुनाव की तैयारी दिखाई जाती है और कुछ ही देर बाद चुनाव स्थगित करने की अधिसूचना जारी कर दी जाती है। यह सरकार की नीयत पर गंभीर सवाल खड़ा करता है।

भाजपा नेता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तीन साल के कार्यकाल में जनता हर वर्ग में ठगी महसूस कर रही है। झूठी गारंटियों और नाकाम वादों से जनता का भरोसा उठ चुका है। अब सरकार चुनावों को टालकर अपनी आसन्न हार से बचने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र बहानों से नहीं, जनता के विश्वास से चलता है। यदि सरकार को वास्तव में जनता पर भरोसा है, तो पंचायत और निकाय चुनावों की तिथियां तुरंत घोषित करे। भाजपा ने चेतावनी दी है कि यदि चुनावों में जानबूझकर देरी की गई, तो पार्टी लोकतंत्र की रक्षा के लिए हर स्तर पर संघर्ष करेगी।

# भंडारा वैन को विधायक सोलंकी ने किया रवाना

अनंत ज्ञान, नाहन

उत्तर भारत की दिव्य शक्ति पीठ महामाया बाला सुंदरी मंदिर त्रिलोक मंदिर को महामाई के भक्त तरावड़ी, करनाल हरियाणा निवासी अनिल गुप्ता द्वारा भेंट की गई मोबाइल वैन के माध्यम से 17,500 रुपए में 250 लोगों का भोजन 30 किलोमीटर दायरे में उपलब्ध होगा।

शुक्रवार को डीसी कार्यालय में नाहन के विधायक अजय सोलंकी ने भंडारा वैन को हरी झंडी दिखाई। मंदिर न्यास के सहायक आयुक्त एसडीएम नाहन राजीव संख्यान ने बताया कि त्रिलोकपुर मंदिर न्यास द्वारा आज से मोबाइल भंडारा वैन की सुविधा क्षेत्रवासियों को उपलब्ध करवाई जा रही है। एसडीएम ने बताया कि मेडिकल कॉलेज नाहन में भर्ती मरीजों के तीमारदारों को भोजन बांटा गया है। संख्यान ने बताया कि यह वैन अनिल गुप्ता, निवासी तरावडी, करनाल द्वारा मंदिर न्यास को भेंट की गई है। मंदिर न्यास ने यह निर्णय लिया है कि अब कोई भी व्यक्ति अथवा संस्था जो भंडारा देना चाहती है, वह मंदिर न्यास के पास 17500 रुपए जमा करवाकर त्रिलोकपुर से 30 किलोमीटर के दायरे में 200 से 250 लोगों का खाना घर बैठे प्राप्त कर सकती है।

एसडीएम ने बताया कि मंदिर न्यास 17500 रुपए में 200/250 लोगों के लिए एक सब्जी, कड़ी/दाल, हलवा, चावल व चपाती बनाकर संबंधित स्थान पर पहुंचाएगा। इसके इलावा यदि कोई व्यक्ति कोई अलग से विशेष दाल या सब्जी भी भंडारे में चाहता है, तो उसकी भी व्यवस्था रहेगी। मोबाईल भंडारा वैन की बुकिंग के लिए न्यास के कर्मचारियों के मोबाईल नंबर 94183-20872 व 85809-65890 पर संपर्क किया जा सकता है। मंदिर न्यास बीच-बीच में अस्पतालों व जरूरतमंदों को मुफ्त में भी इस वैन के माध्यम से भोजन उपलब्ध करवाया करेगा।


विधायक अजय सोलंकी भंडारा वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते हुए।

## सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर हमले की निंदा

**अनंत ज्ञान, सोलन।** अखिल भारतीय वकील संघ की सोलन जिला इकाई के प्रतिनिधिमंडल ने शुक्रवार को उपायुक्त सोलन से भेंट कर सर्वोच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश पर हुए हमले के प्रयास की कड़ी निंदा की और इस संबंध में राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन सौंपा। प्रतिनिधिमंडल ने इस घटना को न्यायपालिका की गरिमा, लोकतंत्र और संविधान के मूल्यों पर सीधा हमला बताया। वकीलों ने प्रशासन से मांग की कि दोषियों के विरुद्ध तत्काल सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए और न्यायपालिका की स्वतंत्रता एवं सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रभावी कदम उठाए जाएं। संगठन ने समस्त कानूनी समुदाय और समाज से संवैधानिक मूल्यों की रक्षा में एकजुट होने का आह्वान किया। प्रतिनिधिमंडल में एडवोकेट डीसी शर्मा (जिला अध्यक्ष), एडवोकेट नितीश ठाकुर (महासचिव), एडवोकेट शरत बाली सहित अन्य अधिवक्ता शामिल रहे।

**आयोजन** कीट विज्ञान विभाग ने किसानों को दी जैव नियंत्रण तकनीकों की जानकारी

# रासायनिक कीटनाशकों की जगह जैविक उपायों पर दिया बल

अनंत ज्ञान, सोलन

डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के कीट विज्ञान विभाग सोलन द्वारा इस सप्ताह लाहौल एवं स्पीति जिले के सुमनम और मूरिंग गांवों में किसानों के लिए दो प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए। ये कार्यक्रम बायोलॉजिकल कंट्रोल पर अखिल भारतीय समन्वित अनुसंधान परियोजना के अंतर्गत आयोजित किए गए, जिनका मुख्य उद्देश्य किसानों में जैव नियंत्रण एजेंटों के माध्यम से फसलों में कीट एवं रोग प्रबंधन के प्रति जागरूकता बढ़ाना था।

इन प्रशिक्षण शिविरों में 30 महिला किसान सहित 70 किसानों ने भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान कीट विज्ञान विभाग के प्रोफेसर एवं विभागाध्यक्ष एवं परियोजना के प्रधान अन्वेषक डॉ. सुभाष चंद्र वर्मा ने सेब एवं अन्य फलदार फसलों को प्रभावित करने वाले प्रमुख कीटों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने रासायनिक कीटनाशकों पर निर्भरता कम करने और पर्यावरण अनुकूल जैविक विधियों को अपनाने पर जोर दिया। डॉ. वर्मा ने कहा कि स्पीति क्षेत्र के पर्यावरण को संरक्षित रखने के लिए कृषकों को कृषि रसायनों के उपयोग से बचना चाहिए और जैव नियंत्रण एजेंटों व जैव कीटनाशकों की ओर रुख करना चाहिए, जिससे शुद्ध भोजन के साथ-साथ जैव विविधता संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने किसानों को सेब, मटर और गोभी वर्गीय फसलों को नुकसान पहुंचाने वाले कीटों तथा उनके जैव नियंत्रण उपायों की जानकारी दी। साथ ही, उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती पद्धतियों के बारे में बताया, जिन्हें वे आसानी से अपनाकर टिकाऊ खेती की दिशा में आगे बढ़ सकते हैं।


लाहौल-स्पीति के किसान जैव नियंत्रण तकनीकों की जानकारी लेते हुए लेते हुए।

कीट वैज्ञानिक डॉ. विश्व गौरव सिंह चंदेल ने किसानों को उपयोगी कीटों (लाभकारी कीटों) के महत्व के बारे में बताया और समझाया कि उनके संरक्षण से फसलों को प्राकृतिक रूप से कीटों से बचाया जा सकता है। उपनिदेशक बागवानी लाहौल एवं स्पीति डॉ. मीनाक्षी शर्मा तथा उद्यान विकास अधिकारी गितेश कुमार ने किसानों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के बारे में जानकारी दी और उन्हें आधुनिक एवं सतत कृषि तकनीकों को अपनाने के लिए प्रेरित किया ताकि उनकी उत्पादकता और आय में वृद्धि हो सके।कार्यक्रम के दौरान किसानों को किसान डायरी तथा जैव नियंत्रण उत्पाद जैसे ट्राइकोडर्मा, नीम आधारित कीटनाशक, पीले स्टिकी ट्रैप, अस्त्र और घनजीवामृत भी वितरित किए गए।

# पंचायत चुनाव से भागी प्रदेश की कांग्रेस सरकार: ओम आर्य

अनंत ज्ञान, सोलन

कसौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा युवा नेता ओम आर्य ने प्रदेश में पंचायतीराज चुनाव टालने को लेकर वर्तमान कांग्रेस सरकार पर निशाना साधा है।



ओम आर्य ने जारी बयान में कहा कि दिसंबर में प्रस्तावित पंचायत चुनाव टाल कर सरकार चुनाव से भाग रही है। ओम ने कहा कि सरकार को चुनाव हारने का डर है। मुख्यमंत्री और सरकार प्रदेश के लोगों का सामना नहीं कर सकते, इसलिए आपदा की आड़ में पंचायत चुनाव नहीं करवा रहे हैं। ओम ने कहा कि सरकार को इस चुनाव के परिणाम पहले से ही पता हैं। कांग्रेस की हार तय है। इसलिए पहले नगर निगम और नगर निकाय के चुनाव से किनारा किया और अब पंचायत चुनाव को भी रोक दिया है। आपदा के नाम पर पहले उपायुक्तों से पत्र लिखवाए गए और तत्काल चुनाव टाल दिए गए। सब कुछ सरकार का किया है। जिस आपदा के नाम पर सरकार चुनाव टाल रही है उन्हीं आपदा प्रभावितों को सरकार ने भगवान भरोसे छोड़ दिया है। सरकार अपनी नाकामी से भागने के बजाय जनता का सामना करे और निर्धारित समय पर चुनाव करवाए। ओम ने कहा है कि सरकार ने चुनाव को सुनियोजित तरीके से स्थगित कर जनविरोधी निर्णय लिया है। कांग्रेस पार्टी को पता है कि अगर पंचायत चुनाव होंगे तो उनके समर्थित प्रत्याशी जीत नहीं पाएंगे। कांग्रेस लोकतंत्र को बचाने की बात करती है पर असल में लोकतंत्र के सबसे बड़े पर्व यानी मतदान को हानि पहुंचाने का कार्य कर रही है। ओम ने यह भी बताया कि सरकार चुनाव को दो वर्ष आगे ले जाने की तैयारी में है। पहले मंत्रिमंडल द्वारा प्रस्ताव देना कि पंचायती राज चुनाव को आगे ले जाओ, फिर चुनाव आयोग के साथ सीधा टकराव, वोटर लिस्ट पूरी न होने की बात, सरकार द्वारा लगातार यह कहना कि जनगणना नहीं हुई इसलिए चुनाव नहीं हो सकता, उसके उपरांत टाउन एंड कंट्री प्लानिंग को चुनावी प्रक्रिया में बीच डालना। ऐसे अनेक उदाहरण हैं कि चुनाव टालने की तैयारी की जा रही है।




# आईपीएस पूरन कुमार की मौत पर डीजीपी समेत 15 अधिकारियों पर एफआईआर

## पोस्टमॉर्टम टला; परिजन नाराज, हरियाणा सरकार ने मंत्री को मनाने भेजा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

हरियाणा के सीनियर आईपीएस अफसर वाई पूरन कुमार का चौथे दिन भी पोस्टमॉर्टम नहीं हो पाया। परिवार को मनाने के लिए हरियाणा सरकार ने ग्रामीण विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार की ड्यूटी लगाई है। पंवार ने 2 बार आईजी की पत्नी अमनीत पी कुमार से मुलाकात कर पोस्टमॉर्टम और अंतिम संस्कार के लिए राजी करने की कोशिश की लेकिन अमनीत ने डीजीपी शत्रुजीत कपूर को पद से हटाने और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया को गिरफ्तार करने तक इससे इनकार कर दिया।

इस मामले में गुरुवार देर रात चंडीगढ़ के सेक्टर 11 थाने में हरियाणा के चीफ सेक्रेटरी अनुराग रस्तोगी, डीजीपी शत्रुजीत कपूर और रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया सहित 15 अफसरों पर भारत न्याय संहिता की धारा 108, 3(5) और एससी/एसटी एक्ट की धारा 3(1)(आर) के तहत एफआईआर दर्ज की गई थी। यह हरियाणा के इतिहास में पहली बार है।

शुक्रवार को चंडीगढ़ पुलिस ने सुसाइड के मामले की जांच के लिए आईजी पुष्पेंद्र कुमार की अध्यक्षता में 6 सदस्यीय एसआईटी बनाई। एसआईटी में चंडीगढ़ की एसएसपी कंवरदीप कौर भी शामिल हैं।

उधर, हरियाणा सरकार ने आईजी पूरन कुमार के परिवार की सुरक्षा बढ़ा दी है। उनके सेक्टर 24 स्थित सरकारी आवास के बाहर पुलिस का अस्थायी बूथ बनाया गया है। साथ ही पुलिस फोर्स भी तैनात की गई है। सूत्रों के मुताबिक डीजीपी शत्रुजीत कपूर की छुट्टी लगभग तय है। इनकी जगह आईपीएस अफसर ओपी सिंह, आलोक मित्तल और अरशिंद्र सिंह चावला में से एक की डीजीपी बनने की चर्चा है। बताया गया है कि आलोक गुरुवार देर रात सीएम नायब सैनी के साथ मीटिंग करने पहुंचे थे। आलोक मित्तल डीजीपी रैंक के आईपीएस अफसर बन गए हैं। ओपी सिंह की जल्द रिटायरमेंट को देखते हुए ये फैसला लिया गया है। आलोक मित्तल के साथ आईपीएस अरशिंद्र सिंह चावला को भी डीजी रैंक मिली है। उधर, यह भी जानकारी सामने आई है कि रोहतक एसपी नरेंद्र बिजारणिया पर भी गाज गिर सकती है। आईपीएस पूरन की आईएएस पत्नी अमनीत पी कुमार ने एफआईआर पर एतराज जताया है। उन्होंने चंडीगढ़ पुलिस को एप्लिकेशन देकर कहा कि एफआईआर में आरोपी अफसरों के नाम अलग से कॉलम में नहीं लिखे गए हैं। एफआईआर को फिक्स फॉर्मेट में लिखा जाए।

# सेवा का अधिकार आयोग को मिलेगी 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने सार्वजनिक सेवा वितरण में पारदर्शिता बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हरियाणा सेवा का अधिकार आयोग के तहत अधिसूचित सेवाओं की निगरानी के मकसद से 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा प्रदान करने का निर्णय लिया है। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने सभी प्रशासनिक सचिवों, विभागाध्यक्षों, बोर्डों और निगमों के प्रबंध निदेशकों, मंडल आयुक्तों और उपायुक्तों को एक पत्र लिखकर आयोग को 'व्यू ओनली' लॉगिन सुविधा प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

इस सुविधा से आयोग हरियाणा सेवा का अधिकार अधिनियम, 2014 के तहत अधिसूचित तथा विभागीय पोर्टल या अंत्योदय सरल, विभागीय एमआईएस सिस्टम या अन्य डिजिटल इंटरफेस जैसे एकीकृत प्लेटफार्मों के माध्यम से प्रदान की जा सभी सेवाओं की डिजिटल निगरानी करने में सक्षम होगा।

इस पहुंच के माध्यम से आयोग पर्यवेक्षण और निगरानी उद्देश्यों के लिए सेवा वितरण की वास्तविक समय आधार पर समीक्षा कर सकेगा, जिससे सत्यापन, सुनवाई या निरीक्षण के दौरान पारदर्शिता, दक्षता और समय पर निवारण सुनिश्चित होगा। यह व्यवस्था आयोग को निर्धारित समय-सीमा के भीतर विभागीय कार्यों की पुष्टि करने की अनुमति देकर जवाबदेही को भी बढ़ावा देगी। इससे लिखित रिपोर्टों पर निर्भरता कम होगी और मूल्यांकन प्रक्रिया अधिक वस्तुनिष्ठ एवं आंकड़ा-आधारित बनेगी।

# एमसीएम डीएवी में छात्राओं ने बनाई सुंदरता की नई परिभाषा



**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**

मेहर चंद महाजन डीएवी महिला महाविद्यालय के फाइन आर्ट्स विभाग द्वारा 'समारंभ' शीर्षक से दो दिवसीय कौशल संवर्धन कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य विद्यार्थियों में कलात्मक नवाचार को प्रोत्साहित करना और पर्यावरण के अनुकूल रचनात्मक अभ्यासों को बढ़ावा देना था।

इस कार्यशाला में पिडिलाइट इंडस्ट्रीज से संतोष वर्मा बतौर मुख्यवक्ता उपस्थित रहीं। उन्होंने त्योहार थीम पर बंधनवार और सजावटी हैंगिंग्स बनाने का एक आकर्षक व्यावहारिक सत्र संचालित किया, जिसमें विद्यार्थियों ने बेकार सामग्री का उपयोग करके उपयोगी और सौंदर्यपूर्ण कला-निर्माण की तकनीकें सीखीं।

कार्यवाहक प्राचार्या नीना शर्मा ने इस पहल की सराहना करते हुए विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण सहभागिता तथा रचनात्मक कौशल की प्रशंसा की। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया कि वे सुंदरता और पर्यावरणीय उत्तरदायित्व को जोड़ते हुए सतत कलात्मक अभिव्यक्ति के नए आयामों का अन्वेषण जारी रखें।

## न्यूज ब्रीफ

### बराड़ खेड़ा में खुलेगा नया उप-स्वास्थ्य केंद्र

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार ने जींद जिले के बराड़ खेड़ा गांव में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने की मंजूरी दे दी है। स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने बताया कि यह केंद्र आसपास के गांवों बुरा डैहर और बहबलपुर के लोगों के लिए भी बड़ी राहत लेकर आएगा। अब ग्रामीणों को प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा। केंद्र में योग्य स्वास्थ्य कर्मियों, नर्सिंग स्टाफ और आवश्यक दवाओं की व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि जल्द ही नियुक्ति प्रक्रिया पूरी कर इस केंद्र को जनता को समर्पित किया जाएगा। सरकार का लक्ष्य है कि हर नागरिक को घर के पास ही सुलभ और सस्ती स्वास्थ्य सेवाएं मिल सकें।

### 'रीवायरिंग द ब्रेन फॉर वेलनेस' किताब का विमोचन

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस पर वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. (कर्नल) राजिंदर सिंह की पुस्तक 'रीवायरिंग द ब्रेन फॉर वेलनेस' का विमोचन किया गया। अकाल ड्रग डि-एडिक्शन एंड रिहैब सेंटर के निदेशक डॉ. सिंह ने कहा कि ध्यान, योग, संगीत और बॉक्स ब्रीदिंग जैसी प्राकृतिक तकनीकें तनाव कम कर मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर बना सकती हैं। उन्होंने बिब्लियोथेरेपी की महत्ता बताते हुए कहा कि सही किताबें पढ़ना मानसिक समस्याओं के समाधान में सहायक हो सकता है। कार्यक्रम में पीजीआई चंडीगढ़ के पूर्व निदेशक डॉ. बीएनएस वालिया ने कलगीधर ट्रस्ट की समाजसेवा की सराहना की। पुस्तक में तनावमुक्त और संतुलित जीवन के लिए व्यावहारिक अभ्यास व सुझाव शामिल हैं।

### चंडीगढ़ में पोषण माह: स्वस्थ माताएं, सशक्त बच्चे

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़।** पोषण माह उत्सव के अंतर्गत सामाजिक कल्याण, महिला एवं बाल विकास विभाग, चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मनीमाजरा में माताओं और बच्चों को स्वच्छता व संतुलित आहार पर विशेष व्याख्यान दिया गया। प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना से महिलाओं को लाभांवित करने हेतु अभियान चलाया गया। कजहेड़ी में आंगनवाड़ी बच्चों को स्वस्थ व अस्वस्थ खाद्य पदार्थों की जानकारी दी गई। छह माह की इस पहल में स्तनपान, पोषक मिलेट्स, बच्चों की वृद्धि निगरानी, संस्थागत प्रसव और पोषण पुनर्वास पर जोर दिया गया। समुदाय को घर में पौष्टिक आहार तैयार करने का प्रशिक्षण भी दिया गया। यह प्रयास मातृ एवं बाल पोषण सुधार की दिशा में एक सशक्त पहल है।

# हर दूसरा मरीज डेंगू पॉजिटिव पारस हेल्थ ने जताई चिंता

**अनंत ज्ञान, पंचकूला**



पारस हेल्थ पंचकूला ने डेंगू के मामलों में तेज बढ़ोतरी पर चिंता जताई है। अस्पताल में पिछले 10 दिनों में भर्ती आधे से ज्यादा मरीज डेंगू पॉजिटिव पाए गए हैं। कई मामलों में प्लेटलेट काउंट 20,000 से भी नीचे रहा, जिससे गंभीर जटिलताओं का खतरा बढ़ गया है।

इंटरनल मेडिसिन एसोसिएट डायरेक्टर डॉ. सुमित जैन के अनुसार, मानसून के बाद तापमान में उतार-चढ़ाव और नमी के कारण मच्छरों की संख्या बढ़ी है। उन्होंने बताया कि मरीज लक्षणों को मामूली बुखार समझकर देर से इलाज करा रहे हैं, जिससे हालात बिगड़ रहे हैं। डॉ. नवनीत अरोड़ा, कंसल्टेंट, इन्फेक्शियस डिजीज, ने बताया कि डेंगू के अस्पताल में भर्ती मरीजों की संख्या सामान्य से 2-3 गुना अधिक है। प्लेटलेट्स में तेज गिरावट चिंता का विषय है। पारस हेल्थ ने आईसी, ट्रांसफ्यूजन यूनिट और 2437 निगरानी की व्यवस्था की है, लेकिन डॉक्टरों का मानना है कि सामुदायिक जागरूकता और रोकथाम ही डेंगू से बचाव की असली कुंजी है। डॉक्टरों ने अपील की है कि लक्षण दिखते ही तुरंत चिकित्सकीय सलाह लें और खुद दवा न लें।

# सीमावर्ती क्षेत्रों में बाढ़ राहत में जुटे यूनाइटेड सिख्स

**अनंत ज्ञान, अमृतसर।** यूनाइटेड सिख्स संगठन ने गुरदासपुर जिले के सीमावर्ती क्षेत्रों में आई बाढ़ से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए अपने राहत कार्यों को और तेज़ कर दिया है। धुस्सी बांध में आई दरार के कारण गांव जैनपुर और ठाकुरपुर के कई क्षेत्र अब भी संकट का सामना कर रहे हैं।

राहत कार्यों को गति देने के लिए संगठन ने 1 लाख रुपए मूल्य का डीजल उपलब्ध कराया है, जिससे ट्रैक्टर और ट्रॉलियां चौबीसों घंटे बांध की मरम्मत और रोकथाम के कार्य में जुटी है। इस पूरे अभियान की निगरानी यूनाइटेड सिख्स के निदेशक एमजे सिंह स्वयं कर रहे हैं, जो बेंगलुरु से विशेष रूप से राहत कार्यों का जायजा लेने गुरदासपुर पहुंचे है। बांध को मजबूत करने और बाढ़ के पानी को रोकने के लिए संगठन ने दो टिपर और दस ट्रैक्टर ट्रॉलियां तैनात की है, ताकि मरम्मत कार्य तेज़ी से पूरा हो सके। स्थानीय किसानों और पशुपालकों की मदद के लिए यूनाइटेड सिख्स ने 7.5 लाख रुपए (लगभग 9,000 अमेरिकी डॉलर) मूल्य का पशु चारा भी प्रभावित गांवों में वितरित किया है। इसके अलावा, खाद्य सामग्री, स्वच्छता उत्पाद और अन्य आवश्यक चीजें प्रतिदिन बाढ़ पीड़ित परिवारों तक पहुंचाई जा रही है।

# बॉडी बिल्डर एथलीटों में 5 गुना बढ़ा दिल का दौरा पड़ने का खतरा: डॉ. बेदी

**अनंत ज्ञान, चंडीगढ़**



पुरुष बॉडी बिल्डर एथलीटों को दिल का दौरा पड़ने का खतरा आम लोगों की तुलना में पांच गुना अधिक होता है। यह दावा किया है पार्क हॉस्पिटल, मोहाली के कार्डियोथोरेसिक एंड वैस्कुलर सर्जरी विभाग के चेयरमैन डॉ. एचएस बेदी ने। उन्होंने बताया कि अधिकतर मामलों में यह खतरा कार्डियोमायोपैथी जैसे हृदय विकारों, स्टेरॉयड और प्रोटीन सप्लीमेंट के दुरुपयोग और अनुचित व्यायाम से जुड़ा होता है।

डॉ. बेदी ने कहा कि कुछ एथलीट प्रतिस्पर्धा से पहले वजन कम करने के लिए जानबूझकर डिहाइड्रेशन का सहारा लेते हैं, जिससे रक्त गाढ़ा हो जाता है और ब्लड क्लॉटिंग की संभावना बढ़ जाती है। यह स्थिति दिल का दौरा पड़ने का मुख्य कारण बन सकती है। उन्होंने बताया कि अत्यधिक व्यायाम भी हृदय पर अनावश्यक दबाव डाल सकता है।

उन्होंने एक पूर्व मिस्टर पंजाब का उदाहरण देते हुए बताया कि उन्हें कम उम्र में ही गंभीर हृदय रोग हो गया था, जिसकी सफल बाईपास सर्जरी की गई। डॉ. बेदी के अनुसार, मई 2025 में यूरोपियन हार्ट जर्नल में प्रकाशित एक शोध में भी इन तथ्यों की पुष्टि की गई है। उन्होंने सुझाव दिया कि बॉडी बिल्डर एथलीटों को नियमित हृदय जांच, योग्य प्रशिक्षकों की देखरेख में व्यायाम, संतुलित आहार और सप्लीमेंट से परहेज रखना चाहिए।

## देश-विदेश

# सिवनी में 1.45 करोड़ की हवाला राशि लूट मामले में नौ पुलिसकर्मी निलंबित

**एजेंसी, सिवनी**

- महाराष्ट्र भेजी जा रही थी संदिग्ध नकदी
- अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक गुप्ता करेंगे घटना की जांच

मध्य प्रदेश के सिवनी जिले के नौ पुलिसकर्मियों को एक चार-पहिया वाहन से महाराष्ट्र भेजी जा रही 1.45 करोड़ की हवाला राशि लूटने के आरोप में निलंबित कर दिया गया है। एक अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह कथित अपराध तब प्रकाश में आया जब चालक और पैसे भेजने वाले एक व्यापारी ने पुलिस से संपर्क किया। इसके बाद पुलिस महानिरीक्षक (जबलपुर) प्रमोद वर्मा ने जांच के आदेश दिए।

सिवनी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुनील कुमार मेहता ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि बुधवार रात जांच अभियान के दौरान, बंडोल थाना प्रभारी और एसडीओपी (उप-विभागीय पुलिस अधिकारी) कार्यालय के कर्मचारियों ने सिलादेही के जंगल में एक चार-पहिया वाहन को रोका। उन्होंने कहा कि पुलिस ने बड़ी मात्रा में नकदी बरामद की, जिसे मध्यप्रदेश के कटनी से महाराष्ट्र के जालना ले जाया जा रहा था। हालांकि, गाड़ी को जब्त करने के बजाय, उन्होंने चालक के साथ मारपीट कर उसे भगा दिया और नकदी हड़पने की कोशिश की। उन्होंने बताया कि पुलिस टीम ने हवाला के पैसों के बारे में अपने वरिष्ठों को भी सूचित नहीं किया। पैसा गंवाने वाला व्यापारी बृहस्पतिवार सुबह कोतवाली थाने पहुंचा तब मामला सामने आया। जब पुलिसकर्मियों पर लगे गंभीर आरोप जबलपुर और भोपाल में उच्च अधिकारियों तक पहुंचे, तो नौ पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया। यह भी दावा किया जा रहा है कि गाड़ी में 2.96 करोड़ रुपये से ज्यादा थे। अधिकारी ने कहा कि गाड़ी में मिली रकम की सही मात्रा जांच के बाद ही पता चलेगी। घटना की जांच जबलपुर के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक आयुष गुप्ता को सौंपी गई है। मेहता ने बताया कि आईजी ने तीन दिन के भीतर घटना की विस्तृत रिपोर्ट मांगी है। अनंत ज्ञान

# लेह में हिंसा के 16 दिन बाद भी हालात खराब

**एजेंसी, गुवाहाटी।** साल के करीब 7-8 महीने पर्यटकों से भरा रहने वाला लेह का मुख्य बाजार सूना पड़ा है। होटल खाली हैं। 5 से 10 हजार वाले रूम 500 से 1 हजार रुपए के मामूली किराए में भी नहीं भर रहे। टैक्सी स्टैंड पर गाड़ियां खाली खड़ी हैं। जितने टूरिस्ट अभी यहां हैं, उससे 10 गुना ज्यादा सुरक्षाकर्मी पहरा दे रहे हैं। इंटरनेट बंद है। हमने ऐसी जिंदगी पहले कभी नहीं जी। हिंसा ने हमारे सीजन की खुशियां छीन लीं। और उप राज्यपाल दावा कर रहे हैं कि लेह में सब नॉर्मल है। जो हालात हैं, उसे हमारे लिए नॉर्मल नहीं कह सकते। यह बात जब रिगजिन वाग्मो लेचिक बोल रही थीं, तब उनकी आंखों में आंसू थे। लेचिक ऑल लद्दाख होटल एंड गेस्ट हाउस एसोसिएशन लेह की अध्यक्ष भी हैं। लेचिक ने बताया कि पहलगाम की घटना ने 50% टूरिस्ट को नुकसान पहुंचाया था, लेह की हिंसा में यह बढ़कर 80% हो गया है। 2000 गेस्टहाउस, होटल्स खाली पड़े हैं। लद्दाख की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 50% है। अक्टूबर में हम अगले मार्च-अप्रैल की बुकिंग शुरू कर देते थे, लेकिन इस बार एक भी प्री-बुकिंग नहीं है। अगले कुछ दिन में बर्फीली ठंड शुरू होते ही यहां सबकुछ बंद हो जाएगा।

# केंद्र बोला- जेएंडके के 99.9% लोग सरकार के साथ सुप्रीम कोर्ट ने राज्य के दर्जे पर 4 हफ्ते में मांगा जवाब

**एजेंसी, नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने केंद्र सरकार को जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा देने से जुड़ी याचिकाओं पर जवाब दाखिल करने के लिए 4 हफ्तों का समय दिया है। सुनवाई के दौरान सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने बताया कि इस मुद्दे पर केंद्र सरकार और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के बीच बातचीत चल रही है। उन्होंने कहा, कुछ लोग झूठी बातें फैला रहे हैं और जम्मू-कश्मीर की भयावह तस्वीर पेश कर रहे हैं। राज्य के हालात सामान्य हैं, विकास हो रहा है और 99.9% लोग सरकार के साथ हैं।

मेहता ने कोर्ट को बताया कि इस मामले में कई बातें हैं जिन पर विचार करने की जरूरत है। इससे पहले 14 अगस्त को हुई सुनवाई में कोर्ट ने इस मुद्दे पर केंद्र सरकार से आठ हफ्तों के अंदर लिखित जवाब मांगा था। दरअसल, 5 अगस्त 2019 को अनुच्छेद 370 हटाने के बाद केंद्र सरकार ने केंद्र शासित प्रदेश बनाया था। इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में केंद्र के फैसले को चुनौती दी गई। दिसंबर 2023 में सुप्रीम कोर्ट ने राज्य से आर्टिकल 370 हटाने और विशेष राज्य का दर्जा समाप्त करने को सही माना था। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता (केंद्र सरकार की ओर से)- पिछले साल शांतिपूर्ण चुनाव हुए हैं, लेकिन हाल की सुरक्षा चिंताओं और पहलगाम आतंकी हमले को देखते हुए केंद्र को और समय चाहिए। राज्य का दर्जा बहाल करने को लेकर केंद्र और जम्मू-कश्मीर प्रशासन के बीच बातचीत चल रही है। वरिष्ठ वकील गोपाल शंकरनारायणन (याचिकाकर्ता की ओर से)- पहलगाम हमला केंद्र के शासन में हुआ। अगर सब कुछ ठीक है, तो राज्य का दर्जा क्यों नहीं बहाल किया गया? सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता-यह हमारी सरकार है, किसी और की नहीं।

वरिष्ठ वकील मानेका गुरुस्वामी (याचिकाकर्ता की ओर से)- किसी राज्य को केंद्रशासित प्रदेश में बदलना संघीय ढांचे के खिलाफ है। अगर यह अनुमति दी गई तो भविष्य में किसी भी राज्य को यूटी बनाया जा सकता है। वरिष्ठ वकील एनके भारद्वाज (याचिकाकर्ता की ओर से)- अगर केंद्र चाहे तो कल यूपी या तमिलनाडु को भी यूटी बना सकता है, जो बेहद खतरनाक मिसाल होगी। जम्मू की ओर से वकील- क्षेत्र में विकास कार्य ठप हैं, रोजगार की कमी है और फंड्स नहीं मिल रहे। लोगों को उम्मीद थी कि राज्य बनने के बाद हालात सुधरेंगे, लेकिन ऐसा नहीं हुआ।

# ग्रीन पटाखों पर सुप्रीम कोर्ट का फैसला सुरक्षित

**एजेंसी, नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को दिल्ली-एनसीआर में ग्रीन पटाखों को बनाने और बेचने की परमिशन देने वाली याचिकाओं पर अपना फैसला सुरक्षित रखा है। सुनवाई के दौरान दिल्ली-एनसीआर के राज्यों ने कोर्ट से गुजारिश किया कि ग्रीन पटाखों को फोड़ने की परमिशन दी जाए। दिल्ली-एनसीआर के राज्यों की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने चीफ जस्टिस बीआर गवई की बेंच से कहा- बच्चों को कम से कम 2 दिन दिवाली का जश्न मनाने दिया जाए। रात 8 बजे से 10 बजे तक हरे पटाखे फोड़ने की परमिशन दी जाए। इससे पहले 26 सितंबर को सुप्रीम कोर्ट ने सर्टिफाइड ग्रीन पटाखे बनाने की मंजूरी दी थी। लेकिन बिना कोर्ट की इजाजत एनसीआर में बिक्री न करने की शर्त रखी थी।

# राजनाथ ने किया ऑस्ट्रेलियाई नौसेना बेस का दौरा



**एजेंसी, सिडनी/कैनबरा।** भारत के रक्षामंत्री राजनाथ सिंह ने ऑस्ट्रेलिया यात्रा के अंतिम दिन सिडनी स्थित रॉयल ऑस्ट्रेलियाई नौसेना के प्रमुख बेस एचएमएएस कुत्ताबुल और फ्लीट बेस ईस्ट का दौरा किया। उन्होंने समुद्री अभियानों और तैयारियों की जानकारी ली। इससे पूर्व कैनबरा में सिंह ने ऑस्ट्रेलियाई युद्ध स्मारक पर शहीदों को श्रद्धांजलि दी और प्रधानमंत्री एंथनी अल्बानीज से भेंट की। सिंह ने इस मुलाकात को 'शानदार' बताया और भारत-ऑस्ट्रेलिया संबंधों को और प्रगाढ़ होने की उम्मीद जताई।

# काबुल में पाकिस्तान की एयर स्ट्राइक

**एजेंसी, काबुल।** पाकिस्तान ने अफगानिस्तान की राजधानी काबुल में तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान के कई ठिकानों पर एयरस्ट्राइक की। पाकिस्तानी मीडिया के मुताबिक, एयरफोर्स ने ज्जज्जक्क चीफ मुफ्ती नूर वली मेहसूद को मारने का दावा किया है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक महसूद पूर्वी काबुल में बने एक ठिकाने में मौजूद था। उसकी कार और गेस्टहाउस को निशाना बनाया गया। तालिबान सरकार के मुख्य प्रवक्ता जबीहुल्लाह मुजाहिद ने कहा कि विस्फोट में किसी के घायल होने की कोई रिपोर्ट नहीं है। इधर टोलो न्यूज ने कहा है कि उसे महसूद का एक ऑडियो मैसेज मिला है, जिसमें उसने दावा किया है उन पर कोई हमला नहीं हुआ है। पाक ने काबुल पर ऐसे वक्त में एयरस्ट्राइक की है जब, तालिबान सरकार के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी 7 दिन के भारत दौरे पर आए हुए हैं। वे यहां पर 7 दिन रहेंगे।

# बंगाल के मंत्री के ठिकानों पर ईडी ने की छापेमारी

**एजेंसी, कोलकाता।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को एक नागरिक संगठन में भर्ती में कथित अनियमितताओं की जांच के सिलसिले में पश्चिम बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के ठिकानों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, ईडी ने मंत्री के संपत्ति सहित कोलकाता में छह ठिकानों पर तलाशी अभियान चलाया। एक अधिकारी ने बताया कि ईडी की टीमों ने साल्ट लेक स्थित मंत्री के आवास-सह-कार्यालय और दमदम नगर पालिका के पूर्व अधिकारियों के घरों पर छापेमारी की। जानकारी के मुताबिक, ईडी तृणमूल कांग्रेस नेता और बंगाल के मंत्री सुजीत बोस के कोलकाता स्थित साल्ट लेक कार्यालय और दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष निताई दत्ता के आवास पर छापेमारी कर रहा है। ये छापेमारी एक कथित नगर निकाय भर्ती घोटाले के सिलसिले में हो रही है। बताया जा रहा है कि सुजीत बोस 2010 से 2021 तक दक्षिण दंडम नगर पालिका के उपाध्यक्ष थे। यह कथित तौर पर दूसरी बार है जब ईडी ने इस जांच के सिलसिले में मंत्री के कार्यालय पर छापा मारा है।

# गोल्ड चोरी मामले में केस दर्ज करने का आदेश

**एजेंसी, तिरुवनंतपुरम।** केरल हाईकोर्ट ने शुक्रवार को कहा कि अब तक की जांच से लग रहा है कि सबरीमाला मंदिर के गेट पर रखी दो प्रतिमाओं (द्वारपालक) से सोने की हेराफेरी हुई है। कोर्ट ने मामले में क्रिमिनल केस दर्ज करने और स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) को जांच शुरू करने का निर्देश दिया। जस्टिस राजा विजयराघवन वी और जस्टिस के वी जयकुमार की बेंच ने एसआईटी को छह हफ्ते के भीतर जांच रिपोर्ट दाखिल करने और हर दो हफ्ते में एक बार जांच की स्टेटस रिपोर्ट पेश करने का भी निर्देश दिया। कोर्ट ने कहा कि जांच से जुड़ी कोई भी जानकारी लीक नहीं होनी चाहिए। बेंच ने आगे कहा कि अब तक की जांच से पता चला है कि उन्नीकृष्णन पोट्टी (सोने की परत चढ़ाने की पेशकश करने वाले स्पांसर) को काफी मात्रा में सोना सौंपा गया था। कोर्ट ने कहा कि पोट्टी को लगभग 474.9 ग्राम सोना दिया गया था।

# जुबिन गर्ग मौत केस: सिंगर के 2 सिक्योरिटी ऑफिसर अरेस्ट

**एजेंसी, गुवाहाटी**

- 17 दिन बाद भी असम सरकार दूसरी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट नहीं दिखा रही

असम के मशहूर सिंगर जुबिन गर्ग की संदिग्ध मौत मामले में उनके दो पर्सनल सिक्योरिटी ऑफिसर (पीएसओ) को स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम (एसआईटी) ने शुक्रवार को गिरफ्तार किया। दोनों का नाम नंदेश्वर बोरा और परेश बैश्य है, जो लंबे समय से जुबिन गर्ग के सिक्योरिटी ऑफिसर थे। पुलिस ने दोनों को उनके बैंक अकाउंट से पिछले चार-पांच सालों के दौरान ₹1 करोड़ से ज्यादा के लेन-देन के मामले में गिरफ्तार किया है। इनमें से ₹70 लाख बोरा और ₹40 लाख बैश्य के खाते में आए थे। दोनों अफसरों को पहले ही सस्पेंड कर दिया गया था।

सिंगर की मौत मामले में अब तक 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। इनमें जुबिन के चचेरे भाई और छ्स्क्ल संदीपन गर्ग, मैनेजर सिद्धार्थ शर्मा, सह गायिका अमृतप्रभा महंत, नॉर्थ ईस्ट इंडिया फेस्टिवल के आयोजक श्यामकनु महंत, बैंड के ड्रम मास्टर शेखर ज्योति गोस्वामी शामिल हैं। जुबीन की 19 सितंबर को सिंगापुर में स्कूबा डाइविंग के दौरान समुद्र में डूबने से मौत हो गई थी। उस वक्त जुबीन नाव में कुल 17 लोगों के साथ सवार थे। जुबिन जिस कार्यक्रम के लिए सिंगापुर गए थे, उसे श्यामकनु ने ऑर्गनाइज किया था।

सरकार 17 दिन बाद भी नहीं दिखा रही दूसरी पीएम रिपोर्ट जुबीन गर्ग की मौत की जांच प्रक्रिया को लेकर असम सरकार भी सवालों के घेरे में आ गई है। असम के सीएम हिमंत बिस्वा सरमा के निर्देश पर 23 सितंबर को गुवाहाटी मेडिकल कॉलेज में सिंगर का दूसरी बार पोस्टमॉर्टम हुआ। मगर 17 दिन बाद भी रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं हुई। सीएम का कहना है कि रिपोर्ट सार्वजनिक करने से यह 'कानूनी रूप से अमान्य' हो जाएगी। सिंगर की पहली पोस्टमार्टम रिपोर्ट में उनकी मौत का कारण डूबना बताया गया, लेकिन अब जबरन डुबोने, जहर देने और आर्थिक साजिश के आरोपों ने केस को जटिल बना दिया है। अनंत ज्ञान

**मांग** फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स ने डीजीसीए को ऑडिट करने को कहा

# एयर इंडिया के बोइंग 787 ग्राउंड करने की मांग

**एजेंसी, नई दिल्ली**

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स (एफआईपी) ने शुक्रवार को सिविल एविएशन मंत्रालय से एयर इंडिया के सभी बोइंग 787 ड्रीमलाइनर विमानों को ग्राउंड करने की मांग की। एक हफ्ते में दो घटनाओं के बाद फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्सने इलेक्ट्रिकल सिस्टम की जांच और डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ सिविल एविएशन(डीजीसीए) से एयर इंडिया का स्पेशल ऑडिट करने की मांग की।

फेडरेशन ऑफ इंडियन पायलट्स के अध्यक्ष कैप्टन सीएस रंधावा ने सिविल एविएशन मंत्री के राममोहन नायडू को इस मामले में पत्र लिखा है। एफआईपी 5,000 पायलटों का प्रतिनिधित्व करता है। मंत्रालय ने अभी कोई जवाब नहीं दिया। दरअसल एक हफ्ते में दो बार बोइंग 787 विमानों में खराबी आने के कारण ये मांग की गई है।

### अहमदाबाद हादसे के बाद से मांग कर रहा एफआईपी

**इस** साल जून महीने में अहमदाबाद से लंदन गेटविक फ्लाइट एआई171 टेकऑफ के समय क्रैश होने के बाद से लगातार कंपनी और यात्री सुरक्षा को लेकर सवाल उठ रहे हैं। इस हादसे में 270 लोगों की मौत हो गई थी। तभी से एफआईपी बोइंग 787 के इलेक्ट्रिकल सिस्टम की जांच की मांग कर रहा है। एयर इंडिया की उड़ान संख्या एआई 171 अहमदाबाद से लंदन जा रही थी। इसमें 169 भारतीय, 53 ब्रिटिश, 7 पुर्तगाली और एक कनाडाई नागरिक समेत कुल 230 यात्री सवार थे। इनमें 103 पुरुष, 114 महिलाएं, 11 बच्चे और 2 नवजात शामिल थे। बाकी 12 क्रू मेंबर्स थे। हादसे में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रूपाणी का भी निधन हो गया था।

### कब-कब आई विमान में तकनीकी खराबी



**अमृतसर** से 4 अक्तूबर को इंग्लैंड के बर्मिंघम जा रही एयर इंडिया की फ्लाइटएआई-117 (बोइंग ड्रीमलाइनर 787-8) की बर्मिंघम एयरपोर्ट पर 4 अक्टूबर को इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई थी। फ्लाइट ने दोपहर 12:52 बजे अमृतसर से उड़ान भरी थी और करीब 10 घंटे 45 मिनट बाद बर्मिंघम पहुंची थी। लैंडिंग से पहले विमान की रैम एयर टरबाइन अपने आप एक्टिव हो गई, जिसके बाद पायलट ने एहतियातन इमरजेंसी लैंडिंग की। एअर इंडिया ने बताया कि सभी यात्री और क्रू पूरी तरह सुरक्षित हैं। वहीं, नौ अक्तूबर को ऑस्ट्रिया के वियना से दिल्ली के लिए जा रही एयर इंडिया फ्लाइट एआई 154 को तकनीकी खराबी के कारण दुबई में लैंड कराया गया। एयरलाइन के मुताबिक, फ्लाइट की जांच के बाद दोबारा टेक ऑफ के लिए क्लियरेंस दिया गया। फ्लाइट दुबई से सुबह 8.45 बजे रवाना हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। प्लेन में ऑटोपायलट, आईएलएस, फ्लाइट डायरेक्टर्स और फ्लाइट कंट्रोल सिस्टम फेल हो गए थे।

## स्पोर्ट्स विंडो

### माइटी मराठा और राजपूताना रॉयल्स तीरंदाजी प्रीमियर लीग के सेमीफाइनल में पहुंची

**एजेंसी, नई दिल्ली।** माइटी मराठा ने चोला चीफ्स को 5-1 से हराकर पहले तीरंदाजी प्रीमियर लीग (एपीएल) के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। राजपूताना रॉयल्स ने पृथ्वीराज योद्धा से 0-6 से हारने के बावजूद अंतिम चार में जगह बनाई। लगातार सात जीत के बाद राजपूताना रॉयल्स की यह पहली हार थी। रॉयल्स और मराठा ने आठ मैचों में से क्रमशः सात और छह जीत के साथ सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। अब बाकी दो स्थानों का फैसला योद्धाज (आठ अंक), चीफ्स (छह अंक) और चेरो आर्चर्स (छह अंक) के बीच होगा। काकतीय नाइट्स आठ मैच में सिर्फ एक जीत से दौड़ से बाहर हो गई है। (अनंत ज्ञान)

### जूनियर हॉकी टीम सुल्तान कप में फिर से इतिहास रचने को तैयार

**ग्रेट ब्रिटेन से मुकाबला आज**

**एजेंसी, नई दिल्ली।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम प्रतिष्ठित सुल्तान ऑफ जोहोर कप 2025 में अपने गौरवशाली प्रदर्शन को दोहराने के इरादे से तैयार है। यह टूर्नामेंट 11 से 18 अक्तूबर तक मलेशिया के जोहोर बाह्रू में खेला जाएगा। भारत अपने अभियान की शुरुआत 11 अक्तूबर को ग्रेट ब्रिटेन के खिलाफ करेगा। भारत इस टूर्नामेंट का तीन बार (2013, 2014, 2022) विजेता रह चुका है और कुल 9 पदक जीतकर इसका इतिहास रच चुका है। ग्रेट ब्रिटेन चार बार खिताब जीतकर शीर्ष पर है। भारतीय टीम को अब तक 4 रजत (2012, 2015, 2018, 2019) और 2 कांस्य पदक (2023, 2024) भी मिल चुके हैं। भारत को राउंड-रॉबिन चरण में ग्रेट ब्रिटेन के बाद 12 अक्तूबर को न्यूजीलैंड, 14 को पाकिस्तान, 15 को ऑस्ट्रेलिया और 17 अक्तूबर को मलेशिया से भिड़ना है। शीर्ष दो टीमें 18 अक्तूबर को फाइनल में आमने-सामने होंगी। टीम के कोच पीआर श्रीजेश ने कहा, 'यह टूर्नामेंट हमारे लिए खास है। यहीं से कई खिलाड़ियों ने सीनियर स्तर तक पहुंचने की शुरुआत की थी। टीम की तैयारी संतुलित और रणनीतिक रही है।' उन्होंने कहा कि यह टूर्नामेंट जूनियर वर्ल्ड कप की तैयारियों के लिए भी अहम रहेगा। (अनंत ज्ञान)

### वुहान ओपन सेमीफाइनल में सबालेंका-पेगुला की टक्कर तय

**एजेंसी, वुहान (चीन)।** विश्व की नंबर-1 खिलाड़ी आर्यना सबालेंका ने वुहान ओपन 2025 के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। उन्होंने एलेना राइबाकिना को सीधे सेटों में 6-3, 6-3 से हराकर टूर्नामेंट में लगातार 20वीं जीत दर्ज की और लगातार चौथे खिताब की ओर कदम बढ़ाया। मैच में सबालेंका ने दमदार सर्विस और आक्रामक रिटर्न के दम पर राइबाकिना को ज्यादा मौके नहीं दिए। यह दोनों खिलाड़ियों के बीच 13वां मुकाबला था, जिसमें सबालेंका ने अब 8-5 की बढ़त बना ली है। यह जीत सिनसिनाटी में राइबाकिना से मिली पिछली हार का बदला भी थी। अब सेमीफाइनल में सबालेंका का सामना अमेरिका की जेसिका पेगुला से होगा, जिन्होंने कैटरीना सिनियाकोवा को 2-6, 6-0, 6-3 से हराया। पेगुला की यह इस सीजन की 50वीं जीत रही। दोनों के बीच अब तक 10 मुकाबले हुए हैं, जिनमें से 8 सबालेंका ने जीते हैं। इस बीच अन्य क्वार्टरफाइनल में कोको गॉफ़ बनाम लौरा सीगेमंड और इगा स्वियातेक बनाम जैस्मिन पाओलिनी के बीच मुकाबले खेले जाएंगे, जो फ्रेंच ओपन 2024 फाइनल का रीमैच भी होगा। (अनंत ज्ञान)

### डारिया कसाटकिना का बेहतरीन अंदाज

**रूस।** डारिया कसाटकिना एक टेनिस खिलाड़ी है। उनकी शानदार खेल शैली और अच्छी सोच की क्षमता ने उनको शीर्ष दस में खुद को बनाए रखने में मदद की और यह विशेषता, अन्य प्रतिद्वंद्वियों के लिए बहुत मुश्किल हो रही है।



**दूसरा टेस्ट : पहला दिन** भारत ने पहले दिन वेस्टइंडीज पर बनाया दबाव

# जायसवाल के 173 रन से भारत मजबूत

**एजेंसी, नई दिल्ली**




दिल्ली टेस्ट के पहले ही दिन भारत ने वेस्टइंडीज के खिलाफ मजबूत पकड़ बना ली है। अरुण जेटली स्टेडियम में शुक्रवार को स्टंप्स तक टीम ने महज 2 विकेट खोकर 318 रन बना लिए। यशस्वी जायसवाल 173 और शुभमन गिल 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। यह यशस्वी का वेस्टइंडीज के खिलाफ बेस्ट टेस्ट स्कोर है। 2023 में उन्होंने 171 रन बनाए थे।

भारत के कप्तान शुभमन ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी। केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने यशस्वी के साथ 58 रन की ओपनिंग पार्टनरशिप की। साई सुदर्शन ने फिर यशस्वी के साथ 193 रन जोड़े। सुदर्शन 87 रन बनाकर आउट हुए। वेस्टइंडीज से लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकन ने 2 विकेट लिए। पहले सेशन से हावी रहा भारत टीम इंडिया ने दिल्ली टेस्ट में टॉस जीतने के साथ ही मैच में अपनी पकड़ बनानी शुरू कर दी। अरुण जेटली स्टेडियम की बैटिंग फ्रेंडली पिच पर टीम ने बल्लेबाजी चुन ली और वेस्टइंडीज को बैकफुट पर धकेलना शुरू कर दिया। पहले सेशन में टीम ने एक ही विकेट गंवाया और 94 रन बना लिए। केएल राहुल 38 रन बनाकर आउट हुए। उनके बाद यशस्वी जायसवाल ने साई सुदर्शन के साथ पारी संभाल ली। दोनों ने टीम को 200 के पार पहुंचा दिया।

सुदर्शन शतक लगाने से चूके दूसरे सेशन में भारत ने विकेट नहीं गंवाया। यशस्वी ने अपना 7वां टेस्ट शतक लगाया, वहीं सुदर्शन ने दूसरी फिफ्टी लगा दी। तीसरे सेशन में सुदर्शन 87 रन बनाकर आउट हुए, उन्होंने यशस्वी के साथ दूसरे विकेट के लिए 193 रन की पार्टनरशिप की। वेस्टइंडीज से दोनों विकेट लेफ्ट आर्म स्पिनर जोमेल वारिकन ने लिए। यशस्वी डबल सेंचुरी के करीब दिन का खेल खत्म होने से पहले कप्तान शुभमन गिल ने यशस्वी के साथ फिफ्टी पार्टनरशिप कर ली। यशस्वी ने टेस्ट में 5वीं बार 150 रन का स्कोर पार किया। वे 173 और शुभमन 20 रन बनाकर नॉटआउट लौटे। दोनों मुकाबले के दूसरे दिन भारत की पारी आगे बढ़ाएंगे। खेल शनिवार सुबह 9.30 बजे से शुरू होगा। (अनंत ज्ञान)

## वुमंस वर्ल्ड कप : न्यूजीलैंड ने बांग्लादेश को 228 रन का दिया टारगेट

**एजेंसी, गुवाहाटी**



विमेंस वनडे वर्ल्ड कप का 11वां मैच न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच खेला जा रहा है। गुवाहाटी के बरसापारा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने बैटिंग चुनी। टीम ने 50 ओवर में 9 विकेट खोकर 227 रन बना दिए।

एक समय न्यूजीलैंड के 3 विकेट 38 रन पर ही गिर गए थे। यहां से ब्रूक हालिडे और कप्तान सोफी डिवाइन ने फिफ्टी लगाकर टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया। बांग्लादेश के लिए राबेया खान ने 3 विकेट लिए। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी न्यूजीलैंड टीम की शुरुआत खराब रही। टीम ने 38 रन पर ही 3 विकेट गंवा दिए। जॉर्जिया प्लिमर 4 और अमीलिया केर एक रन बनाकर आउट हुईं। दोनों को राबेया खान ने पवेलियन भेजा। सूजी बैट्स 29 रन बनाने के बाद रन आउट हुईं।

11वें ओवर में 3 विकेट गिर जाने के बाद कप्तान सोफी डिवाइन और ब्रूक हालिडे ने टीम को संभाल लिया। दोनों ने फिफ्टी पार्टनरशिप की और टीम को 100 रन के पार पहुंचा दिया। हालिडे ने हाफ सेंचुरी भी लगा दी। हालिडे 104 गेंद पर 69 रन बनाकर आउट हुईं। उन्होंने डिवाइन के साथ 112 रन की पार्टनरशिप की। उनके बाद डिवाइन भी 63 रन बनाकर पवेलियन लौट गईं। आखिर में मैडी ग्रीन ने 25, इजाबेल गैज ने 12 और ली ताहुहु ने भी 12 रन बनाकर टीम को 227 तक पहुंचा दिया। बांग्लादेश के लिए राबेया खान ने 3 विकेट लिए। मारुफा अख्तर, नाहिदा अख्तर, निशिता अख्तर निशी और फहीमा खातून को 1-1 विकेट मिला। शोरना अख्तर कोई विकेट नहीं ले सकीं।

दूसरी ओर, बांग्लादेश ने पहले मैच में पाकिस्तान को हराकर एक अच्छी शुरुआत की लेकिन दूसरे मैच में इंग्लैंड के खिलाफ 4 विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। पॉइंट्स टेबल में न्यूजीलैंड 7वें और बांग्लादेश चौथे नंबर पर है। न्यूजीलैंड और बांग्लादेश के बीच 4 विमेंस वनडे खेले गए। इनमें से एक न्यूजीलैंड ने जीता। समाचार लिखे जाने तक बांग्लादेश ने 28 ओवर में 7 विकेट गंवाकर 82 रन बना लिए थे। निगार सुल्ताना (4) और फातिमा खातुन (21) रन बनाकर क्रीज पर डटी हुई थीं। (अनंत ज्ञान)

## रणजी ट्रॉफी में बडोनी करेंगे दिल्ली की अगुवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**





**नीतीश राणा की वापसी**

दिल्ली ने हैदराबाद के खिलाफ 15 अक्तूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी क्रिकेट मैच के लिए शुक्रवार को 24 सदस्यीय टीम की घोषणा की, जिसमें आयुष बडोनी को कप्तान और यश ढुल को उपकप्तान नियुक्त किया गया है। दिल्ली एवं जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की चयन समिति ने नितीश राणा को भी टीम में शामिल किया है। राणा उत्तर प्रदेश के साथ कुछ समय तक खेलने के बाद दिल्ली की टीम में वापस आ गए हैं।

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने पीटीआई को बताया, "चयनकर्ताओं ने 24 खिलाड़ियों को इसलिए चुना है क्योंकि उन्हें लगता है कि इससे प्रत्येक मैच में चयन के लिए एक बड़ा पूल हमेशा उपलब्ध रहता है। जब हम दिल्ली में घरेलू मैच खेलेंगे, तो हम इसे घटाकर 15 कर देंगे।" राणा की वापसी पर शर्मा ने कहा, "वह एक अनुभवी खिलाड़ी हैं और चयनकर्ता उन्हें परखना चाहते थे। अगले मैच में हम ऋषभ पंत के खेलने की उम्मीद कर रहे हैं।"

बैठक में चयनकर्ता यशपाल सिंह, के भास्कर पिल्लई और मनु नायर के साथ-साथ मुख्य कोच सरनदीप सिंह, सीएसी सदस्य सुरिंदर खन्ना और डीडीसीए के अधिकारी अशोक शर्मा (सचिव) और अमित ग्रोवर (संयुक्त सचिव) भी शामिल हुए। (अनंत ज्ञान)

## आप हमेशा शीर्ष क्रम को नहीं दे सकते दोष उन्हें एक मैच से नहीं आंका जा सकता : रिचा

**एजेंसी, विशाखापत्तनम**



भारतीय महिला क्रिकेट टीम की विकेटकीपर रिचा घोष ने वनडे विश्व कप में टीम के शीर्ष क्रम की बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन का बचाव करते हुए कहा कि एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता।


बल्लेबाजों के लिए आसान पिच पर खेलने के बावजूद भारत के शीर्ष बल्लेबाज विश्व कप में लगातार तीसरी बार अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे और टीम गुरुवार को दक्षिण अफ्रीका से तीन विकेट से हार गई। घोष ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, "हमारे शीर्ष क्रम के सभी खिलाड़ी अच्छे बल्लेबाज हैं। एक मैच से उनका आकलन नहीं किया जा सकता। क्रिकेट में कुछ भी हो सकता है। हर बार अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना हमारा काम है। आप हमेशा शीर्ष क्रम पर दोष नहीं मढ़ सकते।"

उन्होंने कहा, "हमने मैच में कभी हार नहीं मानी। हम आखिरी गेंद तक खेले और अधिक से अधिक रन बनाने की कोशिश की।" घोष ने कहा, "मुझे लगता है कि क्रांति के ओवर में टर्निंग प्वॉइंट आया। नादिन डी क्लार्क ने जो एक छक्का और एक चौका लगाया, जिससे वास्तव में पासा पलट गया। बाकी सब कुछ नियंत्रण में था।"

घोष ने कहा कि टीम परिणाम की समीक्षा करेगी, लेकिन इससे रविवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ होने वाले महत्वपूर्ण मैच से पहले उनके आत्मविश्वास पर कोई असर नहीं पड़ा है। उन्होंने कहा, "हम अपने इस प्रदर्शन की समीक्षा करेंगे। हम इस बात का आकलन करेंगे कि हमने कहां अच्छा प्रदर्शन किया और हम कहां सुधार कर सकते हैं। हम सकारात्मक बने रहेंगे। हम इस मैच से सीख लेकर आगे अच्छा प्रदर्शन जारी रखने की कोशिश करेंगे।" (अनंत ज्ञान)

## हार्दिक पांड्या एक्ट्रेस एवं मॉडल माहिका शर्मा को कर रहे डेट!

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**एयरपोर्ट पर एक-दूजे का हाथ थामे नजर आया जोड़ा**

ऐसा लग रहा है हार्दिक पांड्या फिर से प्यार मिल गया है। नताशा स्टेनकोविक संग तलाक के बाद वे बीती रात अपनी रूमर्ड गर्लफ्रेंड संग पहली बार एयरपोर्ट पर स्पॉट हुए हैं।

बता दें कि पिछले साल बॉलीवुड एक्ट्रेस नताशा स्टेनकोविक और हार्दिक पांड्या का तलाक हो गया था। इसके बाद क्रिकेटर का नाम ब्रिटिश सिंगर-मॉडल जैस्मिन वालिया से जुड़ा, लेकिन कुछ ही महीनों में इनके रास्ते विभिन्न दिखाई दिए। इसके बाद हार्दिक पांड्या के मॉडल और एक्ट्रेस माहिका शर्मा संग रिलेशनशिप में होने के रूमर्स फैल गए। वहीं, अब लग रहा है कि ये रूमर्स नहीं बल्कि सच हैं।

दरअसल बीती रात बीती रात एयरपोर्ट पर क्रिकेटर हार्दिक पांड्या धांसू एंट्री लेते हुए नजर आए। क्रिकेटर को उनकी रूमर्ड गर्लफ्रेंड माहिका शर्मा संग एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया है। वहीं, एयरपोर्ट पर हार्दिक अपनी एक्ट्रेस-मॉडल रूमर्ड गर्लफ्रेंड संग ब्लैक में ट्विनिंग करते हुए नजर आए। माहिका शर्मा ने ब्लैक ट्राउजर और ब्लैक फुल स्लीव्स टीशर्ट के साथ ब्लैक जैकेट पेयर की थी। एक्ट्रेस-मॉडल ने ब्लैक चश्मा भी लगाया हुआ था और पिंक कलर के बैग के साथ अपना एयरपोर्ट लुक कंप्लीट किया था। इस दौरान नो मेकअप लुक में भी माहिका स्टाइलिश लग रही थीं। वहीं हार्दिक पांड्या इस दौरान ब्लैक ट्राउजर के साथ ब्लू एंड ब्लैक टीशर्ट और जैकेट में डैशिंग लग रहे थे। एयरपोर्ट पर हार्दिक खुल्लम खुल्ला अपनी रूमर्स गर्लफ्रेंड का हाथ थामे दिखे। दोनों की तस्वीरें अब सोशल मीडिया पर आग लगा रही हैं। इन तस्वीरों को देख नेटिजंस कह रहे हैं कि क्रिकेटर ने माहिका संग अपने अफेयर के रूमर्स को अब कंफर्म कर दिया है। (अनंत ज्ञान)

## आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच मुमकिन, भारत में ही होगी नीलामी

**एजेंसी, नई दिल्ली।** अगला आईपीएल ऑक्शन 13 से 15 दिसंबर के बीच भारत में ही हो सकता है। इस बार मिनी ऑक्शन होना है। पिछले दो साल नीलामी दुबई और जेद्दा में हुई थी। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक खिलाड़ियों की रिटेंशन लिस्ट जारी करने की आखिरी तारीख 15 नवंबर तय की गई है। रिटेंशन लिस्ट में फ्रेंचाइजी को यह बताना होता है कि अपने स्क्वॉड में से किन खिलाड़ियों को वह रोक रही है और किनको ऑक्शन के लिए रिलीज कर रही है। बीसीसीआई ने इस बारे में अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। एक टीम अधिकतम 6 खिलाड़ी रिटेन कर सकती कोई भी आईपीएल फ्रेंचाइजी अधिकतम 6 खिलाड़ियों को ही रिटेन कर सकती है। बाकी खिलाड़ियों को ऑक्शन के लिए रिलीज करना होता है। 6 रिटेन खिलाड़ियों में से 5 से ज्यादा इंटरनेशनल प्लेयर और 2 से ज्यादा अनकैप्ड प्लेयर नहीं हो सकते हैं। हर टीम 120 करोड़ रुपए खर्च कर सकती है। हालांकि, पर्स में रिटेन किए गए खिलाड़ियों की संख्या के हिसाब से कटौती होती है। अगर कोई टीम एक इंटरनेशनल खिलाड़ी को रिटेन करती है तो पर्स में से 18 करोड़ रुपए कट जाते हैं। दूसरा खिलाड़ी रिटेन करने पर 14 करोड़ रुपए और कम हो जाते हैं। इसी तरह तीसरे रिटेंशन के एवज में 11 करोड़, चौथे के लिए 18 करोड़ और पांचवें के लिए 14 करोड़ रुपए की कटौती होती है। अनकैप्ड खिलाड़ी को रिटेन करने पर 4 करोड़ रुपए पर्स से कम हो जाते हैं। (अनंत ज्ञान)

### राजस्थान-चेन्नई ज्यादा खिलाड़ियों को कर सकती है रिलीज

**आईपीएल** के पिछले सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स की टीमें आखिरी दो पोजिशन पर रही थी। इस वजह से माना जा रहा है कि ये दो टीमें सबसे कम खिलाड़ियों को रिटेन करेगी। राजस्थान की टीम कप्तान संजू सैमसन को रिलीज कर सकती है। इसी तरह चेन्नई भी कई बड़े नामों को रिलीज कर सकती है।

## क्लच शतरंज: कास्पारोव ने आनंद पर बढ़त मजबूत की

**एजेंसी, सेंट लुई**




भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी गैरी कास्पारोव के खिलाफ कुछ महत्वपूर्ण मौके गंवाए जिससे रूसी दिग्गज ने क्लच शतरंज लीजेंड्स में अपने बहुचर्चित मुकाबले के अंतिम दिन से पहले दो जीत और इतने ही ड्रॉ के साथ अपनी बढ़त पांच अंक तक पहुंचा दी।

कास्पारोव भाग्यशाली रहे जो वह पहली बाजी जीतने में सफल रहे क्योंकि तब आनंद जीत की स्थिति में थे, लेकिन वह घड़ी पर नजर रखना भूल गए जिसका उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। दिन के दो ब्लिट्ज गेम में कास्पारोव ने फिर से पहला गेम जीत लिया और 144,000 अमेरिकी डॉलर की पुरस्कार राशि वाली प्रतियोगिता के अंतिम दिन से पहले 8.5-3.5 से आगे हो गए। यह मुकाबला 12 बाजियों का है और इसमें अभी चार बाजियां खेली जानी बाकी हैं।

आनंद के पास अब भी चैंपियन बनने का मौका है, क्योंकि अंतिम दिन प्रत्येक बाजी में जीत हासिल करने वाले खिलाड़ी को तीन अंक मिलेंगे जबकि बाजी ड्रॉ होने पर अंक बंट जाएंगे। आनंद ने मैच के बाद कहा, "पहले गेम में एक समय मेरे पास एक मिनट 26 सेकंड थे और फिर मुझे नहीं पता। मुझे दोबारा घड़ी देखनी चाहिए थी। मैं पूरी तरह से भूल गया।

"दूसरा गेम कड़े संघर्ष के बाद ड्रॉ रहा, लेकिन आनंद तीसरा गेम भी हार गए। इस दिन प्रत्येक जीत दो अंकों के बराबर थी, जिससे कास्पारोव को पांच अंकों की बढ़त मिल गई। यह मैच का सबसे छोटा गेम था और केवल 18 चाल में समाप्त हो गया, क्योंकि आनंद से एक गलती हो गई और उन्होंने तुरंत ही हार मान ली। (अनंत ज्ञान)

### फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर

## स्कॉटलैंड ने ग्रीस को 3-1 से हराया

**एजेंसी, नई दिल्ली**



फीफा 2026 विश्व कप क्वालीफायर में स्कॉटलैंड ने ग्रीस पर 3-1 से शानदार जीत दर्ज करते हुए अपनी संभावनाओं को मजबूत किया है। वहीं, नीदरलैंड्स, डेनमार्क और ऑस्ट्रिया ने अपने प्रदर्शन से फैंस को प्रभावित किया। ग्रुप-सी के मुकाबले में हैम्पडेन पार्क में अपने पिछले दौरे में 3-0 से जीत हासिल करने वाली ग्रीस की टीम ने इस मैच में भी शानदार शुरुआत की।

कोस्टास सिमिकास ने 62वें मिनट में गोल करते हुए ग्रीस को 1-0 से बढ़त दिलाई। हालांकि, ग्रीस की खुशी ज्यादा देर तक नहीं टिक पाई। स्कॉटलैंड की ओर से रयान क्रिस्टी ने दो मिनट बाद (64वें मिनट) ही नजदीकी रेंज से गोल दागा। लुईस फर्ग्यूसन ने 80वें मिनट में गोल करते हुए स्कॉटलैंड को 2-1 से बढ़त दिला दी। ग्रुप-सी के एक अन्य मैच में रासमस होजलुंड ने दो गोल दागकर डेनमार्क को हंगरी के खिलाफ 6-0 से जीत दिलाई। इसी के साथ जर्मनी ग्रुप में शीर्ष पर है, जबकि स्कॉटलैंड, ग्रीस और बेलारूस क्रमशः दूसरे, तीसरे और चौथे पायदान पर मौजूद हैं। ग्रुप-जी में नीदरलैंड्स ने माल्टा को 4-0 से हराया। इस मुकाबले में कोडी गाकपो ने 12वें और 48वें मिनट में गोल दागे। विपक्षी टीम एक अदद गोल के लिए तरसती रह गई। नीदरलैंड की टीम इस ग्रुप में शीर्ष पर है।

ग्रुप-एच में ऑस्ट्रिया ने सैन मैरिनो पर 10-0 से बड़ी जीत दर्ज की। इस मुकाबले में मार्को अर्नौटोविक ने चार (8वें मिनट, 47वें मिनट, 83वें और 84वें मिनट) गोल दागे। इसी के साथ मार्को अर्नौटोविक ऑस्ट्रिया के सर्वकालिक रिकॉर्ड स्कोरर बन गए हैं। मार्को ने इस देश के लिए 45 गोल दागे हैं। वह टोनी पोलस्टर से एक कदम आगे हैं। ग्रुप-एच में ऑस्ट्रेलिया शीर्ष पर मौजूद है, जबकि सैन मैरिनो पांचवें पायदान पर है। इस ग्रुप में बोस्निया एंड हर्जेगोविना दूसरे, रोमानिया तीसरे और साइप्रस चौथे स्थान पर मौजूद हैं। (अनंत ज्ञान)

**महिला विश्व कप** इंग्लैंड की नजर जीत की हैट्रिक पर, श्रीलंका को घरेलू फायदे का भरोसा

# चार बार की चैंपियन इंग्लैंड से भिड़ेगी श्रीलंका

**एजेंसी, कोलंबो**




चार बार की चैंपियन इंग्लैंड की टीम अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखकर शनिवार को यहां होने वाले महिला एकदिवसीय विश्व कप के मैच में जीत की हैट्रिक पूरी करने के उद्देश्य से मैदान पर उतरेगी जबकि मेजबान श्रीलंका की नजरें परिस्थितियों से परिचित होने पर टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत दर्ज करने पर लगी होंगी।

इंग्लैंड ने अपने पहले दो मैच में दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश को हराया। बांग्लादेश के खिलाफ वह एक समय वह मुश्किल स्थिति में दिख रहा था, लेकिन 179 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 78 रन पर आधी टीम गंवाने के बावजूद हीथर नाइट के नाबाद 79 रन की बदौलत उसकी टीम जीत दर्ज करने में सफल रही। इंग्लैंड की बल्लेबाजी की गहराई और अनुभव एक बार फिर चार विकेट की जीत में निर्णायक साबित हुए, हालांकि कप्तान नैट साइवर-ब्रंट ने स्वीकार किया कि टीम मुश्किल परिस्थितियों में पड़े बिना जीत हासिल करना चाहती थी। उन्होंने कहा, "हम जीत हासिल करने में सफल रहे लेकिन हम इससे बेहतर प्रदर्शन कर सकते थे। हमें कम विकेट गंवाकर जीत हासिल करनी चाहिए थी।"

इंग्लैंड की स्पिन तिकड़ी एलिस कैप्सी, सोफी एक्लेस्टोन और चार्ली डीन ने बांग्लादेश के खिलाफ सात विकेट लिए, जबकि बाएं हाथ की स्पिनर लिंसे स्मिथ और तेज गेंदबाज लॉरेन बेल ने भी उपयोगी योगदान दिया। इंग्लैंड की टीम ने अभी तक खेल के हर विभाग में अच्छा प्रदर्शन किया है। उसके लिए चिंता का एकमात्र विषय सलामी बल्लेबाज टैमी ब्यूमोंट की फॉर्म है, जो अभी तक रन बनाने में संघर्ष कर रही हैं। जहां तक श्रीलंका का सवाल है तो उसकी टीम घरेलू परिस्थितियों का पूरा फायदा उठाने की कोशिश करेगी। वह अपने पहले मैच में भारत से हार गया था जबकि उसका दूसरा मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

भारत के खिलाफ अपने पहले मैच में श्रीलंका की टीम को अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में बदलने में संघर्ष करना पड़ा, जिसमें नौ बल्लेबाज दोहरे अंक तक पहुंचे, लेकिन कोई भी बड़ा स्कोर नहीं बना पाया। आर प्रेमदासा स्टेडियम में पिछले मैच में बारिश के कारण खेल में खलल पड़ा था, इसलिए दोनों टीमें मौसम के पूर्वानुमान पर भी कड़ी नजर रखेंगी। (अनंत ज्ञान)

**मैच : दोपहर 3:00 बजे से**

### संभावित टीमें

**इंग्लैंड:** नैट साइवर-ब्रंट (कप्तान), एम अर्लट, टैमी ब्यूमोंट, लॉरेन बेल, एलिस कैप्सी, चार्ली डीन, सोफिया डंकले, सोफी एक्लेस्टोन, लॉरेन फाइलर, सारा ग्लेन, एमी जोन्स, हीथर नाइट, एम्मा लैम्ब, लिन्सी स्मिथ, डैनी व्याट-हॉज।

**श्रीलंका:** चमारी अटापट्टू (कप्तान), हासिनी परेरा, विश्मी गुणरत्ने, हर्षिता समरविक्रमा, कविशा दिलहारी, नीलाक्षी डी सिल्वा, अनुष्का संजीवनी, इमेशा दुलानी, देवमी विहंगा, पिउमी वाथसाला, इनोका राणावीरा, सुगंधिका कुमारी, उदेशिका प्रबोदानी, मल्की मदारा, अचिनी कुलसुरिया।